सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 44.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-350 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 01 जून 2024
23 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# जानलेवा बनी गर्मी : मतदान में लगे 12 चुनाव कर्मी समेत 20 की मौत

**हीटवेव**

- 30 से अधिक लोगों की जान खतरे में
- मृतक के परिजन व स्वास्थ्यकर्मी लू लगने से जता रहे है मौत की आशंका



**मिर्जापुर।** भीषण गर्मी और लू का मौसम शुक्रवार को आम जनजीवन के लिए ब्लैक फाइडे साबित हुआ। चुनाव ड्यूटी में लगे 12 सहित 20 लोगों की मौत हो गई।

वहीं 30 से अधिक लोगों का इलाज मंडलीय अस्पताल समेत अन्य चिकित्सालयों में चल रहा है। इसमें चार से पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक के परिजन व स्वास्थ्यकर्मी लू लगने से मौत की आशंका जता रहे है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से मौत का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। भीषण गर्मी व तपिश के बीच शुक्रवार को चुनावी ड्यूटी में जा रहे जवानों व अन्य कर्मचारियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। पॉलिटेक्निक से रवाना होने के दौरान मतदान स्थल पर पहुंचते-पहुंचते कई लोग बीमार हो गये। जिनको उपचार के लिए अस्पताल लेकर आया गया। इसमें उपचार के दौरान छह होमगार्ड, सीएमओ कार्यालय के एक लिपिक, तीन सफाईकर्मी, एक पीठासीन अधिकारी, एक बस परिचालक की मौत हो गई। 21 सुरक्षाकर्मी समेत अन्य कर्मचारी को मिलाकर 30 से अधिक लोगों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। चुनावी ड्यूटी में तैनात लोगों की मौत से हड़कंप मच गया। पिछले चार-पांच दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के चलते हर कोई परेशान है। शुक्रवार को पॉलिटेक्निक से रवाना हो रही पोलिंग पार्टियां भी गर्मी के कारण परेशान रहीं।

### 47 डिग्री मिर्जापुर का पारा

मिर्जापुर जिले का अधिकतम तापमान 47 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग की मानें तो शनिवार को तापमान और भी बढ़ने का अनुमान है। शनिवार को जिले का तापमान 49 डिग्री को पार कर सकता है। देशभर में बढ़ती गर्मी व हीटवेव के चलते मौतों की खबरे लगातार आ रही है।

# बिभव कुमार को बदसलूकी मामले में 14 दिन की कस्टडी

**संकट**

- सीएम के पीए बिभव कुमार ने गिरफ्तारी को दी थी चुनौती



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई बदसलूकी मामले में केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की मुसीबतें कम नहीं हो रही हैं। कोर्ट ने बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बिभव कुमार की तीन दिन की न्यायिक हिरासत खत्म हो गई थी।

दिल्ली हाईकोर्ट ने बिभव कुमारी की जमानत याचिका पर भी सुनवाई की। बिभव कुमार की तरफ से जमानत को अवैध बताया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जबरन मेरे ऊपर कार्रवाई की है। मेरी छवि और समय को बर्बाद करने के लिए मैं मुआवजे की मांग करता हूं। पुलिस के ऊपर इस कार्रवाई के लिए विभागीय जांच होनी चाहिए और दोषी अधिकारियों को दंडित किया जाना चाहिए। स्वाति मालीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के ड्राइंग रूम में विभव कुमार ने मुझे बहुत बुरी तरह पीटा। मैंने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, तो पार्टी के नेतृत्व ने संसाधनों का इस्तेमाल मेरे खिलाफ करना शुरू कर दिया। पीड़िता को शर्मसार किया गया और मेरे चरित्र को बदनाम किया। यहां तक कि खुद अरविंद केजरीवाल भी बिभव कुमार के साथ लखनऊ और अमृतसर गए। उन्होंने कहा कि बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया, तो अरविंद केजरीवाल और पूरा पार्टी नेतृत्व मैदान में उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करने उतर आया।

# पीएम मोदी के 'ध्यान' पर भड़की कांग्रेस

**पलटवार**

- राजनीति में धर्म को नहीं लाना चाहिए: खरगे
- भगवा कुर्ते और गमछा में दिखे पीएम मोदी



**कन्याकुमारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी में हैं। वे यहां तीन दिन विवेकानंद मेमोरियल में ध्यान करेंगे। इस पर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राजनीति में धर्म को नहीं लाना चाहिए।

राजनीति और धर्म अलग-अलग विषय है। पीएम मोदी वहां कन्याकुमारी में क्या ड्रामा कर रहे हैं, वहां करीब 10 हजार लोग हैं। यह देश के पैसे की बर्बादी है। देश में आचार संहिता लागू है। इसका खर्च कौन उठाएगा। अगर आपको इतनी ही आस्था है तो आप अपने घर पर यह काम करें। अपनी जेब से खर्च उठाएं। बता दें, पीएम मोदी के ध्यान का आज दूसरा दिन है। उन्होंने सुबह सूर्योदय के समय उन्होंने सूर्य को अर्घ्य दिया। पीएम मोदी के ध्यान का एक वीडियो सामने आया है, वीडियो में पीएम मोदी भगवा कुर्ता और गमछे में दिख रहे हैं। वे स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष बैठकर ध्यान कर रहे हैं। उनके हाथों में माला है और ओम की आवाज गूंज रही है। इस ध्यान मंडपम की खास बात यह है कि यह वही स्थान है, जहां स्वामी विवेकानंद ने देश भ्रमण के बाद तीन दिनों तक ध्यान किया था। यहीं उन्होंने विकसित भारत का सपना देखा था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी। पीएम मोदी गुरुवार को कन्याकुमारी पहुंचे थे। प्रधानमंत्री धोती पहने दक्षिण भारत की पारंपरिक पोशाक में दिखे। उन्होंने ऑफ-व्हाइट रंग का शॉल ओढ़ रखा था। कन्याकुमारी पहुंचने के बाद भगवती अम्मन मंदिर में प्रार्थना और पूजा-अर्चना की। बता दें, आम चुनाव का प्रचार थमने के बाद पीएम मोदी हर बार आध्यात्मिक यात्रा पर जाते हैं और 2019 के चुनाव प्रचार के बाद वे केदारनाथ गए थे और साल 2014 में वे शिवाजी महाराज से संबंधित प्रतापगढ़ गए थे।

## दो जून को मुझे सरेंडर करना है: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 2 जून को मुझे सरेंडर करना है। वह 2 जून को अपने आपको सरेंडर करने के लिए घर से 3 बजे निकलेंगे। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें जेल में जनता की चिंता होती है। जेल के अंदर से भी दिल्ली के काम चलते रहेंगे। दिल्ली के काम नहीं रुकने देंगे। उन्होंने अपने परिवार के मांगा है कि उनके माता-पिता के लिए प्रार्थना करें। उनके माता-पिता की तबियत सही नहीं रहती है। केजरीवाल ने आगे कहा कि मुझे जेल में इन्सुलिन नहीं दी गई थी। जिससे मेरी किडनी और लिवर में असर हुआ है। जेल में 50 दिन के अंदर उनका वजन घटा है। 74 किलो से 64 किलो वजन हो गया है। डॉक्टर ने इसे बड़ी बीमारी का संकेत बताया है। सीएम ने कहा कि 2 जून को मैं वापस तिहाड़ जेल चला जाऊंगा। इस बार मैं कब तक जेल में रहूंगा, इसका नहीं पता, लेकिन मेरे हौंसले बुलंद हैं।

# 8 राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग आज

## पीएम मोदी, कंगना, रवि किशन, पवन सिंह समेत चार एक्टर भी मैदान में

- पिछले चुनाव में कांग्रेस को पंजाब की 8 सीटों पर मिली थी जीत
- 542 लोकसभा सीटों के लिए 485 सीटों पर हो चुका है मतदान



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम फेज में शनिवार (1 जून) को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों में से सबसे ज्यादा भाजपा 25, टीएमसी 9, बीजद 4, जेडीयू और अपना दल (एस) 2-2, जेएमएम महज 1 सीट जीत सकी थी।

कांग्रेस को केवल पंजाब की बदौलत 8 सीटों पर जीत मिली थी। इस फेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 2 केंद्रीय मंत्री आरके सिंह और अनुराग ठाकुर मैदान में हैं। 4 एक्टर- कंगना रनोट, रवि किशन, पवन सिंह, काजल निषाद भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी, अफजाल अंसारी, विक्रमादित्य सिंह भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक इलेक्शन के सातवें फेज में 904 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 809 पुरुष और 95 महिला उम्मीदवार हैं। इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी बठिंडा, पंजाब से उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल हैं। उनके पास 198 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 542 लोकसभा सीटों के लिए छठे फेज तक 485 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 57 सीटों पर वोटिंग होगी। गुजरात में सूरत से भाजपा के उम्मीदवार रहे मुकेश दलाल निर्विरोध चुनाव जीत चुके हैं, इसलिए वोटिंग 542 सीटों पर ही हो रही है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 199 कैंडिडेट ऐसे हैं, जिन पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं 155 उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें से 13 उम्मीदवारों को किसी न किसी मामले में दोषी ठहराया गया है। 4 उम्मीदवारों पर हत्या और 21 पर हत्या की कोशिश के मामले दर्ज हैं।

### 33% उम्मीदवार करोड़पति

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में 904 उम्मीदवारों में से 33 फीसदी यानी 299 करोड़पति हैं। इन कैंडिडेट्स के पास औसत संपत्ति 3.27 करोड़ रुपए है। सबसे ज्यादा भाजपा के 44 उम्मीदवार करोड़पति हैं। बठिंडा, पंजाब से उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल सबसे अमीर कैंडिडेट हैं। उनके पास 198 करोड़ की संपत्ति है। लिस्ट में दूसरा नाम ओडिशा से BJP कैंडिडेट बैजयंत पांडा (148 करोड़ रुपए) और तीसरा नाम चंडीगढ़ से BJP कैंडिडेट संजय टंडन (111 करोड़ रुपए) का है।

# मतदान से पहले बंगाल में हिंसा



**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण से पहले बंगाल में हिंसा हुई है। दरअसल इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के समर्थकों ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर बम फेंक दिया। जिसके विस्फोट से पांच टीएमसी कार्यकर्ता घायल हो गए हैं। घटना दक्षिण 24 परगना जिले के भानगोर इलाके की है। बंगाल पुलिस ने शुक्रवार की इसकी जानकारी दी। हालांकि भानगोर से आईएसएफ विधायक नावेद सिद्दीकी ने आरोपों से इनकार किया है। नावेद सिद्दीकी ने उल्टा टीएमसी कार्यकर्ताओं पर आईएसएफ समर्थकों पर बम से हमला करने का आरोप लगाया। आईएसएफ विधायक ने कहा कि हमले में खुद टीएमसी के कार्यकर्ता घायल हो गए। भानगोर विधानसभा, जादवपुर लोकसभा सीट के तहत आती है और यहां अंतिम चरण के तहत 1 जून को मतदान होना है। घटना गुरुवार रात की है, जब टीएमसी कार्यकर्ता कथित तौर पर चुनाव प्रचार के बाद अपने घर लौट रहे थे।

# जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार

## याचिका में अपील : हरियाणा, यूपी और हिमाचल प्रदेश को ज्यादा पानी छोड़ने को कहें

**निर्देश**

- लोगों को पानी न मिलना जीवन के अधिकार का उल्लंघन है



**नई दिल्ली।** जल संकट से जूझ रही दिल्ली के लिए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। शुक्रवार 31 मई को दाखिल की गई याचिका में केजरीवाल सरकार ने अपील की है कि कोर्ट हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए एक्स्ट्रा पानी देने के लिए निर्देश दे।

दिल्ली सरकार ने कहा है कि गर्मी की वजह से शहर में पानी की मांग काफी बढ़ गई है और पड़ोसी राज्यों को एक महीने के लिए और ज्यादा पानी देने का निर्देश दिया जाना चाहिए। राजधानी में पानी की बहुत ज्यादा कमी है और जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं देने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी भाजपा से अपील की है कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश में अपनी सरकारों से एक महीने के लिए पानी देने के लिए कहे। दिल्ली में जैसे ही इलाके में टैंकर पहुंचता है, उसमें कई पाइप डाल दिए जाते हैं। दिल्ली में जैसे ही इलाके में टैंकर पहुंचता है, उसमें कई पाइप डाल दिए जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार की तरफ से लगाई याचिका में ये भी कहा गया है कि मौजूदा जल संकट के चलते राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के बेहतर जिंदगी जीने अधिकार का उल्लंघन करता है। इसके चलते लोगों को पीने का साफ पानी भी नहीं मिल पा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली सरकार ने हरियाणा से वजीराबाद बैराज में तुरंत और लगातार पानी सप्लाई का निर्देश देने की मांग की है। इसमें दिल्ली के लिए हिमाचल प्रदेश की तरफ से दिया गया पानी भी शामिल है। वहीं, आप सरकार ने कहा कि समस्या से निपटने के लिए पानी की राशनिंग, टार्गेटेड सप्लाई जैसे उपाय किए जा रहे हैं, लेकिन पानी की भयंकर बनी हुई है। दिल्ली को अतिरिक्त पानी की सख्त जरूरत है। वहीं, आतिशी ने केंद्र से भी प्रार्थना की कि दिल्ली में पानी की अभूतपूर्व दिक्कत है। उत्तर प्रदेश या हरियाणा से अतिरिक्त पानी सप्लाई सुनिश्चित करें। आतिशी ने इसको लेकर केंद्रीय जल मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को चिट्ठी लिखी है। आतिशी ने लिखा कि पिछले कुछ दिनों में वजीराबाद बैराज में पानी के स्तर में काफी कमी आई है। इसकी वजह हरियाणा का पर्याप्त पानी नहीं छोड़ना है। वजीराबाद बैराज में पानी का सामान्य स्तर 674.50 फीट रहता है। अभी पानी का स्तर 670.3 फीट पर है।

# पुणे केस में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में नाबालिग आरोपी के पिता और दादा

**रिमांड**

- चालक के अपहरण समेत कई गंभीर आरोप




**पुणे।** शुक्रवार को पुणे की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को पोर्श मामले में शामिल नाबालिग के पिता और दादा को उनके चालक के अपहरण और गलत तरीके से बंधक बनाने में उनकी भूमिका के लिए 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 19 मई को पुणे के कल्याणी नगर इलाके में जब लग्जरी कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मारी थी। तब चालक किशोर के साथ पोर्श में था। इस दुर्घटना में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौत हो गई थी। कार चालक रियल एस्टेट डेवलपर विशाल अग्रवाल का बेटा है। आरोप था कि रियल एस्टेट डेवलपर विशाल अग्रवाल और उनके पिता ने अपने ड्राइवर को दुर्घटना का दोष अपने ऊपर लेने की धमकी दी। यही नहीं उसका अपहरण भी कर लिया। उसे अवैध रूप से अपने घर में बंधक बनाकर रखा। ड्राइवर की पत्नी ने उसे वडगांव शेरी इलाके में आरोपी के बंगले के सर्वेंट क्वार्टर से मुक्त कराया। इस बाद दोनों विशाल अग्रवाल और उसके पिता को पुलिस रिमांड में भेजा गया था। पिता-पुत्र की जोड़ी की पुलिस रिमांड की समाप्ति पर न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एए पांडे की अदालत में पेश किया गया। अदालत में अभियोजन पक्ष ने पुलिस रिमांड बढ़ाने की मांग की।

# एआई से भारतीय चुनाव को प्रभावित करने की साजिश

**एक्टिविटीज**

- चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी का दावा, कहा निशाने पर थी भाजपा
- इजराइली कंपनी ने सोशल मीडिया पर एंटी-बीजेपी एजेंडा चलाया



**नई दिल्ली।** चैट जीपीटी को तैयार करने वाली कंपनी ओपनएआई ने भारत के लोकसभा चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर बड़ा दावा किया है। आपेन एआई ने दावा किया है कि इस्राइल की एक कंपनी ने भारत में लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस्राइली कंपनी STOIC ने एआई की मदद से काल्पनिक यूजर और उनके सोशल मीडिया बायो बनाए। इन काल्पनिक व्यक्तियों के सोशल मीडिया हैंडल से अलग-अलग तरह की पोस्ट की गई। इसके बाद कई फर्जी अकाउंट भी बनाए गए। इन फर्जी अकाउंट के जरिए सोशल मीडिया पोस्ट पर कमेंट कराए गए ताकि संवाद यानी एंगेजमेंट वास्तविक लगे। हश्चद्द्रुद्ध की रिपोर्ट के मुताबिक, इस कंपनी ने भाजपा के खिलाफ और विपक्ष के समर्थन में सामग्री प्रसारित करने की कोशिश की। अब जरा यह समझने के की कोशिश करते हैं कि आखिर इस नेटवर्क को कैसे चलाया गया। दरअसल, ओपनेएआई ने अपनी वेबसाइट पर एक रिपोर्ट साझा की है। इसमें कहा गया है कि इस्राइल की एक कंपनी एसटीओआईसी (ने गाजा युद्ध और भारत में आम चुनावों को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ फर्जी अकाउंट तैयार किए।

## दुनियाभर में गूगल की सेवाएं प्रभावित

**नई दिल्ली।** गूगल की कुछ सेवाएं शुक्रवार शाम प्रभावित हो गई थी। कई यूजर्स ने शिकायत की कि गूगल न्यूज काम नहीं कर रहा। इसमें न्यूज टैब और गूगल न्यूज का होम पेज शामिल थे। वहीं, गूगल डिस्कवर के होम पेज की फीड और गूगल ट्रेंड्स के भी काम नहीं करने की जानकारी सामने आई। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इस बारे में प्रतिक्रिया दी। फिलहाल तकनीकी समस्या को दूर कर लिया गया है। गूगल ने अपने गूगल सर्च स्टेटस डैशबोर्ड पर बताया कि 30 मई 2024 को शाम करीब 19.36 बजे तकनीकी समस्या सामने आई, जिसे 31 मई 2024 को 8.27 बजे दूर कर लिया गया। गूगल न्यूज टैब की बात करें तो इसमें यूजर्स को सबसे ज्यादा समस्या आई। डाउनडिटेक्टर के मुताबिक, कुछ देशों में जीमेल, गूगल सर्च और गूगल मैप्स की सेवाओं पर भी असर पड़ा है। डाउनडिटेक्टर ने कई रिपोर्ट्स का अध्ययन कर आंकड़े जारी किए।

**सीएम का निर्देश** — तत्काल सही कराएं फाल्ट

# अनावश्यक बिजली कटौती न करें: योगी

**आदेश**

- वरिष्ठ अधिकारी तत्काल स्वयं मौके पर पहुंचें
- हीट-वेव एक्शन प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन करें



**लखनऊ।** यूपी में भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देश दिए और कहा कि गांव हो या शहर अनावश्यक बिजली कटौती न की जाए और फाल्ट आने पर तत्काल ठीक किया जाए।

उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिनों से प्रदेश में भीषण गर्मी-लू का प्रकोप देखा जा रहा है। तापमान बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में आम जनजीवन और पशुधन, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय के स्तर से मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी और लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में गांव हो या शहर कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। जरूरत हो तो अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था करें। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने और ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। अधिकारी फोन अटेंड करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए, यदि ऐसा हो तो वरिष्ठ अधिकारी तत्काल स्वयं मौके पर पहुंचें। सभी नगर निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। बाजार में मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था हो। इस कार्य में सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। पेयजल का अभाव कहीं भी न हो। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अयोध्या, काशी, मथुरा आदि सभी धार्मिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बड़ा मंगल के दृष्टिगत लखनऊ में साफ-सफाई, ट्रैफिक व अन्य व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से होना सुनिश्चित कराएं। भीषण गर्मी के बीच पशुधन और वन्य जीवों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। सभी प्राणि उद्यानों व अभयारण्यों में हीट-वेव एक्शन प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। पशुपालक कृषकों को हीट वेव की स्थिति में सुरक्षित रखने के पुख्ता इंतजाम हों। गोशालाओं में पशुधन की हरे चारे-चोकर और पानी की उचित व्यवस्था हो। बरसात पूर्व पशुओं के वैक्सीनेशन की प्रक्रिया जारी रखें।

# अपराधियों के हौसले बुलन्द, पुलिस नही कर पा रही है किसी भी घटना का खुलासा

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** नगर क्षेत्र में इस समय अपराधो की जैसे बाढ़ सी आई हुई है। इस माह में दो व अप्रैल माह में एक आदमी से रूपये लूटे गये तथा छोटी-छोटी चोरियो की कोई गिनती ही नही है और न ही इन छोटी-छोटी चोरियो की रिपोर्ट ही दर्ज हुई है।बताते चले कि वर्तमान समय में अगर आप नगर क्षेत्र की किसी भी बैंक से पैसा निकाल कर ले जा रहे है तो होशियार रहे लुटेरे रास्ते में आपको अपना शिकार बना सकते है और आप बस हाथ मलते ही रह जायेगा। पिछले चार माह में नगर की विभिन्न बैंको से रूपये निकाल कर ले जाते समय लुटेरो ने इन घटनाओ को अंजाम दिया है। पुलिस अभी तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी। लुटेरो ने पहली घटना 25 अप्रैल को अंजाम दिया दूसरी घटना छः मई को तथा तीसरी घटना 29 मई को अंजाम दिया। तीनो घटनाओ में पुलिस को प्रार्थना पत्र दिये गये परन्तु आज तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं हो सका जिस कारण आमजन मानस में लुटेरो का खासा भय व्याप्त है। 25 अप्रैल को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोना निवासी लोकेन्द्र के साथ घटी उन्होने पंजाब नेशनल बैंक से एक लाख 32 हजार रूपये और गिरवी पड़े जेबरो को छुड़ाकर एक थैले में भरकर बाइक की डिक्की में रख लांक डाल दिया और अर्बन कोआंपरेटिव बैंक के पास लगे एटीएम से अतिरिक्त रकम निकालने गये इसी बीच लुटेरो ने मौका पाकर नकदी व ज्वैलरी से भरे थेले को गायब कर दिया था। दूसरी घटना छः मई को घटी जिसमें ग्राम सिसोकन निवासी मंजीत सिंह बैंक शाखा से तीन लाख रूपये निकालकर डिक्की में रखे और डिक्की को लाक कर ठेले पानी पानी पीने लगे इतनी देर में लुटेरो ने डिक्की का ताला तोड़ रकम लेकर रफुचक्कर हो गये। उक्त दोनो घटनाओ में अभी पुलिस के हाथ खाली ही थे कि 29 जून को पुनः लुटेरो ने एक और घटना को अंजाम दे दिया। ग्राम हरिहरपुर निवासी सरबजीत वर्मा इंडियन बैंक की शाखा से एक लाख साठ हजार रूपये निकाले और एक थैले में रखकर पैदल जा रहे थे तभी एक बाइक से दो युवक आये और उसके हाथ में थमा थैला छीनकर फरार रहे।

पीड़ित ने घटना की सूचना वही एक दुकानदार के मोबाइल फोन से अपने पुत्र अंकित वर्मा को दी। पुत्र की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बैंक एवं दुकानो में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जिसमें एक नई बाइक पर दो युवकों के जाते हुए की फोटो को पीड़ित ने पहचान की है जिस पर पुलिस अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। अब देखना यह है कि पुलिस इस घटना का खुलासा कर पाती है या हर बार की तरह इस घटना में भी पुलिस के हाथ खाली रहेगे।

# आंधी और तूफान ने मचाई तबाही



**लखीमपुर खीरी।** जिले में बृहस्पतिवार देर शाम आंधी और रात नौ बजे आए तूफान ने तबाही मचा दी। कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। टीनशेड उड़ गए। अलग-अलग जगहों पर हुई घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई है। कई लोग घायल हुए हैं।फूलबेहड़ क्षेत्र के अंन्देश नगर के पास तूफान के चलते पेड़ कार पर गिर गया। हादसे में कार चला रहे घनश्याम गिरी की मौत हो गई। वह पत्नी और बच्चों के साथ कार से रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे। पत्नी व दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गिरे पेड़ को हटवाकर कार निकाली और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल महिला और उसके दो बच्चों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।फरधान थाना क्षेत्र के गांव लोन पुरवा में पक्की दिवार गिरने से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हुई है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव इमलिया में रात आठ बजे के करीब आई आंधी के दौरान गांव में विशाल नीम का पेड़ गिर गया। पेड़ के नीचे गांव निवासी तौले राम का 35 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार समेत कुछ लोग बैठे थे। आंधी में नीम पेड़ ढह गया, जिसके नीचे दबकर विनोद कुमार की मौत हो गई। वहीं अन्य लोग बाल-बाल बच गए।

## ऑटो में बैठने को लेकर छात्र-छात्रा में विवाद

**लखीमपुर खीरी।** महेवागंज ऑटो में बैठने को लेकर एक छात्र और छात्रा में कहासुनी हो गई। आरोप है कि छात्र की टिप्पणी से छात्रा का पारा चढ़ गया और उसने थप्पड़ जड़ दिया। गुस्साए युवक ने भी छात्रा पर हाथ उठा दिया। हिम्मत कर लडकी ने उसे पकड़ लिया और पुलिस में शिकायत करने की बात कही। बाद में छात्र के माफी मांग लेने पर मामला रफा-दफा हो गया।मामला भीरा मार्ग के एक डिग्री कॉलेज के निकट का बताया जाता है। इन दिनों स्नातक और परास्नातक कक्षाओं की प्राइवेट परीक्षाएं चल रही हैं। दोपहर एक डिग्री कॉलेज में परीक्षा देकर छात्र-छात्राएं अपने घरों को लौट रहे थे। एक छात्रा ऑटो से जा रही थी। बताते हैं कि तभी एक छात्र ने उस ऑटो को रुकने का इशारा किया। ऑटो रुकते ही छात्र बैठने लगा।पर्याप्त जगह न होने पर छात्रा ने दूसरे ऑटो में बैठने की सलाह दी। इस बात पर छात्र ने कुछ टिप्पणी कर दी। यह बात छात्रा को नागवार गुजरी और उसने लड़के को थप्पड़ जड़ दिया। इस पर लड़के ने भी हाथ उठा दिया। सरेराह छात्र-छात्रा का विवाद होने से भीड़ लग गई।चर्चा है कि अपने को फंसता देख छात्र ने कुछ दूर जाने पर लड़की से माफी मांग ली।

# तूफान से बिजली व्यवस्था ध्वस्त, 1500 से ज्यादा गांवों की बिजली सप्लाई बाधित

**लखीमपुर खीरी।** जिले में बृहस्पतिवार की देर शाम आए तूफान से बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई। जिले के लखीमपुर, गोला, सिकंद्राबाद, मोहम्मदी, बेहजम, मझगई आदि क्षेत्रों के 1500 से ज्यादा गांवों की बिजली सप्लाई बाधित हो गई। इन क्षेत्रों में विद्युत लाइनों पर भारी भरकम पेड़ उखड़कर गिर गए। पेड़ों के गिरने की वजह से लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। इससे बृहस्पतिवार की देर शाम से शुक्रवार दोपहर तक बिजली व्यवस्था ठप रहा। बिजली विभाग इन क्षेत्रों में पेड़ों को कटवाकर लाइनों को दुरुस्त करने में जुटी हुआ है। आंधी की वजह से पेड़ तार पर गिरे। दर्जनों खंभे टूट गए, जिससे आपूर्ति ठप हो गई। सिकंदराबाद के जेई शिवम पांडे ने बताया कि काम चल रहा है देर शाम तक सप्लाई बहाल होने की उम्मीद है। लखीमपुर शहर में आंधी-बारिश से शहर की बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गईं। शहर के पांच बिजली घर में सिर्फ कलेक्ट्रेट बिजलीघर की सप्लाई आ रही है। शेष बिजलीघर के आधे से अधिक मोहल्लों की रात से बत्ती गुल है। शहर के करीब 40 हजार से आदि उपभोक्ता भीषण गर्मी में बिना बिजली बेहाल हैं। लखीमपुर डिवीजन के ईई शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आंधी से बहुत नुकसान हुआ है। मेल लाइट में लंबा फाल्ट है। छाउछ, गढ़ी आदि कई जगह तार टूटे हैं तो कई जगह खंभे टूटे हैं। हमारी टीम लगी हुई है। काम तेजी से चल रहा है। मोहम्मदी तहसील में तेज आंधी तूफान से सिसोरा निकूमपुर के पास तार टूटने से मेन लाइन में खराबी आ गई। इससे रात तक बिजली आपूर्ति गुलरिया, परवसतनगर, खजुहा, केहुआ, मगरेना, दुवाहा, भगेली, सिसोरा, निकूमपुर, बिलंदपुर बौआ, मजरा, नयागांव, मियांपुर कालोनी, रधोला, अटसार आदि गांवों की बिजली गुल रही है। बनवारीपुर उपकेंद्र से जुड़े फूलबेहड़ देहात इलाके के सैकड़ों गांवों की बिजली गुल है। छाउछ ट्रांसमिशन से जुड़ी 33 केवीए मेन लाइन के 7 और निचली लाइन के भी कई पोल टूटने से बिजली सप्लाई बिगड़ी है। बहाल होने में एक दो दिन लग सकते हैं।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विशेष विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन संपन्न

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विशेष विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन जिला कारागार, रायबरेली में किया गया।

अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य द्वारा बताया गया कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य तम्बाकू के खतरे के बारे में जागरुकता फैलाना है इस वर्ष विश्व तम्बाकू दिवस की थीम काफी खास है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2024 की थीम है Protecting Children From Tobacco Industry Interference मतलब बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है। साल 2023 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम वी नीड फूड-नॉट टोबैको थी। अपर जिला जज/सचिव द्वारा उपस्थित बन्दियों को इसका सेवन न करने की सलाह दी गयी। शिविर में जेल चिकित्सक डा0 सुनील अग्रवाल के द्वारा मानक शरीर पर तम्बाकू के कुप्रभाव एवं चिकित्सीय पहलुओं पर विशेष तथ्यों से अवगत कराया गया। उक्त शिविर में ही जेल चिकित्सक से तम्बाकू निषेध के सम्बन्ध में चर्चा की गयी जिसमें अहम बिन्दु जिला कारागार में ही भविष्य में तम्बाकू निषेध जोन बनाने पर भी चर्चा की गयी। चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल राजकुमार सिंह के द्वारा बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता के सम्बन्ध में बन्दियों को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। उक्त शिविर में जेलर हिमाशु रौतेला, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल राजकुमार सिंह, व स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। शिविर के पूर्व जिला कारागार द्वारा कारागार में निरुद्धि के पूर्व जिन बन्दियों को तम्बाकू, गुटखा का सेवन करने की आदत थी उन बन्दियों को काउन्सिंल तथा चिकित्सीय उपचार के द्वारा तम्बाकू और गुटखा छोडवाने के लिए प्रयास किये गये। इस अवसर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य द्वारा उपस्थित बन्दियों को तम्बाकू सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गयी।

## मदरसो के छात्रों का शैक्षणिक कार्य 01 जून से 15 जून तक प्रातः 06:30 बजे से 10:30 तक



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने प्रबंधक/प्रधानाचार्य समग्र राज्यानुदानित/सिद्धांत प्राप्तकर्ता मदरसा, जनपद-रायबरेली से कहा है कि उपर्युक्त विषयक रजिस्ट्रार, उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ के आदेशानुसार सम्पूर्ण उत्तर भारत में तापमान में वृद्धि एवं लू-प्रकोप (हीट वेव) की प्रबलता तथा मौसम विभाग द्वारा भी हीट वेव के सम्बन्ध में दी गयी चेतावनी के दृष्टिगत जनपद रायबरेली के समस्त अनुदानित/ मान्यता प्राप्त मदरसो के छात्रों का शैक्षणिक कार्य 01 जून 2024 से 15 जून 2024 तक प्रातः 06:30 बजे से 10:30 तक किया जायेगा तथा इस दौरान मध्यावकाश स्थगित रहेगा और मदरसे के शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रातः 11:30 बजे तक मदरसे में उपस्थित रहेंगे।

## यमुना में नहाने गये दो सगे भाईयों की मौत

**सहारनपुर।** गंगोह क्षेत्रान्तर्गत यमुना नदी में नहाने गये गांव कुंडाकलां निवासी नाबालिक दो सगे भाईयों की यमुना में डुबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा है, जबकि पूरा गांव गमगीन है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव कुंडाकलां निवासी राव कारी गुलफाम के पुत्र समद 14 वर्ष व अहद 12 वर्ष यमुना किनारे स्थित अपने खेतों में पिता का खाना लेकर गये थे। चिलचिलाती धूप व भयंकर गर्मी के कारण दोनों यमुना में नहाने लगे। छोटे भाई अहद को डुबता देख बडा भाई समद उसे बचाने के चक्कर में डुब गया। खेतों में काम कर रहे परिजनों व अन्य ने इन्हें डुबता देख शोर मचाया और काफी जदो जहद के बाद बच्चों को पानी से बाहर निकाला, मगर तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने पेट से पानी निकालने सहित उन्हें बचाने के काफी प्रयास किये। मगर उन्हें बचाया न जा सका।

# तेज रफ्तार पिकअप ने बैटरी रिक्शा को मारी पीछे से जोरदार टक्कर

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** उचैलिया थाना क्षेत्र के मोहउददीपुर चैराहे के पास एक तेज रफ्तार पिकअप नम्बर डीएल-1 एलएसी-7335 ने शाहजहांपुर से सीतापुर की तरफ जा रहे बैटरी रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रिक्शा में सवार रिक्शा चालक समेत दो अन्य लोग घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर तत्काल मौके पर जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन की टीम ने मौके पर पहुंच कर रिक्शा चालक समेत अन्य दो लोग जो रिक्शा सवार थे घायल हो गये को तत्काल फर्स्टएड ट्रीटमेंट किया गया। गम्भीर घायल देवेश को फर्स्ट एड फ्री ट्रीटमेंट देकर हालत गम्भीर देखते हुए उसे तत्काल एम्बुलेंस के सहारे जिला अस्पताल शाहजहांपुर में इलाज हेतु रेफर किया गया। गम्भीर घायल रिक्शा चालक देवेश उर्फ पिंकू पुत्र अशर्फीलाल निवासी ग्राम कोटरा थाना उचैलिया जो कि गम्भीर रूप से घायल हुए थे व दूसरा घायल रिक्शा सवार में अमर सिंह पुत्र छविनाथ निवासी ग्राम कोटरा थाना उचैलिया, तीसरा घायल रिक्शा चालक आयशा पुत्री आसीन निवासी ग्राम अन्तरवारी थाना उचैलिया व एक अन्य सवार जो पूर्ण तरीके से सुरक्षित रही सवारी जो कि घायल आयशा की सगी बहन मायदा पुत्री आसीन निवासी ग्राम अन्तरवारी की रहने वाली। वही शाहजहांपुर रेफर किये देवेश उर्फ पिंकू की हालत गम्भीर के मद्देनजर शाहजहांपुर से बरेली रेफर किया गया। जहां बरेली के हॉस्पिटल में पहुचने के बाद उक्त रिक्शा चालक देवेश की मौत हो गई। जिसकी जानकारी पाते ही परिवार वालो का रो रोकर बुरा हाल है। वही हादसे में मृतक देवेश की एक बच्ची जो कि मात्र डेढ़ वर्ष की ही है, बाकी पत्नी के अलावा एक बड़ा भाई है। हादसे में बैटरी रिक्शा पर सवार चार में तीन घायल हुए। वही टक्कर मारकर भाग रही पिकप को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। जिसमे पिकप चालक दीपू मौके से फरार रहा व पिकप हेल्पर मनोज पुत्र खुशहाल को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। अब जिसमे पिकप हेल्पर व पिकप को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर थाने भेजा। घायलो के इलाज में जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन के फाउंडर व डायरेक्टर डॉ. संजीत सिंह सनी, साथ मे जीतू भार्गव, मोहम्मद सोनू, पत्रकारों में सुखदेव भार्गव, केके भार्गव, राजीव, राधेश्याम, उचैलिया पुलिस से ईएसआई उधयभान सिंह यादव, दीवान विनोद, दीवान अब्दुल राशिद, दीवान विवेक आदि मौजूद रहे।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शो को अपनाने पर दिया बल

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय पाल महासभा ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई की जयंती मनाई और उनके आदर्शों व सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने पर बल दिया।

न्यू गणेश विहार कालोनी में अखिल भारतीय पाल महासभा के तत्वावधान में आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव से मनाई गई। इस अवसर पर उनके आदर्शों और विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए वक्ताओं ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर ने समाजोत्थान के लिए जो कार्य किए हैं वह हमारे जीवन को प्रोत्सोहित करने के लिए काफी कारगर साबित हो रहे हैं। हमें उनके आदर्शों एवं विचारों का अनुसरण करते हुए समाज के उत्थान एवं विकास पर कार्य करना चाहिए तभी हमारा समाज उन्नति कर सकता है। इस अवसर पर भारी संख्या में संगठन से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चार शातिर वाहन चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, पांच बाईके बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कोतवाली गंगोह पुलिस ने चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो व निशानदेही पर तीन मोटर साइकिलें बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

गौरतलब रहे कि विगत दिवस संजय पुत्र रामस्वरूप निवासी आर.के पुरम सैक्टर-32 जिला करनाल हरियाणा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उसकी मोटरसाइकिल स्पलेंडर अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। पुलिस ने धारा-379 भादवि में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने आज कोतवाली उपनिरीक्षक संदीप सिंह व उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चार शातिर वाहन चोरों रोहित उर्फछोटू पुत्र बुच्चा, आजम उर्फ वारिश उर्फ निजू पुत्र अय्यूब, शकील पुत्र वकील निवासीगण ग्राम मैनपुरा थाना गंगोह तथा शावेज पुत्र जाकिर निवासी अवदान नगर थाना झिंझाना जनपद शामली को नकुड़ रोड पशु पैठ चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 व निशानदेही पर तीतरो रोड कमेला के पीछे से तीन मोटरसाइकिलें बरामद कर ली। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दबोचे गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह कम पढ़े-लिखे हैं और मजदूरी का काम करते हैं। हमें पैसे तंगी रहती है।

# हीट-वेव से बचाने को ट्रैफिक सिग्नलों पर ग्रीन नेट लगवाये

## महापौर ने सामाजिक, व्यापारिक संगठनों व उद्यमियों से की सहयोग की अपील

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने नगर निगम द्वारा शहर में 31 स्थानों पर लगाये गए सभी वाटर कूलरों को पूरी तरह चालू रखने, व्यापारिक, औद्योगिक संस्थानों, समाजसेवी संगठनों व टैंट कारोबारियों के सहयोग से ट्रैफिक सिग्नलों पर ग्रीन-नेट या टेन्ट की छाया कराने के निर्देश दिए है ताकि ट्रैफिक सिग्नल पर रूकने वालों को थोड़ी राहत मिल सकें। उन्होंने निगम अधिकारियों से कहा कि वे समीक्षा कर लें और अगर जरूरत महसूस हो तो निर्माण इकाइयों पर 11 बजे से शाम 4 बजे तक खुले में श्रमिकों के काम करने पर रोक लगा दें। महापौर ने पौधों की सिंचाई के लिए उद्यान विभाग, निर्माण कार्यो के लिए निर्माण विभाग तथा फायर विभाग को भी शुद्ध पानी के स्थान पर एसटीपी से उपचारित किया गया पानी लेने के निर्देश दिए है। महापौर अजय कुमार हीट-वेव और लू से लोगों को बचाने तथा हीट वेव से अनेक दूसरे शहरों



में पेयजल की किल्लत को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल बचाने के लिए निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर निगम द्वारा किये जाने वाले त्वरित उपायों पर विचार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें अपने महानगर को किसी भी प्राकृतिक संकट से बचाकर रखना है, लेकिन ये तभी होगा जब लोगों का भी इसमें सहयोग मिलेगा। महापौर ने बिना लाइसेंस वाहन धोने के वाशिंग सेंटर चला रहे लोगों के चालान करने तथा वाहन धोने के लिए भी एसटीपी से उपचारित पानी का उपयोग करने के निर्देश दिए। महापौर ने कार आदि वाहन स्वामियों से वाहनों को पाइप से धोने के बजाए बाल्टी में पानी लेकर धोने का सुझाव दिया। उन्होंने इसके लिए जलकल विभाग को वीडियो बनाकर लोगों को प्रेरित करने के लिए भी कहा। उन्होंने पाइप लिकेज की शिकायतों को तुरंत ठीक कराने पर जोर दिया। महापौर डॉ अजय कुमार ने निगम के जोनल दफ्तरों पर भी कूल-जोन बनाये जाने तथा वहां शीतल जल के साथ कूलिंग उपकरणों और ओआरएस के पैकेट्स का इन कूल-जोन्स में प्रबंध रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समाजसेवी संस्थाओं और उद्यमियों के सहयोग से मंदिरों, लोक-भवनों और मॉल्स को भी कूलिंग-सेंटर के रूप में चिन्हित कर वहां साफ पेयजल का इंतजाम करने के निर्देश दिए। महापौर ने पेयजल आपूर्ति के लिए विशेष अभियान चलाये जाने की भी ताकीद की। उन्होंने कहा कि बंद नलकूपों को यथाशीघ्र ठीक कराया जाये। मुख्य पाइप लाइनों से मोहल्लों में आपूर्ति होने वाली पाइपलाइनों में अगर टूट-फूट है, तो उसे चिन्हित कर मरम्मत करा लिया जाये ताकि साफ पानी की आपूर्ति में कोई बाधा न आये। उन्होंने जल शुद्धिकरण के लिए क्लोरीनेशन, पेयजल यूजर एंड प्वॉइंट पर जल नमूने की वायरस और बैक्टीरियल जांच नियमित अंतराल पर कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जहां पानी की दिक्कत हो वहां टैंकरों से पानी की सप्लाई की जाये।

## राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता के पदक विजेताओं का किया सम्मान

**सहारनपुर।** राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता जनपद के दो खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया जिनका आज जनपद पहुंचने पर स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। लखनऊ के केडी बाबू स्टेडियम में 23 से 26 मई तक आयोजित हुई सब जूनियर व जूनियर बालक-बालिका राज्यस्तरीय वुशु प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में जनपद के 11 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। 30 किग्रा भार वर्ग में अक्षत पाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना नाम सुरक्षित किया। इसी भार वर्ग में वंश कुमार ने रजत पदक जीता और 33 किग्रा भार वर्ग में अदिति पाल ने कांस्य तथा 30 किग्रा भार वर्ग में मान्सी ने कांस्य पदक जीता। इसके अलावा 52 किग्रा भार वर्ग में प्रियांक ने कांस्य पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया।

# स्कूली बच्चों को शिक्षा के साथ पत्रकारिता की दी जानकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सामाजिक चिंतक पत्रकार एवं अधिवक्ता अमीर खान ने कहा कि यदि स्कूलों में शुरू से ही



बच्चों को पत्रकारिता के प्रति जागरुक कर अच्छी शिक्षा दी जाए तो भविष्य में जाकर वास्तव में संविधान का चौथा स्तम्भ बन जाएंगे।

प्रताप नगर स्थित मुकुल एकेडमी एवं सोफिया पब्लिक हाई स्कूल में पत्रकारिता दिवस पर आयोजित 'कौन बनेगा नन्हा पत्रकार' प्रतियोगिता को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए अमीर खान ने कहा कि पत्रकारिता एक कठिन तपस्या है जिसको वही व्यक्ति कर सकता है जो देश हित में चिन्तन करना जानता है। इन्होंने स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझे इस बात का गर्व एवं खुशी है कि मुकुल एकेडमी के प्रबंधक ने पत्रकारिता के विषय पर प्रतियोगिता रखकर देश के भविष्य में सुधार एवं विकास करने की पहल की है। स्कूल के प्रबन्धक रवीन्द्र गुप्ता ने कहा कि पत्रकारिता का सही प्रयोग करके पूरे देश को महान बनाया जा सकता है। क्योंकि पत्रकारिता को आधार मानकर ही इस देश की आजादी में महान व्यक्तियों का योगदान रहा है। निर्देशक मुकुल गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि पत्रकारिता से ही देश महान बन सकता है। प्रधानाचार्या श्रीमती विदिता गुप्ता ने बताया कि विद्यालय द्वारा इस तरह की प्रतियोगिता कराने का उद्देश्य केवल यही है कि देश में पत्रकारिता फिर से महान बन जाये और हम अच्छे पत्रकार दे सके। इस अवसर पर आयोजित कौन बनेगा नन्हा पत्रकार पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार इलमा कक्षा 10 ने प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार फिजा कक्षा 9, तृतीय पुरस्कार अनम कक्षा 10 ने प्राप्त किया अन्य भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक व अध्यापिकाओं में श्रीमती पूनम, श्रीमती मीनू, मौहम्मद यूसुफ कु. उमामा महमूद, कु. तरन्नुम, कु. सुहालिया, कु. सुमैय्या, कु. लुबना, अरमान, कु. अदीबा ने विशेष योगदान दिया।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर अनेक स्थानों पर किया जागरूकता कार्यक्रम



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आज अनेक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए और सभी लोगों से तम्बाकू का सेवन न करने का संकल्प कराया गया और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजीव मांगलिक हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत कर समस्त कर्मचारियों को प्रतिभाग करने और तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई।

आज जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजीव मांगलिक और जिला तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डा. शिवांका गौड़ द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए गए। आज जिला चिकित्सालय में सीएमओ डा. संजीव मांगलिक ने हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया और सभी चिकित्सकों व कर्मचारियों को तम्बाकू का सेवन न कराने की शपथ दिलाई। ग्राम घान्नामंडी ब्लाक पुंवारका में मौहम्मद फारूख इंटर नेशनपल स्कूल में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें अपर जिला जज प्रबोध कुमार व डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल अजेश कुमार शर्मा ने सभी लोगों से तम्बाकू का सेवन न करने की अपील की।

# श्रद्धालुओं की कार मकान से टकराई छह श्रद्धालु घायल

## सिद्धपीठ मां शाकुम्भरी देवी दर्शन कर लौट रहे थे श्रद्धालु

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सिद्धपीठ मां शाकुंभरी देवी मंदिर में दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओ की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने मकान से जा टकराई। हादसे में कार सवार 6 श्रद्धालू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को बेहट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां 5 श्रद्धालुओं की हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। हादसे की सूचना पर बेहट चेयरमैन ने भी अस्पताल पहुंच घायलों का हाल जाना। हादसा बेहट शाकंभरी देवी मार्ग पर पेश आया। बताया जाता है कि थाना फतेहपुर इलाके के कस्बा छुटमलपुर निवासी 6 युवक स्विफ्ट कार में सवार होकर सिद्धपीठ मां शाकुंभरी देवी मंदिर में दर्शन करने गए थे। जब वे दर्शन कर वापस लौट रहे थे तो उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक मकान से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में कार चालक दीपक पुत्र नरेंद्र (उम्र 30 वर्ष), रवि पुत्र बिगाड़ा (30 वर्ष), विपिन पुत्र डॉक्टर



यशपाल (में उम्र 20), विवेक पुत्र सतीश (उम्र 18 वर्ष), अर्जुन पुत्र बलवीर (उम्र 20 वर्ष) निवासीगण छुटमलपुर तथा मोहित पुत्र सुरेंद्र (उम्र 20 वर्ष) निवासी ग्राम हलवाना थाना फतेहपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस के कर्मचारियों अमरजीत, मनोज कुमार, उमेश कुमार व सचिन ने घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस के जरिए बेहट सीएचसी में भर्ती कराया जहां से 5 घायलों की हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। हादसे की खबर लगते ही बेहट नगर पंचायत चेयरमैन अब्दुल रहमान उर्फ शालू भैया सीएचसी बेहट पहुंचे और घायलों का हाल जाना। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने घायलों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी।

## मुफ्ती आज़म साहब के नवासे और कई किताबों के मुसन्नीफ क़ासिम रज़ा का इन्तेक़ाल



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** मुफ्ती आज़म साहब के नवासे और कई मज़हबी किताबों से मुसन्नीफ क़ासिम रज़ा साहब का कल सुबह इन्तेक़ाल हो गया। क़ासिम रज़ा नगर निगम आगरा के एडिशनल कमीशनर के पद से 2013 में रिटाटर हुए थे, आपके के वालिद तक़ी रज़ा मदरसे नाज़मियां के मैनेजर और महानगर ब्याज़ कालेज में उस्ताद थे। क़ासिम रज़ा मुफ्ती आज़म साहब के नवासे और बड़े नवाब इनायत रज़ा के पोते थे। आप ने तक़रीबन 8 मज़हबी किताबे लिखी है, जोकि मज़हबी किताबों के बीच अपनी बहुत अहम जगह रखती है। आपका इन्तेक़ाल कल सुबह 5 बजे घर कंकड़ कुआ, विक्टोरिया स्ट्रीट पर हुआ, आप 2 महीने से बिमार चल रहे थे, आप की उम्र तक़रीबन 70 साल थी। तदफीन 6 बजे कर्बला मलकाजहां में हुई।आप मौलाना जनाब हमीदुल हसन साहब के नवासे मौलाना आली रज़ा के बड़े चचा भी थे, आप अपने पीछे एक बेटी और एक बेटा छोड़ गये है, जोकि शादीशुदा है। आपके तीजे की मजलिस कल यानि 2 जून 2024 को कर्बला मलकाजहां, एशबाग़ में 6 बजे वक्त की पाबन्दी के साथ होगी। जिसे मौलाना अब्बास ज़हीर साहब ख़िताब फरमायेंगे।

## भाषा विवि में पीएचडी लिखित प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में पीएचडी के लिए लिखित प्रवेश परीक्षा का परिणाम वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपना परिणाम वेबसाइट से देख सकते हैं। बतादें कि ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा पीएचडी के प्रवेश के लिए लिखित प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसके अंतर्गत विभिन्न विषयों में अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा ली गई। जिसके उपरांत आपत्तियां भी मांगी गई थी। प्रवेश प्रक्रिया के इसी क्रम में लिखित परीक्षा में अर्ह अभर्थियों की सूची भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अभ्यर्थियों से आग्रह है कि वे अपनी लिखित प्रवेश परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर विजिट कर देख सकते हैं। पीएचडी प्रवेश परीक्षा से संबंधित और अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## पाइप चोरी करते हुए मजदूर को पकड़ा

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस लाइन तीन तालाब पर नमामि गंगे प्रोजेक्ट का कार्य चल रहा है। एक लेबर पाइप चोरी कर बेंचने के लिए ले जा रहा था जिसे अधिशासी अभियंता ने पकड़ लिया। ई रिक्शा से लोहे के पाइप को ले जा रहा था बेचने के लिए ले जा रहा था। इससे पहले भी कुंटलों की तादाद में यह सरिया पाइप की चोरी कर चुका है। अधिशासी अभियंता ने बताया झारखंड के रहने वाले लेबर अनिल को चोरी करते हुए पकड़ लिया है। लेवर 12 फूट लोहे के पाइप को कबाड़ की दुकान पर ले जा रहा था तभी उसको पकड़ लिया गया है। पुलिस ने कोई भी कंप्लेंट करने से इंकार कर दिया है। पुलिस लाइन फतेहगढ़ के पीछे तीन तालाब नमामि गंगे प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य चल रहा है।

## आईटी एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मार्गदर्शन में अपर पुलिस अधीक्षक डा संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर प्रदीप सिंह के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस द्वारा आईटी एक्ट में वांछित अभियुक्त गौरव कुशवाहा पुत्र अनन्तराम निवासी सेण्डामऊ थाना पचदेवरा जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त ने पूछतांछ पर जुर्म से इंकार करते हुए अपनी सफाई जरिये अधिवक्ता न्यायालय में देने की बात कही है द्य अभियुक्त द्वारा पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने व फोटो व्हाट्सएप पर डालने, गाली गलौज व धमकी देने पर पीड़िता के प्रार्थना पत्र के आधार पर अभियुक्त गौरव कुशवाहा पुत्र अनन्तराम निवासी सेण्डामऊ थाना पचदेवरा जनपद हरदोई को गिरफ्तार किया गया आईटी एक्ट में गिरफ्तार करने वाली कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस टीम में निरीक्षक सुदेश कुमार, हे0कां0 सतेन्द्र मौजूद रहे।

## कलयुगी मां ने नवजात किशोरी को कुएं में फेंका

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** कलयुगी मां ने बेटा ना होने पर अपनी नवजात शिशु बेटी को कुएं में फेंक कर लापता हो गई है। कुएं से बच्चे की रोने की आवाज सुनकर ग्रामीण कुएं के पास पहुंचे कुएं से बच्चे की आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। ग्रामीणों ने कुएं में घुसकर नवजात शिशु को सकुशल बाहर निकाला। शुक्रवार को जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के मॉडल शंकरपुर गांव के10 फीट गहरे कुएं से बच्चे को ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे तोलिया में रख बाहर निकाला। ग्रामीणों के बाहर निकलने पर बेटी निकली। बेटी पैदा होने पर कलयुगी मां के कुएं में फेंकने की ग्रामीण आशंका जता रहे हैं। ग्रामीणों की मदद से बच्चे को जिला अस्पताल लोहिया भेजा गया है।

## एफएसडीए के विशेष सर्विलांस महाअभियान में 20 नमूने लिए

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** राज्य एवं भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण के मध्य सम्पादित एम0ओ0यू0 के 2023-24 के वर्क प्लान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आदेश के अनुपालन में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही (अप्रैल 2024 से जून 2024 तक) में जनपद के विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 200 सर्विलांस नमूनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शुक्रवार को सम्पूर्ण जनपद में 20 सर्विलांस नमूने मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व/पर्यवेक्षण में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा0 शैलेन्द्र रावत, अरूण कुमार मिश्र, विमल कुमार एवं आशीष कुमार वर्मा द्वारा संग्रहित किये गये हैं जिन्हे मुख्यालय द्वारा निर्धारित प्रयोगशाला में जाँच के लिए भेजा जा रहा है। नमूने डिस्ट्रीब्यूटरों, थोक विक्रेताओं एवं फुटकर विक्रेताओं से संग्रहित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि आइसक्रीम के 8, फ्रोजन डेजर्ट 8, आइस कैंडी,आइसलॉलीज 4 नमूने सर्व लॉस टीम द्वारा लिए गए।

## जनप्रतिनिधि करेंगे विभिन्न बूथों पर मतदान

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कल 1 जून को जनपद के जनप्रतिनिधि अपने अपने बूथों पर मतदान करेंगे । इस क्रम में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही पकहां के बूथ संख्या 361 पर, भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी अपने गांव बरपार में, राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम दीनानाथ पाण्डेय महिला डिग्री कालेज देवरिया के बूथ संख्या 263 पर सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा महथापार सलेमपुर के बूथ संख्या 50 पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भुजौली कालोनी के होली एंजल पब्लिक स्कूल के बूथ संख्या 256 पर, सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी बूथ संख्या 137 पुरवा में एमएलसी डा रतनपाल सिंह बूथ संख्या 94 उसरी में रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया बूथ संख्या 116 कुशहरी में भाटपार रानी के विधायक सभाकुंवर कुशवाहा बूथ संख्या 52 जूनियर हाई स्कूल नंदपुर कुकुर घाटी में सुबह मतदान करेंगे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर स्थित रेलवे स्टेशन अमेठी के पास गुरुवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे रेलवे कर्मचारियों ने जी आर पी और आर पी एफ के साथ स्थानीय पुलिस को शव मिलने की सूचना दी है। सूचना मिलने के दो घण्टे बाद भी जी आर पी और आर पी एफ के साथ स्थानीय पुलिस में सीमा विवाद का मामला चलता रहा। सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद देर रात स्थानीय पुलिस हरकत में आई और रेलवे स्टेशन अमेठी के पास पहुंच कर युवक के शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की पहचान कृपा शंकर पुत्र रमापत तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी पूरे लक्ष्मीधर पंडरी थाना गौरीगंज के रूप में हुई। कोतवाली पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि युवक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## नशा उन्मूलन को लेकर गायत्री परिवार ने दिया ज्ञापन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नशा उन्मूलन को लेकर गायत्री परिवार अमेठी द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उप ज़िलाधिकारी दिग्विजय सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से गायत्री परिवार ने नशा मुक्त भारत अभियान को अमेठी में गति देने के लिए निम्न माँगे रखी है अवैध रूप से नशीले पदार्थों की विक्री और उपयोग पर सख्त कानूनी प्रावधान लागू किए जाएं और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। विद्यालयों एवं आध्यात्मिक परिसरों से 200 मीटर की दूरी के अन्दर सभी तरह के नशे की दुकानों को प्रतिबन्धित किया गया है। इसे सख्ती से लागू किया जाए। शराब बिक्री की दुकानों पर तथा आस-पास के सुनसान इलाकों में नियमित पुलिस द्वारा पैट्रोलिंग की जाये।

# भीषण गर्मी से हर कोई बेहाल, पारा पहुंचा 44 पार

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** इन दिनों गर्मी पिछले सालों का रिकॉर्ड तोड़ रही है। इन दिनों फर्रुखाबाद में गर्मी अपने रिकार्ड स्तर पर है। पिछले सात दिन से गर्मी ने हर किसी को परेशान कर रखा है और हर कोई बेहाल है। बुधवार को जहां रिकार्ड तापमान रहा। वहीं गुरुवार को तापमान में हल्की गिरावट रही। शुक्रवार को पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया। उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। घर के बाहर हो या फिर अंदर, कहीं भी राहत मिलती नहीं दिखी। गर्म हवा और उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया है। मई के आखिरी सप्ताह में गर्मी ने आम जनजीवन के साथ पशु-पक्षियों को बेहाल कर दिया है। गुरुवार को सुबह बदल छाए रहे, लेकिन हवा में गर्माहट रही, जिससे उमस ने पसीने से तरबतर किया।इस कारण शुक्रवार सुबह से ही लोगों को गर्मी ने बेहाल कर दिया।बाइक से चलने वाले लोगों को गर्म हवाओं के थपेड़े झेलने पड़ रहे है।कामकाजी लोग गर्मी के कारण घर से समय से पहले निकले और कार्यस्थल पहुंचने के बाद वहां से शाम को ही बाहर निकले। मौसम विभाग नें भी अलर्ट जारी कर रखा है।पंखे व कूलर हवा तो दे रहे हैं।पर गर्मी के कारण इससे राहत नहीं मिल रही है।उमस से लोग परेशान हैं।आसमान में बादल छाने से फौरी राहत मिली।शुक्रवार के दिन 2 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। जिसने शरीर को झुलसा दिया है। एक भी पल राहत नहीं मिल पा रही है। सड़कों और बाजारों में सन्नाटा दिखाई दे रहा है।तो हर तरफ गर्मी का ही प्रकोप दिखाई दे रहा है।इतनी गर्मी पड़ रही है कि रात के समय लोगों को नींद भी नहीं आ रही है। एसी और कूलर फेल होते हुए दिखाई दे रहे है। हर कोई गर्मी से बेहाल नजर आ रहा है।गर्मी के प्रकोप के कारण हर किसी के पसीना छूट रहा है।

## आरपीएफ ने महिला यात्री को उसके परिवार से मिलाया

**प्रयागराज।** रेलवे सुरक्षा बल मानिकपुर के सहायक उपनिरीक्षक विमलेश कुमार ने मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के आधार पर मानिकपुर रेलवे स्टेशन पर गाडी संख्या 15017, लोकमान्य तिलक-गोरखपुर एक्सप्रेस में परिवार से बिछुड़ी महिला को स्टाफ के साथ अटेंड किया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पूछ-ताछ करने पर महिला यात्री ने अपना नाम मिथलेश बताया। मिथलेश अपने परिजनों के साथ गाड़ी संख्या 12190 हज़रत निज़ामुद्दीन-जबलपुर महाकौशल एक्सप्रेस से धौलपुर से चित्रकूट आ रही थी। उसके परिजन चित्रकूट स्टेशन पर उतर गए परन्तु भीड़ अधिक होने के कारण महिला यात्री मिथलेश गाड़ी से उतर नहीं पायी और परिवार से अलग होकर मैहर पहुँच गयी। मैहर स्टेशन के राजकीय रेलवे पुलिस ने महिला यात्री को गाडी संख्या 15017, लोकमान्य तिलक-गोरखपुर एक्सप्रेस से मानिकपुर उसके परिजनों के पास भेज दिया। रेलवे सुरक्षा बल मानिकपुर के सहायक उपनिरीक्षक विमलेश कुमार ने महिला यात्री मिथलेश को उसके के सुपुर्द कर दिया।

# सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर को सहकारिता रत्न से सम्मानित होने पर डॉ प्रवीण ने दी शुभकामनाएं

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** इफको की वार्षिक निकाय बैठक में उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री श्री जेपीएस राठौर को सहकारिता क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सहकारिता रत्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहकार भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने हर्ष व्यक्त करते हुए सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने कहा, श्री जेपीएस राठौर के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उनकी दूरदर्शिता और समर्पण ने सहकारिता को एक नई दिशा दी है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण हुआ है। उत्तर प्रदेश में सहकारिता मंत्री के रूप में श्री राठौर ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों की शुरुआत की है, जिनसे सहकारी संस्थाओं की स्थिति में सुधार हुआ है और किसानों व ग्रामीणों को अधिक लाभ मिला है। उनके प्रयासों से सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता और कार्यक्षमता बढ़ी है, जिससे सहकारिता आंदोलन को मजबूती मिली है। श्री राठौर के कार्यकाल में सहकारी संस्थाओं के पुनर्गठन, वित्तीय स्थिरता और डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा दिया गया है। उनकी नीतियों के परिणामस्वरूप सहकारी संस्थाओं में स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है, जिससे स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सहकारिता मंत्री श्री जेपीएस राठौर का यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों का प्रतीक है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र में हो रहे व्यापक बदलावों का भी प्रतीक है। सहकारी संस्थाएं उनके नेतृत्व में और भी प्रगति की उम्मीद करती हैं। इफको द्वारा प्रदान किया गया यह सम्मान अन्य सहकारी नेताओं और संगठनों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा और सहकारिता के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगा। सहकारिता मंत्री श्री राठौर के अथक प्रयासों और उनकी समर्पण भावना को देखते हुए, यह सम्मान वास्तव में उनके योग्य है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पोलिंग पार्टियों मतदान केंद्र के लिए हुई रवाना, मतदान आज

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** सातवें और अंतिम चरण का मतदान कराने के लिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय से पोलिंग पार्टियों कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ ईवीएम को लेकर 1773 मतदान केन्द्रों तथा 3271 मतदेय स्थलों के लिए 3271 पोलिंग पार्टियां 8 विधानसभा के लिए गोरखपुर बांसगांव लोकसभा के लिए 13084 कर्मचारी मतदेय स्थल के लिए रवाना हुए। जहां शनिवार को 3667756 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रत्याशियों के भाग्य को ईवीएम में बंद कर देंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 4 जून को होगा।

गोरखपुर और बांसगांव लोकसभा में कुल 3667756 वोटर है जिनमे 1972307 पुरुष 1695198 महिला 251 जेंडर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिनकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए 966 उप निरीक्षक 7478 हेड कांस्टेबल/ कांस्टेबल जिनमें शस्त्र के साथ 4788 बिना शस्त्र के साथ 2690 महिला आरक्षी 352 होमगार्ड 5468 इसके साथ 24 सेक्शन पीएसी 218.5 सेक्शन सीपीएमएफ अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराने में अपना अहम योगदान देंगे। पोलिंग पार्टियों रवाना होने के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अधिकारी कृष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर पोलिंग पार्टी सुरक्षा व्यवस्था नोडल पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव चुनाव नोडल अधिकारी पुलिस एसपी ट्रैफिक संजय कुमार रिटर्निंग ऑफिसर बासगांव/जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन मुख्य कार्मिक अधिकारी/ सीडीओ संजय कुमार मीना सहायक कार्मिक अधिकारी/ जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा सहायक कार्मिक बृजेश यादव रिटर्निंग अफसर गोरखपुर/ एसडीएम कैंपियरगंज रोहित मौर्य सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जॉइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी रिटर्निंग अफसर बांसगांव एसडीएम गोला केसरी नंदन तिवारी एसडीएम बांसगांव प्रदीप सिंह एसडीम सहजनवा कुंवर सचिन सिंह एसडीएम खजनी शिवम सिंह एसडीएम चौरी चौरा प्रशांत वर्मा डीपीआरओ निलेश सिंह डीएसओ रामेंद्र प्रताप सिंह परियोजना निदेशक अनिल सिंह डीसी मनरेगा सौरभ श्रीवास्तव एसीएस राजू कुमार एसीएस अमित जायसवाल सदर तहसीलदार विकास कुमार सिंह सदर तहसीलदार न्यायिक विकास कुमार नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान नायब तहसीलदार अरविंद नाथ पांडे नायब तहसीलदार हिमांशु मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी गण अपने-अपने दायित्वो का निर्वहन करते हुए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जिससे 1 जून को सकुशल मतदान संपन्न हो सके।

# पहले मतदान फिर जलपान का मंत्र साकार करेंगे मुख्यमंत्री



अवधनामा संवाददाता


**गोरखपुर।** लोकसभा क्षेत्र गोरखपुर के चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार सुबह 7 बजे पुराना गोरखपुर, स्थित नगर क्षेत्र के इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय गोरखनाथ (कन्या) के बूथ संख्या 223 पर मतदान करेंगे। पहले मतदान फिर जलपान के मंत्र को साकार करते हुए वह अपने मताधिकार का प्रयोग और लोकतांत्रिक कर्तव्य का निर्वहन करेंगे। मुख्यमंत्री संभवतः अपने बूथ के पहले मतदाता भी बनेंगे। इसके पहले 2019 के लोकसभा, 2022 के विधानसभा चुनाव और 2023 के नगर निगम चुनाव में भी अपने बूथ के प्रथम मतदाता बने थे। झूलेलाल मंदिर के निकट स्थित मतदान केंद्र पर सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को मतदान के लिए सुबह 7 बजे आएंगे। मतदान करने के बाद मतदान केंद्र के बाहर मीडिया कर्मियों को संबोधित कर सातवें चरण की सभी संसदीय क्षेत्रों के मतदाताओं से मतदान की अपील करेंगे।

## भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी मिली है। आरोपी ने फोन पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। नीरज त्रिपाठी की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने सपा यूथ ब्रिगेड के महानगर अध्यक्ष शान यदुवंशी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। नीरज त्रिपाठी का आरोप है कि एक सपा कार्यकर्ता ने फेसबुक पर उनकी पत्नी के बारे में अभद्र टिप्पणी की और आपत्ति करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने फोन करके अपशब्दों का प्रयोग किया। जान का खतरा जताते हुए नीरज ने थाने में तहरीर दी। थाने में दिए तहरीर में नीरज त्रिपाठी ने कहा है कि समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के महानगर अध्यक्ष शान यादव ने उनकी पत्नी और भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री कविता यादव त्रिपाठी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की। फोन पर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

# प्रोबाशी बांग्यो सांस्कृतिक समिति ने नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती मनाई

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रोबाशी बांग्यो सांस्कृतिक समिति को नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती मनाने की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह कार्यक्रम रविवार, 2 जून 2024 को शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक प्रतिष्ठित यूपी नाटक अकादमी, संत गाडगे जी महाराज ऑडिटोरियम, गोमती नगर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दो भागों में विभाजित विविध गतिविधियाँ होंगी। शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक, प्रतिभागी पोस्टर, सस्वर पाठ और ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसका विषय रवींद्रनाथ टैगोर के जीवन और विरासत पर केंद्रित होगा। इसके बाद, शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक, मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक प्रदर्शनों और भाषणों की एक श्रृंखला के साथ होगी। डॉ. देबोप्रोतिम कर चौधरी, डॉ. अशोक राम भट्टाचार्य, श्री अशोक गांगुली, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. अतुल कुमार रॉय और श्री प्रयांशु अग्रवाल सहित प्रतिष्ठित व्यक्ति अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाएँगे। पीबीएसएस के अध्यक्ष श्री सौरव बंधोपाध्याय और पीबीएसएस की महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती डिंपल दत्ता से मिलें। दीप प्रज्वलन/मल्ले दान- कार्यक्रम की शुरुआत को चिह्नित करने वाला एक प्रतीकात्मक इशारा। पीबीएसएस के अध्यक्ष के विचारोत्तेजक शब्द और विशिष्ट अतिथियों की संक्षिप्त टिप्पणियाँ। शाम के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए एक आध्यात्मिक आह्वान। दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए सुरीली धुनें। .रिदम सरकार द्वारा नृत्य प्रदर्शन- रिदम सरकार द्वारा एक भावपूर्ण प्रदर्शन। एक प्रतिभाशाली युवा कलाकार द्वारा हम होंगे कामयाब का दिल को छू लेने वाला गायन। डिंपल दत्ता द्वारा निर्देशित और कोरियोग्राफ किया गया एक मनमोहक नृत्य नाटिका। श्रीमती मालोबिका मुखर्जी, श्रीमती मधुमिता रक्षित, श्री आशिम सरकार, श्रीमती नुपुर दत्ता और श्री रूपा चौधरी द्वारा प्रस्तुतियाँ। प्रतियोगिता के प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को मान्यता। सभी उपस्थित लोगों और योगदानकर्ताओं के प्रति आभार की हार्दिक अभिव्यक्ति। हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम साहित्य के दिग्गज रवींद्रनाथ टैगोर th को श्रद्धांजलि देते हैं और कला और संस्कृति पर उनके स्थायी प्रभाव का जश्न मनाते हैं। यह कार्यक्रम उनकी कालातीत विरासत के लिए एक यादगार श्रद्धांजलि होने का वादा करता है।

# कांग्रेस के बेगम मसूदा अब्बासी का कल लखनऊ में निधन

**आजमगढ़।** कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता बेगम मसूदा अब्बासी का कल लखनऊ में निधन हो गया था जिनको रात नौ बजे आजमगढ़ के नई कब्रिस्तान गुलामीकापूरा मे सुपुर्देखाक किया गया आज आजमगढ़ कांग्रेस द्वारा उनके निधन पर वरिष्ठ नेता तेजबहादुर यादव जिलाउपाध्यक्ष की अध्यक्षता में शोक सभा की गई स्व.बेगम मसूदा अब्बासी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर प्रार्थना की गई कि ईश्वर,अल्लाह दिवंगत आत्मा को शांति दे मगफिरत फरमाएं और इस पीड़ा को सहन करने हेतु उनके परिवारजन को ईश्वरध्अल्लाह ताकत दे शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि बेगम मसूदा अब्बासी अपने राजनीतिक जीवन के शुरुआत ही कांग्रेस से की और अंतिम सांस तक कांग्रेस जुड़ी रही उनके देहांत से पार्टी में शोक की लहर है शहर अध्यक्ष नजम शमीम ने कहा स्व. बेगम मसूदा अब्बासी जी लगभग नब्बे वर्ष की आयु में इस दुनिया से रुखसत हुई वो अंतिम समय तक पार्टी के कार्यक्रमों और कार्यो से जुड़ी रही जो हमसब के लिए प्रेरणादायक है उनका इस दुनिया से जाना पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है वो पार्टी की एक अनुशासित और निष्ठावान कार्यकर्ता,नेता थीं स्व.मसूदा जी जिले के संभ्रांत और सम्मानित परिवार से संबंध रखती थी उनके पति जिले के प्रतिष्ठित शिब्ली नेशनल पी.जी.कॉलेज के प्राचार्य भी रहे उनका परिवार भी कांग्रेस से जुड़ा हुआ था।

# एनसीएल से मई माह में सेवानिवृत्त हुए 43 कर्मी

अवधनामा संवाददाता




**मुख्यालय सहित सभी परियोजनाओं में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सम्मान में आयोजित हुआ अभिनंदन समारोह**

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से मई माह के अंत में 8 अधिकारी व 35 कर्मचारी सहित 43 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से सेवानिवृत्त कर्मियों में महाप्रबन्धक (उत्पादन) श्री एल पी गोडसे, महाप्रबन्धक (सिविल) श्री ए के सिंह, महाप्रबन्धक(कार्मिक) श्री शफदर खान, मुख्यप्रबन्धक (सामग्री प्रबंधन) श्री ओ पी श्रीवास्तव, केन्द्रीय अस्पताल, सिंगरौली से वरीय कक्ष सहायक श्री चंद्रिका राम शामिल रहे।

एनसीएल मुख्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल के सीएमडी श्री बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी /संचालन) श्री जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना ) श्री एस पी सिंह, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, श्रमिक प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन भी अभिनंदन समारोह में शामिल हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमडी एनसीएल श्री बी. साईराम ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को %लार्जर दैन लाइफ% की संज्ञा दी। साथ ही कहा कि यह बेहद ही गर्व की बात है कि हम एनसीएल जैसी विकसित कंपनी के हिस्सा हैं जिसके विकास में हमारे कर्मियों ने अपने-अपने कार्य क्षेत्र में योगदान दिया व एनसीएल को शिखर तक पहुंचाया है। निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार ने सेवानिवृत्त कर्मियों के कंपनी की विकासयात्रा में योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होने सेवानिवृत्त कर्मियों की संवेदनशील एवं ऊर्जा से परिपूर्ण सकारात्मक सोच की सराहना की एवं सुखद भविष्य की कामना की। निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को कंपनी के लिए महत्वपूर्ण मानव पूँजी के रूप में रेखांकित किया । साथ ही कहा कि स्पष्टवक्ता, तत्परता और सहकारिता जैसे उनके गुण हमारे लिए अनुकरणीय हैं। कार्यक्रम में निदेशक (तकनीकी /संचालन) जितेंद्र मलिक ने सेवानिवृत्त कर्मियों के राष्ट के विकास में योगदान को अमूल्य बताया व कहा कि कर्मियों की सकारात्मक और रचनात्मक सोच कंपनी के विकास में महत्वपूर्ण रही है। निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) श्री सुनील प्रसाद सिंह ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए धन्यवाद दिया और कहा आज का दिन प्रबंधन के लिए बेहद मुश्किल है जब हमारे कंपनी के अनुभवी अधिकारी बड़ी संख्या में अपने सेवाकाल को पूरा कर रहे हैं। उन्होने सभी को दूसरी पारी के लिए बधाई दी कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के सम्मान में सभी का जीवन वृतांत का वाचन भी किया गया । सेवानिवृत्त हुए कर्मियों ने अपने एनसीएल सहित कोल इंडिया में लंबे कार्यालयीन जीवन के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया।


## सूचना

दीवानी न्यायालय सहारनपुर स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों 01 कैन्टीन (नाश्ता चाय आदि), साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं.-01, और नं-2, पान की दुकान नं-01, और नं-02 व 01 रेहड़ी दाल मौठ की नीलामी वित्तीय वर्ष 2024/2025 की शेष बची अवधि (09 माह) हेतु दि. 05.06.2024 सांय 05:00 बजे तक सील बंद निविदाएं (टैन्डर) आमंत्रित हैं जो दि.10.6.2024 को सांय 4:30 बजे न्याया. स्थित ए.डी. आर. भवन में खोली जायेगीं इच्छुक निविदाकर्ता (टैन्डरकर्ता) नीलामी के नियम, शर्ते, स्थान व समय आदि के सम्बन्ध में जानकारी नज़ारत अनुभाग, स.पुर दफ्तर या न्याया0 के सूचना पट से प्राप्त कर सकते हैं। (प्रकाश तिवारी) अध्यक्ष, नीलामी समिति, अपर जिला जज, कक्ष संख्या 03 सहारनपुर।

## सूचना

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार मा. जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सहारनपुर श्रीमती बबीता रानी के आदेश के अनुपालन में सिविल कोर्ट जनपद सहारनपुर में स्थापित ए0डी0आर0 सेण्टर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहारनपुर में तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) 02 के पदों आवेदन आमन्त्रित किये गयें है। पूर्ण कालिक सचिव/अपर जिला जज, श्री प्रबोध कुमार वर्मा ने बताया कि आवेदन पत्र का प्रारूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्या. से प्राप्त कर सकते है या आवेदन का प्रारूप साईट http://district.ecourt.gov.in/saharanpur से डाऊनलोड कर सकते हैं पद की प्रकृति संविदा है मासिक मानदेय 10730 रूपये निर्धारित है। उक्त पद हेतु शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या समकक्ष, (DOEACC Society) द्वारा प्रदत्त " CCC" प्रमाण पत्र व हिन्दी/ अग्रेजी में 25 से 30 शब्द प्रति मिनट कम्प्यूटर पर टाईप करने की योग्यता हो। आवेदक की आयु 25 मई 2024 को 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य हो। तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) के संविदा पदों का कार्यकाल 27.02.2025 तक होगा। कार्यकाल की अवधि उ0प्र0 शासन से प्राप्त अनुमति के आधार पर बढ़ाई जा सकती है आवेदन करने वाले अभ्यार्थियों को निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुये जनपद न्यायालय सहारनपुर में स्थित ए0डी0आर0 सेण्टर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहारनपुर के कार्यालय में 10.6. 2024 को सायं 5.00 बजे तक प्राप्त कराना होगा अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही होगा।

# हीट स्टोक से सुरक्षाकर्मी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में हुई मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** मिल्कीपुर में सुरक्षाकर्मी की गर्मी के कारण मौत हो गई। अयोध्या रायबरेली ह्या, 330-A बना रही कार्यदाई संस्था पीएनसी कंपनी में तैनात सुरक्षा कर्मी की हीट स्ट्रोक से तबीयत बिगड़ी थी। इसके बाद उसे स्थानीय सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया था जहां पर डॉक्टरों ने हालत गम्भीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया था । जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्रामीण क्षेत्र में भी पारा 45 पार कर गया है, जिस कारण अस्पताल में मरीजों की संख्या भी अचानक से बढ़ गई है।मिल्कीपुर में पिछले कई दिनों से भयंकर गर्मी की चपेट में है, जहां पर 43 से 45 डिग्री तक पारा पहुंच गया है। इस गर्मी के चलते जहां लोग बेहाल हैं और बीमार हो रहे हैं तो वहीं अब गर्मी के सितम से लोगों की मौत भी होने लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग बना रही पीएनसी कंपनी की एटीपीएल शाखा हलियापुर में सिक्योरिटी गार्ड पद पर तैनात संदीप कुमार पाल की बुधवार दोपहर बाद अचानक तेज गर्मी के चलते तबीयत बिगड़ गई। साथ में रहे अन्य सुरक्षा गार्डों ने उपचार करने के लिए स्थानीय सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया था जहां पर इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर दुर्ग विजय ने हीट स्ट्रोक के लक्षण बताते हुए जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया था। संदीप के साथियों ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया कुछ देर बाद संदीप की मौत हो गई । पीएनसी कंपनी के कर्मचारी अंकित सिंह का कहना है कि अचानक तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल पहुंचाया गया था, लेकिन सौ शैय्या अस्पताल के डॉक्टरों ने उपचार नहीं किया सीधे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां इलाज शुरू होते ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा।वर्षों से पीएनसी कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात थे। इससे पहले बक्सर बिहार में तैनात थे 1 वर्ष पहले ट्रांसफर होकर हलियापुर आए थे। मृतक के भाई हौसिला पाल ने बताया कि वर्ष 2020 में शादी की गई थी अभी कोई संतान नहीं है उससे पहले ही यह घटना हो गई चार भाइयों में संदीप सबसे छोटे थे। उन्होंने कहा कि हमारे एक रिश्तेदार डॉक्टर है उन्होंने शव देखने के बाद यही कहा कि हीट स्ट्रोक से ही मौत हुई अब देखो पोस्टमार्टम में क्या आता है।

## कृषि विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से किसानों का किया जा शोषण

**अयोध्या।**जनपद में फुटकर बीज विक्रेताओं द्वारा किसानों को महंगे दामों पर धान का बीज बेचा जा रहा है निर्माता कंपनियों द्वारा बोरियों/पैकेटों पर लागत से कई गुना बढ़ाकर दाम अंकित किया जाता है जिसका नाजायज लाभ उठाकर फुटकर विक्रेताओं द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है और महंगे दामों पर धान के बीजों को बेचा जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने जिला कृषि अधिकारी से मांग किया है कि थोक विक्रेताओं द्वारा फुटकर विक्रेताओं को बेचा जा रहा है धान की कीमतों अर्थात थोक रेट का उजागर होना चाहिए और उस पर फुटकर विक्रेताओं का लाभ जोड़कर फुटकर बिक्री के दाम का निर्धारण होना चाहिए घनश्याम वर्मा ने कहा कि कृषि विभाग के कुछ अधिकारियों की मिली भगत से किसानों का शोषण किया जा रहा है। उक्त मांग को लेकर दिनांक 6 जून 2024 को जिला मुख्यालय पर किसान महापंचायत का आयोजन किया गया है।

## जिला चिकित्सालय में किया गया पौधारोपण

**अयोध्या।** जनपद में 35 लाख पौध रोपण के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में जिला चिकित्सालय अयोध्या ने पहल शुरू कर दी आज शुक्रवार को जिला चिकित्सालय परिसर में 15 पौधे लगाए गए 10 पौधे इमरजेंसी ओपीडी के सामने पूर्व साइकिल स्टैंड पर लगाए गए पांच पौधा प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक आवास पर आरोपित किया गया जिसमें प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर उत्तम कुमार अधीक्षक डॉक्टर विपिन कुमार वर्मा वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव डॉक्टर नानक श रन फार्मासिस्ट संजय गुप्ता हनुमत दुबे सर्वेश श्रीवास्तव संजीव गुप्ता ठेकेदार गुड्डू सिंह ने पौधा रोपण मैं अपना सहयोग प्रदान किया।

## वजीफा दिलाने के बहाने धोखे से कोर्ट मैरिज का आरोप

**अयोध्या।** तारुन थाना क्षेत्र के इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा को वजीफा दिलाने के बहाने धोखे से कोर्ट मैरिज कराने का मामला सामने आया है। छात्रा के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।छात्रा के भाई ने बताया कि उसकी छोटी बहन कक्षा 12की छात्रा है।

## घायल पशु के निःशुल्क उपचार हेतु फोन करें 1962 पर एंबुलेंस से आयेंगे पशु चिकित्सक व स्टाफ

**अयोध्या।** वरदान साबित हो रही है पशुओं के उपचार के लिए निशुल्क एंबुलेस सेवा 1962

मिल्कीपुर ब्लॉक के अहरौली सलोनी के रहने वाले दिनेश की गाय घायल हो गई, इन्होंने निशुल्क पशु उपचार एंबुलेस सेवा 1962 पर फोन किया। एंबुलेस के पशु उपचार स्वास्थ कर्मी डॉ. अजय यादव, मेडिकल टेक्नीशियन कुबेरनाथ साथ ही चालक उमा शंकर के साथ पहुंच कर बीमार गाय का उपकार किया।

साथ ही पशु चिकित्सा डॉ. अजय यादव ने बताया पशुपालन विभाग द्वारा घायल बीमार पशुओं के निः शुल्क इलाज के लिए प्रत्येक ब्लॉक के अंतर्गत चलाई जा रही एंबुलेस सेवा 1962 पर कोई भी व्यक्ति घायल पशु उपचार के लिए सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक फोन कर इसका लाभ उठा सकता है। इस बीच इमर्जेसी एंबुलेस सेवा जारी रहती है जहां पहुंच कर घायल बीमार पशुओं का उपकार कर निःशुल्क दवाईया भी दी जाती हैं।

## एयरपोर्ट से श्रीराम मंदिर तक वीआईपी लेन बनाने की तैयारी: मंडलायुक्त



**अयोध्या।** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से श्रीराम मंदिर तक वीआईपी लेन बनाने की तैयारी है। इसको लेकर गुरुवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल ने वैकिल्पक मार्गों का निरीक्षण किया। कहा कि एयरपोर्ट से अयोध्या धाम जाने वाले सभी मार्ग फोर लेन होंगे। मकसद यह भी है कि वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात बाधित न हो।अभी वीआईपी मूवमेंट होने पर काफिला एयरपोर्ट के टर्मिनल एक से अयोध्या-सुल्तानपुर मार्ग, नाका बाईपास से अयोध्या धाम पहुंचता है। इससे शहर के साथ ही हाईवे का यातायात बाधित होता है। इससे निजात के लिए एयरपोर्ट से सीधे राम मंदिर पहुंचने के लिए एक डेडीकेटेड वीआईपी लेन का प्रयास है। मंडलायुक्त ने अयोध्या एयरपोर्ट के प्रस्तावित टर्मिनल दो से बूथ नंबर चार तक जोड़ने विभिन्न मार्गों को देखा। इसमें गंजा से पॉवर हाउस वाला मार्ग, फिरोजपुर पीएमजीआसवाई से कुसमहा के कुटिया का पुरवा होते हुए दर्शननगर भरतकुंड मार्ग हैं।

## ऐमी तमसा नदी पुल के नीचे हत्या कर फेंकी गयीं अज्ञात युवक की लाश ,मचा हड़कंप पुलिस जुटी शिनाख्त में

**तारुन -अयोध्या।** तारुन महराजगंज थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित ऐमीघाट तमसा नदी के पुल के नीचे शुक्रवार की प्रातःअज्ञात व्यकित की रक्त रंजित हत्या कर फेंकी गयीं लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। नदी की



ओर शौच को गये लोगो द्वारा लाश मिलने की सूचना के बाद एस ओ तारुन ओम प्रकाश राय सहित आस पास के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुँच गये।लेकिन अभी तक लाश की शिनाख्त नही हो पायी हैं। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश राय ने बताया कि लाश नदी में है अभी इसकी आसपास के लोगो से शिनाख्त का प्रयास कराया जा रहा है।मृतक की उम्र करीब 40 साल के करीब लगती हैं।जो दाढ़ी रक्खे है।फूल सफेद शर्ट तथा जीन्स पैंट पहने हुये हैं।शर्ट खून से लथपथ हैं।

# दुर्घटना में सड़क युवकों की मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**करनैलगंज(गोंडा)।** बुधवार को करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर हुई मार्ग दुर्घटना में ग्राम निंदूरा के दो युवकों की मौत के बाद कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व अधिवक्ता भगत राम मिश्रा पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों के प्रति सहानुभूति रखते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार है जिनका बुलडोजर सही और गलत का फैसला करता है। पीड़ित परिवार के साथ जो अन्याय हुआ है, उन्हें भरोसा है कि इसमें भी पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। उन्होंने योगीआदित्यनाथ से पीड़ित परिवार को 50-50 लाख रुपए का मुआवजा और मार्ग दुर्घटना में मिलने वाली अहेतुक सहायता देने की मांग की है। भगतराम मिश्रा ने उप जिलाधिकारी करनैलगंज को दूरभाष पर पीड़ित परिजनों को मिलने वाली सहायता देने और उनकी मांग को शासन तक पहुंचाने के लिए भी कहा। उन्होंने पीड़ित परिवार के साथ-साथ घटनास्थल पर लोगों से बातचीत किया और पीड़ित परिवार को हर संभव न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उनके साथ विधायक केके ओझा, फहीम अहमद पप्पू, पंकज गोस्वामी, गौरव गोस्वामी, राजीव तिवारी, रिशु तिवारी, गिरजा शंकर तिवारी, भोला यादव, लिलाही खान, आदिल बहार खान, आजाद खान, सिकंदर सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया

**मसौली बाराबंकी।** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला मे अग्निशमन प्रभारी फूलचंद्र गौगम ने कहा कि अगर सावधानी नहीं बरते गई तो अग्निकांड भारी पड़ सकता है। थोड़ी से सावधानी बरतकर अग्निकांड को रोका जा सकता है। सीएचसी के कर्मचारियों से रूबरू होते हुए प्रभारी फूलचंद्र गौतम ने कहा कि यह जरूरी नहीं कि आग सिर्फ चूल्हे की चिंगारी से ही लग सकती है। बड़े-बड़े अपार्टमेंट भी अगलगी की चपेट में आते हैं। शार्ट सर्किट,गैस सिलिंडर से गैस रिसाव इसके मुख्य कारण होते हैं। लोगों से बिजली के जर्जर तार को बदलने एवं गैस पाइप को प्रति छह महीने में बदलने की नसीहत दी।

# अहिल्याबाई होलकर की मनाई गई 299 जयंती



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर अहिल्याबाई होलकर की 299 जयंती मनाई गई । समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण करके उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया । इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर सदैव अपने राज्य और वहां के लोगों के हित में कार्य किया उनकी कार्यप्रणाली बहुत ही सुगम एवं सरल रहा है उन्होंने अपने राज्य के लोगों के साथ बड़े प्रेम पूर्वक एवं दया के साथ व्यवहार किया । अहिल्याबाई होलकर कई युद्ध में अपनी सेना का नेतृत्व किया और हाथी पर सवार होकर वीरता के साथ लड़ी वे मालवा प्रांत की महारानी थी । अहिल्याबाई होल्कर ने समाज की सेवा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया । उन्होंने समाज के लिए तमाम जनहित के कार्य किया । सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि पार्टी कार्यालय पर सभी नेताओं ने उनके चित्र पर माला पहनाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके जीवन के संघर्षों के बारे में चर्चा की । इस अवसर पर मुख्य रूप से सपा प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव ओपी पासवान चौधरी बलराम यादव जिला सचिव अंसार अहमद बबन वरिष्ठ नेता बाबूराम गौड महंत अनिल मिश्रा राकेश चौरसिया पार्षद राम भवन यादव राम अजोर यादव राकेश चौरसिया विशाल यादव दिलीप रावत सुभाष पासी वंश देव पासवान सीताराम यादव रामपाल सुरेश पाल इश्तियाक खान आदि लोगों मौजूद रहे।

# फरार आरोपियों के घर हैदरगंज पुलिस ने नोटिस चशपा किया

हैदरगंज - अयोध्या ।**परसपुर हथिगो में हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं** के दर्ज मुकदमे के फरार आरोपियों के घर हैदरगंज पुलिस ने नोटिस चश्पा किया है । डुग्गी मुनादी कराकर 1 महीने के अंदर उपस्थित न होने पर कुर्की की कार्यवाही की बात कही है । हैदरगंज थाना क्षेत्र के परसपुर हथिगो गांव में हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमें के फरार चल रहे आरोपियों मालती पत्नी बलराम तिवारी, सचिन पुत्र अनिरुद्ध तिवारी, नेता उर्फ सौम्यदीप पुत्र अशोक तिवारी के घर पर हैदरगंज पुलिस ने गुरुवार को नोटिस चश्पा करते हुए डुग्गी मुनादी कराया है ।

## कायस्थ महासभा ने अयोध्या में भगवान चित्रगुप्त का मंदिर बनाने की माँग

**बाराबंकी।** लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत ने चुनाव में सहयोग व समर्थन प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का आभार व्यक्त किया तथा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की एक मांग कि श्रीराम जन्मभूमि परिसर में भगवान श्री चित्रगुप्त जी का भी एक मंदिर स्थापित किया जाए। इस पर पूर्ण समर्थन प्रदान करते हुए प्रदेश मुख्यमंत्री के समक्ष इस प्रस्ताव को रखने का पूर्ण आश्वाशन दिया। महासभा ने भी इस अवसर पर राजरानी रावत को अग्रिम शुभकामनाएं व बधाइयां प्रदान की। प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मनोज श्रीवास्तव के संयोजन में श्रीमती रावत के आवास पर काफी संख्या में कायस्थ महासभा के पदाधिकारी व सदस्य गण पहुंचे।

# बुढ़वल जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों को पिलाया ठंडा पानी

*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** जल ही जीवन है का सेवा संकल्प लेकर ज्येष्ठ माह में पड़ रही भीषण गर्मी हीट वेव ,को देखते हुए बुढ़वल जंक्शन में तैनात रेलवे सुरक्षा बल के पोस्ट कमांडर अजमेर सिंह यादव ने ट्रेनों में आने जाने वाले यात्रियों व बुढ़वल जंक्शन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था कराई है। आरपीएफ प्रभारी अपने जवानों के साथ पोस्ट पर लोगों को पानी पिलाकर यात्रियों की सेवा कर रहे हैं।इस कार्य में पोस्ट के अन्य जवान उप निरीक्षक और सिपाही भी लगे हुए हैं। आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि हम देख रहे थे इस भीषण गर्मी में आने जाने वाले यात्री व स्टेशन पर दोपहर में बैठे लोग ठंडे पानी के लिए परेशान रहते थे।इसी को देखते हुए मैंने ज्येष्ठ माह के मंगलवार से पीने की पानी की व्यवस्था की है। जो




अनवरत चलेगी आने जाने वाले यात्री यहां पानी पिए। अगर उनको किसी प्रकार की समस्या है तो वह हमारे पोस्ट पर बताएं हमारे जवान उनकी सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।मेरी जानकारी में अगर कुछ आता है तो मैं उस समस्या का हल तुरंत कराता हूं। उन्होंने कहा पानी पिलाना बड़ा पुण्य का ही काम होता है। पहले के लोग कुएं खुदवाते थे। जिससे कि लोग पानी पी सके भीषण गर्मी में इस तरह के कार्य सभी को करनी चाहिए।

## दादा मियां का सात दिवसीय मेले का हुआ समापन

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे के मोहल्ला बडापूरा में दादा मियां के उर्स के मौके लगने वाले सात दीवसीय मेला का समापन गुरूवार को किया गया। जहां भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। ज्ञात हो कि नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला बड़ा पूरा में हज़रत इब्राहीम शाह दादा मियां के उर्स के मौके पर लगने वाले सात दीवसीय मेले का समापन गुरुवार को किया गया। सपापन होते ही लगने वाली तमाम दुकानें दुकानदारों ने बढ़ाना शुरू कर दिया। जबकि लगे झूले हिंडोलन भी उतरने लगे।

# अधर में लटका पशु अस्पताल का निर्माण कार्य, जिमेदार बने अंजान

*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विभागीय अधिकारी व ठेकेदार के ढुलमुल रवैया के चलते करीब तीन साल से चल रहे नवनिर्मित पशु अस्पताल का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। अधर में कार्य लटका होने की वजह से भवन हैंडओवर नही किया जा सका है जानकारी के मुताबिक कस्बा सुबेहा में बीते कई साल पहले बना पशु अस्पताल भवन क्षतिग्रस्त हो चुका है नया भवन का निर्माण होना है कार्यदाई संस्था द्वारा करीब तीन साल से भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के चलते अभी तक निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है परिसर मे लगाए गए खड़ंजा पर बालू नही डाली गई ऐसे ही ईट बिछा दी गई तो पूरे परिसर में खड़ंजा भी नही लगाया जा सका है ।शुद्ध पेयजल के लिए लगे इंडियामर्का नल खराब है जिससे पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पानी सप्लाई



के लिए लगाया गया समरसेबल भी खराब होने की वजह से पानी सप्लाई भी ठप है इसके अलावा बाउंड्रीवॉल व गेट का कार्य अधूरा पड़ा है कर्मचारियों की माने पिछले कई माह से कार्य ठप पड़ा है कार्य अधूरा पड़ा होने की वजह से भवन हैंडओवर नही किया जा सका है। अवर अभियंता ने बताया कि ठेकेदार की तबीयत ठीक न होने से कार्य ठप पड़ा है दो दिन में कार्य शुरू करा दिया जायेगा और जल्द ही भवन का हैंडोवर करवा दिया जायेगा ।

## एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली, किया निराक्षण दिए निर्देश

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड का निरीक्षण के दौरान दिए आवश्यक निर्देश। शुक्रवार को एसपी दिनेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में परेड की सलामी ली गई, तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को मानकों के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड के पश्चात पुलिस लाइन्स परिसर, बैरक, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीपीसी कैंटीन, भोजनालय व भोजन की गुणवत्ता आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

# मतदान आज, बूथों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान आज होगा। इसके लिए शुक्रवार को सुबह से ही पोलिंग पार्टियों की रवानगी शुरू हुई। देर शाम तक सभी पोलिंग पार्टियां बूथों पर पहुंच गई। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होगा जो शाम छह बजे तक



चलेगा। छह बजे तक जो लोग लाइन में लग जाएंगे उनको मतदान देने दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने रवानगी का निरीक्षण कर पोलिंग पार्टियों को निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण मतदान कराने का दिशा निर्देश दिया। मतदान कार्मिकों को सुबह छह बजे बुलाया गया था। इसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय, मतदान अधिकारी तृतीय, पुलिस कर्मी व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को बूथों पर ड्यूटी पत्र देकर बूथों के लिए रवानगी की गई। कलक्ट्रेट परिसर में टेंट लगाकर कार्मिकों की रवानगी होनी थी। गुरूवार तक टेंट मुकम्मल कर दिा गया था। लेकिन देर शाम आंधी तूफान व बारिश से सभी टेंट उखड़ गए। कर्सियां उड़ गईं। जिससे पोलिंग पार्टियों को सड़क पर टेबल लगाकर रवानगी किया गया। डीएम जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा, एसपी सोमेन्द्र मीना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा,सीडीओ संतोष कुमार राय ने रवानगी का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिया। मतदान के लिए कुल 2084 बूथ बनाए गए हैं। प्रत्येक बूथ पर मतदान कराने के लिए एक पीठासीन अधिकारी के साथ मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय के साथ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व पुलिस फोर्स को लगाया गया है। मतदान सुबह सात बजे से शुरू हो जाएगा। इसके पहले माकपोल होगा। मतदान शाम छह बजे तक होगा। जो मतदाता शाम छह बजे तक लाइन में लग जाएंगे उन्हें मतदान करने दिया जाएगा।

**20 लाख चार हजार 50 मतदाता डालेंगे वोट**

**महराजगज।** लोकसभा चुनाव में 20 लाख चार हजार 50 मतदाता आठ उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इसमें दस लाख 55 हजार 607 पुरूष व नौ लाख 48हजार 367 महिला व 76 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

# झ्रप्रेमी ने ईंट से कुचलकर की थी प्रेमिका की हत्या, गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पनियरा ग्राम पंचायत नरकटहां के रजही टोले पर 17 वर्षीय किशोरी संजना प्रजापति की ईट से कुचलकर हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जिसमें पुलिस ने मृतिका की गांव के ही एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। पनियरा थाना प्रभारी निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि मृतका संजना ने अपने मोबाइल से अपने प्रेमी राम आशीष को रात में दो बजे मिलने के लिए उसके मोबाइल पर मैसेज किया था। रात में जब वह पहुंचा तो किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। प्रेमी ने आवेश में उसे थप्पड़ मार दिया। जिससे संजना ने भी उसे मारा। इसी से नाराज़ होकर रामआशीष ने वहीं पड़े ईंट से संजना को फेंक के मार दिया। ईंट संजना के सिर पर लगा और वह नीचे गिर गई। जिसके बाद राम आशीष ने उसे ईंट से वार कर मार डाला। पुलिस ने मृतका के मोबाइल से हत्या का पर्दाफाश किया। पुलिस ने प्रेमी को शुक्रवार को अकटहवां पुल के पास से गिरफ्तार किया है। उसके निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून से सना आधा ईंट व सैमसंग मोबाइल जो घटना के दौरान उपयोग किया गया था बरामद कर लिया। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत? नरकटहां के रजही टोला निवासिनी सत्रह वर्षीया युवती का शव घर से पचास मीटर दूर शिव के खेत में मिला।

# शुद्ध पेयजल से ही तमाम तरह की बीमारियों से बचा जा सकता: शिवानी

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** जो पानी हम पी रहे हैं, वह कितना शुद्ध है, इसकी जांच अब लोग स्वयं भी कर सकेंगे जिसके लिए शुक्रवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे राज्य पेयजल एव स्वच्छता मिशन नमामि गंगे एव ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के तत्वाधान मे आयोजित कार्यशाला मे जलसखियो को वाटर टेस्टिंग किट वितरित दी गयी। कार्यशाला मे मास्टर ट्रेनर शिवानी शुक्ला ने बताया कि शुद्ध पेयजल से ही तमाम तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है। नल का पानी अच्छी तरह से उबाल लें। जिससे जैविक प्रदूषण फैलाने वाले जीवाणु नष्ट हो जाएंगे। पानी को छान व ढक कर ठंडा कर ले। इसके बाद इस जल का प्रयोग करें उन्होंने बताया कि वाटर टेस्टिंग किट में नौ प्रकार के टेस्ट किए जाने से गांवों में गंदे पानी की समस्या व अन्य बीमारियों से भी छुटकारा मिल सकता है अगर वाटर टेस्टिंग किट का इस्तेमाल पंचायत प्रतिनिधि समय-समय पर करें तो जलजनित रोगों से छुटकारा



मिल सकेगा। मास्टर ट्रेनर शिवानी शुक्ला ने बताया कि किट में पानी डालकर रखने के बाद 30 से 35 डिग्री तापमान पर 12 से 24 घंटे में पानी की गुणवत्ता का प्रमाण मिल जाएगा। किट में डालने के बाद पानी काला हो गया तो वह पीने योग्य नहीं है। ऐसे मे 10 लीटर पानी मे 5 सौ ग्राम ब्लीचिंग पाउडर मिला दे। खूब हिलाने के बाद आधे घण्टे के लिए रख दे। कपड़े से छान ले। इस तरह से क्लोरीन घोल तैयार हो जाता है। यह घोल काफी दिनों तक चलता है। पीने के पानी मे प्रति लीटर के हिसाब से दो बूंद क्लोरिल घोल डालना चाहिए। क्लोरीन घोल डालने से पानी से बदबू आ सकती है। बर्तन को कुछ समय तक खुला रखने बदबू निकल जाती है, और पानी पीने योग्य हो जाता है।

# प्रशिक्षण के हिसाब से फील्ड वर्क करें आशाः डॉ. शैलेन्द्र मणि ओझा

अवधनामा संवाददाता



**प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली आशाएं पुरस्कृत**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में गृह आधारित देखभाल (एचबीवाईसी) कार्यक्रम के तहत के आयोजित प्रशिक्षण के पांचवें दिन एवं अंतिम दिन शुक्रवार को अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने आशाओं को अपने कार्य क्षेत्र में गृह भ्रमण के दौरान योग्य दंपत्ति, गर्भवती महिला तथा बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात की गई।

डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने कहा कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पोषण संबंधित जानकारी, स्तनपान का महत्व, ऊपरी भोजन और भोजन जरूरी खनिज तत्वों की उपलब्धता पर तकनीकी जानकारी देती हैं। इसलिए सभी आशा बहुएं जो प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं, उसको लेकर गंभीरता दिखाएं और बताई गई जानकारी के अनुसार कार्य करें।

गृह आधारित नवजात सुरक्षा विषय में सभी आशाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। सुषमा द्विवेदी ने प्रशिक्षण के दौरान आशाओं को लक्ष्य के सापेक्ष गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण तथा संस्थागत प्रसव के फायदे की जानकारी दी गई।

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. पी एन पटेल, राजीव त्रिपाठी तथा मैराज अहमद के द्वारा आरंभिक बाल विकास, विकासात्मक विलंब के मुख्य लक्षण, टीकाकरण कार्ड के अनुसार बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तथा धात्री महिलाओं की देखभाल के साथ-साथ आशा बहू को अष्टांग मार्ग के विषय में प्रशिक्षित किया गया। डा. ओझा के द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभागी सभी आशाओं के टेस्ट पेपर का आयोजन किया गया, टेस्ट पेपर में आशा रीता प्रजापति को प्रथम स्थान, अफसाना को द्वितीय स्थान तथा लक्ष्मी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। डॉ ओझा के द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली आशाओं को पुरस्कृत करते हुए उनकी सराहना की गई। इस दौरान फूल कुमारी, अनीता, मानती, सुनीता, बबिता, पुष्पा, साधना, ममता आदि मौजूद रहीं।

## गोष्ठी/किसान पाठशाला का आयोजन छह से

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** खरीफ 2024 में मण्डल के समस्त जनपद में ग्राम पंचायत स्तर पर गोष्ठी/किसान पाठशाला का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में आगामी 6 जून से 24 जून 2024 तक शाम को 4 से 7 बजे तक निर्धारित है। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त कृषि निदेशक अविनाश चन्द्र तिवारी ने बताया कि दलहन विकास, तिलहन विकास, मिलेट्स पुनरूद्धार त्वरित मक्का विकास योजना एवं आरकेबीवाई योजना अन्तर्गत जनपद बस्ती में 677, संत कबीर नगर में 433 एवं सिद्धार्थनगर में 654 किसान पाठशालों का आयोजन कराया जाना है। प्रत्येक किसान पाठशाला में 80 से 100 कृषकों की सहभागिता के साथ मा जनप्रतिनिधियों, एफपीओ के सदस्यों की प्रतिभागिता करायी जानी है। उन्होने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु 02 मुख्य खरीफ फसलों जो फसल बीमा हेतु अधिसूचित हो, को चिन्हाकिंत कर कृषकों को फसल उत्पादन नवीनतम तकनीकी की जानकारी दी जायेगी।

# अनियंत्रित ट्रेलर दुकान में घुसी एक की हालत गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के परसा जाफर चौराहे पर बीते बृहस्पतिवार की देर रात दस बजे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर गोरखपुर बस्ती लेन पर चार दुकानों, एक ई-सिक्स व दो बाइकों को तोड़ते हुए मकान में फंस कर रूक गया। जिसमें एक बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुँचे चौकी प्रभारी हड़िया आशुतोष शुक्ला द्वारा घायल बाइक चालक को एनएचआई के एम्बूलेंस से जिला अस्पताल भिंजवाया गया जहाँ से देखते ही डाक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया हैं।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के परसा जाफर चौराहें पर वीते वृहस्पतिवार की शाम दस बजे एक ट्रेलर चालक अनियंत्रित होकर चार दुकानों को काफी छति पहुँचाया हैं। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के रेघरवा गॉव निवासी सावित्री देवी पत्नी रामनयन का चार कमरे का मकान हैं। जिसे किराएं पर दिये है। जिसमें मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के रमवापुर गॉव निवासी रामलौट का एल्यूमुनियम, हार्डवेयर, कोल्डड्रिंक एवं पानी की दुकान हैं, को अनियंत्रित ट्रेलर ने पहले तोड़ा। उसके वाद शैलेन्द्र कुमार तिवारी के फारचून, गैस चुल्हा मरगमत, कोल्ड ड्रिंग सर्विस, इन्वर्टर, बैटरी, काउन्टर को रौद डाला। उसके बाद पटखौली गॉव निवासी फुलचन्द के स्पेयर पार्टस



की दुकान व दुकान के सामने खड़ी एक बाइक तथा एक बाइक पर हेलमेट लगाएं खड़े बाइक चालक को अपनी चपेट में ले लिया। अंत में हड़िया गॉव निवासी जयप्रकाश गुप्ता के बैकरी की दुकान में ट्रेलर घुसकर रुक गया। जिसमें चारों दुकानदारों का काफी नुकसान हुआ और मकान मालिक का मकान पुरी तरह से छतिग्रस्त हो गया है। बाइक चालक वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बहेरिया गॉव निवासी शिवम पाण्डेय पुत्र पदमेन्द्र पाण्डेय 35 वर्ष जो बाइक सहित ट्रेलर के आगे फंसा पड़ा था। जिसका दाया पैर, हाथ, कुल्हा, पीठ व सिर में गंभीर चोटे लगी है को, चौराहें के लोगो ने किसी तरह से बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दिया गया। सूचना पर चौकी प्रभारी हड़िया आशुतोष शुक्ला द्वारा तत्काल घायल बाइक चालक शिवम को एनएचआई के एम्बूलेंस से जिला अस्पताल भिंजवाया गया। जहाँ से डाक्टरों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया हैं। घटना के बाद चौराहें के लोगों में काफी दहसत व्याप्त हैं।

## लिटिल एंजेल्स स्कूल में समर कैंप का समापन



**पीलीभीत अवधनामा संवाददाता।** लिटिल एंजेल्स स्कूल में आज समर कैंप का समापन बच्चों के द्वारा पूरे सप्ताह सीखी हुई एक्टिविटीज के प्रदर्शन के साथ हुआ। विद्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन सी पाठक, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा एवं राजेश गंगवार का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया तत्पश्चात सभी नें मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम शुरू कराया। कक्षा के जी से आठ तक के छात्र-छात्राओं द्वारा शास्त्रीय संगीत एवं आधुनिक संगीत पर मनमोहक डांस परफॉरमेंस दी गई जिसकी सभी नें मुक्त कंठ से प्रशंसा की। नन्हे मुन्नों द्वारा स्केटिंग नें सबका दिल जीत लिया। प्रसिद्ध सीरियल मालगुडी डेज की एक कहानी पर ड्रामैटिक्स सीख रहे बच्चों द्वारा किए गए अभिनय नें सबको 90 के दशक में पहुंचा दिया। तीरंदाजी सीख रहे बच्चों ने तीरंदाजी के बारे में बताया एवं उससे संबंधित एक्सरसाइज सबको बताईं तथा तीर निशाने पर लगाकर दिखाए। ताइक्कांडो सीख रहे हैं बच्चों द्वारा बचाव की स्किल्स एवं टाइल्स तोड़कर दिखाई गई जिससे सभी हैरान रह गए। आर्ट एंड क्राफ्ट ग्रुप द्वारा पूरे सप्ताह बनाई गई वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका विद्यालय प्रबंधक, कार्यकारी प्रबंधक, प्रधानाचार्य उप प्रधानाचार्या ,हेडमिस्ट्रेस आदि के द्वारा रिबन काटकर शुभारंभ किया गया, इस गैलरी में रखी वस्तुओं की सबने भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के सफल संचालन में जावेद हुसैन, सौम्या सक्सेना, शालिनी गोयल, अनामिका चौधरी, राजेश कुमार, बीना कुमारी, प्रदीप राघव, मसूद हसन, विशाल सक्सेना, हरपाल सिंह सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# नगर पंचायत डुमरियागंज ने जानवरों और पक्षियों के लिए शुरू की अनूठी पहल





अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत डुमरियागंज के द्वारा जानवरों और पक्षियों के लिए अनूठी पहल शुरू की गयी है। नगर पंचायत डुमरियागंज द्वारा विभिन्न स्थानों पर पानी के विभिन्न आकार/प्रकार के बर्तन रखवाकर उनमें पानी उपलब्धता सुनिश्चित करने की एक पहल की गई हैं। नगर पंचायत प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि लोग पशु एवं पक्षियों के लिए पीने हेतु पानी अपने घर के सामने व छतों पर जगह जगह पानी के बर्तन जैसे हौदी, परइ कोहा आदि रखे जिससे भीषण गर्मी और धूप में जानवर और पक्षियों को साफ पानी मिल सके। स्वच्छ जल की अनुपलब्धता के कारण पशु पक्षी पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें नालियों में बह रहे गंदे पानी से अपनी प्यास बुझानी पड़ती है। ऐसे पशु-पक्षियों को स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके, इसके लिए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव ने कहा कि जानवरो व पक्षियों के लिए इस भीषण गर्मी में पानी पीने के लिए कई जगह पर व्यवस्था की गई है वही उन्होंने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने अपने घरों के सामने जानवरों व छतों पर पक्षियों के पानी पीने की व्यवस्था जरूर करे यह पुण्य का काम है। इस दौरान कासिम रिजवी, अर्पित द्विवेदी, शबलू, महंत मिश्रा, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, शिवेंद्र, रतन, प्रिंस, शम्भू आदि लोग मौजूद रहे।

## पाल समाज ने अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण किया



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 299वी जयंती पर पाल सेवा संघ अंबेडकरनगर के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष सिकंदरपाल, के नेतृत्व में शाहजहांपुर में संगीता पाल के आवास पर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी, ततपश्चात् गोष्ठी को संबोधित करते हुए पाल सेवा संघ के पूर्व मार्गदर्शन रामकुमार पाल ने उनके द्वारा सर्व समाज के लिए किये गए कार्यो जैसे, सड़कों का निर्माण धर्मशालाएं मंदिर पोखरा आदि निर्माण कार्य किया और अपने राजनीतिक कुशलता से पूरे देश को अवगत कराया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सिकंदर पाल बलराम पाल पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पाल अरविंद पाल गुड्डू पूर्णमासी पाल डॉक्टर राम इकबाल पाल जैशराजपाल आदि ने विचार ब्यक्त किया।

## बीडीओ व ईओ ने गौशालाओं का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** गौशालाओं में हीट वेव से बचाव के सम्बंध में डीएम के निर्देशानुसार जनपद के विभिन्न विकास खंडों मे खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारियों द्वारा गौशालाओ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पानी, पशु आहार, हरा चारा, छाया की समस्त व्यवस्थाओं की व्यवस्था की गई इसके साथ-साथ समय समय पर पशु डॉक्टर द्वारा चेकिंग भी की जा रही है। मौके पर कोई भी पशु अस्वस्थ नही है। गौशालाओ मे संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया गया।

# यश भारती पुरस्कार से सम्मानित शायर अब्बास रज़ा नैय्यर ने हुसैन डे कार्यक्रम में फूंकी जान

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** हुसैनी वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसायटी के बैनर तले गुरुवार की रात्रि आयोजित हुसैन-डे कार्यक्रम में प्रसिद्ध शिया धार्मिक स्थल रौज -ए-हजरत कासिम में शायरों का जमावड़ा हुआ। शायरों ने अपनी शायरी के माध्यम से कर्बला के 72 शहीदो की दिलेरी व जांबाजी को उकेरते हुए खिराज-ए-अकीदत पेश किया। ख्यातिप्राप्त शायर व यश भारती पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर डॉ अब्बास रज़ा नय्यर ने कर्बला के शहीद छ- मांह के अली असगर की दिलेरी को बयान करते हुए पढ़ा तीर गरदन पर हंसी लब पर नज़र शब्बीर पर -हर अमल कितना दिलेराना अली असगर का है÷।मीर नज़ीर बाकरी ने पढ़ा ÷कसम खुदा की इबादत की आबरू हैं हुसैन -अगर नमाज़ नबी है तो फिर वज़ू हैं हुसैन ÷कानपूर से आये जाहिद ने पढ़ा ÷होंठों पे ये पपड़ियां हैं तो साहिल धुआं -धुआं जैसे किसी ने आग लगा दी फुरात में÷।युवा शायर सुहैल बस्तवी ने पढ़ा÷वापस पलट के आ गए अकबर की शक्ल में -नाना को तुम से कितनी मुहब्बत हुसैन है।÷ डॉ नायाब हल्लोरी ने पढ़ा÷हरम में हज़रत अब्बास के है ये ताकीद - यहां पे अर्श भी आए तो सर झुका के चले। इसके अलावा इफहाम उतरौलवी, अब्बास इफतेखारी, वकार सुल्तानपुरी ,जुहैर सुल्तानपुरी, अंसर जलालपूरी, रेहान जलालपुरी, अमीन जलालपूरी, वारिस, मेंहदी उस्मानपुरी,जवाद जलालपुरी ने अपना कलाम पेश किया।श्रोताओं से भरे दरगाह परिसर में आयोजक इब्ने अली जाफरी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अध्यक्षता कर रहे मौलाना सैयद महताब हुसैन ने कहा कि समिति द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम की सराहना की। समिति के अमीर हैदर,कौसर अली,जाफर मेंहदी, सैफ़ अब्बास,इमरान आदि का अहम योगदान रहा। जलालपुर और कर्बला÷ पुस्तक का हुआ विमोचन। प्रोफेसर डॉ अब्बास रज़ा नय्यर द्वारा लिखी गई पुस्तक जलालपुर और कर्बला का हुसैन-डे कार्यक्रम में विमोचन किया गया।

## तीन किलो गांजा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** कोखराज कौशाम्बी कोखराज थाना पुलिस ने बाइक से गांजा लेकर जा रहे तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बाइक सवार गांजा तस्करों के पास से 3 किलो 70 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने तीनों गांजा तस्करों के विरुद्ध लिखापढ़ी कर न्यायालय पेश किया जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सिंघिया चौकी प्रभारी नीरज उपाध्याय व एसआई शिवम पाण्डेय ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार तीन युवकों मो. नुजैफ पुत्र मो0 आमिन निवासी बरीपुर थाना कोखराज वा वासू गुप्ता पुत्र अशोक कुमार गुप्ता निवासी राजरूपपुर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज वा नूर आलम पुत्र मकसूद निवासी लखनपुर थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को बिसारा टावर के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवकों की बाइक की डिग्गी में रखे 03 किलो 70 ग्राम गांजा बरामद किया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोखराज में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कोचिंग से लौट रही छात्रों की पिटाई प्रकरण में मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** कोचिंग से वापस लौट रहे छात्रों की पिटाई के प्रकरण में पुलिस ने हत्या का प्रयास समेत आधादर्जन से अधिक धाराओं में दर्ज मुकदमे में पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के चलते अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी जलालपुर ने घटना स्थल का जायजा लिया।

घटना बुधवार सुबह जैतपुर थाना अंतर्गत बंदीपुर बाजार स्थित ईट भट्ठे के समीप की है। जब आशापार निवासी सुमित विश्कर्मा व निमेश विश्वकर्मा कोचिंग पढ़ कर घर वापस जा रहे थे तो पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी शाहबाज निवासी मुंडेहरा अपने दर्जन भर साथियों के साथ लगभग 3-4 बाइक पर सवार होकर दर्जनो साथियो के साथ फिल्मी स्टाइल मे पहुच कर हाकी, लोहे के राड से जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिए।जिससे दोनों छात्रों के सर व शरीर मे गम्भीर चोटें आयीं। शोर मचाने पर विपक्षी हल्ला गोहार सुन कर भाग गये। मामलें में घायल छात्र की मां सीमा विश्वकर्मा की तहरीर पर शाहनवाज समेत अन्य अज्ञात साथी के विरुद्ध हत्या का प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पांच अभियुक्तों को गिरफतार कर जेल भेज दिया।

प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए बुधवार शाम अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्याम देव व सीओ जलालपुर देवेंद्र कुमार मौर्य ने घटना स्थल पहुच कर जायजा लिया। सीओ देवेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि किसी प्रकार की गुंडागर्दी बर्दास्त नही किया जायेगा। इस मामले में इसरार, शादाब, शहनवाज, गुलाम रसूल, इस्माइल निवासी मुंडेहरा थाना कटका को बंदीपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## 10 ग्रामों में 100-100 मृदा नमूना एकत्र कराना

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता कार्यक्रम में बस्ती मण्डल कें जनपदों के सभी विकास खण्ड में चयनित 10 ग्रामों में 100-100 मृदा नमूना एकत्र कराना है। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त कृषि निदेशक अविनाश चन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद बस्ती में 14 विकास खण्डों में 140 ग्रामों में 14000 नमूना तथा संतकबीर नगर में 9 विकास खण्डों में 90 ग्रामों में 9000 मृदा नमूना एवं जनपद सिद्धार्थनगर में 14 विकास खण्डों में 140 ग्रामों में 14000 बस्ती मण्डल में कुल 37000 मृदा नमूना का लक्ष्य निर्धारित करते हुए मृदा प्रयोगशाला में विश्लेषण के उपरान्त मृदा स्वास्थ कार्ड कृषकों को उपलब्ध कराकर संतुलित उर्वरक का प्रयोग करने हेतु वितरित किया जाने का लक्ष्य है। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 13235 मृदा नमूना एकत्र कर प्रयोगशाला में विष्लेषण हेतु उपलब्ध कराया गया है। उन्होने यह भी बताया है कि जिन कर्मचारियो द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। मृदा प्रयोगशाला में मृदा नमूना विश्लेषण उपरान्त मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण कृषकों में कराया जायेगा।

## सपा जिला कार्य समिति की मासिक बैठक आज

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार दिन में 11 बजे समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला कार्य समिति की मासिक बैठक सपा जिला अध्यक्ष माननीय लालजी यादव की अध्यक्षता में आहूत है। सपा जिला प्रवक्ता /जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी ने समाजवादी पार्टी के सभी सम्मानित नेता जिला कार्यसमिति के सभी पदाधिकारी फ्रंटल संगठनों के सभी जिला अध्यक्ष सभी विधानसभाओं के विधानसभा अध्यक्ष तथा पार्टी के सभी पदेन सदस्य एवं वरिष्ठ नेताओं से अपील है कि समय से पहुंचकर बैठक को सफल बनावे।

## डीएम ने गौशालाओं में हीट वेव से बचाव हेतु दिये निर्देश

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** वर्तमान समय में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, जिसके दृष्टिगत शासन द्वारा गौशालाओं में हीट वेव से बचाव हेतु किये गये उपाय छाया, चारा तथा पानी की समुचित व्यवस्था की उपलब्धता के साथ-साथ भूसा का भण्डारण किये जाने का निर्देश दिया है। शासन द्वारा उक्त के सम्बन्ध में विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किये गये है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रत्येक गौशालाओं में हीट वेव से बचाव हेतु किये गये उपाय, चारा, भूसा तथा पानी की व्यवस्था की जाँच करके आज सायं तक आख्या उपलब्ध करावें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

## हत्या किए जाने का प्रयास करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले के उसका थाना की पुलिस ने हत्या किए जाने का प्रयास करने वाले दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्त का नाम रवि शंकर उर्फ रवि पुत्र ईश्वर दीन तथा गौतम पुत्र कन्हैया है, दोनो अभियुक्त उसका थाना क्षेत्र के ग्राम फुलवरिया के निवासी है। पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध उसका थाने में मुकदमा अपराध संख्या 96/2024 धारा 304,323,504,506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज है, अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक नागेंद्र प्रताप गौड़, हेड कांस्टेबल रमाशंकर गुप्त शामिल है।

## वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** जनपद के संदीपन घाट थानांतर्गत मलाक मोईनउद्दीनपुर निवासी वारण्टी छविलाल पुत्र केशव प्रसाद को थाना संदीपनघाट पुलिस ने सम्बन्धित मु.अ.सं-1061/2019,292/19 धारा 498ए/323/506 भादवि0 व 3/4डी.पी.ACT गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही के पश्चात न्यायालय सुपुर्द किया गया।

## विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान में 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

# हम जीवन में कभी भी तम्बाकू का उपयोग नहीं करेंगे

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में तम्बाकू से होने वाले कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई 2024 का आयोजन इस वर्ष की थीम के अनुसार किया गया। इस वर्ष की थीम है तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की रक्षा करना। इसका अर्थ यह है कि तंबाकू उद्योग द्वारा अपनाई जाने वाली प्रचार-प्रसार रणनीति से युवा पीढ़ी को सुरक्षित रखने के महत्व को रेखांकित करता है। बच्चे और किशोर विशेष रूप से तम्बाकू विपणन और विज्ञापन के प्रभाव के प्रति काफी संवेदनशील होते हैं। किशोरावस्था के लोग अक्सर धूम्रपान को ग्लैमर से जोड़कर देखते हैं और इसके जोखिमों और दुष्प्रभावों के बारे में गलत धारणाएँ कायम करते हैं। प्रत्येक वर्ष, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लू.एच.ओ.) 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाता है। उनका मिशन तंबाकू के उपयोग के खतरों और तंबाकू के उपयोग को समाप्त करने के लिए उपलब्ध समाधानों के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। हर साल लगभग 6 मिलियन लोग तंबाकू से संबंधित बीमारियों से मरते हैं, और यह संख्या 2030 तक 8 मिलियन से अधिक होने का अनुमान है। यह दिन तंबाकू सेवन से जुड़े जोखिमों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है, जिसमें हृदय रोग, कैंसर और श्वसन संबंधी विकारों जैसी विभिन्न बीमारियों से इसका संबंध भी शामिल है। यह तंबाकू नियंत्रण और समाप्ति सहायता के कार्यक्रमों को बढ़ावा देता है, लोगों और समुदायों को तंबाकू के उपयोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस का उद्देश्य लोगों को शिक्षित करके, जागरूकता को बढ़ावा देकर और नीतिगत परिवर्तनों को लागू करके दुनिया भर में तंबाकू के उपयोग को खत्म करना है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस कार्यशाला की शुरूआत रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, लखनऊ के सचिव, स्वामी मुक्तिनाथानन्द एवं मंच पर उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन व त्रिमूर्तियों को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ तथा वैदिक मन्त्रोंचारण संस्थान की नर्सिग उपचारिकाओं द्वारा किया गया। स्वागतीय भाषण संस्थान के अस्पताल अधीक्षक, कर्नल प्रोफेसर (डा0) पी0एस0 सिंह ने संगोष्ठी में पधारे संस्थान के सचिव व अन्य गणमान्य अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं एवं उपचारिकाओं का स्वागत करके किया। तत्पश्चात मंचासीन गणमान्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। अपने परिचयात्मक भाषण में डा0 नीरज टंण्डन, कैंसर रोग विशेषज्ञ ने मंचासीन गणमान्य अतिथियों का परिचय कराया। तम्बाकू से मानव शरीर पर इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में संस्थान के चिकित्सक डॉ0 नीरज टंडन, एमडी, डीएनबी, विजिटिंग कंसल्टेंट ऑन्कोलॉजिस्ट ने पेंटिंग व क्विज कंपटीशन व आडियो-विडियो के माध्यम से हमारे शरीर पर तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों को बताया। कैंसर जागरूकता हेतु बडी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओ, उपचारिकाओं उपस्थित थी। उन्होने लोगो को यह भी बताया कि कैसे इस भयानक रोग के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण से लडा जा सकता है। विश्व मे तबाकू के बढ़ते हुए उपयोग से विभिन्न प्रकार की बीमारियाँ हो रही हैं जिसमे कैंसर भी एक है, एक अनुमान के अनुसार तम्बाकू के कारण मुँह, गला, स्वरयंत्र व खाने की नली के कैंसर का कारण तो बनता ही है, पर इससे आंत, फेफड़े, अंडाशय व मूत्राशय का कैंसर भी हो सकता है। इसलिए तम्बाकू छोड़ना जरूरी है और यह अपनी इच्छाशक्ति पर निर्भर करता है। तम्बाकू की आदत छोड़ने के लिए इसकी मात्रा को धीरे-धीरे कम करने से इसे छोड़ना आसान हो जाता है। तत्पश्चात मानव शरीर की विभिन्न प्रणालियों पर तम्बाकू के हानिकारक प्रभावों पर पैनल परिचर्चा हुई जिसमें संस्थान के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के डॉ. आर.पी. सिंह, पल्मोनोलॉजिस्ट, डॉ. मोहम्मद आमिर एवं कार्डियोलॉजी विभाग के डॉ. अमित कुमार सोनी ने अपने अपने विचार रखें। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' कार्यक्रम में लगभग 70 पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं तथा 30 परास्नातक डी0एन0बी0 डाक्टरों ने इस कार्यक्रम मे भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के कैसर रोग शल्य चिकित्सक डा0 वी0के0गर्ग ने आये हुए गणमान्य अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं का स्वागत किया एवं इस तरह के कार्यक्रम कराने के लिए संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानन्द धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम का संचालन पैरामेडिकल विभाग के इन्चार्ज डा0 राजेश कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# रईसी का बदरंग चेहरा

पिछ्ले दिनो पुणे में लक्जरी कार से हुई दुर्घटना रईसी का बहुत कुरूप और बदरंग चेहरा है। कुछ रईस अपने रईसी की ठसक दिखाने के लिये बहुत निम्न स्तर की शोबाजी करते है। इसका उदाहरण है पुणे की लक्जरी कार दुर्घटना पुणे का एक मालदार बिल्डर अपने नाबालिक को लक्जारी कार खरीद कर दिया था। नाबालिग के पास ड्राइविंग लाइसेन्स नहीं था गाडी पर लाइसेन्स नम्बर भी नहीं था क्योकि रोड टैक्स जमा नहीं किया गया था। दुर्घटना के पहले साहबजादे दो होटलों में जा कर शराब पी है। महाराष्ट्र में शराब पीने की अनुमति केवल 25 साल से ऊपर उम्र वालो के लिये है। होटल में किसी ने लड़के की उम्र पर सवाल नही उठाया शराब दे दी। गाडी ने दुर्घटना कर दो लोगों की जान लेली। इतना गम्भीर आरोप होने के बाद भी रईसी की ठसक कायम रही आनन फानन में आरोपी को जमानत मुहैया करा दी गई। रईसी की ठसक का नज़ारा देखिये। पुलिस ने जूवेनाइल जास्टिस बोर्ड के सामने आवेदन किया था कि मामला में आरोपी के साथ व्यस्क की तरह व्योहार करने की इजाज़त दी जाय। बोर्ड ने अवेदन को दरकिनार करते हुये आरोपी को तत्काल जमानत दे दी। हास्यपस्पद पहलू देखिये आरोपी को हादसे पर एक निबन्ध लिखने को कहा और 15 दिनों तक यातायात पुलिस की मदद देने को भी कहा गया।

ऐसी घटना पर सवाल न उठे लोगों की प्रतिक्रिया न आये असम्भव है। सवाल गूंज रहा है कि क्या नौकरशाही और शासकीय अमला की पकड़ रईसी और प्रभावशालियों पर नगण्य है। रईस और प्रभावशाली अपने पक्ष में फैसला करा लेते है। या उनका कुछ हिस्सा भ्रष्ट है जो इस तरह के प्रकरण में धन उगाही में लिप्त रहते है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड्णीस का सही रूख सामने आये है। उन्होंने स्वीकार किया कि बोर्ड का रूख घटना की गम्भीरता के अनुरूप नहीं है। पुलिस बोर्ड के रूख से आहत हो मामले में ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाया है। अब नाबलिक के बिल्डर पिता सहित कई और लोगो को भी गिरफ्तार किया गया है।

अपने प्रशासन का निचला हिस्सा कैसे इतना निष्प्रभावी बन गया है कि तंत्र की बेपरवाही से प्राभावशाली, ताकतवर और धनी तबका न्यूनतम कानून को भी ठेगा दिखाने लगे। इस घटना के सम्बन्ध में बिल्डर और उसके नाबलिक बेटे के खिलाफसमुचित कानूनी कारवाई की जाय आरोपियों को सही सज़ा मिले। जिससे यह सन्देश जाये कि नियम और कानून के सामने सभी तबका और व्यक्ति समान है। धनबल बाहुबल प्रभावबल नियम और कानून के आगे ध्वस्त है।

# संतान के लिए प्रथम गुरु और भगवान के समतुल्य मातृ-पितृ

**सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

मातृ पितृ दिवस जिसे मातृ पितृ पूजन दिवस भी कहा जाता है। इस दिन सभी धर्मो के बच्चे अपने माता-पिता की पूजा करते हैं और उन्हें तिलक, माला चढ़ाकर उनका आशीर्वाद लेते हैं। इसे कई लोग परिवार के सदस्यों के बीच बंधन को मजबूत करने और बच्चों में सम्मान, आज्ञाकारिता और विनम्रता जैसे अच्छे मूल्यों को आत्मसात करने के तरीके के रूप में देखते हैं।

लोक निर्देश निदेशालय के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रत्येक वर्ष 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के स्थान पर माता-पिता पूजा दिवस के रूप में मनाया जाता है। माता-पिता को स्कूलों में आमंत्रित किया जाता है। जहां उनको पुष्पा हार पहनाकर चरण स्पर्श और मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया जाता है। संयुक्त राष्ट दुनिया भर में सभी माता-पिता को सम्मानित करने के लिए हर साल एक जून को वैश्विक मातृ-पितृ दिवस मनाता है। भारतीय संदर्भ में पौराणिक काल में श्रवण कुमार का उदाहरण स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, जो युगो युगो से माता पिता के प्रति संतान का दायित्व और माता पिता की महत्ता को सर्वोत्तम रूप से महिमामंडित करता है। श्रवण कुमार अपने अंधे माता पिता को अपने कंधों में रखे कांवर में बिठाकर पैदल ही तीर्थ यात्रा और माता पिता की सेवा के लिए अथक परिश्रम करते हैं। ऐसी संतान पाकर माता-पिता भी कृत कृतार्थ हो जाते हैं। अरे अगर श्रवण कुमार नहीं होते तो शायद रामायण भी रामायण नहीं होती। रामायण की कथा के मूल में श्रवण कुमार ही् तो हैं। श्रवण कुमार का रामायण की कथा से बहुत ही गहरा महत्वपूर्ण संबंध है। जब भगवान राम के पिता महाराज दशरथ ने जंगल में आखेट के समय धोखे से श्रवण कुमार पर शब्दभेदी बाण चला दिया, श्रवन ने कहा मेरी क्या गलती थी जो आपने अपने बाण से मुझे मारा अब में बचने वाला नही हु ,आप मेरे माता पिता को पानी पिला दे ये कह कर श्रवण ने अपने प्राण त्याग दिए बड़े ही भारी मन से राजा दशरथ पानी लेकर मातापिता के पास पहुचे और सारी घटना के लिए क्षमा मांगी लेकिन श्रवन के माता पिता श्रवन से बहुत ही प्यार करते थे वो इससे बहुत दुखी हो गए और ये कहते हुए प्राण त्याग दिए कि राजन जिस वियोग से हम अपने प्राण त्याग रहे है तुम भी अपने पुत्र वियोग में प्राण त्याग दोंगे ये ही हमारा तुझे श्राप है। ये कह कर दोनों ने प्राण त्याग दिए। इसी श्राप के कारण ही राजा दशरथ को अपनी प्रिय संतान श्री राम का वियोग सहना पड़ा और श्री राम भगवान को चौदह वर्ष वनवास मैं जाना पड़ा। वे अगर बनवास ना जाते तो ना तो माता सीता का हरण होता और ना लंका युद्ध होता और न ही रावण का वध होता। और यह सब ना होता तो रामायण की कथा कैसे बनती। खैर हम वापस वर्तमान की ओर आते हैं। वैश्विक मातृ-पितृ दिवस, अपने बच्चों के पालन-पोषण और सुरक्षा में परिवार की प्राथमिक जिम्मेदारी को सम्मानित और प्रतिष्ठ करता है। इसलिए, यह दिन अपने बच्चों के लिए सभी माता-पिता की निस्वार्थ प्रतिबद्धता को स्वीकार करता है, जिसमें इस रिश्ते को पोषित करने के लिए उनके आजीवन बलिदान शामिल हैं। वैश्विक मातृ-पितृ दिवस बच्चों के पालन-पोषण में माता पिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है. दुनिया भर में सभी माता-पिता को सम्मानित करने के लिए 2012 में महासभा द्वारा इस दिन को नामित किया गया था.एक छ जून 2022 को विश्व के कई देशों में मातृ - पितृ दिवस मनाया जा रहा है। मातृ दिवस के पूरक उत्सव के रूप में पिता दिवस दुनियाभर के पिताओं के सम्मान में मनाया जाता रहा है। यह एक तरह से पितृत्व के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। पिता होने तथा उनकी सत्ता को एक गौरव का विषय मानकर उनके लिए भोज, एवं पारिवारिक गतिविधियां आयोजित की जाती है। इसके साथ ही कई अन्य रोचक बातें भी इससे संबंधित हैं।

इसे मातृ दिवस का पूरक इसलिए माना गया क्योंकि इससे पहले पितृ दिवस का अस्तित्व नहीं था। जिस प्रकार स्त्री श्रम के सम्मान हेतु अंतर्राष्ट्रीय स्त्री दिवस तथा मातृदिवस में मां होने के गौरव को सम्मानित करने के लिए एक दिवस आयोजित हुए उसी प्रकार इसकी भी शुरुआत हुई। समाज केवल स्त्री को ही स्त्री नहीं बनाता बल्कि एक पुरुष को भी पुरुष बनने और बने रहने को बाध्य करता है। पुरुषत्व के कारण एक पुरुष दहाड़ मारकर रो नहीं सकता, सिसक नहीं सकता, गृहस्थी में हाथ बंटा नहीं सकता, बच्चों और अपनी पत्नी के प्रति प्रेम की अभिवयक्ति खुलकर नहीं कर सकता क्योंकि इसकी इजाजत उसे समाज नहीं देता। समाज पुरुष को कठोर बने रहने, भावनाओं को काबू में करने, परिवार को, समाज को यहां तक की देश को नियंत्रण में रखने की शिक्षा देता है। इसका उदाहरण है कि भारत मे इन्दिरा गांधी के बाद भी कोई महिला प्रधानमंत्री आजतक नहीं बन पाई है, क्योंकि हमारे देश में आज भी यह रूढ़िवादी मानसिकता है कि किसी बड़े देश, वर्ग तथा बड़े काम को संभालने का हुनर केवल पुरुषों के पास है। यही हाल सेना, बड़े कार्पोरेट जगत, फिल्म, मीडिया तथा साहित्य में विद्यमान है। लेकिन सकारात्मक बात यह है कि ये रूढ़ियां अब धीरे-धीरे टूट रही हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

आईआईटी गांधीनगर के वैज्ञानिकों का मानना है कि देश का 16 प्रतिशत हिस्सा वर्तमान में अत्यधिक सूखे की श्रेणी में आता है। 26 मार्च 2019 को जारी किए गए डेटा में एक वास्तविक समय के सूखे की निगरानी करने वाले प्लेटफॉर्म, सूखा प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली ने जानकारी दी कि पिछले साल की तुलना में सूखे का प्रभाव चार गुना बढ़ गया है। सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक, राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर पूर्व के कुछ हिस्से हैं और यहाँ 500 मिलियन लोग रहते हैं।

# गर्मी की मार से बेहाल आधा भारत

भारत का दो तिहाई हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में है। कई शहरों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। इनमें दिल्ली, लखनऊ, जयपुर, हैदराबाद और चंडीगढ़ शामिल हैं। यहां तक कि पुणे, जिसे हिल स्टेशन माना जाता है, वहां भी 27 मई को तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया। दक्षिण में भी स्थिति बेहतर नहीं है और तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। तमतमाती गर्मी और भीषण लू की चपेट में आधा भारत है, लिहाजा मौसम भयावह हो गया है। करीब 50 शहरों में तापमान 46-47 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है।



रोहित माहेश्वरी

राजस्थान के फलौदी में लगातार तीसरे दिन तापमान 49 डिग्री को पार कर गया। यह देश का सबसे ज्यादा गर्म इलाका रहा। ये सामान्य तापमान नहीं हैं, क्योंकि एक हद के बाद गर्मी और लू के ये थपेड़े जानलेवा साबित हो सकते हैं। देश में एक तरफ चिलचिलाती गर्मी है, तो दूसरी ओर पश्चिमी तट पर 'रेलम तूफान' ने थपेड़े मारते हुए बहुत कुछ बर्बाद किया है। कई जानें भी गई हैं। तेज हवाएं चल रही हैं और खूब बारिश का आलम है। यह विरोधाभास एक ही देश के भीतर दिख रहा है। यही जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव है।

दिल्ली ही नहीं, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई जैसे महानगरों में 'ताप प्रभाव और सूचकांक' स्पष्ट दिख रहा है। यह विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र की रपट का सारांश है। यहां पर कंकरीट या पक्का निर्माण बढ़ने के साथ ही हरित क्षेत्र पहले की तुलना में कम हुए हैं। इसके कारण रात के समय भी तापमान में अपेक्षित गिरावट नहीं आ रही है। गर्मी का ऐसा प्रचंड प्रभाव है कि सडक़ों पर दौड़ रहे वाहनों के टायर पिघल रहे हैं। नतीजतन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस उबलती गर्मी के मानवीय दुष्प्रभाव भी हैं। प्रख्यात पत्रिका 'लैंसेट' ने अध्ययन किया है कि यह मौसम मधुमेह, हृदय रोग, रक्तचाप और किडनी के मरीजों के लिए बेहद गंभीर दुष्प्रभावों वाला है। चिकित्सकों का मानना है कि लोगों को काम से बाहर जाना उनकी विवशता है, लिहाजा प्रचंड गर्मी से लोग 'डिहाइड्रेशन' का शिकार हो रहे हैं। उससे किडनी की कार्यक्षमता सीधे ही प्रभावित होती है। उससे कई और बीमारियां बढ़ सकती हैं। हालात ऐसे होते जा रहे हैं कि दिल्ली सरकार के सभी 26 अस्पतालों में 2-3 बिस्तर आरक्षित किए जा रहे हैं।

लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में 5 बिस्तर आरक्षित करने का फैसला लिया गया है। मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र का आकलन है कि तमतमाती गर्मी जून में भी भयावह होगी, क्योंकि इस बार गर्म लू के दिन दोगुना होंगे। सबसे ज्यादा असर दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उप्र, गुजरात और मध्य प्रदेश आदि राज्यों में दिखेगा। उत्तर-पश्चिम राज्यों में जून में सामान्य रूप से गर्म लू के 3 दिन होते हैं, लेकिन इस बार कमोबेश 6 दिन रहने की



आशंका है। रात का तापमान भी 4-6 डिग्री अधिक रहेगा। गर्मी के साथ-साथ उमस भी बढ़ेगी। विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र की रपट के मुताबिक, शहरों में नमी ज्यादा होने और तापमान में बढ़ोतरी के चलते वहां का मौसम पहले से ज्यादा असहनीय होता जा रहा है। इस पर तुरंत प्रबंधन अनिवार्य है। हरित क्षेत्र में बढ़ोतरी, जलाशयों के निर्माण के साथ-साथ भवनों की संरचना में ऐसे बदलाव लाए जाने चाहिए, जिससे वे तापमान के ज्यादा अनुकूल हो सकें।

गर्म दिनों की संख्या में यह वृद्धि अब शिमला, मसूरी, दार्जिलिंग और मनाली जैसे प्रसिद्ध हिल स्टेशनों पर भी देखी जा रही है, जहां आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार गर्मियों के महीनों में तापमान में पांच डिग्री से अधिक की वृद्धि हुई है। इस साल मसूरी में तापमान पहले ही 38 डिग्री को पार कर चुका है। इन हिल स्टेशनों के निवासी बढ़ते तापमान के लिए अनियंत्रित निर्माण गतिविधियों और वनों की बढ़ती कटाई को जिम्मेदार ठहराते हैं, जिससे पेड़ों का आवरण तेजी से खत्म हो रहा है। स्थानीय नागरिक वर्तमान गर्मी की लहर के लिए कालका और शिमला के बीच चार लेन की सड़क बनाने के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई को जिम्मेदार ठहराते हैं। पुणे में हालात और भी खराब हैं क्योंकि इस शहर को एक समय महाराष्ट्र के सबसे बेहतरीन हिल स्टेशनों में से एक माना जाता था। 1992 से अब तक 22,000 से ज़्यादा लोग अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने के कारण मर चुके हैं। इनमें से ज्यादातर मौतें हीट स्ट्रोक और अत्यधिक निर्जलीकरण के कारण होती हैं। डॉक्टर बताते हैं कि अत्यधिक गर्मी के संपर्क में लंबे समय तक रहने से शरीर का तापमान इतना ज़्यादा बढ़ जाता है कि व्यक्ति की प्रोटीन कोशिकाएँ ज़्यादा गर्म हो जाती हैं और व्यक्ति के मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है। हीट स्ट्रोक के ये आंकड़े चिंताजनक हैं। 1 मार्च 2019 से अब तक केरल में सनस्ट्रोक के 288 मामले दर्ज होने के बाद राज्य को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उत्तरी जिले पलक्कड़ में हीट स्ट्रोक के कारण चार मौतें दर्ज की गई हैं। तमिलनाडु राज्य में भी तापमान में वृद्धि देखी गई है। पूरे पूर्वी तट पर भीषण गर्मी पड़ रही है और इसका सबसे बुरा असर दिहाड़ी मजदूरों पर पड़ रहा है। कई जिले पानी की कमी का सामना कर रहे हैं और राजधानी चेन्नई सबसे ज़्यादा प्रभावित है। राज्य सरकार समुद्री पानी का उपयोग करके अलवणीकरण संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है, लेकिन इसमें समय लगेगा।

बेंगलुरु, जहां गर्मियों में तापमान शायद ही कभी 26 डिग्री से ऊपर जाता था, वहां इस समय तापमान 40 डिग्री के आसपास है, जैसा कि मध्य कर्नाटक के अन्य क्षेत्रों में है। बेंगलुरु में दो दशक पहले तक स्थानीय लोग पंखे का इस्तेमाल नहीं करते थे। आज एसी का इस्तेमाल आम बात हो चुकी है। बेंगलुरु में दिन और रात के तापमान में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव होता है। रात में आंधी आती है और फिर दिन में बहुत गर्मी पड़ती है। ऐसा नहीं है कि पश्चिमी तट पर स्थिति कुछ बेहतर है। 25 मार्च 2019 को मुंबई में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा था जो शहर के लिए सामान्य से सात डिग्री ज्यादा था। मुंबई की परेशानियों के लिए अत्यधिक कांक्रीटीकरण को दोषी माना जा रहा है।

आईआईटी गांधीनगर के वैज्ञानिकों का मानना है कि देश का 16 प्रतिशत हिस्सा वर्तमान में अत्यधिक सूखे की श्रेणी में आता है। 26 मार्च 2019 को जारी किए गए डेटा में एक वास्तविक समय के सूखे की निगरानी करने वाले प्लेटफॉर्म, सूखा प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली ने जानकारी दी कि पिछले साल की तुलना में सूखे का प्रभाव चार गुना बढ़ गया है। सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक, राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर पूर्व के कुछ हिस्से हैं और यहाँ 500 मिलियन लोग रहते हैं। ऐसे गरम मौसम में चिकित्सकों की सलाह है कि इस मौसम में कई वायरस और बैक्टीरिया सक्रिय हो जाते हैं। कई बार ऐसा होता है कि गर्मी में कुछ खाने के बाद उल्टी आने लगती है या फिर पेट में जलन होने लगती है। यह पाचन-तंत्र की गड़बड़ी का पहला संकेत है, लिहाजा गर्मियों में तरबूज और खरबूजे का पर्याप्त सेवन करना चाहिए। इन फलों में पानी होता है।

# अज्ञान और अविवेक का विजय-पर्व?

2020 में जब कोरोना महामारी तेज़ी से फैल रही थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 दिन का लॉकडाउन लागू किया। स्वयं उनका दावा था कि कोरोना के विरुद्ध लड़ाई 21 दिनों में जीत ली जायेगी। इन भविष्यवाणियों का मक़सद यह साबित करना भी था कि नरेंद्र मोदी महान भविष्यद्रष्टा, वैज्ञानिक और महामानव (और कुछ की नज़रों में अवतार) हैं। लॉकडाउन की पहली घोषणा 25 मार्च से 14 अप्रैल के लिए की गयी थी। यह दावा किया जाने लगा कि लॉकडाउन के दौरान वायरस का प्रकोप कम होने लगेगा और 14 अप्रैल 2020 को महामारी समाप्त हो जायेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और प्रधानमंत्री को लॉकडाउन की अवधि तीन मई तक बढ़ानी पड़ी।

20 सितंबर, 1995 के दिन दक्षिण दिल्ली के एक मंदिर में गणेश जी की मूर्ति की सूंड को दूध पिलाया गया और कुछ ही क्षणों में वह दूध ग़ायब हो गया। यह बात कुछ ही देर में एक जगह से दूसरी जगह फैलती गयी और जगह-जगह लोग गणेशजी की मूर्तियों को दूध पिलाने लगे। यहां तक कि अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा आदि देशों में रहने वाले हिंदू भी यह कहने लगे कि उनके यहां भी गणेश की मूर्ति ने दूध पिया है। विश्व हिंदू परिषद ने यह दावा किया कि यह चमत्कार सचमुच घटित हुआ है। चमत्कार की यह पहली घटना नहीं थी। एक बार यह अफ़वाह फैली या फैलायी गयी कि स्टोव को बीच में रखकर अगर उससे भविष्य के बारे में सवाल पूछा जाये, तो वह हिलकर हां या ना में जवाब देता है। इस तरह के बहुत से दावे समय-समय पर किये जाते रहे हैं। दरअसल, ये सामूहिक सम्मोहन की घटनाएं थीं, जिनमें लोग वही देखने लगते हैं, जो उन्हें देखने के लिए प्रेरित किया जाता है।



जवरीमल्ल पारख

इससे थोड़ी अलग तरह की घटना उस समय की है, जब जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री थे। तब ज्योतिषियों ने यह फैला दिया था कि नौ ग्रह पहली बार एक ही पंक्ति में आ रहे हैं और इससे प्रलय आयेगी और दुनिया नष्ट हो जायेगी। नतीजा यह हुआ कि ग्रहों के प्रकोप से बचने के लिए जगह-जगह यज्ञ-हवन होने लगे। भजन-कीर्तन और व्रत-उपवास बढ़ गये। मंदिरों और ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा देना बढ़ गया। यहां तक कि होली महीने भर पहले मना ली गयी, क्योंकि दुनिया तो होली आते-आते ख़त्म होने वाली थी! इस अफ़वाह से पैदा हुए डर को समाप्त करने के लिए स्वयं प्रधानमंत्री नेहरू को लोगों से अपील करनी पड़ी कि वे ऐसी बातों पर ध्यान न दें, ऐसा कुछ भी नहीं होने वाला है। लेकिन लोगों ने उन पर यक़ीन नहीं किया और प्रलय का इंतजार करते रहे। जब बतायी गयी तारीख़ निकल गयी और प्रलय तो दूर की बात, हल्का-सा भूकंप तक नहीं आया, तभी जाकर लोगों ने माना कि सचमुच वे प्रलय से बच गये हैं। साफ़ था कि भविष्यवाणी पूरी तरह से मिथ्या थी।

इसके बावजूद लोग इस तरह की भविष्यवाणियों पर यक़ीन करना नहीं छोड़ते। ऐसी सभी अफ़वाहों, भविष्यवाणियों या सचमुच के संकटों (जैसे किसी महामारी का फैलना) के समय शासन का कर्त्तव्य होता है कि वह ऐसी अफ़वाहों और भविष्यवाणियों का दृढ़तापूर्वक खंडन करे, जिनके परिणाम भयावह भी हो सकते हैं। विशेष रूप से महामारियों के फैलने के समय उससे बचाव और उपचार के लिए आवश्यक क़दम उठाये, न कि उसका लाभ उठाकर जनता को अंधविश्वासों की ओर धकेले, जैसा कि कोरोना महामारी के समय स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। जवाहरलाल नेहरू लोगों को अंधविश्वासों के दलदल से निकालने को अपना कर्त्तव्य समझते थे, जबकि नरेंद्र मोदी के लिए हर आपदा एक अवसर की तरह होती है, चाहे उसके परिणाम कितने ही विध्वंसकारी क्यों न हों।



2020 में जब कोरोना महामारी तेज़ी से फैल रही थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 दिन का लॉकडाउन लागू किया। स्वयं उनका दावा था कि कोरोना के विरुद्ध लड़ाई 21 दिनों में जीत ली जायेगी। इन भविष्यवाणियों का मक़सद यह साबित करना भी था कि नरेंद्र मोदी महान भविष्यद्रष्टा, वैज्ञानिक और महामानव (और कुछ की नज़रों में अवतार) हैं। लॉकडाउन की पहली घोषणा 25 मार्च से 14 अप्रैल के लिए की गयी थी। यह दावा किया जाने लगा कि लॉकडाउन के दौरान वायरस का प्रकोप कम होने लगेगा और 14 अप्रैल 2020 को महामारी समाप्त हो जायेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और प्रधानमंत्री को लॉकडाउन की अवधि तीन मई तक बढ़ानी पड़ी। जब 22 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा जनता कर्फ़्यू लागू किया गया था और उसी दिन शाम पांच बजे ताली और थाली बजाने का आह्वान किया गया, तो मोदी के अंधभक्तों द्वारा यह प्रचारित किया गया कि इससे वायरस समाप्त हो जायेगा, क्योंकि सामाजिक दूरी के कारण वायरस को फैलने के लिए संपर्क सूत्र नहीं मिलेगा और ताली-थाली की आवाज़ से जो ऊर्जा पैदा होगी, उससे वायरस दुम दबाकर भाग खड़ा होगा। उनके इस दावे का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं था। यह एक तानाशाह द्वारा अपनी ही जनता की ली गयी परीक्षा थी कि लोग किस तरह आंख मूंदकर उसका अनुकरण कर सकते हैं। 22 मार्च को ठीक पांच बजे पूरे देश में लोग सड़कों पर, चौराहों पर, घर की बालकनी और छतों पर आकर थालियां और ढोल-नगाड़े बजाने लगे। ऐसा लग रहा था कि पूरा देश सामूहिक उन्माद से ग्रस्त हो गया है। अमीर-ग़रीब, शिक्षित-अशिक्षित, शहरी-ग्रामीण, साधारण और सेलेब्रिटीज़, सभी थालियां बजाकर देश और उसके सबसे बड़े नेता के प्रति अपनी भक्ति का प्रमाण दे रहे थे। माहौल कुछ इस तरह का बना दिया गया कि ताली-थाली न बजाने वाले दरअसल देशद्रोही हैं। 140 करोड़ की आबादी वाले लगभग पूरे देश का इस तरह एक साथ ताली-थाली बजाना यह साबित कर रहा था कि एक तानाशाह किस तरह लोगों को विवेकहीन भेड़ों में तब्दील कर देता है।

जैसा कि होना ही था, इस ताली-थाली बजाने का वायरस पर कुछ भी असर नहीं हुआ। इसके विपरीत वायरस से संक्रमित होने वाले रोगियों की संख्या बढ़ती गयी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नया मंत्र दिया कि सारे भारतवासी पांच अप्रैल को रात नौ बजे सारी बत्तियां बंद करके नौ मिनट के लिए मोमबत्ती, दीये या मोबाइल की टॉर्च जलायें। इसको लेकर भी यह दावा किया गया कि 22 मार्च के कर्फ़्यू से 95 प्रतिशत वायरस ख़त्म हो गये थे। लेकिन जो पांच प्रतिशत वायरस बच गये हैं, वे भी पांच अप्रैल को मोमबत्ती, दीया और टॉर्च जलाने से जो ऊर्जा पैदा होगी, उससे समाप्त हो जायेंगे। प्रधानमंत्री के इस आह्वान के बारे में यह दावा किया गया कि ज्योतिष शास्त्र में नौ की संख्या का ख़ास महत्व होता है। 5 तारीख़ और अप्रैल यानी चौथा महीना। दोनों का जोड़ नौ होता है। फिर नौ बजे और नौ मिनट में भी नौ की संख्या है। ज्योतिष के अनुसार यह इतना शुभकाल है कि उस अवधि में दीये और मोमबती जलाने से जो शक्ति पैदा होगी, वह वायरस को ख़त्म कर देगी। लेकिन 130 करोड़ लोगों द्वारा दीया जलाने से जिस ऊर्जा के पैदा होने का दावा किया गया, ऐसा दावा करने वाले यह भूल गये कि दिन में सूर्य की रोशनी से जितनी ऊर्जा पैदा होती है, उतनी ऊर्जा 130 करोड़ ही नहीं 130 अरब दीये एक साथ जलाने से भी पैदा नहीं हो सकती। अगर ऐसा होता, तो वायरस तो दिन में ख़त्म हो जाना चाहिए था, जबकि वायरस की महामारी लगातार बढ़ती रही है और प्रधानमंत्री द्वारा किये गये इन टोने-टोटकों से न केवल वायरस का कुछ नहीं बिगड़ा, बल्कि महामारी की रोकथाम और उपचार के लिए जो ज़रूरी कदम उठाये जाने चाहिए थे, उसके प्रति मोदी सरकार द्वारा आपराधिक लापरवाही बरती गयी। लोग अस्पतालों में बिस्तर के लिए, ऑक्सीजन के लिए और ज़रूरी दवाइयों और इंजेक्शन के लिए दर-दर भटकते रहे। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, कोरोना महामारी के दौरान समय पर उपचार न हो पाने के कारण भारत में 40 लाख से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

# दूध की पोषकता से खिलवाड़

दूध में कैल्शियम, मैग्नीशियम, ज़िंक, फास्फोरस, आयोडीन, आयरन, पोटैशियम, फोलेट्स, विटामिन-ए, विटामिन-डी, राइबोफ्लेविन, विटामिन बी-12, प्रोटीन आदि मौजूद होते हैं। गाय के दूध में प्रति ग्राम 3.14 मिली ग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है। गाय का दूध पतला होता है। जो शरीर मे आसानी से पच जाता है। एक भी खाद्य पदार्थ सभी की आपूर्ति नहीं करता है,लेकिन दूध लगभग सभी की आपूर्ति करता है। वर्ष 2024 में विश्व दुग्ध दिवस का प्रसंग /थीम है - दुनिया को पोषण देने के लिए गुणवत्तापूर्ण पोषण प्रदान करने में डेरी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका।

दूध पोषकता का पर्याय है। दूध दुनिया को पोषण देता है। आहार-तत्व सम्बन्धी विज्ञान ही पोषण है। पोषण की प्रक्रिया में जीव पोषक तत्वों का उपयोग करते हैं। जीवन जीने के लिए भोजन (आहार) की आवश्यकता होती है। आहार/भोजन शुद्ध, पोषकता से भरपूर और ताजा होना चाहिए। आहार या भोजन के मुख्य उद्देश्य हैं 1. शरीर को ऊर्जा या शक्ति प्रदान करना। 2. शरीर में कोशिकाओं या ऊतकों का पुनर्निर्माण करना। 3. शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना। स्वास्थ्य का आहार से घनिष्ठ सम्बन्ध है। पोषण तत्व हमारे भोजन में उचित मात्रा में विद्यमान न हों, तो शरीर बीमार हो जाएगा। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज-लवण व पानी प्रमुख पोषण तत्व हैं। पोषण एक प्रक्रिया है जो शरीर को पोषक तत्व प्रदान करते हैं। पोषण, पोषक तत्वों के सही मिश्रण को संदर्भित करता है। अच्छा पोषण निरोगी काया की निशानी है। दूध एक ऐसा आहार है जिसमे सभी पोषक तत्व संतुलित मात्रा में पाए जाते हैं। फ्रैंच वैज्ञानिक लेवोइजर को पोषण का जनक माना जाता है। उन्होंने 1770 ई. में चयापचय की खोज की। उन्होंने प्रदर्शित किया कि भोजन से ऊर्जा उसके ऑक्सीकरण के कारण प्राप्त होती है। दूध शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करता है। दूध में एमिनो एसिड एवं फैटी एसिड मौजूद होते हैं। दूध संपूर्ण आहार है। दूध के बिना जीवन अधूरा है। दूध एक अपारदर्शी सफेद द्रव है जो मादाओं के दुग्ध ग्रन्थियों द्वारा बनाया जाता है। नवजात शिशु तब तक दूध पर निर्भर रहता है जब तक वह अन्य पदार्थों का सेवन करने में अक्षम होता है। दूध में मौजूद संघटक हैं - पानी, ठोस पदार्थ, वसा, लैक्टोज, प्रोटीन, खनिज, वसा विहिन ठोस। अगर हम दूध में मौजूद पानी की बात करें तो सबसे ज्यादा पानी गधी के दूध में 91.5 फीसदी होता है, घोड़ी में 90.1 फीसदी, मनुष्य में 87.4 फीसदी, गाय में 87.2 फीसदी, ऊंटनी में 86.5 फीसदी, बकरी में 86.9 फीसदी होता है। दूध में कैल्शियम, मैग्नीशियम, ज़िंक, फास्फोरस, आयोडीन, आयरन, पोटैशियम, फोलेट्स, विटामिन-ए, विटामिन- डी, राइबोफ्लेविन, विटामिन बी-12, प्रोटीन आदि मौजूद होते हैं। गाय के दूध में प्रति ग्राम 3.14 मिली ग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है। गाय का दूध पतला होता है। जो शरीर मे आसानी से पच जाता है। एक भी खाद्य पदार्थ सभी की आपूर्ति नहीं करता है,लेकिन दूध लगभग सभी की आपूर्ति करता है। वर्ष 2024 में विश्व दुग्ध दिवस का प्रसंग /थीम है - दुनिया को पोषण देने के लिए गुणवत्तापूर्ण पोषण प्रदान करने में डेरी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका। इसी उद्देश्य या प्रसंग को लेकर विश्व दुग्ध दिवस हर्सोल्लास से मनाया गया। हिन्दू धर्म में गाय को पूजनीय माना गया है। गाय की



डॉ. शंकर सुवन सिंह



पूजा होती है दूध स्वयं में सम्पूर्ण आहार है। गाय के दूध, दही, घी, मूत्र और गोबर के द्वारा पंचगव्य का निर्माण किया जाता है। गाय से जुड़े इन पांच चीजों का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है। पंचगव्य से निर्मित औषधियों के सेवन से रोग दूर होते हैं। पंचगव्य से बने उत्पाद पूर्णतः रसायनमुक्त होने के कारण आरोग्यदायी होते हैं। गौ माता के शरीर से निरंतर सत्वकणों का प्रक्षेपण होता रहता है; इसलिए पंचगव्य से निर्मित औषधियां और उत्पाद सात्विक होते हैं। उनके प्रयोग से सात्विकता मिलती है। सात्विकता से सद्गुणों का विकास होता है। सद्बुद्धि आती है। यह तनाव को कम करता है और याददाश्त बढ़ता है। दूध देवत्व का कारक है। अतएव इसे अमृत कहा गया। गाय के स्पर्श मात्र से तनाव और शरीर में खून के प्रवाह में आराम मिलता है। पंचभूत के पांच तत्वों अग्नि, वायु, आकाश, जल और पृथ्वी, से मिलकर शरीर का निर्माण हुआ। पंचभूत से शरीर बना और शरीर को सुरक्षित रखने के लिए पंचगव्य बना। पंचगव्य रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ता है। पंचगव्य और पंचभूत परस्पर एक दूसरे के समानुपाती हैं। अर्थात ये दोनों एक दूसरे का प्रतिनिधित्व करते हैं। दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर (पंचगव्य के अवयव) क्रमशः अग्नि, वायु, आकाश, जल और पृथ्वी (पंचभूत के अवयव) का प्रतिनिधित्व करते हैं। अग्नि , वायु, आकाश, जल और पृथ्वी क्रमशः पित्त, वात, शून्य, कफ और मिट्टी(लेप) को दर्शाते हैं। शून्य तनाव नाशक है। शून्य, शांति का प्रतीक है। कहने का तात्पर्य यह है कि दूध शरीर में पित्त का नाश करती है। दही, वायु विकार को दूर करती है। घी तनाव का नाश करती है। जब शरीर में वात और पित्त का संतुलन रहता है तब शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। स्वस्थ्य शरीर तनाव मुक्त होने का परिचायक है। गोमूत्र, जल को दर्शाता है। जल कफ का प्रतीक है। अतएव गोमूत्र कफ नाशक है। यह शरीर में कफ का संतुलन बनाए रखती है। जिससे श्वसन प्रक्रिया स्वस्थ्य रहती है। गोमूत्र शरीर में जहर को ख़त्म करता है। गोबर, पृथ्वी को दर्शाता है। पृथ्वी, मिट्टी(लेप) का प्रतीक है। गोबर का लेप घर में किया जाए तो घर में सकारात्मकता बढ़ती है। पुराने समय में घर की दहलीज पर गोबर का लेप किया जाता था। गोबर , मिट्टी की शक्ति को दोगुना कर देता है। आज कल मिट्टी/गोबर के लेप का चलन शरीर को स्वस्थ्य रखने में किया जाता है। मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग बढ़ा है। गोबर के कंडो का प्रयोग बढ़ा है। गोबर में एंटीबैक्टीरियल के गुण हैं। मिट्टी के घड़ों का प्रयोग पानी पीने के लिए सर्वोत्तम है। ये पंचगव्य हमारे शरीर को पोषण प्रदान करते हैं। दूध से बने व्युत्पन्न उत्पाद जैसे घी, दही, छाछ, पनीर, लस्सी आदि डेरी के महत्व को बढ़ाते हैं। गाय के दूध से बने व्युत्पन्न पदार्थ पौष्टिकता के प्रतीक हैं। जब गौशाला से दूध डेरी उद्योगों में जाता है तो वहाँ दूध से बनने वाले व्युत्पन्न उत्पादों की संख्या बढ़ जाती है। डेरी उद्योगों से दूध प्रसंस्करित होकर लम्बे समय तक के लिए बाजार में उतरा जाता है। जिससे की प्रोसेस्ड मिल्क की शेल्फ लाइफ बढ़ जाती है। इससे दूध ख़राब होने से बच जाता है। गौशालाऐं न हों तो डेरी उद्योगों का होना असंभव है। दुग्ध उद्योग, गौशालाओं से चल रहे हैं। गौशालाओं के रख रखाव की उचित व्यवस्था और उनकी संख्या बढ़ाए जाने को लेकर प्रदेश की सरकारें कई योजनाएं ला चुकी हैं। इन योजनाओं के द्वारा लोन देने की उचित व्यवस्था की गई है। इन योजनाओं के द्वारा लोगों को स्वरोजगार के मौके मिलेंगे। स्वरोजगार, स्वावलम्बन का प्रतीक है। स्वावलम्बन, स्वाभिमान को दर्शाता है। स्वाभिमान, स्वतंत्रता की जननी है। बिना गौशालाओं के दुग्ध उद्योगों की कल्पना व्यर्थ है। दुग्ध उद्योगों के बिना दूध से बने उत्पाद और उनके रखरखाव की कल्पना व्यर्थ है। इन उत्पादों के गुणवत्ता की जांच, उत्पादों के गुणवत्तापूर्ण पोषण को साबित करते हैं।

# लोकसभा चुनाव : सातवें चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** जिले की दोनों लोकसभा सीटों गोरखपुर और बांसगांव में शुक्रवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय से पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गई। शनिवार की सुबह सात बजे से शुरु होकर शाम छह बजे तक मतदान होगा। गुरुवार की सुबह रिटर्निंग अधिकारियों की मौजूदगी में विकास भवन में पोलिंग पार्टियों का रेंडमाइजेशन की आखिरी प्रक्रिया पूरी की गई थी।

इसके बाद यह तय हुआ कि कौन से बूथ पर कौन सी पोलिंग पार्टी जाएगी। शुक्रवार को इसी सूची के अनुसार पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम कृष्णा करूणेश ने बताया कि मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कहा कि विश्वविद्यालय के कला संकाय, दीक्ष भवन, वाणिज्य संकाय, इंजीनियरिंग व कन्वेंशन हाल से पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। मतदान कराने के बाद ये पार्टियां यहीं पर वापस भी आएंगी, जहां स्ट्रांग रूम में ईवीएम व वीवीपैट रखे जाएंगे।



### 36.67 लाख मतदाता तय करेंगे प्रत्याशियों का भविष्य

इस बार दोनों सीटों की मतदाता सूची में कुल 36 लाख 67 हजार 756 वोटर हैं। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 19 लाख 72 हजार 307 और महिला मतदाताओं की संख्या 16 लाख 95 हजार 198 है। 251 मतदाता थर्ड जेंडर के हैं। जिले में सबसे अधिक 4.77 लाख मतदाता शहरी क्षेत्र में और सबसे कम 3.58 लाख मतदाता चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र में हैं। कुल 3678 बूथों पर मतदान होगा।

### पोलिंग पार्टियों की रवानगी से पहले 30 बीमार, सात की मौत

**मिर्जापुर।** पड़ रही भीषण गर्मी और तपिश के बीच शुक्रवार को चुनावी ड्यूटी में जा रहे जवानों व अन्य कर्मचारियों पर कहर बरपाया। पालीटेक्निक से रवाना होने के दौरान मतदान स्थल पर पहुंचते-पहुंचे कई लोग बीमार हो गये। जिनको उपचार के लिए अस्पताल लेकर आया गया। इसमें उपचार के दौरान पांच होमगार्ड, सीएमओ कार्यालय के एक लिपिक और एक सफाईकर्मी की मौत हो गई। 21 सुरक्षाकर्मी समेत अन्य कर्मचारी को मिलाकर 30 से अधिक लोगों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। अचानक हुईं मौतो से हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, प्राचार्य मौके पर पहुंचे।

## होटल के कमरे में पड़ा मिला बैंक पीओ का शव

**लखनऊ।** हरियाणा के अंबाला निवासी नवीन कुमार (31) कैनरा बैंक में पीओ के पद पर तैनात थे। पुलिस के अनुसार 26 मई की रात वह अपने कुछ साथियों के साथ ट्रेनिंग के सिलसिले में लखनऊ आए थे। ये सभी लोग सेक्टर-8 स्थित होटल एवीपीएस में ठहरे थे।

नवीन कमरा नंबर 210 में ठहरे थे। बीती रात नवीन की तबीयत अचानक खराब हुई। साथी उनको पास में ही स्थित सुषमा अस्पताल ले गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद उनको छुट्टी दे दी गई। नवीन होटल के कमरे वापस पहुंचे और सो गए। सुबह 11 बजे जब वह सोकर नहीं उठे तो साथियों ने उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया, पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। सूचना पर पहुंची गाजीपुर पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो नवीन का शव कमरे में बिस्तर पर पड़ा मिला। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गंगा में डूबे पांच किशोर, दो का शव बरामद, अन्य की तलाश

अवधनामा संवाददाता



**बलिया।** बलिया के हल्दी थाना क्षेत्र के पचरुखिया काली मंदिर के सामने गंगा घाट पर स्नान करते वक्त गहरे पानी में चले जाने के कारण पांच किशोर लापता हो गए। स्थानीय मछुआरों की मदद से दो किशोरों का शव गंगा नदी के पानी से बाहर निकाला गया। शव को देखते ही परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं, गंगा घाट पर पांचों किशोर के कपड़े, एक मोबाइल फोन और साइकिल को पुलिस ने बरामद कर लिया।

रेवती थाना क्षेत्र के पियरौटा गांव निवासी रवि कुमार राम (14) पुत्र दिलीप राम, सनी कुमार राम (13) पुत्र वीरेंद्र राम, निर्मल कुमार (15) पुत्र शिवचंद चोपड़ा, अभिषेक कुमार (14) पुत्र लक्ष्मण प्रसाद राम व रेवती थाना क्षेत्र के ही अचलगढ़ गांव निवासी सिंटू कुमार (13) पुत्र जितेंद्र राम शुक्रवार सुबह नौ बजे अपने घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकले थे।

इसी बीच पांचों युवक हल्दी थाना क्षेत्र के पचरुखिया काली मंदिर के सामने गंगा घाट पर स्नान करने के लिए पहुंचे। यहां पर पांचों किशोरों ने अपनी साइकिल, मोबाइल व कपड़ा उतार कर गंगा नदी में स्नान करने लगे। इसी बीच पहले से ही गंगा घाट पर स्थान कर रहे दो बच्चों ने उक्त किशोरों को डूबते देख चिल्लाना शुरू किया। सड़क के किनारे बैठे लोगों को किशोरों के डूबने की बात बताई। बात धीरे-धीरे जंगल में आज की तरह फैल गई और पियरौटा गांव पहुंची। पूरे गांव में मातम पसर गया। जो जहां था वहीं से दौड़कर गंगा नदी के पचरुखिया काली मंदिर घाट पर पहुंचा। स्थानीय मछुआरों की मदद से रवि व शनि के शव को गंगा नदी के पानी से बरामद किया गया। समाचार लिखे जाने तक हल्दी पुलिस स्थानीय मछुआरों की मदद से नदी में जाल डालकर शेष किशोरों को ढूंढने का प्रयास कर रही थी।

## 'भीषण गर्मी में बिजली, पानी व चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त करें'

अवधनामा संवाददाता

■ मतदान में पोलिंग बूथों पर गर्मी से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था हो : माले

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने भीषण गर्मी से हो रही मौतों पर दुख प्रकट करते हुए सरकार से बिजली, पानी व चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। गरीबों, मजदूरों, दिहाड़ी श्रमिकों की जीवन रक्षा करने, सवेतन अवकाश देने और जल संकट से जूझ रहे दूरदराज के इलाकों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा है।

पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि भयंकर गर्मी के बीच पूर्वांचल के जिलों में शनिवार को लोकसभा के अंतिम चरण का मतदान होगा। लोग मतदान के लिए लाइन में लगेंगे। जब लू और गर्मी से राह चलते लोग बेहोश हो रहे और दम तोड़ रहे हैं, ऐसे में पोलिंग बूथों पर गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त उपाय किये जाने चाहिए। हर बूथ पर स्वास्थ्य टीम और अस्पताल तक पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्था हो। माले नेता ने कहा कि रिकार्डतोड़ गर्मी और हीट स्ट्रोक से प्रदेश में सैंकड़ों जानें जा चुकी हैं। फिर भी सरकार सबक नहीं ले रही है। वोट लेने की जुगत में भाजपा और उसकी सरकार ने जनस्वास्थ्य की रक्षा की सार्वजनिक जिम्मेदारी का परित्याग कर दिया है। आपातकालीन राहत उपाय करने की जगह वह हाथ पर हाथ धरे बैठी है। हीट वेव से प्रभावितों के समुचित मुफ्त इलाज व दम तोड़ने वालों के परिजनों को मुआवजा मिलना चाहिए। इस बीच, भाकपा माले नेता ने अंतिम चरण के चुनाव में मतदाताओं से दस सालों की बरबादी, नफरत और विभाजन की राजनीति को शिकस्त देने और बदलाव के पक्ष में खड़े होने की अपील की है।

## कछला और भकरी घाट पर आठ लोग गंगा में बहे, युवक की मौत, एक लापता

**बदायूं।** बदायूं जिले में शुक्रवार को कछला और भकरी गंगा घाट पर स्नान करने के दौरान आठ लोग गंगा के तेज बहाव में बह गए। इनमें छह लोगों को बचा लिया गया, जबकि एक युवक की मौत हो गई। एक अन्य युवक लापता है। गोताखोर उसे तलाश कर रहे हैं।

उसहैत थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर निवासी कुंवरपाल का परिवार शुक्रवार दोपहर भकरी घाट पर गंगा का पहनावा करने पहुंचा था। बताते हैं कि परिवार के सभी लोग गंगा स्नान कर रहे थे। इसी दौरान गजेंद्र (20) पुत्र श्रीपाल, कुसुम लता (45) पत्नी सत्यपाल, अर्जुन (15) पुत्र रक्षपाल, कुंवरपाल (40) पुत्र धनपाल, उनकी पत्नी सुनीता (40), बेटा महेश (19) और रघुवर दयाल (65) एक-एक करके गंगा के तेज बहाव में बह गए। यह देखकर गंगा घाट पर मौजूद लोगों में खलबली मच गई। जो लोग तैरना जानते थे।

# सीएमएस से सम्मान सहित विदा हुए पं. हरि ओम शर्मा

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी पं. हरि ओम शर्मा 'हरि' लगभग 50 वर्ष की अर्धशतकीय सेवा के उपरान्त आज सेवानिवृत्त हो गये। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रबन्धन व कार्यकर्ताओं ने पं. शर्मा को अत्यन्त सम्मान सहित विदाई दी एवं सी.एम.एस. के उत्तरोत्तर विकास में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। इस अवसर पर पं. शर्मा को उनकी अतुलनीय सेवाओं हेतु प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया जबकि सी.एम.एस. अधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पं. शर्मा को फूल-मालाओं से लादकर अपना सम्मान प्रकट किया। सी.एम.एस. प्रधान कार्यालय के हॉल में आयोजित इस सम्मान समारोह में सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन समेत सभी अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में पं. हरि ओम शर्मा ने कहा कि सी.एम.एस. मेरे लिए मात्र कार्यालय ही नहीं अपितु शिक्षालय भी रहा है, जहाँ सी.एम.एस. संस्थापक स्मृति शेष डा. जगदीश गाँधी व आदरणीया डा. भारती गाँधी ने मेरे व्यक्तिव को बड़े स्नेह व सौहार्द से गढ़ा। मेरे प्रेरणास्रोत इन्हीं महान शिक्षकों की छात्रछाया में मैंने पूरी निष्ठा व समर्पण भाव से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह किया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि ''श्री शर्मा जी बहुत कम उम्र से ही इस संस्था से जुड़े और संस्था के विकास में भरपूर सहयोग किया। श्री शर्मा जी संस्था के कर्मठ अधिकारी रहे हैं और अपने दायित्वों को सदैव ही बड़ी जिम्मेदारी से निभाया। मुझे विश्वास है कि सी.एम.एस. के अन्य कार्यकर्ता भी श्री शर्मा जी के विचारों व कर्मठता से प्रेरित होंगे।'' सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा ''अपने 50 वर्षों के सेवा काल में श्री शर्मा जी ने शिक्षा व साहित्य जगत में कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं।

## जीएसटी के जांच अधिकारियों पर कोर्ट ने की गंभीर टिप्पणी

■ कहा- पुख्ता सुबूत होने पर ही गिरफ्तार करें

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जीएसटी अधिकारियों की जांच की कार्यशैली पर गंभीर टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और रमेश डोनादी की बेंच ने गैलेंट इस्पात लि. के मामले की सुनवाई के बाद जीएसटी की जांच विंग को कामकाज की शैली सुधारने के आदेश दिए। कहा कि जांच अधिकारी मौके पर पैसा जमा नहीं कराएंगे और पुख्ता सुबूत होने पर ही कारोबारी को गिरफ्तार किया जाए। व्यापारियों और उद्यमियों को राहत देने वाले ऐसे कुल छह आदेश हाईकोर्ट ने जीएसटी की जांच विंग को दिए हैं।

दरअसल, जीएसटी में गिरफ्तारी का प्रावधान आने के बाद विंग के पास तमाम अधिकार आ गए हैं। खासतौर पर डीजीजीआई व अन्य जांच विंग इन अधिकारों के तहत ज्यादा गिरफ्तारी करती हैं। इसी तरह बिना ठोस प्रमाण के थोक के भाव सम्मन भेजे जा रहे हैं। कारोबारियों को पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। ऐसे ही मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कई आदेश जीएसटी की जांच विंग को दिए।

जांच अधिकारी ऑन द स्पाट पैसा जमा नहीं कराएंगे। आमतौर पर मौके पर ही कारोबारी से पैसा जमा कराने का दबाव डाला जाता है। इसी पर उनका सारा जोर होता है। शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को जानकारी देने के लिए बुलाने के सम्मन जारी नहीं होंगे।

जो सम्मन जारी होते हैं। जीएसटी जांच और जीएसटी चोरी जैसे शब्दों का इस्तेमाल सम्मन में जहां तक संभव हो, नहीं किया जाएगा। किसी भी फिशिंग और रोमिंग सूचना के आधार पर सम्मन जारी नहीं होंगे। यानी पुख्ता प्रमाण और जानकारी के बगैर सम्मन नहीं दिया जाएगा।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को पोस्टमास्टर जनरल किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** डाक सेवाएं नवीनतम टेक्नोलॉजी अपनाते हुए नित्य नए आयाम रच रही हैं। तमाम अग्रणी योजनाओं को डाकघरों के माध्यम से प्रमुखता से लागू किया गया है। डाकघरों में एक ही छत के नीचे पत्र-पार्सल, बचत बैंक, बीमा, इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, डीबीटी, डिजिटल बैंकिंग, आधार, पासपोर्ट, कॉमन सर्विस सेंटर जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। डाककर्मी कर्मयोगी की भाँति कार्य करते हुए लोगों को इन योजनाओं से जोड़ रहे हैं। उक्त उद्गार वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कुमार यादव ने प्रयागराज क्षेत्र के मण्डलाध्यक्षों एवं उपमंडलाध्यक्षों के वित्तीय वर्ष 2023-24 के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान व्यक्त किये। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक अधीक्षकों, उपमंडलीय निरीक्षकों, पोस्टमास्टरों को उन्होंने सम्मानित कर हौसलाअफजाई भी की। निदेशक डाक सेवाएं श्री गौरव श्रीवास्तव ने पावर पॉइंट के माध्यम से गत वित्तीय वर्ष में प्रयागराज परिक्षेत्र द्वारा किए गए कार्यों एवं प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी दी।



■ पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने प्रयागराज परिक्षेत्र में डाक सेवाओं की की समीक्षा, लक्ष्यों की प्राप्ति पर दिया ज़ोर

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने समीक्षा पश्चात बताया कि, प्रयागराज परिक्षेत्र के डाकघरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4.46 लाख नए बचत खाते व 2.59 लाख इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाते खोले गए। 8.74 लाख लोगों ने डाकघरों तथा आईपीपीबी के माध्यम से आधार सेवाओं का लाभ उठाया, वहीं 44 हजार लोगों ने डाकघरों से पासपोर्ट बनवाया। प्रयागराज परिक्षेत्र में बचत बैंक सेवाओं से 56.79 करोड़, पोस्टल ऑपरेशन से 23.47 करोड़, स्पीड पोस्ट व पार्सल से 13.67 करोड़ रुपये, आईपीपीबी से 7.99 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। डाक जीवन बीमा में 52.70 करोड़ रूपये व ग्रामीण डाक जीवन बीमा में 15.44 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम जमा हुआ।

## 'अखनूर बस हादसे के लिये प्रदेश सरकार पूरी तरह जिम्मेदार'

अवधनामा संवाददाता

■ डा गिरीश ने सरकार से की पर्याप्त आर्थिक सहायता देने की मांग

**लखनऊ/ हाथरस/ अलीगढ़।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता डा गिरीश ने अखनूर बस हादसे पर गहरा दुख जताया है जिसमें कि अब तक दो बच्चों सहित दो दर्जन की दर्दनाक मौत हुयी है और लगभग छह दर्जन घायल अस्पताल में भर्ती हैं। भाकपा ने हाथरस अलीगढ़ मथुरा और भरतपुर के निवासी इन सभी म्रतक श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की है। भाकपा ने म्रतकों के परिवारों और घायलों के प्रति गहरी सहानुभूति व्यक्त की है। उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान सरकार से मांग की है कि वह म्रतकों के परिवारों और घायलों को समुचित आर्थिक सहायता प्रदान करें।

भाकपा ने इस गंभीर और दर्दनाक हादसे के लिये सीधे उत्तर प्रदेश सरकार और उसके विभिन्न विभागों को जिम्मेदार ठहराया है। यहां जारी एक प्रेस बयान में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व राजस्थान के प्रभारी डा गिरीश ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन की लापरवाही और व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण उत्तर प्रदेश में हर दिन कई कई जानलेवा सड़क हादसे हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में धर्म की आड़ में एक बड़ा माफिया काम कर रहा है जो लोगों को बरगला कर विभिन्न तीर्थस्थलों को ले जाता है, जिनमें पहाड़ के तीर्थस्थल भी शामिल हैं। इसके लिये माफिया खटारा बसें हायर करता है और बस की क्षमता से दो दो गुने मुसाफिर भर कर ले जाता है। पहाड़ी मार्गों पर मैदान के ड्रायवरों से बस चलवायी जाती हैं। ओवरलोडिंग, बस की जर्जरता और ड्रायवर की असक्षमता से जानलेवा हादसे हो जाते हैं।

# फ्री बिजली योजना का लाभ लेने के लिए क्यों नहीं आगे आ रहे प्रदेश के किसान

अवधनामा संवाददाता

■ प्रदेश के 15 लाख किसानों में से मात्र अभी तक केवल 50 हजार किसानों ने ही कराया पंजीकरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 14 लाख 96 हजार निजी नलकूप यानी किसानों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लाई गई महत्वाकांक्षी फ्री विद्युत आपूर्ति योजना इसके संबंध में पावर कॉरपोरेशन की तरफ से 7 मार्च को कुछ शर्तों के साथ आदेश निर्गत किया गया जिसमें 1 अप्रैल 2023 से किसानो की बिजली फ्री का कार्यालय ज्ञात जारी हुआ बडे दुर्भाग्य की बात है कि किसानो की फ्री बिजली योजना का लाभ लेने वाले किसानों की संख्या बहुत ही कम है उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की तरफ से जारी आदेश में कहा गया था की सभी किसानों को जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं उन्हें 30 जून तक की निर्धारित समय सीमा में अपना पंजीकरण कराना होगा पावर कारपोरेशन ने अब स्वता मान लिया है की 16 मई तक केवल मात्र 50 हजार निजी नलकूप यानी किसानों ने इस योजना में पंजीकरण कराया है अब सबसे बडा सवाल यह है कि जिस योजना का लाभ लेने के लिए प्रदेश के लगभग 15 लाख किसान इस योजना का इंतजार कर रहे थे वह इस योजना का लाभ लेने के लिए आगे क्यों नहीं आ रहे हैं इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। इसका प्रचार प्रसार किया जाना भी जरूरी और शर्तें कठिन तो उसमें बरती जाए शिथिलता।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा किसानों को फ्री बिजली दिए जाने के मामले में पावर कारपोरेशन ने कुछ शर्तों के साथ एक लिमिट निर्धारित की थी उसे लिमिट को पूरा करने पर ही किसानो को फ्री बिजली का लाभ मिलेगा मुख्य शर्तों में सबसे पहले सभी किसानों को 31 मार्च 2023 तक के संपूर्ण बकाए का भुगतान करना होगा और बकाए के लिए पावर कारपोरेशन ने किस्तों की सुविधा के साथ अधिभार माफी योजना भी दी केवाईसी कराना होगा अनिवार्य रूप से सभी विद्युत कनेक्शन पर मीटर लगाना होगा और पावर कॉरपोरेशन द्वारा जारी आदेश में यह भी शर्त रखी गई 10 हॉर्स पावर तक के विद्युत कनेक्शन पर 1045 यूनिट की छूट रहेगी उसके ऊपर के विद्युत उपभोक्ताओं को केवल 10 हॉर्स पावर तक की यूनिट 1045 पर ही छूट मिलेगी उसके ऊपर कोई भी छूट नहीं प्राप्त होगी इसी प्रकार फिक्स चार्ज पर 10 किलो वाट तक 100 प्रतिसत छूट होगी उसके ऊपर 50 प्रतिसत इसी प्रकार बुंदेलखंड क्षेत्र में जो किसान है उन्हें 12.5 हॉर्स पावर तक के विद्युत कनेक्शन पर 140 यूनिट प्रति किलो वाट की छूट होगी।

## लखनऊ जीपीओ बेहतर संचार के लिए दो नए नंबर की शुरुआत

**लखनऊ।** ग्राहक संचार का तात्पर्य किसी व्यवसाय या सेवा प्रदाता और उनके ग्राहकों के बीच सूचना एवं प्रतिक्रिया के आदान-प्रदान से हैं। इसमें ईमेल, फोन कॉल, मीटिंग और रिपोर्ट जैसे संचार के विभिन्न रूप शामिल हैं, और इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना हैं कि ग्राहक प्रदान कि गई सेवा या उत्पाद से संतुष्ट हैं। इस संबंध में चीफ़ पोस्टमास्टर, लखनऊ जीपीओ द्वारा सूचित किया गया कि लखनऊ जीपीओ ने अपने ग्राहकों के साथ बेहतर संचार के लिए दो नए नंबर 0522-2237434 एवं 0522-2239103 की शुरुवात की हैं। जिसमे ग्राहकों को one stop solution की सुविधा प्रदान की गई है जिसके अंतर्गत ग्राहक लखनऊ जीपीओ की किसी भी शाखा में एक्सटेंशन कॉल के तहत बात कर सकते हैं एवं अपनी शिकायत कर सकते हैं। लखनऊ जीपीओ का यह कदम अपने ग्राहको के साथ बेहतर संबंध स्थापित करेगा।

## टीपीवी टेक्नोलॉजी गेमिंग मॉनिटर की बढ़ती मांग के लिए रणनीतिक रूप से कर रही अपना विस्तार

अवधनामा संवाददाता

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी एलसीडी निर्माता कंपनी टीपीवी टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने घोषणा की है कि वह अगली पीढ़ी के पेशेवर और गेमिंग मॉनिटर की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से अपना विस्तार कर रही है। अपनी विकास रणनीति के हिस्से के रूप में, कंपनी प्रमुख महानगरों, टीयर 1 और टीयर 2 शहरों में फैले राशी पेरिफेरल्स लिमिटेड के मजबूत और स्थापित नेटवर्क को बड़े पैमाने पर बढ़ाने और पूंजीकरण करने की योजना बना रही है। राशी पेरिफेरल्स भारतीय बाजार में एओसी के पेशेवर और गेमिंग मॉनिटर की पूरी श्रृंखला के लिए अधिकृत वितरक है।

वर्तमान में, मॉनिटर उद्योग भारतीय बाजार में विकास का अनुभव कर रहा है, गेमिंग मॉनिटर उद्योग के FY28 तक 7.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है। टीपीवी टेक्नोलॉजी इस अवसर का लाभ उठाने के लिए तैयार है और इसका लक्ष्य भारत में सभी प्रमुख खुदरा श्रृंखलाओं में अपनी उपस्थिति बढ़ाना है। कंपनी ने हाल ही में अपने वितरण मॉडल को संशोधित किया है, जिसके तहत वह एओसी गेमिंग 24G2Z - 24 इंच FHD मॉनिटर, AOC - G2590P&, 24.5 इंच (गेमिंग) सहित AOC के मॉनिटर की पूरी श्रृंखला को वितरित करने के लिए राशि पेरिफेरल्स लिमिटेड के अच्छी तरह से स्थापित चैनल नेटवर्क का उपयोग करेगी। मॉनिटर, AOC - C24G1,24 इंच (60.96 सेमी) वीजीए पोर्ट के साथ कर्व्ड गेमिंग एलईडी मॉनिटर, AOC 31.5' कर्व्ड 1ms 165H5 फुल एचडी फ्रीसिंक अल्ट्रा नैरो बॉर्डर गेमिंग मॉनिटर, आदि भारतीय बाजार में उपलब्ध हैं।




# अंतर्राष्ट्रीय पटल पर छाए टीएमयू एग्रीकल्चर के स्टुडेंट्स

### जर्मनी में प्रशिक्षण से छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान में अद्वितीय बढ़ोतरी होगी: कुलाधिपति

अवधनामा संवाददाता



■ हॉर्टिकल्चर वर्क प्रोग्राम इन जर्मनी के तहत हर स्टुडेंट को प्रति माह मिलेंगे दो लाख

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी- मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेस के 23 स्टुडेंट्स को जर्मनी में प्रशिक्षण प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर मिला है। हॉर्टिकल्चर वर्क प्रोग्राम इन जर्मनी के तहत छात्र जर्मनी देशों के होफ रोहरकास्टेन और एर्डबीरहोफ़ ओस्टरलोह फार्म्स में जाएंगे। तीन महीने के लिए जर्मनी जा रहे हर स्टुडेंट को 02 लाख प्रति माह वेतन मिलेगा। वहां वे आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत अनुसंधान विधियों और स्थायी खेती के सिस्टम के बारे में सीखेंगे। इससे न केवल उनकी शैक्षिक योग्यता में वृद्धि होगी, बल्कि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में भी मदद मिलेगी। वहां वे विभिन्न कृषि परियोजनाओं में भाग लेंगे। उन्नत प्रयोगशालाओं में कार्य करेंगे और विशेषज्ञों से सीधे मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इन छात्रों का चयन एक कठोर प्रक्रिया के माध्यम से किया गया, जिसमें उनके शैक्षिक प्रदर्शन, लिखित परीक्षा, मौखिक परीक्षा और समग्र विकास को ध्यान में रखा गया। कृषि कॉलेज के ये छात्र आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार और उत्तर प्रदेश के हैं, जिसमें 19 छात्र और 4 छात्राएं हैं। ये स्टुडेंट्स थ्री मंथ वर्क वीजा पर पहली जून को जर्मनी रवाना हो जाएंगे। उल्लेखनीय है, 2022 में टीएमयू एग्रीकल्चर कॉलेज के दो स्टुडेंट्स- वैभव कुमार और उमेश सैनी 18-18 लाख के पैकेज पर डेढ़ साल की इंटर्नशिप पर डेनमार्क जा चुके हैं।

चयनित होने वाले स्टुडेंट्स में तेलंगाना से दुलाम अरुण कुमार, नवनीत धरशनाला, मोनिका बीधनी, निरंजन रेड्डी गुदुरु, शिव कृष्णा बोल्ला, मडिपल्ली राजू, पटलोला प्रनीथ रेड्डी, रेड्डीमाशु धीरज, बद्दू अरुण कुमार, जे भवदेश वर्मा, स्वामी भानावत, आंध्र प्रदेश से वेंकट फनींद्र रेड्डी माचुपल्ले, मनुषा रेड्डी रामीरेड्डी, सैयद गौस अज़म, शेख़ असीफ हुसैन, वेंकट श्रवंती मलेपाटि, लक्ष्मी प्रत्यूषा बुट्टी, कोल्ली पालडिंकर. उत्तर प्रदेश से अंश यादव, अभिषेक, ऋतिक कुमार सिंह, आर्यमान सिंह और बिहार से ऋषभ राज है। 2014 में स्थापित तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेस को 2021 में आईसीएआर से मान्यता मिली है। एग्रीकल्चर कॉलेज में स्नातक, स्नातकोत्तर के संग-संग रिसर्च भी कराई जाती है। कॉलेज की सभी फैकल्टी पीएचडी और नेट क्वालीफाई हैं।

टीएमयू एग्रीकल्चर की इस बड़ी उपलब्धि से गदगद टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन कहते हैं, विदेश में प्रशिक्षण प्राप्त करने से हमारे छात्रों के तकनीकी और व्यावहारिक ज्ञान में अद्वितीय बढ़ोतरी होगी। यह उन्हें वैश्विक कृषि उद्योग में प्रतिस्पर्धी बनाएगा। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा, आप जर्मनी वर्क वीजा पर जा रहे हैं। अपना शत प्रतिशत आउटपुट देने का प्रयास करें।

# प्रति वर्ष सिर्फ नशे के कारण ही लाखों लोग असमय काल के गाल में समा जाते हैं: ज़िला आबकारी अधिकारी

**नशा छोड़िए जिंदगी चुनिए**

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती एवं विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भारत विकास परिषद इटावा तुलसी एवं कौशल्या देवी उ0मा0 विद्यालय टिमरूआ के सहयोग से नगर के पक्का तालाब पर संचालित तीस बिस्तरीय नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में एक संगोष्ठी का आयोजन भारतवर्ष की प्रसिद्ध शासिका महिला सशक्तिकरण की प्रतिमूर्ति एवं अनन्य शिव भक्त रही भारत माँ की पुत्री अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता गोविंद माधव शुक्ला ने उपस्थिति लोगों का आवाहन करते हुए कहा कि आज के पावन अवसर पर हमे अपने अंदर के कम से कम एक विकार को दूर करने का संकल्प लेना होगा। मुख्य अतिथि जिला आबकारी अधिकारी विकास द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रति वर्ष सिर्फ नशे के कारण ही लाखों लोग असमय काल के गाल में समा जाते हैं। हमे इस प्रकार के केंद्रों से फिर से नया जीवन अपनाने की प्रेरणा लेनी होगी।

स्वतंत्र पत्रकार गणेश ज्ञानार्थी ने कहा कि हमें स्वयं नशे से दूर होकर दूसरों को भी इससे दूरी बनाने के लिए प्रेरित करना होगा। तुलसी की वरिष्ठ सदस्य प्रीतम खन्ना ने कहा कि हम योग प्राणायाम के जरिए अपने को स्वस्थ व विकारों से मुक्त रख सकते हैं इसे अपनी दिनचर्या में हमें शामिल करना होगा। तुलसी के सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने तंबाकू से होने वाली कैंसर जैसी असाध्य बीमारियों के चित्र दिखाते हुए लोगों को तंबाकू व धूम्रपान छोड़ने को जागरूक किया। तुलसी शाखा अध्यक्ष डॉ कैलाश यादव ने उपस्थिति सभी लोगों को नशा त्यागने की शपथ दिलाई। समाज सुधारक व केंद्र के संचालक रामनरेश आचार्य ने देवी अहिल्या बाई के जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही बताया कि केंद्र में मद्यपान की लत को तो छुड़ाया ही जाता है साथ ही नया जीवन शुरू करने के लिए उन्हें भगवान की भक्ति की प्रेरणा भी दी जाती है। इस समय इस केंद्र पर इटावा व अन्य जनपदों के लगभग 28 मरीज नशा मुक्ति पाकर जीवन सुधारने के लिए प्रशिक्षित हो रहे है। संगोष्ठी की अध्यक्षता ब्राह्मण महासभा के संरक्षक चंद्र मोहन तिवारी ने की एवं कुशल संचालन डी डी बाथम द्वारा किया गया। संगोष्ठी में सुदूर जनपदों के मरीजों ने भी अपने विचार व अनुभव साझा किये। आज की इस सफल गोष्ठी में तुलसी शाखा के कोषाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार गुप्ता, शमीम बेगम, अंजू चौधरी, मंजू सिंह, संगीता पाल, मौसमी पाल, अत्रि पाण्डे एवं पंकज कुमार सिंह चौहान सहित अन्य तुलसी सदस्यों व केन्द्र से जुड़े लोगों का सराहनीय सहयोग रहा। इस आयोजन के समय लगभग एक सैकड़ा से अधिक लोगों की उपस्थिति रही। गोष्ठी के समापन पर केंद्र के संचालक आचार्य राम नरेश आचार्य ने आए हुए सभी अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## गुंडई: पार्किंग कर्मियों ने बरसाने में बस पर किया पथराव

**बरसाना (मथुरा)।** राधारानी के दर्शन करने आए सहारनपुर के श्रद्धालुओं के साथ बुधवार रात पार्किंग कर्मचारियों ने मारपीट की। सड़क के किनारे बस खड़ी करने पर बस पर पथराव भी किया। घटना के बाद श्रद्धालुओं ने पार्किंग कर्मचारियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। बरसाना में रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। ऐसे में नगर पंचायत की गोवर्धन रोड, पुराना अड्डा व सुदामा चौक पर पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इसके बाद भी पार्किंग के नाम कर्मचारी सड़क किनारे या आने जाने वाले वाहनों से भी वसूली करते हैं। बुधवार रात सहारनपुर के श्रद्धालुओं की बस बरसाना आई। चालक ने श्रद्धालुओं की बस पार्किंग स्थल में खड़ी न कर उसे सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इसे लेकर पार्किंग कर्मचारियों ने श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की। उनकी बस पर पथराव भी किया। पथराव से बस के शीशे टूट गए। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल ने बताया कि श्रद्धालुओं की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# ज़िलाधिकारी व उनकी पत्नी श्वेतंबरी राय के करकमलों द्वारा बच्चों को सर्टिफिकेट दिए

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जे ऐसा के जी पोलिटेक्निक में सीखने वाली शास्त्रीय नृत्य कथक की छात्राओं ने गुरु विकास जी गिनीज़ वर्ल्ड बुक होल्डर एवं श्वेतंब्री विकास वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर द्वारा वी एस एंपायर के तत्वाधान में बनारस में अस्सी घाट पर दो दिन अपनी लगातार 30 मिनट तक प्रस्तुति दी जिसमें वहां बैठे हुए शास्त्रीय संगीत मे महारथ हासिल किए हुए गुरुओं ने बच्चो की एक-एक ताल को अपने हाथो पर गिनकर सम पर आने के बाद अपने आप बच्चो के लिए बार-बार थाली बजाने पर मजबूर हो रहे थे इटावा, पूना एवम दिल्ली के बच्चो की यह एक अनूठी प्रस्तुति थी प्रथम दिन बच्चो ने कथक के साथ प्रहलाद एवम द्रोपदी चीर हरण की कथक नृत्य नाटिका की जिसमे शगुन भदौरिया, अक्षिता चौबे, रिद्धिमा बंसल रावण अनुषा सेठ एवम नमिता तिवारी ने प्रस्तुति दी एवम द्वितीय दिन हंसिका, श्रेया, विन्शी एवम भीतिका ने टेक्निकल क्लासिकल प्रस्तुति दी बच्चो को पूर्ण शास्त्रीय प्रस्तुति देख वह उपस्थित सभी ने दोनो प्रस्तुति की दिल खोल कर प्रशंसा की बच्चो को वहा सर्टिफिकेट प्राप्त हुए हमारे इटावा का नाम रोशन करने वाली छात्राओं को कॉलेज की प्राचार्या नमिता तिवारी ने जिलाधिकारी अवनीश राय एवम उनकी धर्मपत्नी श्रीमती श्वेतंबरी राय के करकमलो द्वारा बच्चो को सर्टिफिकेट दिए गए एवम भविष्य ऐसे ही आगे बढ़ने का आशीर्वाद प्रदान किया गया। कॉलेज की प्राचार्या ने जिलाधिकारी , श्रीमती श्वेतंबरी एवम बच्चों के गुरु विकास सर एवम श्वेतंबरी विकास मैम का दिल से

## संक्षिप्त समाचार

### चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3 के तीसरे राउंड में भिंड की जीत



**इटावा, पंचनद, अवधनामा ब्यूरो।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3 के 14 वें दिन तीसरे राउंड के मैच में माधौगढ़ और भिंड टीमों के बीच भिड़ंत हुई। चौरैला ग्राउंड पर माधौगढ़ टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भिंड टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट के नुकसान से 96 रन बनाए। भिंड टीम के खिलाड़ी अवनीश ने 2 छक्का सहित 19 रन का योगदान दिया। जवाब में उतरी माधौगढ़ टीम 10.4 ओवर में 81 रन बनाकर आल आउट हो गई। माधौगढ़ टीम के खिलाड़ी यश ने 6 छक्का लगाकर सर्वाधिक 27 रन बनाने के साथ 2 विकेट झटके। भिंड खिलाड़ी योगेंद्र सिंह राजपूत ने नाबाद 10 रन बनाने के साथ 4 विकेट भी झटके। योगेंद्र को मैन ऑफ द मैच ट्राफी चंबल संग्रहालय संस्थापक डॉ.शाह आलम राना ने प्रदान की।

### ऑपरेशन मुस्कानः इटावा पुलिस ने एक बालक को उसकी माँ को किया सकुशल सुपुर्द



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** प्रार्थिनी नीलू पत्नी महावीर सिंह निवासी लाहन जिला भिण्ड मध्यप्रदेश द्वारा एसएसपी कार्यालय पर उपस्थित होकर एसएसपी संजय कुमार वर्मा को सूचनी दी गयी कि वादिनी का बेटा जिसका नाम हर्ष उम्र 3 वर्ष को उसका पति बिना बताये ग्वालियर ले गया है, सूचना पर तत्काल एसएसपी ने घटना का स्वयं संज्ञान लेकर ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त बालक को उसकी माता नीलू उपरोक्त को सकुशल सुपुर्द किया गया। अपने बालक को सकुशल पाकर उसकी माता द्वारा इटावा पुलिस एवं एसएसपी इटावा की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावियों को सम्मानित किया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा हिन्दुस्तान फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान-2024 मेधावी समारोह में जाकर कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारम्भ किया तत्पश्चात उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। एस एस पी ने मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुये उनको कठिन परिश्रम करने एवं एक लक्ष्य निर्धारित कर उस लक्ष्य को पाने में अपना शत प्रतिशत देने हेतु कहा गया साथ ही छात्रों को सोशल मीडिया से दूरी बनाये रखने, यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन हमेशा हेलमेट लगाकर चलाने एवं अपने माता-पिता एवं गुरूजनों का आदर सम्मान करने हेतु जागरूक कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस दौरान फाउंडेशन के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### सरकारी बस स्टैंड पर ई रिक्शा चालकों का आतंक

गोवर्धन (मथुरा)।भीषण गर्मी होने के बाद भी श्रद्धालुओं का परिक्रमा व दर्शन के लिए निरंतर आवागमन बना हुआ है। यहां श्रद्धालु सरकारी बसों रेलों व डग्गेमार वाहनों से आते हैं। सरकार भी श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कस्बा व परिक्रमा मार्ग में पुलिस प्रशासन व सहायक संभागीय विभाग विभाग की लापरवाही से ई रिक्शा चालकों का आतंक है। ई रिक्शा चालक जहां देखो मार्गो पर आडें तिरछे खड़े करके रोड को जाम कर देते हैं। छोटे-छोटे नाबालिक बच्चे भी ई-रिक्शाओं को फराटे से दौड़ा रहे हैं। बताया जाता है यह नशे का सेवन भी करते हैं। बाहर से आकर लोग ई रिक्शों को चला रहे हैं जिनका कोई रिकॉर्ड नहीं है। पूर्व में कई घटनाएं घट चुकी हैं इसके बाद भी पुलिस प्रशासन ने कोई कठोर कदम नहीं उठाया है।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा कैंप कार्यालय कृष्णा नगर बिजली घर मथुरा पर राजमाता,लोक माता ,जननायिका मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर जी की 199 वीं जयंती पर पुष्पांजलि और माता अहिल्याबाई होलकर एवं लोक कल्याण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विजेंद्र सिंह बौद्ध जी ने की, संचालन राज गब्बर ने किया। पुष्पांजलि संगोष्ठी में सर्वप्रथम मुख्य रूप से पधारे मुख्य अतिथि माननीय रमेश सैनी जी अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग मथुरा वृंदावन महानगर ने मातेश्वरी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये तत्पश्चात मुख्य वक्ता प्रोफेसर श्रीनिवास उर्फ एस एन भारती जी ने मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर जी को पराधीन भारत में नारी सशक्तिकरण की प्रतिमूर्ति बताकर जन-जन को समर्पित महिला स्वाभिमान की गौरव गाथा बताकर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर समस्त वक्ताओं ने मातेश्वरी के द्वारा गुण गान कर जनकल्याण में किए गए कार्यों प्रेरक बताकर याद कर कविता पाठ किया संगोष्ठी में मिष्ठान वितरण किया गया गगन भेदी नारे लगाए गए और उपस्थित लोगों का सम्मान किया गया अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लुकेश कुमार राही, नरेश सर,अंकित सागर, रमेश सैनी,सी वी विकल, विवेक कुमार ,आकाश बाबू ,राज गब्बर, आयुषी नैतिक कुमार, राजू महौर, सौदान सिंह, एस एन भारती, साबिर खान, कन्हैयालाल ठेकेदार, पार्षद लक्ष्मण सैनी, विनोद बघेल, संजय बीडीसी, भगवान दास निषाद, सूरज निषाद ,राजकुमार अरेरा आदि मौजूद रहे।

# यूपीयूएमएस में मनाया गया विश्व मल्टीपल स्क्लेरोसिस दिवस

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा, सैफई।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में न्यूरोलॉजी विभाग के तत्वाधान में ÷विश्व मल्टीपल स्क्लेरोसिस दिवस÷मनाया गया इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो.डॉ. प्रभात कुमार सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रतिकुलपति व न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो.डॉ.रमाकांत ने बताया कि हर वर्ष 30 मई को मनाया जाता है, इस वर्ष इस दिवस की थीम है ÷डायग्नोसिस÷उन्होंने बताया कि मल्टीपल स्क्लेरोसिस केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की लंबे समय तक चलने वाली बीमारी है जो दिमाग एवं रीड की हड्डी के संबंध में परेशानी से होती है उन्होंने बताया कि यह बीमारी लोगों को अलग-अलग तरीके से प्रभावित करती है जैसे- चलने संबंधित समस्या, देखने संबंधित समस्या, सुनते संबंधित समस्या, समझना संबंधित समस्या या अन्य। न्यूरोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.अजय इमानी ने मल्टीपल स्क्लेरोसिस के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारियां सभी के साथ साझा की और इस बीमारी से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों से भी अवगत कराया। आइए जाने मल्टीपल स्क्लेरोसिस के लक्षण डॉ अजय ने बताया कि मल्टीपल स्क्लेरोसिस के लक्षण 25 से 40 साल के आयु वर्ग के लोगों और महिलाओं में ज्यादा देखे जाते हैं। उन्होंने बताया कि वैसे मल्टीप्ल स्क्लेरोसिस का कारण अज्ञात है इस रोग का लक्षण-चलने में लडखडाना, थकान महसूस करना, मांसपेशियों में कमजोरी ऐंठन, धुंधला व दोहरी दृष्टि, दर्द, अवसाद, मूत्राशय पर नियंत्रण न होना, अवसाद है। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह के लक्षण किसी को महसूस हो रहे हैं तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें जिससे सही समय पर सही इलाज शुरू हो सके ओपीडी रूम नंबर एक और दो में (सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार) आकर सलाह ले सकता है। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष डा आदेश कुमार, डॉ कमला पाठक, डॉ जितेंद्र मथुरिया, डॉ आई के शर्मा, डॉ फहीन, डॉ राफे, डॉ रूपेश डॉ मृदुल मोहन मेडिकल कॉलेज की छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दोनों पैरों में लगी गोली, उपचार रत बदमाश फरार, पुलिस में हड़कंप

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** थाना महावन में लिफ्ट के बहाने वृद्धा को जंगल में ले जाकर दुष्कर्म का करने वाला 25 हजार का इनामी शातिर अपराधी शुक्रवार सुबह 11 बजे करीब जिला अस्पताल में पुलिस हिरासत से भाग गया। बृहस्पतिवार रात को उसे महावन थाना पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। पुलिस का दावा था कि उसके दोनों पैर में गोली लगी थी। अपराधी के हिरासत से भागने के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गई। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो गया है। सवाल यह भी है कि आखिर जब पुलिस की गोली दोनों पैर में लगी तो आरोपी भागने की स्थिति में कैसे हो गया।

थाना महावन व थाना शेरगढ़ पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में बृहस्पतिवार देर रात को 25 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित लुटेरा/बलात्कार के अभियोग में वांछित मनोज उर्फ उत्तम पुत्र चंद्रभान निवासी मई, शेरगढ़ को मुखबिर की सूचना पर जगदीशपुर अंडरपास, यमुना एक्सप्रेस-वे पर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया था। घेराबंदी के दौरान उसने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में मनोज के पैरों में गोली लगी थी। देर रात तीन बजे करीब पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इमरजेंसी में 12 नंबर बेड पर उसे रखा गया था। सुबह आरोपी मनोज की मां भी जिला अस्पताल पहुंच गई थी। सुबह 11 बजे करीब मनोज को पुलिसकर्मी शौच कराने ले गए। पुलिसकर्मी उसके लौटने का इंतजार कर रहे थे। तभी वह फरार हो गया। सूचना पर महकमे में खलबली मच गई। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मनोज के पास से पुलिस को लूट के एक जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी पायल, एक नाक की नथ, एक तमंचा, तीन कारतूस, एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई।

महावन थाना क्षेत्र के एक गांव की 65 वर्षीय वृद्धा की पुत्रवधू का प्रसव क्षेत्र के एक अस्पताल में 25 मई को हुआ था। यहां से लौटकर वे अपने घर जा रहीं थीं। रास्ते में उन्होंने पचावर की ओर जा रहे बाइक सवार से लिफ्ट मांगी। बाइक सवार ने उनको बैठा लिया। बाइक सवार उन्हें सुनसान स्थान पर ले गया। वहां उनके साथ दुष्कर्म कर डाला। साथ ही जेवरात भी लूट ले गया था। घटना के बाद किसी तरह घर पहुंची वृद्धा ने पूरी घटना की जानकारी परिजनों को दी थी। उसके बाद आनन-फानन में परिजन वृद्धा को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो उनमें एक बाइक पर वृद्ध महिला को युवक बैठाकर ले जाता दिखाई दिया। उसी आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसकी घेराबंदी गिरफ्तारी के लिए शुरू की थी। 29 वर्ष का मनोज 2015 से जरायम के पेशे में है। उसके खिलाफ 2015 में थाना शेरगढ़ में दुष्कर्म, मारपीट, धमकी, अभद्रता का मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद 2018 में इसी थाने में जानलेवा हमले, मारपीट, अभद्रता का मुकदमा दर्ज हुआ। 2023 में वृंदावन थाने में लूट का मुकदमा दर्ज हुआ था। 26 मई 2024 को थाना महावन में वृद्धा से दुष्कर्म और लूट का मुकदमा दर्ज हुआ था।

## वृद्ध की हत्या में दो को उम्र कैद

**मथुरा।** एडीजे तृतीय अजयपाल सिंह की अदालत ने वृद्ध की हत्या करने वाले दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और दस-दस हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। सहायक शासकीय अधिवक्त भीष्मदत्त तोमर ने बताया कि वृंदावन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेहरा के जंगल में नौ सितंबर 2018 की शाम को 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव झाड़ियों में पड़ा मिला था। वृद्ध की हत्या गला रेतकर की गई थी। ग्राम चौकीदार सुखपाल ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट जैंत पुलिस चौकी में दर्ज कराई थी। वृद्ध के शव की पहचान विकास नगर थाना हाइवे निवासी देवेन्द्र प्रसाद शर्मा ने अपने चाचा पूरनचंद निवासी ग्राम पसौतीगढ़ी हाल निवासी विकास नगर के रूप में की थी।

## चोरों ने हाथ साफ किया हाईटेंशन लाइन के तारों पर

**मथुरा।** बिजली की किल्लत के बीच मथुरा के नौहझील क्षेत्र में चोर 33 केवीए की 4 किलोमीटर लंबी लाइन के तार काटकर चुरा ले गए। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। 220 केवीए मडुआका से नौहझील खादर में होकर विद्युत उपखंड नौहझील व बाजना उपखंड पर 33 केवी लाइन आ रही है। यहां से दो लाइनें हैं। दोनों चालू हैं। नौहझील व बाजना विद्युत उपखंड की 33 केवीए लाइन के 22 विद्युत खंभों से करीब 4 किलो मीटर लंबी लाइन सोमवार रात चोर काटकर चोरी कर ले गए। जानकारी विद्युत कर्मियों को मंगलवार शाम को हुई। इस मामले में नौहझील के जेई अशोक कुमार व बाजना के जेई ओमेंद्र प्रताप सिंह ने थाने में तहरीर दी है। केस दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

# दवा व्यापारी के अपहरण का प्रयास

**अवधनामा संवाददाता**

- अपहरण में विफल होने पर लूट कर भागे बदमाश

**मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र की कृष्णा ऑर्चिड कॉलोनी के पास बुधवार रात कार सवार बदमाशों ने दवा व्यापारी के अपहरण का प्रयास किया। मगर, वह विफल हो गए। इस पर दवा व्यापारी संग लूट की घटना कर भाग गए। पीड़ित ने देर रात ही थाने में तहरीर दी। इधर, व्यापार मंडल के पदाधिकारी इस संबंध में एसपी सिटी से मिले। उन्हें बताया कि दवा व्यापारी के साथ तीन साल में यह तीसरी घटना है। कृष्णा नगर में दवा की दुकान करने वाले पवन अग्रवाल निवासी कृष्णा ऑर्चिड कॉलोनी, हाईवे ने बताया कि वह रात साढ़े नौ बजे करीब दुकान को बढ़ाकर घर जा रहे थे। कॉलोनी के पास पहुंचे। तभी हाईवे पर कार सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। मारपीट कर कार में डालने का प्रयास किया। विरोध करने पर उन्हें लात-घूंसों से मारा। इसके बाद हाथ में लगे बैग को छीनकर भाग गए। उक्त बैग में 10 हजार रुपये, जरूरी कागजात, दो मोबाइल थे। पवन अग्रवाल ने बताया कि यह लगातार तीसरी वारदात है। इससे पहले 2021 तथा 2023 में भी उनके साथ इसी प्रकार वारदात हो चुकी हैं। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी सिटी तथा अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल की गई। देर रात तक पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी रही। इलाके के सीसीटीवी खंगाले गए। इधर, बृहस्पतिवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों ने इस घटना पर रोष जाहिर किया। 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के महानगर अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति, महामंत्री जगत बहादुर अग्रवाल, उपाध्यक्ष चंदन आहूजा, प्रदीप अरोड़ा, राम शर्मा, शंकर लाल अग्रवाल, राधा वल्लभ पचौरी आदि शामिल रहे। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी भी खंगाले गए हैं। जल्द आरोपी पकड़े जाएंगे।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसा

**अवधनामा संवाददाता**

- ट्रक का टायर चेक करते चालक को दूसरे वाहन ने कुचला

**मथुरा।** थाना मांट क्षेत्र स्थित युमना एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन संख्या 92-93 के बीच ट्रक का पहिया चेक करते चालक को तेज गति से आते किसी दूसरे वाहन ने कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

बताया गया कि बाजाना के मौहल्ला रामनगर (नौहझील) निवासी संतोष कुमार (52) बड़ा वाला ट्रक चलाते थे। बीती रात वह ट्रक को लेकर जा रहे थे। यमुना एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन संख्या 92-93 के बीच उन्हें लगा कि ट्रक का टायर पंचर हो गया है। ट्रक को रोकने के बाद वह पहिए को चेक कर रहे थे। इस बीच तेजगति से आते किसी वाहन ने उन्हें रौंद दिया। दुर्घटना करने के बाद चालक अपने वाहन को भगा ले गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना स्थल पर पड़े फोन को उठाने के बाद मरने वाले चालक के बारे में फोन से जानकारी जुटाने का प्रयास किया। पुलिस को पता लगा कि मरने वाला बाजना का रहने वाला है। पुलिस ने दुर्घटना के बारे में संतोष कुमार के परिवार को जानकारी दी। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने संतोष कुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चंबल क्रिकेट लीग सीजन तीप का तीसरा राउंड

- प्रकाश को ट्राफी चंबल क्रिकेट लीग संस्थापक डॉ शाह आलम राना ने की प्रदान

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा, पंचनद।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के तीसरे राउंड में चौरैला ग्राउंड पर बहाराय का पुरा और भिटौरा टीमों के बीच भिड़ंत हुई। जालौन, इटावा और भिंड सीमा के बीहड़ों में जहां आसमान से आग बरस रही है वहीं चौरैला ग्राउंड पर चौके छक्कों रनों की बरसात का लुत्फ़ क्रिकेटप्रेमी ले रहे हैं। चंबल संग्रहालय की पहल से स्वतंत्रता संग्राम के रणबाकुरों की स्मृति में हो रही चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3 के तेरहवें दिन भिटौरा टीम ने टास जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया. बल्लेबाजी करने उतरी बहाराय का पुरा टीम निर्धारित 12 ओवर में से 11.2 ओवर में आल आउट हो गयी। बहाराय का पुरा टीम के कप्तान राघवेन्द्र ने 1 छक्का और 2 चौका लगाकर 21 रन बनाए। भिटौरा टीम के खिलाड़ी रिशु, रोहित और सत्यम ने दो-दो विकेट झटके। जवाब में उतरी भिटौरा टीम 9 ओवर में 5 विकेट के नुकसान से 79 रन बनाकर जीत हासिल की। भिटौरा खिलाड़ी प्रकाश ने सर्वाधिक 5 छक्का लगाकर 30 रन बनाकर मैन आफ द मैच रहे। प्रकाश को ट्राफी चंबल क्रिकेट लीग संस्थापक डॉ शाह आलम राना ने प्रदान की।

## ब्रजवासियों के लिए केएम गांवों में खोलेगा नि:शुल्क ओपीडी सेंटर : किशन

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी के दिशा-निर्देशोनुसार केएम हॉस्पिटल की मुहिम (केएम परिवार आपके गांव आपके द्वार) के तहत अब स्वास्थ्य सेवाएं ब्रजवासियों के लिए गांव में ओपीडी सेंटर खोले जाएंगे। जिसमें सुबह नौ बजे से सायं चार बजे तक अलग-अलग डिपार्टमेंट के चिकित्सक ब्रजवासियों का चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध करवाएंगे तथा आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस भी मौजूद रहेगी। उन्होंने बताया कि दूर-दराज के गांवों में रहने वाले ग्रामीणों को अस्पताल छोटी छोटी बीमारियों के लिए शहर में बड़े अस्पताल नहीं आ पाते और उन्हें मजबूरन वहीं गांव में झोलाछाप को दिखाना पड़ता है, जो कि मेरे ब्रजवासियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

# निरंकारी मंडल के प्रधान श्री सीएल गुलाटी आए मथुरा

**अवधनामा संवाददाता**

- बच्चों को बाल उम्र में सत्संग से जोड़ने पर दिया बल

**मथुरा।** संत निरंकारी मंडल के प्रधान संतश्री सी एल गुलाटी ने यहां मथुरा आगमन पर नवादा हाइवे स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर आयोजित सत्संग में बच्चों पर भरपूर प्यार लुटाया उन्होंने कहा कि कहा कि आधुनिक युग में बच्चों को संस्कारित करना जरूरी है इसके लिए अभिभावक बच्चों को बाल उम्र से ही सत्संग से अवश्य जोड़ें। संतश्री कहा कि मानव सदैव निर्माणाधीन है और निर्माण की एक मात्र सही अवस्था बाल उम्र ही है, इसी उम्र में बच्चे का सही निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को हम खेल खिलौनों, जानवरों और फलों की जानकारी तो बचपन से देते हैं, लेकिन बच्चों को बाल उम्र में ही प्रभु से नहीं जोड़ते, जबकि बड़े भाग्य से मिले मनुष्य जन्म का उद्देश्य ही प्रभु को पाना है। संतश्री सी एल गुलाटी ने अगर हम बच्चों का निर्माण मजबूती के साथ करना चाहते है तो उन्हें स्कूली शिक्षा के साथ ही आध्यात्मिक ज्ञान से भी रूबरू कराएं। सत्संग को बच्चों की आदत में शुमार कर देने से बच्चे कभी गलत दिशा की ओर नहीं भटकेंगे। निरंकारी संत ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि जिसने सारी दुनिया बनाई क्या कभी उसे जानने की कोशिश की या जो हम सबका पिता है, कभी उत्सुकता दिखाई परमपिता को जानने की जबकि मानव जीवन का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण कार्य है आत्मज्ञान, इसके लिए सबसे पहले सत्गुरू से परमात्मा को जानना होगा तभी मनुष्य जन्म पूर्ण होगा। संतश्री गुलाटी ने कहा कि मानव को मानव हो प्यारा, इक दूजे का बने सहारा, लेकिन दिखावटी नहीं, आत्मिक रूप से अपनापन हो। अभिवादन का जवाब अभिवादन ही होना चाहिए, तकरार नहीं, क्योंकि आपस में प्यार और सत्कार से रहना। एक दूजे की मदद करना ही मानवता है। उन्होंने बताया कि संसार में प्रेममय वातावरण स्थापित करने के लिए सत्गुरू माता सुदीक्षा महाराज के प्रेरक मार्गदर्शन में संत निरंकारी मिशन आध्यात्मिक विचारधारा का प्रचार प्रसार कर रहा है। इन्हीं के साथ आए राजा एवं बब्बल गुलाटी, हरिश अरोड़ा ने भी गीत एवं विचार व्यक्त किए। संत भक्तों का मथुरा के जोनल इंचार्ज श्री एच के अरोड़ा ने भावपूर्ण स्वागत किया। उन्होंने बताया कि हर रविवार को नवादा निरंकारी भवन पर सुबह साढ़े नौ बजे से मुख्य साप्ताहिक सत्संग के साथ ही बच्चों के लिए भी विशेष सत्संग होता है। निरंकारी प्रतिनिधि किशोर स्वर्ण ने बताया कि दिल्ली से पांच दिवसीय प्रचार यात्रा पर निकले संतश्री सी एल गुलाटी जी दो दिन यहां रूककर शुक्रवार को आगरा के लिए रवाना हो गए। वह आगरा में सत्संग सभाओं को सम्बोधित करके 3 जून को वापस दिल्ली पहुंचेंगे।

# स्किन को हील कर ग्लोइंग बनाता है इस फल का छिलका, जानिए इस्तेमाल का तरीका



बदलते मौसम में सिर्फ सेहत का ही नहीं बल्कि अपनी त्वचा का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी होता है। क्योंकि अगर आप इस मौसम में अपनी स्किन का ध्यान नहीं रखेंगे तो स्किन संबंधी तमाम परेशानियां हो सकती हैं। वैसे तो मार्केट में स्किन केयर ट्रीटमेंट के कई प्रोडक्ट मिल जाते हैं। जो आपकी त्वचा को ग्लोइंग बनाता है। लेकिन कई बार यह प्रोडक्ट आपकी स्किन को सूट नहीं करते हैं। ऐसे में तमाम लोग घरेलू नुस्खे अपनाते हैं। ऐसे में अगर आप भी होममेड प्रोडक्ट के इस्तेमाल पर भरोसा रखते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे फल के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपकी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाता है। इस फल के छिलके का इस्तेमाल करने से स्किन संबंधी कई समस्याएं दूर होती हैं। बता दें कि केले का छिलका आपकी स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसका छिलका फेस के दाग-धब्बों को हटाने के साथ झुर्रियों को कम करने में मदद करता है। लेकिन बहुत सारे लोगों को इसके इस्तेमाल के बारे में नहीं पता होता। ऐसे में आज हम आपको फेस पर केले के छिलके के इस्तेमाल के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

***दूर होंगे दाग-धब्बे***

आपको बता दें कि केले के छिलके में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो चेहरे के दाग-धब्बों को दूर करते हैं। अगर आप केले के छिलकों का चेहरे पर इस्तेमाल करती हैं, तो आपकी त्वचा को पोर्स खुल जाएंगे और आपकी स्किन हील होगी।

***इस्तेमाल का तरीका***

अगर आप रोजाना अपने फेस पर केले के छिलके से मसाज करती हैं, तो इससे आपकी त्वचा खिली-खिली रहेगी। वहीं मसाज करने के बाद फेस को अच्छे से धो लें।

***कम होंगे कील मुहांसे***

अगर आपकी त्वचा पर भी आए दिन कोई न कोई पिंपल निकलता रहता है और ब्लैकहेड्स से भी परेशान हैं। तो केले का छिलका आपकी इन समस्याओं को चुटकियों में हल कर सकता है।

***इस्तेमाल का तरीका***

ब्लैकहेड्स और पिंपल से छुटकारा पाने के लिए केले के छिलके को पीस लें। फिर इसमें दही और गुलाबजल मिक्स कर लें। अब इसे अपने फेस पर लगा दें। इस उपाय को अपनाने से आपको कील-मुहांसों से जल्द आराम मिलेगा।


***कम होंगी झुर्रियां***

कई बार कम उम्र में भी चेहरे पर झुर्रियां दिखने लगती हैं। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो इससे राहत पाने के लिए आप केले के छिलकों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

***कैसे करें इस्तेमाल***

सबसे पहले केले के छिलके को पीस लें और फिर इसमें मुल्तानी मिट्टी, गुलाबजल और विटामिन ई कैप्सूल मिलाएं। अब इस फेसपैक को अपने चेहरे पर अप्लाई करें और फिर कुछ देर बाद नॉर्मल पानी से चेहरा धो लें।

# गर्मियों में पाना चाहती हैं खिली-खिली त्वचा तो ऐसे करें स्किन केयर, चेहरे पर आएगा गजब का ग्लो



मई के महीने में गर्मी अपने चरम पर होती है। धूल भरी आंधी और तेज चिलचिलाती धूप से हर व्यक्ति परेशान रहता है। इस मौसम में हर किसी को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना पड़ता है। गर्मियों में सेहत के साथ-साथ स्किन का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी होता है। स्किन केयर न करने पर कई तरह की परेशानियां होने लगती हैं। वैसे तो मौसम में हिसाब से मार्केट में कई तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट मिल जाते हैं, जो आपकी स्किन को राहत पहुंचाते हैं। हालांकि कई बार मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट स्किन को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में स्किन पर कुछ भी इस्तेमाल करने से पहले इसका पैच टेस्ट करना जरूरी होता है। बता दें कि गर्मियों में त्वचा का ध्यान रखने के दौरान लोग कई छोटी-छोटी ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिसके कारण उनके त्वचा की चमक खो जाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गर्मी के मौसम में मौसम त्वचा का सही से ध्यान रखने के बारे में बताने जा रहे हैं। जिससे कि आपका फेस दमकता रहे। आज के समय पॉल्यूशन काफी ज्यादा बढ़ गया है। ऐसे में सुबह के अलावा शाम को सोने से पहले फेस जरूर धो लें। इसके लिए आप अच्छे फेसवॉश का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे आपकी स्किन को किसी तरह की परेशानी न हो। अगर आप दिन में अधिक बार चेहरा धोते हैं, आपकी स्किन रूखी हो सकती है।

***शीट मास्क***

गर्मी के मौसम में स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए शीट मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। शीट मास्क काफी कम दाम में मिल जाता है। इसके इस्तेमाल से आपकी स्किन ग्लो करने लगती है। लेकिन शीट मास्क खरीदने के दौरान अपनी स्किन टाइप का जरूर ध्यान रखना चाहिए, जिससे आपको कोई समस्या न हो।

***टोनर***

गर्मियों में हमारी त्वचा काफी डल हो जाता है। स्किन केयर के दौरान टोनर का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे आपकी त्वचा फ्रेश और हेल्दी रहेगी। टोनर आपकी स्किन हाइड्रेट रखने में सहायक होता है। हालांकि टोनर खरीदने के दौरान इसकी क्वालिटी जरूर परख लेनी चाहिए। आप चाहें तो होममेड टोनर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

***सीरम***

अगर गंदे चेहरे पर सीरम का इस्तेमाल करती हैं, तो यह आपकी स्किन को डैमेज कर सकता है। ऐसे में सीरम का इस्तेमाल करने से पहले स्किन को अच्छे से साफ कर लें। तभी यह आपकी त्वचा को फायदा पहुंचाएगा।

# सिर्फ 60 सेकेंड रुल से करें त्वचा की देखभाल, जानें क्या है ये?



समर सीजन में स्किन की देखभाल करना बहुत जरुरी है। प्रदूषण, लू और गर्म हवाएं के कारण, त्वचा का सीधा संपर्क हमारी स्किन से होता है। ऐसे में स्किन की केयर करना जरुरी है। जब स्किन की देखभाल करने के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि चेहरे की क्लीनिंग और प्रॉपर तरीके से मॉइस्चराइजिंग करना। क्या आप जानते हैं कि इस सीजन में स्किन के लिए सिर्फ इतना करना काफी नहीं है? अपनी स्किन केयर करने के लिए आप 60 सेकेंड्स रुल अपना सकते हैं।

60 सेकेंड रुल फेस क्लीनिंग करने का एक तरीका है। जब हम अपना फेस धोते हैं, तो चेहरे पर फेस वॉश अप्लाई और 15 से 20 सेकेंड के लिए हल्के हाथों से चेहरे को रब करके। इसके बाद साफ पानी से चेहरा वॉश कर लेते हैं। लेकिन आपको चेहरे का 60 सेकेंड तक फेस वॉश करना चाहिए। इससे फेस पर चिपकी गंदगी निकल जाती है और चेहरा अच्छी तरह से क्लिंज हो जाता है।

***60 सेकेंड रुल फॉलो करने के फायदे***

***चेहरे का निखार बढ़ता है***

अगर आप भी नियमित रुप से 60 सेकेंड रुल फॉलो करते हैं, तो इससे स्किन की डीप क्लीनिंग होती है। वहीं चेहरे पर चमक आती है।

***कील-मुंहासे दूर होते हैं***

कई बार चेहरे पर चिपकी धूल की वजह से कील-मुंहासों की समस्या हो जाती है। अगर आप नियमित रुप से 60 सेकेंड रुल अप्लाई करती हैं, तो इससे चेहरे के दाग-धब्बे दूर हो जाते हैं। वहीं पिंपल की समस्या नहीं होगी।

***ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है***

60 सेकेंड रुल को फॉलो करते समय चेहरे को सर्कुलर मोशन में रब किया जाता है। इससे चेहरे की मसाज होती है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है। जब ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, तो इससे स्किन का ग्लो बढ़ता है।

याद रखें कि यह तरीका सिर्फ ऑयली स्किन वालों के लिए। अगर किसी की स्किन बहुत सेंसिटिव है या स्किन से जुड़ी कोई परेशानी होती है, तो इस रुल को फॉलो न करें।

# चिया सीड्स से दमकने लगेगी त्वचा, जानें कैसे करें इसे इस्तेमाल



चिया सीड्स के हेल्थ बेनिफिट्स किसी से छिपे नहीं हैं। यह ना केवल आपकी सेहत के लिए अच्छा है, बल्कि इसे स्किन के लिए भी उतना ही लाभकारी माना जाता है। चिया सीड्स स्किन को हाइड्रेटेड बनाए रखने में मदद करते हैं। साथ ही, चिया सीड्स में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड रेडनेस को कम करने और स्किन को शांत करने में मदद कर सकते हैं। चूंकि, चिया सीड्स एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, इसलिए वे स्किन को अधिक लंबे समय तक यूथफुल बनाए रखते हैं। इससे स्किन रिजुविनेट होती है और उसकी रंगत भी बेहतर होती है। चिया सीड्स स्किन के लिए कई मायनों में फायदेमंद है। आप इसे कई अलग-अलग तरीकों से अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप चिया सीड्स से अपनी स्किन को पैम्पर किस तरह कर सकते हैं-

***चिया सीड्स से बनाएं फेस मास्क***

चिया सीड्स को बतौर फेस मास्क अपनी स्किन पर लगाना अच्छा विचार है। इसे इस्तेमाल करने के लिए चिया सीड्स को रात भर पानी में भिगोएं। अगली सुबह इसकी जेल जैसी कंसिस्टेंसी हो जाएगी। अब इसे समान मात्रा में शहद या दही के साथ मिक्स करें और इसे फेस मास्क की तरह इस्तेमाल करें। आप चाहें तो भीगे हुए चिया सीड्स को मसले हुए केले या मसले हुए एवोकाडो के साथ भी मिक्स कर सकते हैं। यह आपकी स्किन को टाइटन करेगा।

***चिया सीड्स से बनाएं फेस स्क्रब***

चिया सीड्स एक माइल्ड एक्सफोलिएंट की तरह भी काम करता है। ऐसे में चिया सीड्स की मदद से फेस स्क्रब बनाना भी अच्छा विचार है। इसके लिए आप चिया सीड्स को पीस लें। अब इसमें नारियल तेल में मिक्स करें। अब आप इसे बतौर फेस स्क्रब अपनी स्किन पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में बेहद हल्के हाथों से मसाज करें।

***चिया सीड्स से बनाएं आई मास्क***

चिया सीड्स एक बेहतरीन आई मास्क भी साबित हो सकता है। इसके लिए आप चिया सीड्स को खीरे के रस के साथ मिलाकर कुछ समय के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब आप इसे कॉटन आई पैड पर लगाएं और आंखों पर आई मास्क की तरह लगाएं।

# आउटफिट लुक में चार चांद लगाने के लिए स्टाइल करें ये मेटल वर्क वाली चंदबलिया



आजकल चंदबलिया इयररिंग्स काफी ट्रेंडिंग में है, ये महिलाओं के लुक को कम्पलीट करने का काम करती हैं। अक्सर होता है कि जब महिलाएं अपने आउटफिट के अनुसार इनका सही चुनाव नहीं कर पाती हैं। अगर आप भी कन्फ्यूज्ड हैं कि आउटफिट के हिसाब से किस तरह की चंदबलियां आपके ऊपर सूट करेगी तो आप मेटल से बनी चंदबलिया ट्राई कर सकते है। चलिए आपको कुछ न्यू डिजाइन वाली मेटल वर्क वाली चंदबलिया के बारे में बताते हैं

***मिरर वर्क चंदबलिया***

मिरर वर्क वाली चंदबलिया काफी ट्रेंड में है और ये आपके ड्रेसअप के साथ एकदम परफेक्ट मैच करेगी। इनमें गोल्डन चांदबाली में मिरर वर्क किया हुआ है साथ ही इनमें 3 झुमकी लगी हुई है। आप इस तरह की चांदबाली को लहंगे या फिर साड़ी के साथ मैच करके स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की चंदबलियां के डिजाइन आपको ***ऑनलाइन या ऑफलाइन मिल जाएंगे।***


***सिल्वर चांदबाली***

अगर आप सूट पहन रही है तो इस तरह की सिल्वर चांदबाली पहने सकते हैं। वहीं, आप इसको लॉन्ग ड्रेस या मैक्सी ड्रेस के साथ भी कैरी कर सकते हैं। यह सिल्वर चांदबाली जहां राउंड शेप में है तो वहीं इन चांद बालियों में घुंगुर लगे हुए हैं। इन्हें आप ऑनलाइन ले सकती है या फिर बाजार से भी खरीद सकती है।

***क्रिसेंट डिजाइन चांदबाली***

यह चांदबाली आप गाउन या लहंगे के साथ मैच करके स्टाइल कर सकते हैं। ये क्रिसेंट डिजाइन में है और इनमें मोतियों का वर्क किया गया हैं। इस तरह की चांद बालियां आपको आसानी से कई सारे ऑप्शन में मिल जाएंगी। वहीं ये क्रिसेंट डिजाइन चांदबाली आपको आराम से 200 रुपये तक मिल जाएगी।

# फेस टैपिंग से क्या सचमुच में झुर्रियां दूर होती हैं? जानें एक्सपर्ट की राय



आजकल लोगों की स्किन पर झुर्रियां दिखने लगती है, समय से पहले ही त्वचा बूढ़ी नजर आने लगती है। इसका कारण तनाव और खराब जीवनशैली भी हो सकता है। जिसके कारण चेहरे पर फाइन लाइन्स और रिंकल्स की समस्या नजर आने लगती है। झुर्रियों को कम करने के लिए लोग बाजार से तरह-तरह की क्रीम और महंगे ब्यूटी प्रोडक्टस खरीदते हैं। लेकिन फिर भी इन उत्पादों की मदद से झुर्रियों की समस्या कम नहीं होती। ऐसे में लोग थेरेपी और मसाज की ओर भागते हैं। कुछ लोगों का मानना है कि टैपिंग तकनीक की मदद से झुर्रियों की समस्या को दूर किया जा सकता है। चलिए आपको बताते हैं इस पर एक्सपर्ट की क्या राय है।

***क्या फेस टैपिंग करने से झुर्रियां दूर होती हैं?***

कई लोग यह दावा करते है कि फेस टैपिंग तकनीकी की मदद से झुर्रियां दूर हो जाती है। हालांकि, यह एकदम सच नहीं है। एक्सपर्ट के मुताबिक, फेस टैपिंग तकनीक की मदद से कुछ हद तक स्किन में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है लेकिन इससे झुर्रियां कम नहीं होती। हालांकि आप अपने स्किन केयर रूटीन में फेस टैपिंग तकनीक को शामिल कर सकते हैं। इस तकनीक की मदद से क्रीम या लोशन आसानी से स्किन में एब्सॉर्ब हो जाएंगे। फेस टैपिंग तकनीक की मदद से चेहरे का ब्लड सर्कुलेन बेहतर होता है और कोलाजन का उत्पादन बढ़ता है जिससे झुर्रियां समय से पहले नहीं आतीं।

**झुर्रियां कम करने के लिए क्या करना सही हैं?**

- झुर्रियां को कम करने के लिए बोटोक्स करवाएं। इस ट्रीटमेंट से मांसपेशियों में आराम मिलता है और फेस की झुर्रियां भी कम हो जाती है।

- डर्मल फिलर्स की सहायता से हायालूरोनिक एसिड, कैल्शियम हाइड्रॉक्सीलापेटाइट और पॉली-एल-लैक्टिक एसिड जैसे पदार्थो का उपयोग करके त्वचा को भरने और झुर्रियों को कम करने के लिए इंजेक्शन दिए जाते हैं।

- लेजर थेरेपी के जरिए कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा मिलता है और झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है।

- अगर आप भी झुर्रियां दूर करना चाहते हैं तो माइक्रोनीडलिंग में त्वचा की सतह पर छोटी-छोटी सुई से छेद बनाए जाते हैं, जिससे कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा मिलता है और झुर्रियां कम करने में मदद मिलती है।

# ग्लोइंग त्वचा के लिए हरा धनिया किसी चमत्कार से कम नहीं, इस तरह से स्किन केयर रुटीन में शामिल करें



स्किन चमकदार बनी रहे इसके लिए महिलाएं बहुत सारे तामझाम करती है। कई सारे उपाय करती हैं लेकिन फिर भी बेहतर परिणाम नहीं मिलते। हालांकिस हरा धनिया का उपाय स्किन के लिए बेहद ही फायदेमंद है। ग्लोइंग त्वचा के लिए हरा धनिया का यूज किया जा सकता है। हरे धनिया में कई सारे गुण पाए जाते हैं और ये सभी गुण स्किन के लिए काफी फायदेमंद होते है। चलिए आपको बताते हैं हरा धनिया स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होता है।

***हरा धनिया है त्वचा के लिए फायदेमंद***

हरा धनिया में भरपूर मात्रा में विटामिन सी और एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं साथ ही इसमें एंटीमाइक्रोबियल, एंटी फंगल और एंटीसेप्टिक गुण भी होते हैं जो सेहत के साथ-साथ त्वचा के लिए फायदेमंद होता है। एक्सपर्ट के मुताबिक, हरे धनिया के इस्तेमाल करने से जहां दाग-धब्बों की समस्या कम होगी तो वहीं स्किन पर ग्लो भी आएगा।

***इस तरह से करें इस्तेमाल***

- पहले आप हरे धनिया को अच्छे से पीस लें।

- इसमें शहद और नींबू का रस मिला लें।

- इस पेस्ट को चेहरे पर अप्लाई करें।

- 30 मिनट तक चेहरे पर लगाएं और फिर मसाज करें।

- चेहरा धोने के बाद मॉइस्चराइज करें।

- इस उपाय को हफ्ते में 2 बार करें।

# ऑफिस में कंफर्टेबल और स्टाइलिश लुक पाने के लिए पहनें ऐसी फुटवियर, हर कोई देखेगा पलट-पलटकर



शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति होगा, जो अपने ऑफिस में स्टाइलिश न दिखना चाहता हो। यही कारण है कि मौसम के हिसाब से लोग ऑफिस के आउटफिट से लेकर फुटवियर तक में बदलाव करते हैं। वहीं खासकर गर्मी के मौसम में यदि कपड़ों व जूतों में बदलाव न किया जाए, तो आपको परेशानी हो सकती है।

गर्मी के मौसम में न तो सर्दी वाले कपड़े चल सकते हैं और न जूते व फुटवियर। ऐसे में कई बार लोगों को यह समझ नहीं आता है कि ऑफिस में कैसे फुटवियर पहनकर जा सकते हैं। जो आरामदायक होने के साथ आपको स्टाइलिश दिखा सकें। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको फुटवियर के कुछ ऐसे विकल्प बताने जा रहे हैं। जो गर्मी के मौसम में ऑफिस के लिए परफेक्ट फुटवियर हैं।

***स्नीकर्स***

बहुत सारी लड़कियां गर्मियों के मौसम में पैरों में टैनिंग की समस्या का डर सताता है। ऐसे में आप स्नीकर्स पहनकर ऑफिस जा सकती हैं। दो काफी ज्यादा कंफर्टेबल होते हैं और इससे पैर हमेशा ढके रहते हैं। जिससे टैनिंग का खतरा कम होता है।

***कोल्हापुरी चप्पल***

अगर आपको ऐसे फुटवियर पहनना पसंद है, जो पहनने में कंफर्टेबल हो। तो आपके लिए कोल्हापुरी चप्पल काफी अच्छा ऑप्शन साबित हो सकती हैं। यह चप्पलें जींस और कुर्ती के साथ काफी कमाल की लगती हैं। वहीं सूट के साथ भी यह चप्पलें काफी अच्छी लगती हैं।

***मोजरी***

इस तरह के फुटवियर वेस्टर्न के साथ ही एथनिक पर भी काफी ज्यादा खूबसूरत लगते हैं। ऑफिस में आप इस तरह की मोजरी पहनकर जा सकती हैं, जो देखने में काफी ज्यादा प्यारी लगती हैं।

***फ्लैट्स***

बहुत सारे लोगों के पैरों में काफी ज्यादा पसीना आता है। ऐसे में आप पैरों के पसीने से बचने के लिए फ्लैट चप्पल कैरी कर सकती हैं। जो देखने में कमाल की लगती हैं और इस तरह के फ्लैट चप्पलें आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगी।

# डार्क सर्कल्स से पाना है छुटकारा तो घर पर बनाएं आई सीरम



डार्क सर्कल्स की समस्या आज के समय में बेहद आम है। नींद की कमी या स्क्रीन का बहुत अधिक इस्तेमाल करने के कारण आंखों के नीचे काले घेरे नजर आने लगते हैं। ऐसे में अक्सर हम सभी मार्केट में मिलने वाले तरह-तरह के आई प्रोडक्ट्स में इनवेस्ट करना शुरू कर देते हैं। जबकि अगर आप चाहें तो नेचुरल तरीकों से भी डार्क सर्कल्स की अपीयरेंस को कम कर सकते हैं। मसलन, डार्क सर्कल्स को दूर करने के लिए आई सीरम बनाना एक अच्छा विचार है। आई सीरम डार्क सर्कल्स को कम करने के साथ-साथ आपके अंडर आई एरिया को हाइड्रेट भी करता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ होममेड आई सीरम के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप भी अपने घर पर खुद आसानी से बना सकते हैं।

***खीरा और एलोवेरा से बनाएं सीरम***

खीरा एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो सूजन को कम करने और काले घेरों को कम करने में मदद कर सकता है। वहीं एलोवेरा जेल में विटामिन ए, सी और ई होते हैं, जो आंखों के आसपास की स्किन को हाइड्रेट और शांत करने में मदद करते हैं।

# मौसम विभाग ने कहा- दो दिन बाद मिल सकती है गर्मी से राहत, नौ राज्य ऑरेंज अलर्ट पर

**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, बिहार सहित देश उत्तर-मध्य के राज्य नौतपा के दिनों में झुलस रहे है। 30 मई तो दिल्ली का पारा 50 डिग्री पार कर गया है। वहीं गर्मी के साथ जल संकट ने आम आदमी की परेशानी और बढ़ा दी है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले एक-दो दिन तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा, इसके बाद कुछ राहत मिलने लगेगी। मौसम विभाग ने आज (शुक्रवार) के लिए नौ राज्यों में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। अनुमान है कि तापमान में मध्यम गिरावट की वजह से अगले 2-3 दिनों के दौरान भीषण गर्मी से कुछ निजात मिल जाएगी। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमोत्तर भारत और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए राहत मिलने की भी बात कही है। आईएमडी (इंडियन

**प्रकोप**

**मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले एक-दो दिन तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा**

मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट) ने एक बयान में कहा कि आने वाले पश्चिमी विक्षोभ का असर यहां दिखने वाला है। अरब सागर से उत्तर-पश्चिम भारत की ओर बहने वाली दक्षिण-पश्चिमी हवा के कारण कुछ स्थानों पर बारिश या तूफान की स्थिति बन सकती है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 1 जून तक भारत के बड़े हिस्से में शुष्क मौसम की स्थिति के साथ-साथ अत्यधिक गर्म लहर चलने की संभावना व्यक्त की है। इसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार,



झारखंड, राजस्थान, ओडिशा, मध्य प्रदेश आदि शामिल हैं। आईएमडी वैज्ञानिक सोमा सेन ने कहा है कि बीते 24 घंटों में बिहार, झारखंड, ओडिशा में गर्मी के कारण काफी मौतें हुई हैं। उन्होंने संभावना जताई है कि शनिवार से इन क्षेत्रों में लू की स्थिति धीरे-धीरे कम होने लगेगी।

फिलहाल मौसम विभाग ने आज (शुक्रवार) के लिए पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, बिहार और झारखंड समेत कई और राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस बीच राजस्थान में देश में सबसे ज्यादा तापमान दर्ज किया गया है। कई जगहों पर 50 डिग्री के पार पहुंच चुका है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में तापमान और नीचे लुढ़कने की संभावना है। भीषण गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिलती दिख रही है। कई इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। यहां एक नए पश्चिमी विक्षोभ की एंट्री होने वाली है। इससे आंधी-बारिश का दौर देखने को मिल सकता है हालांकि अगले चार-पांच दिनों तक राज्य के कुछ इलाकों में धूल भरी तेज हवाएं भी चलेंगी।

उत्तर प्रदेश में गर्मी ने कहर बरस रहा है। भीषण गर्मी की वजह से जनजीवन के साथ वन्य जीवन भी प्रभावित हो रहा है। कई जिलों में तापमान 48 डिग्री के पास पहुंच चुका है। सबसे ज्यादा गर्मी झांसी में पड़ रही है, जहां पारा 49 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने वाला है। उसके बाद 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जा सकती है।

# यौन शोषण मामलों में फंसे रेवन्ना 6 जून तक पुलिस हिरासत में

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना को गुरुवार को यौन शोषण के मामलों में 6 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। बेंगलुरु की एक अदालत ने फैसला सुनाते हुए रेवन्ना को प्रतिदिन अपने वकील से मिलने की अनुमति दी है।

रेवन्ना मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) कर रहा है। एसआईटी ने रेवन्ना पर लगे तीन यौन शोषण के मामलों में 15 दिनों की रिमांड मांगी थी।

यौन उत्पीड़न मामले में वांछित जनता दल (सेक्युलर) से निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना को शुक्रवार सुबह मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया गया। बीती आधी रात करीब 35 दिनों बाद स्वदेश लौटे प्रज्वल को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उतरते ही एसआईटी ने हिरासत में ले लिया था।

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के सांसद पौत्र प्रज्वल रेवन्ना पिछले एक माह से चर्चा में हैं। हासन से लोकसभा चुनाव लड़ रहे सांसद प्रज्वल रेवन्ना अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदान होने के बाद 26 अप्रैल को जर्मनी चले गए थे। उनके



प्रज्वल रेवन्ना पर उनके यहां काम करने वाली महिला कर्मचारी ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। उन पर कथित रूप से कुछ और महिलाओं के यौन शोषण का भी आरोप है। इसके कुछ अश्लील वीडियो भी उपलब्ध होने का दावा किया जा रहा है।

खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद एक अदालत ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। इंटरपोल ने भी उनके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया था। इधर, बतौर सांसद उनके राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

# लोकसभा चुनाव 2024: सोशल मीडिया पर मतदाता जागरुकता में राजस्थान देश में अव्वल



**जयपुर (हि.स.)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सोशल मीडिया रैंकिंग में राजस्थान ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। आयोग द्वारा देशभर में सोशल मीडिया (एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब) पर मतदाता जागरुकता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर यह रैंकिंग जारी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने इस उपलब्धि पर सभी को बधाई दी है। गुप्ता ने बताया कि आयोग द्वारा अप्रैल माह में सोशल मीडिया के प्रदर्शन के आधार पर जारी रैंकिंग में राजस्थान और झारखंड ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। सीईओ राजस्थान के एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब अकाउंट्स पर अप्रैल में माह में करीब 11 लाख इम्प्रेशन मिले हैं। सबसे अधिक 6.83 लाख इम्प्रेशन एक्स पर मिले हैं। इस दौरान एक्स पर पोस्टिंग 240 फीसदी तक बढ़ाई गई। इम्प्रेशन भी 188 फीसदी बढ़ गए। एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब अकाउंट्स पर 66,700 से अधिक फॉलोवर थे और अप्रैल में इनकी संख्या 3,400 बढ़ गई। लोकसभा आम चुनाव के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई गई। सीईओ राजस्थान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रीजनल कंटेंट को मोटिवेशनल स्लोग्नस के साथ पोस्ट किया गया। मतदान प्रक्रिया सहित सभी अन्य आवश्यक जानकारी को मतदाताओं तक पहुंचाया गया। राज्य में मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विशेष 'मीम' सीरीज भी चलाई गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट के लिए विशेष एसओपी बनाकर जिला स्तर तक भेजी गई।

साथ ही, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए हैशटैग के साथ पोस्ट किए गए। इसमें सी-विजिल, वीएचए, केवाईसी, सक्षम, सुविधा एप और मतदान के लिए निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज, मतदान दिवस एवं समय सहित अन्य जागरुकता गतिविधियों से जुड़ी पोस्ट्स की गई। गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया हैंडल्स की 500 से अधिक पोस्ट को राजस्थान के हैंडल्स पर पुनः प्रभावी तरीके से रीपोस्ट किया गया। निर्वाचन विभाग के सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर अप्रैल माह में दोनों चरणों के मतदान के दौरान करीब 500 क्रिएटिव डिजाइन सहित लगभग 2,500 पोस्ट की गईं।

# संविधान और आरक्षण को लेकर भ्रम फैला रहा विपक्ष विहिप अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार

**■ 24 मई से शुरू हुए बजरंग दल के प्रशिक्षण वर्ग में 23 सांगठनिक जिलों के 122 प्रशिक्षणार्थियों को संगठन की रीति नीतियों का प्रशिक्षण दिया गया।**



**हरिद्वार (हि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में संविधान बदलने का जो मुद्दा विपक्ष द्वारा उठाया जा रहा है, वह पूरी तरह झूठ है। संविधान बदलने जैसी कोई बात नहीं है। इससे बड़ा कोई झूठ नहीं है।

गुरुकुल महाविद्यालय में आयोजित बजरंग दल के प्रशिक्षण वर्ग के समापन के दौरान शुक्रवार को पत्रकार वार्ता करते हुए आलोक कुमार ने कहा कि संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने जैसे मुद्दे उठाकर विपक्ष भ्रम फैला रहा है और समाज को बांटने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि विहिप का स्पष्ट मत है कि आरक्षण तब तक चलना चाहिए, जब तक समाज में समानता नहीं आ जाती। जब अनुसूचित समाज स्वयं कहे कि समाज में व्याप्त असमानता समाप्त हो चुकी है, तो इस पर विचार किया जाना चाहिए।

अयोध्या में राम मंदिर के संबंध में उन्होंने कहा कि मंदिर की पहली मंजिल पर महर्षि वाल्मीकि, माता शबरी, जटायु, वशिष्ठ और विश्वामित्र की मूर्ती स्थापना करने का काम चल रहा है, जो कि इस वर्ष के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। काशी, मथुरा के सवाल पर उन्होंने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। हमारे तथ्य और तर्क मजबूत हैं। फैसला हिंदू समाज के पक्ष में आने की पूरी उम्मीद है। हाल ही में आयी हिंदू-मुस्लिम आबादी रिपोर्ट पर उन्होंने कहा कि जनसांख्यिकी संतुलन बनाए जाने की आवश्यकता है।

विश्व हिन्दू परिषद प्रचार प्रसार विभाग के प्रांत प्रमुख पंकज चौहान ने बताया कि 24 मई से शुरू हुए बजरंग दल के प्रशिक्षण वर्ग में 23 सांगठनिक जिलों के 122 प्रशिक्षणार्थियों को संगठन की रीति नीतियों का प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर महामण्डलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, स्वामी आर्षदेव, योगी सोमनाथ, विहिप प्रांत मंत्री धीरेंद्र शर्मा, प्रांत संगठन मंत्री अजय कुमार, बजरंग दल प्रांत संयोजक अनुज वालिया, विहिप प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख पंकज चौहान समेत अन्य मौजूद थे।

## चारधाम यात्रा में अब तक 71 तीर्थयात्रियों की मौत

**देहरादून (हि.स.)।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा शुरू होने के 22 दिन में 71 तीर्थयात्रियों ने दम तोड़ दिया है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो तीन तीर्थयात्रियों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा 34 तीर्थयात्रियों की मौत केदारनाथ में हुई है। अधिकतर तीर्थयात्रियों की मौत हार्टअटैक और पल्मोनरी एडिमा (फेफड़ों की वायु कोशिकाओं में तरल पदार्थ की मात्रा अधिक होने) के कारण हुई है।

चारधाम बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां पर ठंड के साथ ऑक्सीजन की कमी से सांस से संबंधित दिक्कतें आती हैं। 10 मई से शुरू हुई चारधाम यात्रा में 22 दिनों में हृदय गति रुकने, पल्मोनरी एडिमा, हाईपोथर्मिया (शरीर का तापमान कम होने पर हृदय गति रुक जाती है) और सिर पर गंभीर चोट से अब तक 71 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है।

## सात देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में इक्वाडोर, यूनाइटेड किंगडम, कुवैत, न्यूजीलैंड, गिनी, फिजी और चीन के राजदूतों व उच्चायुक्तों से परिचय पत्र स्वीकार किए।

राष्ट्रपति भवन के अनुसार अपने परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में इक्वाडोर के राजदूत फर्नांडो जेवियर बुचेली वर्गास, यूनाइटेड किंगडम की उच्चायुक्त लिंडी एलिजाबेथ कैमरून, कुवैत के राजदूत मेशल मुस्तफा जे अलशेमाली, न्यूजीलैंड के उच्चायुक्त पैट्रिक जॉन राटा, गिनी के राजदूत अलासेन कोंटे, फिजी के उच्चायुक्त जगन्नाथ सामी और चीन के राजदूत जू फेइहोंग शामिल थे।

# इमरान खान ने कहा, मुझे जनरल बाजवा पर भरोसा करने का अफसोस

**इस्लामाबाद (हि. स.)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बृहस्पतिवार को कहा कि पद पर रहते हुए किए गए कार्यों में से जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा पर भरोसा करने का उन्हें अफसोस है। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन सेना प्रमुख ने दूसरा सेवा विस्तार पाने के लिए उनके बारे में ''कहानियां'' फैलाई। ज्ञात रहे कि इमरान खान लंबे समय से जेल में बंद हैं।

विपक्ष ने अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए 71 वर्षीय खान को सत्ता से अपदस्थ कर दिया था। खान ने बाजवा पर उनकी सरकार के खिलाफ अहम भूमिका निभाने का आरोप लगाया था।पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान वर्तमान में कई मामलों में अदियाला जेल में बंद हैं। उन्होंने पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व की आलोचना की। इमरान खान ने यह बात डॉन अखबार के पत्रकार मेहदी हसन को दिए साक्षात्कार में व्यक्त किए हैं।



खबर के मुताबिक जब खान से पूछा गया कि उनको कारागार में डालने के लिए वह किसे जिम्मेदार मानते हैं, तो पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, ''मुझे पूरा यकीन है कि यह सब जनरल बाजवा का किया धरा है। मैं इसके लिए किसी और को जिम्मेदार नहीं मानता। उन्होंने इसकी सावधानीपूर्वक योजना बनाई और उसे अंजाम दिया, खुद को एक धोखेबाज व्यक्ति के रूप में पेश किया, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अराजकता फैलाने के लिए झूठ और झूठी कहानियां गढ़ीं। यह सब उन्होंने अपने सेवा विस्तार के लिए किया।''

खान ने कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर उन्होंने 2019 में जनरल बाजवा के लिए तीन साल का सेवा विस्तार मंजूर किया था। यह मंजूरी उनके सेना प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त होने से बमुश्किल तीन महीने पहले दी गई थी। हालांकि, 2022 में 'बोल न्यूज' को दिए गए एक साक्षात्कार में खान ने कहा था कि उन्होंने सेवा विस्तार देकर गलती की है।खान ने अपने साक्षात्कार में कहा, ''वह (बाजवा) लोकतंत्र और पाकिस्तान पर अपने कार्यों के हानिकारक प्रभाव को समझने में पूरी तरह विफल रहे।''

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अब भी मानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन उन्हें पद से हटाने में शामिल था।

# संयुक्त राष्ट्र पदक से भारतीय शांतिरक्षक नायक धनंजय कुमार सिंह मरणोपरांत सम्मानित

**संयुक्त राष्ट्र (हि. स.)।** संयुक्त राष्ट्र के तहत सेवा देने के दौरान अपनी जान गंवाने वाले भारतीय शांतिरक्षक नायक धनंजय कुमार सिंह उन 60 से अधिक सैन्य, पुलिस और नागरिक शांतिक्षकों में शामिल हैं जिन्हें कर्तव्य के दौरान सर्वोच्च बलिदान के लिए गुरुवार को यहां मरणोपरांत प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र पदक से सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर भारतीय शांतिरक्षक मेजर राधिका सेन को '2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' प्रदान किया गया।

नाइक धनंजय कुमार सिंह ने 'यूनाइटेड नेशन्स ऑर्गेनाइजेशन स्टैबिलाइजेशन मिशन इन द डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ द कांगो' (एमओएनयूएससीओ) के तहत काम किया था। उन्हें संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह के दौरान मरणोपरांत 'डैग हैमरस्कजॉल्ड' पदक से सम्मानित

**यूनाइटेड नेशंस**

**मेजर राधिका सेन को '2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर का अवार्ड'**

किया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संरा महासचिव एंतोनियो गुतारेस से यह पदक प्राप्त किया।'यूनाइटेड नेशन्स ऑर्गेनाइजेशन स्टैबिलाइजेशन मिशन इन द डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ द कांगो' (मोनुस्को) में सेवा दे चुकीं मेजर सेन को भी विश्व निकाय के मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने प्रतिष्ठित '2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर



एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' से सम्मानित किया।वर्ष 2016 में स्थापित यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट अवार्ड शांति और सुरक्षा पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1325 के सिद्धांतों को बढ़ावा देने में शांतिरक्षक के समर्पण और प्रयासों को मान्यता देता है।वह मेजर सुमन गवानी के बाद इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने वाली दूसरी भारतीय शांति रक्षक हैं। मेजर गवानी ने दक्षिणी सूडान में संयुक्त राष्ट्र के मिशन में सेवा दी थी और उन्हें 2019 में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लगा बड़ा झटका, हश मनी केस में दोषी करार

**वाशिंगटन (हि.स.)।** राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका लगा है। हश मनी केस में कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रम्प



सभी 34 आरोपों में दोषी ठहराया है। अदालत ने फैसला सुनाने से पहले करीब 10 घंटे तक विचार-विमर्श किया। ट्रम्प की सजा को लेकर 11 जुलाई को सुनवाई होगी। ट्रंप ने इस फैसले को शर्मनाक और धांधली वाला बताया है।

हश मनी केस में अदालत की तरफ से डोनाल्ट ट्रम्प को दोषी करार दिए जाने के बाद अमेरिका के इतिहास में पहला ऐसा मामला है जब मौजूदा या पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ आपराधिक मामला चला और उसे दोषी ठहराया गया। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं।

ट्रम्प पर 2016 में हुए राष्ट्रपति चुनाव से पहले पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप रहने के बदले पैसों का भुगतान करने (हश मनी) की बात छिपाने और अपने कारोबारी रिकॉर्ड में हेरफेर करने के 34 आरोप हैं।

दोषी करार दिए जाने के बाद ट्रम्प के इसी साल नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवारी पर सवाल खड़े हो सकते हैं। हालांकि अमेरिकी संविधान में आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से रोकने वाला कोई कानून नहीं है, जेल में बंद व्यक्ति भी राष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकता है।

## दक्षिण अफ्रीका आम चुनाव : अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस शुरुआती नतीजों में 43 प्रतिशत वोट के साथ बनाई बढ़त



**जोहानिसबर्ग (हि.स.)।** दक्षिण अफ्रीका में एक बार फिर से सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) एक बार फिर सत्ता में वापसी कर सकती है। एएनसी ने आम चुनाव के शुरुआती नतीजों में करीब 43 प्रतिशत वोट के साथ बढ़त बना ली है। जबकि विपक्षी डेमोक्रेटिक अलायंस को 26 प्रतिशत मत हासिल हुए। देश में 23 हजार मतदान केंद्रों पर जारी मतगणना के नवीनतम आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बुधवार को हुए चुनाव के अंतिम नतीजे रविवार को ही उपलब्ध होंगे। विश्लेषकों का कहना है कि अभी भी यह पुष्टि करना जल्दबाजी होगी कि एएनसी अपना बहुमत खो देगी। यह अनुमान लगाया जा रहा था कि राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी 30 साल पहले नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार अपना बहुमत खो सकती है।

निर्वाचन आयोग द्वारा गुरुवार की सुबह 11 बजे साझा किये गये नतीजों के अनुसार एएनसी को लगभग 43 प्रतिशत मत मिले हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक अलायंस को 26 प्रतिशत वोट मिले और इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) पार्टी लगभग आठ प्रतिशत वोट के साथ तीसरे स्थान पर है। राष्ट्रीय और प्रांतीय चुनावों में 52 राजनीतिक दल और पहली बार बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं। राष्ट्रपति रामाफोसा को पूरा विश्वास है कि उनकी पार्टी सत्ता में वापस करेगी। पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को न्यायालय की अवमानना के आरोप के कारण संसद के लिए चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था, लेकिन उनका नाम मतपत्र में है।

# नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन की आपात बैठक, माधव नेपाल भी रहे मौजूद

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल में सीपीएन (एमसी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के एक प्रमुख नेता के विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होने के बाद उत्पन्न राजनीतिक परिस्थितियों के बीच शुक्रवार को गठबंधन के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की आपात बैठक हुई।

काठमांडू के सिंहदरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (एमसी) के प्रमुख पुष्पकमल दाहाल प्रचंड की मौजूदगी में हुई इस बैठक में सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली और अन्य घटकदलों के प्रमुख नेता भी मौजूद रहे। विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने वाले सीपीएन (यूएस) के प्रमुख माधव कुमार नेपाल को भी इस बैठक में बुलाया गया। नेपाल से विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया। सीपीएन (यूएस) के सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग होने पर सरकार अल्पमत में आ जाएगी। प्रतिनिधि सभा में सीपीएन (एमसी) के 10 सदस्य हैं।



बैठक के बाद केपी शर्मा ओली ने मीडियाकर्मियों से संक्षिप्त बातचीत में कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति को लेकर चर्चा हुई है। माधव नेपाल ने विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होने को लेकर अपना पक्ष रखा। हालांकि माधव नेपाल ने बैठक से बाहर आने पर कोई भी प्रतिक्रिया देने से इनकार किया।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने दावा किया कि सरकार पर संकट के बादल फिलहाल छट गए हैं और सरकार को कोई खतरा नहीं है। सरकार गिराने और गठबंधन तोड़ने का विपक्षी दलों का प्रयास विफल कर दिया गया है। प्रचंड ने भरोसा दिलाया कि यह गठबंधन निरंतर चलने वाला है।

# जौनपुर में भीषण गर्मी के चलते मृतकों की बढ़ी संख्या





- रामघाट शवदाह स्थल पर सैकड़ों लाशें पहुंचने पर लकड़ी के दाम हुये दुगुने
- शवदाह स्थल पर लगातार शव जलाने के चलते 3 डोमराज की तबीयत बिगड़ी

**अवधनामा संवाददाता**

**राम घाट, जौनपुर।** पचहटियां में स्थित राम घाट शवदाह स्थल पर भीषण गर्मी होने के कारण इन दिनों मरने वालों की संख्या में भारी वृद्धि देखी गई। घाट के पास रहने वाले स्थानीय विशाल चौहान ने पंजीकरण कार्यालय से बताया कि बीते गुरुवार की रात से अब तक 300 से अधिक लाशों का शवदाह संस्कार किया जा चुका है जिसमें अधिकतर मरने वालों की भारी संख्या बुजुर्गों की थी। भीषण गर्मी बढ़े तापमान के कारण गुरुवार से शुक्रवार दोपहर तक 300 से अधिक शवदाह किया जा चुका है। वहीं घाट पर अधिक शव आने के कारण लकड़ियों के दामों में भारी वृद्धि देखी गयी। बताया गया कि जहां पिछले दिनों 1 मन लकड़ी के दाम 350 रूपये थे, वहीं लकड़ी की कमी आवक कम होने से वर्तमान में 1 मन की कीमत 600 से 700 रुपए तक पहुंच गया है। दिन–रात सैकड़ों शवदाह होने के कारण घाट पर रहने वाले डोम राजा भी हैरान नजर आये। अन्त्येष्टि स्थल पर शवदाह के लिये स्थान कम पड़ जा रहा है। लाशों के आने का सिलसिला भी थम नहीं रहा है। घाट स्थल पर कई लाशें अन्तेष्टि के लिए लाइन में पड़ी रहती हैं। उधर पंजीकरण कराने वालों की भीड़ कार्यालय पर जुटी हुई है। इस बाबत पूछे जाने पर डोम राजा लखेदु ने बताया कि सामान्य दिनों में 40 से 50 लाशें आती थीं। भीषण गर्मी में बीते गुरवार से अब तक 300 लाशों का लगातार शवदाह करने के दौरान सरमन, रामा, पवन डोमराज की तबियत खराब हो गयी। निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन दिनों कोरोना महामारी से अधिक लाश शवदाह के लिए दिन–रात आ रही है। वाराणसी के गंगा घाट पर शव दाह संस्कार करने की जगह नहीं है। लाशों को लम्बी कतार घाट पर लगी है। उन्होंने बताया कि वाराणसी, आजमगढ़ आदि जनपदों से कई लोग रात में शव लेकर दाह संस्कार करने राम घाट आए थे। 1 जून को वाराणसी में मतदान होने के कारण बाहरी वाहनों का प्रवेश वर्जित होने के कारण रामघाट शव दाह स्थल पर अधिक शव आने की सम्भावना जतायी जा रही है।

## राम घाट पेयजल स्थल पर गन्दगी का अम्बार



**राम घाट, जौनपुर।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रदेश सरकार जहां जगह–जगह साफ–सफाई अभियान चला रही है और शुद्ध पेयजल शौचालय की व्यथा कर रही है, वहीं इस भीषण गर्मी में राम घाट पर बने पेयजल स्थल पर भारी गन्दगी के बीच प्यास से बेहाल लोग कीचड़ भरे गन्दगी में पनपे मच्छरों के बीच पानी पीने को मजबूर हैं। घाट पर गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। सुलभ शौचालय व्यवस्था न होने के कारण बाहर से आने वालों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिले का मुख्य घाट होने के कारण यहां हजारों की संख्या में लोगों का आना–जाना लगा रहता है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से पेयजल स्थल की साफ–सफाई, सुलभ शौचालय बनाने की मांग किया जिससे आने वाले दिनों में लोगों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

# सम्पूर्ण आरोग्य का आधार है योगः योग गुरू जगदीश



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** नगर के मुरादगंज स्थित मधुरम न्यूरो हॉस्पिटल में योग गुरू जगदीश के सानिध्य में आम जनमास के हितार्थ आयोजित 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को समापन हो गया। इस दौरान पतंजलि युवा भारत के महाविद्यालय एवं प्रतियोगिता प्रभारी योग प्रशिक्षक जगदीश ने आम जनमास एवं हॉस्पिटल के समस्त डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ को विभिन्न प्रकार के योगासनों, पद्मासन, वृक्षासन, ताड़ासन, गरुड़ासन, सिंहासन, सुखासन, सिद्ध आसन के साथ मानसिक बीमारियों में कारगर प्राणायाम भ्रस्थिका, कपाल भाति, अनुलोम-विलोम सहित सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराते हुए उनके लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में सम्पूर्ण प्रकार के व्याधियों यथा शारिरिक, मानसिक इत्यादि के समूल समाधान का एकमात्र उपाय योग है। नियमित योग करते रहने से हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है तथा मष्तिष्क, हृदय समेत सभी अंग प्रत्यंग सदैव स्वस्थ व मजबूत रहते हैं। इस अवसर पर हॉस्पिटल के अधिष्ठाता डॉ राहुल श्रीवास्तव न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन के साथ हास्पिटल के तमाम स्टाफ उपस्थित रहे।

# तदर्थ शिक्षकों का न्यायालय के आदेश के क्रम में वेतन भुगतान अविलम्ब किया जाय



- डीएम के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट से मिला शिक्षकों का दल

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** उच्चतर माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट) के संरक्षक रमेश सिंह एवं प्रान्तीय उपाध्यक्ष डा0 राकेश सिंह की उपस्थिति में जनपदीय पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमण्डल जिलाधिकारी से मुलाकात के क्रम में उनके प्रतिनिधि नगर मजिस्ट्रेट से मिलकर वर्ष 2000 के पहले नियुक्त तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करने के लिए ज्ञापन सौंपा। इस सम्बन्ध में संघ के संरक्षक रमेश सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय ने जनपद के विभिन्न विद्यालयों के तदर्थ शिक्षकों को सेवा में बनाए रखते हुए वेतन भुगतान का आदेश दिया है। प्रदेश के अन्य कई जनपदों में उच्च न्यायालय के ऐसे ही आदेशों पर वेतन भुगतान हो रहा है लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक की हठधर्मिता के चलते जनपद के शिक्षकों का वेतन भुगतान न होने से वे भुखमरी के कगार पर पहुंच चुके हैं, इसलिए जिलाधिकारी प्रकरण में हस्तक्षेप कर वेतन भुगतान सुनिश्चित करावें। यदि इसके बाद भी जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वेतन भुगतान नहीं किया जाता है तो संगठन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तालाबंदी के लिए बाध्य होगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का होगा। इसी कड़ी में प्रतिनिधिमंडल द्वारा वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय में कार्यरत शैलेन्द्र यादव के सेवानिवृत्त होने पर संगठन के संरक्षक रमेश सिंह ने अंगवस्त्रम एवं बुकें देकर सम्मानित किया। साथ ही माध्यमिक शिक्षकों के साथ उनके उत्कृष्ट व्यवहार व कार्य हेतु संगठन द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतिनिधिमण्डल में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्ष तेरस यादव, उपाध्यक्ष राजेश सिंह के अलावा तमाम शिक्षक शामिल रहे।

# राहगीरों को गुड़ और शीतल पेय की लगी सबील



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मां चैरिटेबल ट्रस्ट व नाज़ मल्टिस्पेशियलीटी हास्पिटल की ओर से करैली रिद्धी-सिद्धी तीराहे पर गुड़ व शीतल पेय जल का स्टाल लगा कर राहगीरों को वितरित किया गया। डॉ नाज़ फात्मा ने अपने हाथों से राहगीरों को पानी पिलाया और कहा इस मौसम में लू और भीषण गर्मी की तपिश से बचने के लिए बहोत जरुरी हो तभी बाहर निकलें। एसी और कूलर से तुरंत गर्म स्थान पर निकलने से परहेज़ करें। पानी का अधिक से अधिक सेवन करें।खीरा ककड़ी और रसेदार व मौसमी फलों का अधिक सेवन करें। मैनेजर सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार भीषण गर्मी से राहत को प्रतिदिन अलग अलग स्थानों पर संस्था द्वारा ठण्डा पानी शर्बत और गुड़ का वितरण किया जा रहा। इस मौके पर डॉ नाज़ फात्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर अमित यादव, डॉ जमशेद अली, डॉ अभिषेक कनौजिया ,अर्सलान खान, फरज़न गद्दी, राजकुमार आदि सबील संचालित कराने में सहयोग किए।

# डीएम ने जिला निर्वाचन कार्यालय का किया निरीक्षण

- अधिकारियों संग बैठक करके मतगणना तैयारी को लेकर हुई मंत्रणा



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र मांदड़ ने मतगणना की तैयारी को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की जहां मतगणना के संबंध में उपस्थित समस्त अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुये मतगणना की जटिलता के संबंध में सभी को विस्तार से बताया। साथ ही निर्देशित किया कि मतगणना कार्य को गंभीरतापूर्वक संपन्न कराये। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों को अवश्य पढ़ लें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना के दिन निर्धारित समय से मतगणना स्थल पर पहुंचे। सभी अधिकारियों के बीच संवादहीनता नहीं होनी चाहिए। सभी लोग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए सकुशल निर्वाचन सम्पन्न करायें। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशों से प्रत्याशी और मीडिया को पूर्व में अवगत करा दिया गया है। साथ ही अपर जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान को निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम एक्टिव रहे। इस दौरान सभी नायब तहसीलदार और खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि एवं ईवीएम सीलिंग के संबंध में सभी निर्देश पढ़ लें। साथ ही कहा कि मतगणना स्थल पर स्टेशनरी, वीडियोग्राफी सहित विभिन्न उपकरण की जो भी आवश्यकताएं हैं, उन्हें पूर्ण कर लिया जाय। बैठक के पहले जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यालय जिला निर्वाचन का निरीक्षण करते हुये मतगणना के दौरान उपयोग में आने वाले स्टेशनरी सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन सिंह, सभी एआरओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# साहित्यकार प्रभुनारायण पाण्डेय प्रेमी हुए सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** पत्रकारिता दिवस के अवसर पर ईजा के राष्ट्रीय संरक्षक श्रमिक नेता वरिष्ठ साहित्यकार प्रभुनारायण पाण्डेय प्रेमी के घोरठ स्थित आवास पर ब्रेन्च ऑफ मजिस्ट्रेट अखिलेश सिंह एंव बाबू विश्राम राय पब्लिक स्कूल के प्रबन्ध निर्देशक प्रदीप राय ने साहित्यकार प्रेमी जो को अंगवस्तम एवं साहित्यकार पत्रकार संजय कुमार पाण्डेय को अंगवस्तम, डायरी, पेन भेटकर सम्मानित किया किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्रेन्च ऑफ मजिस्ट्रेट अखिलेश सिंह एंव प्रदीप राय ने कहा कि आज हमें वरिष्ठ साहित्यकार प्रेमी जी एंव संजय पाण्डेय को सम्मानित करके गौरव की अनुभूति महसूस कर रहा हूँ। पत्रकार गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रभुनरायणण पाण्डेय प्रेमी ने कहा कि मै बहुत आभारी हूँ जो मेरे घर आकर आप लोगों ने सम्मानित किया मै आप का आभार प्रकट करता हूँ। संजय पाण्डेय ने कहा कि आज के ही दिन हिन्दी के प्रथम समाचार पत्र उदन्त मातेण्ड का सफ़र शुरू हुआ जो आगे चलकर भारतीय पत्रकारिता की नीव रखी। आये हुए सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रबन्धक मनोज पाण्डेय पूर्व प्रधान दिनेश चौबे, नन्दलाल, राजेश द्विवेदी, बी0डी0 कुमार, विरेन्द्र यादव, सुनील गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

# पर्यटन के विस्तार के लिए टूरिस्ट कॉनक्लेव का होगा आयोजन

- अयोध्या, काशी, चित्रकूट के टूर पैकेज में प्रयागराज को भी शामिल करने के लिए तैयार होगा रोड मैप
- 200 से अधिक प्रमुख ट्रैवल एंड टूर ऑपरेटर्स करेंगे शिरकत

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ-2025 से दुनिया भर से आने वाले पर्यटकों की अपेक्षाएं जुड़ी हुई हैं। यह अवसर प्रशासनिक कुशलता, नियोजन और उनके कार्यान्वयन के लिए भी एक चुनौती है। पर्यटकों को उच्च स्तरीय सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयागराज में टूरिस्ट कॉनक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। महाकुम्भ से पूर्व प्रयागराज में उच्च स्तरीय सुविधाओं का मजबूत नेटवर्क तैयार हो इसके लिए भी पर्यटन विभाग कई तरह की तैयारियां कर रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि इसके लिए ÷टूरिज्म कॉन्क्लेव÷ का आयोजन किया जा रहा है। एक जून को एक दिवसीय टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम की अगुवाई में प्रयागराज में इसका आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश भर के 200 से अधिक प्रमुख ट्रैवल एंड टूर ऑपरेटर्स को आमंत्रित किया गया है। कॉनक्लेव में महाकुम्भ में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए उनके विचार मांगे जायेंगे। आगंतुकों से एक तरफ जहाँ पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए उनसे प्रस्ताव मांगे जायेंगे तो वहीं इसकी आपूर्ति में अभी तक की कमियों की समीक्षा भी की जाएगी। ऑपरेटर्स के साथ अधिकारियों का वन टू वन संवाद भी किया जाएगा।

### इन बिंदुओं पर होगा फोकस

**प्रयागराज।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण से उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन का तेजी से विस्तार हुआ है। इस टूरिस्ट कॉनक्लेव का मुख्य फोकस प्रयागराज में वर्ष 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ के पहले ही प्रदेश में अयोध्या, काशी, चित्रकूट और प्रयागराज को मिलाकर पर्यटन चतुर्भुज को विकसित करना है। इसमें इन तीन शहरों के साथ प्रयागराज में भी एक दिन और एक रात्रि स्टे का प्रस्ताव रखा जाएगा। प्रयागराज में पर्यटन विभाग की तरफ से लगातार कई पर्यटन स्थलों का कायाकल्प और विकास किया गया है। इन पर्यटन स्थलों का एक प्रेसेंटेशन भी कॉनक्लेव में ऑपरेटर्स के सामने किया जाएगा। कॉनक्लेव में कुछ प्रमुख निवेशकों को भी आमंत्रित किया गया है ताकि विश्व स्तरीय होटल और रिजॉर्ट की सुविधाओं के विस्तार पर सहमति बनाई जा सके।

# अहिल्याबाई होल्कर संघर्ष और प्रेरणा देने वाली महान विभूति



**अवधनामा संवाददाता**

- महिलाओं की शिक्षा और सम्मान मे अनेकों कार्य कियेः अनिल यादव

**प्रयागराज।** महारानी अहिल्याबाई होल्कर संघर्ष और प्रेरणा देने वाली महान विभूति रहीं। मालवा की महारानी अहिल्या बाई होल्कर सबसे सफल और प्रसिद्ध मराठा शासकों मे से एक रहीं। वह नारीवादी शासक, दूरदर्शी नेता, बहादुर योद्धा और बुद्धिमान एवं विद्वान महिला थीं। उक्त बातें आज अहिल्या बाई होल्कर के जन्म जयंती पर सपा कार्यालय मे आयोजित जयंती समारोह मे सपा नेता एवं एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने बतौर मुख्य अतिथि कहीं।

सपा जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव एवं यमुनापार पप्पूलाल निषाद ने कहा कि 1725 मे महाराष्ट्र के अहमद नगर के चौडी गाँव मे पिछड़े समाज के साधारण परिवार मे जन्म लेने वाली बहादुर महिला ने अपने स्वसुर एवं पति खण्डेराव की मृत्यु के बाद 11 दिसंबर 1762 को इंदौर का शासन संभाला। अपने शासन काल मे उन्होंने महिलाओं की सेना बनाया और उनके सम्मान के लिये ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय लिए। शिक्षालाय एवं देवालय बनवाये। 13 अगस्त 1795मे उनकी मृत्यु हो गई।

वक्ताओं ने कहा कि उनके संघर्ष पूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने की जरुरत है। इस मौके पर अनिल यादव, पप्पू लाल निषाद, डॉ मानसिंह यादव, दान बहादुर मधुर,राम अवध पाल, आर. एन. यादव, पूर्व प्रमुख संदीप यादव, आसुतोष तिवारी, ओ पी यादव, सुशील यादव, राजू पासी, अशोक यादव, जगदीश यादव, रेहान अहमद, नाटे चौधरी, अशोक अंजान, आदि मौजूद रहे।

# पाण्डुलिपियां ही शोध कार्य की आधार शिलाः प्रो. देवदत्त

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी प्रयागराज में आज राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय, संस्कृति विभाग, प्रयागराज द्वारा ''शोधकार्य में पाडुलिपियों का महत्व'' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रो. देवदत्त सरोदे, संयोजक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि पाण्डुलिपियां ही शोध कार्य की आधार शिला है। पांडुलिपियों में सभी ग्रन्थ उपलब्ध हैं अतः विविध विषयों पर शोध कार्य सरलता पूर्वक किया जा सकता है। सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज प्रयागराज के हिन्दी विभाग की एसो. प्रो. सरोज सिंह ने कहा कि पाण्डुलिपियों पर आधारित शोध कार्य में कठिनता अवश्य है किन्तु उसका परिणाम श्रेष्ठतम होता है। सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज प्रयागराज के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि पाण्डुलिपियाँ मौलिक ग्रन्थ है। तथा इन पर आधारित शोध निश्चय ही मौलिक होगा। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी का रिसर्च शब्द ऋषिचर्या से बना है। पब्लिक लाइब्रेरी प्रयागराज के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. गोपाल मोहन शुक्ल ने बताया कि पांडुलिपियां शोध कार्य हेतु प्राथमिक स्रोत हैं।अध्यक्षता कर रही अरबी फारसी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पूर्व अध्यक्ष प्रो. सालेहा रसीद ने बताया की यह संगोष्ठी शोध छात्र तथा उच्चशिक्षा के विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त उपयोगी है। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह से स्वागत पाण्डुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर ने किया उन्होने अपने उद्बोधन में बताया कि पाण्डुलिपियों पर आधारित शोध कार्य गुण वत्तापरक होता है।कार्यक्रम का संचालन तथा आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट प्राविधिक सहायक संस्कृत हरिश्चन्द्र दुबे ने किया। कार्यक्रम में विकास यादव, शैलेन्द्र यादव, अजय कुमार मौर्य, रोशन लाल, मो. सफीक, अभिषेक तथा एकेडेमी के प्रशासनाधिकारी गोपाल जी पाण्डेय, सन्तोष तिवारी, अंकेश श्रीवास्तव, रतन पाण्डेय, रत्नेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्ति चकबंदी अधिकारियों की दी गई विदाई

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** चकबंदी विभाग के सदस्य अधिकारियों कर्मचारियों के तरफ से सेवानिवृत एवं संचालक चकबंदी आजमगढ़ एवं सहायक चकबंदी अधिकारी श्री राम अवतार यादव का विदाई समारोह बड़े धूमधाम से नेहरू हाल में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आजाद भगत सिंह एडी एम ( एफआर ) विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, राहुल विश्वकर्मा तथा मुख्य राजस्व अधिकारी विनय गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी श्री प्रजापति ममगई द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्ति उपसंचालक चकबंदी के द्वारा कम समय में किए गए कार्यों की सराहना किया । कार्यक्रम संयोजक प्रदीप सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्ति उप संचालक चकबंदी एवं सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए विस्तार पूर्वक अपने विचारों को रखा स अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट ने राहगीरों की बुझाई प्यास

**आजमगढ़।** जिले की दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट ने एक और मिसाल पेश किया है। जहाँ संगठन की अध्यक्ष पूजा सिंह ने 48 डिग्री तापमान में राहगीरों की प्यास बुझाने कि जद्दोजहद में जुटी है। इसके लिए शहर के व्यस्ततम स्थानों जैसे पुरानी कोतवाली,जामा मस्जिद,बिलरिया की चुंगी,बड़ा देव मंदिर समेत कई स्थानों पर घड़ा रखवाकर प्याऊ की व्यवस्था की गयी है।जिसके बाद चिलचिलाती धूप में राहगीर संस्था की अध्यक्ष की कार्यो की जमकर सराहना कर रहे है। बतादें कि तेज धूप और गर्म हवाओं से लोगों के हलक सूख रहे हैं। ऐसे में जिले की दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट ने लोगों की प्यास बुझाने का काम शुरू किया है। ग्रामीण अंचलों से मुख्यालय आने वाले लोगों के लिए संगठन ने घड़े रखवाए हैं। घड़ों में पानी भरने के लिए संगठन से जुड़े लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। दुर्गा स्वरूपी अध्यक्ष पूजा सिंह सामाजिक सेवा के लिए जिले में बड़ा उदाहरण मानी जाती है। खास बात यह है कि संगठन के इन कार्यों से प्रभावित होकर अन्य महिलायें भी संगठन में तेजी से जुड़ रही है।

# भगवान जगन्नाथ जी को लगाया गया पेय का भोग

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट प्रयागराज के द्वारा प्रयागेश्वर नाथ मंदिर जगन्नाथ धाम काशी राजनगर कटघर में 50 डिग्री की बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए भगवान जगन्नाथ जी महाराज देवी सुभद्रा एवं भ्राता बलभद्र को ट्रस्ट के रथ यात्रा संयोजक बसंत लाल आजाद एवं मंत्री गगन दास गुप्ता के द्वारा शुद्ध एवं शीतल जल जीरा, लस्सी,मट्ठा एवं मैंगो सेक एवं गन्ने एवं बेल का रस का भोग लगाया गया। ट्रस्ट के रथ यात्रा सहसंयोजक राजेश केसरवानी ने बताया कि जब तक गर्मी का पारा सामान्य नहीं हो जाता तब तक भगवान जगन्नाथ जी को शीतल पेय का एवं फलों में लीची, तरबूज, खरबूजा आदि का,भोग लगाया जाता रहेगा और गर्मी को देखते हुए भगवान जगन्नाथ जी की आरती दूर से की जाएगी। इसके साथ ही ठंडी हवा के लिए कूलर की व्यवस्था ट्रस्ट के द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर अमर रस्तोगी, दाऊ दयाल गुप्ता,जय राम गुप्ता, कन्हैया लाल गुप्ता, हैप्पी कसेरा, शत्रुघ्न जायसवाल, अरुण साहू, महेश सोनी, वीरेंद्र अग्रवाल, आशीष, कृष्णा हैप्पी कसेरा आदि रहे।

# पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, आजमगढ़ के द्वारा जनपद बलिया में पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान जनपद के विकासखंड रसड़ा, गढ़वार, चिलकहर और पन्दह में विशेष जनसंपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गोष्ठियों के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन कर कुल 50 प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया एवं मतदान करने हेतु मतदान संबंधी शपथ भी दिलाई गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गोष्ठियो में आमजन को उनके एक-एक वोट का महत्व को बताया गया कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट की क्या अहमियत होती है। अभियान के दौरान लोगों से आग्रह किया गया कि वह 01 जून, 2024 को अपने मतदान बूथ पर जाकर निर्भीक होकर निष्पक्ष रूप से बिना किसी प्रलोभन के मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसी क्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो, आँचलिक कार्यालय, लखनऊ के द्वारा पंजीकृत सांस्कृतिक दल जयप्रकाश एण्ड पार्टी, बलिया द्वारा मतदाता जागरूकता पर नगरा, चिलकहर, रसड़ा, पंदह और गढ़वार ब्लॉक में संदेशप्रद लोक गीत प्रस्तुत करके लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इसके साथ-साथ जनपद बलिया के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के बीच सामूहिक वार्ता कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया और साथ में मतदाता जागरूकता संबंधित पंपलेट का भी वितरण किया गया। जनपद के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर बैनर लगाकर एवं स्टीकर चस्पा कर आमजन से वोट डालने की अपील भी की गई।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | NRDH-03-2024 |
| कार्य का विवरण | Allotment of canteen/Cafeteria at Northern Railway Divisional Hospital, Lucknow for a period of Five (03) years |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.06.24 10:00:00 |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.06.24 10:30:00 |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1619/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सुपर स्मेल्टर्स लिमिटेड और टाटा पावर रिन्यूएबल्स ने हरित ऊर्जा के लिए की साझेदारी



**कोलकाता।** सुपर स्मेल्टर्स लिमिटेड ने हाल ही में पूर्वी भारत में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए टाटा पावर रिन्यूएबल्स के साथ अपने रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के माध्यम से 5 मेगावाट क्षमता का प्लांट स्थापित किया गया है , इस अभूतपूर्व साझेदारी का उद्देश्य स्टील उत्पादन के लिए पूर्ण हरित ऊर्जा का इस्तेमाल करना है, जिससे इस क्षेत्र में सीओ2 उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आएगी। यह महत्वाकांक्षी पहल जो उल्लेखनीय 147,014 मेगावाट घंटे स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन करेगी, जो दोनों कंपनियों की स्थिरता और पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करती है। स्टील उत्पादन प्रक्रिया में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को शामिल करके, यह साझेदारी उद्योग में एक नया मानक स्थापित करेगी और एक स्वच्छ, हरित भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी। स्टील उत्पादन के लिए हरित ऊर्जा के उपयोग में बदलाव से कार्बन उत्सर्जन में 120,110 टन तक की उल्लेखनीय कमी आने का अनुमान है। यह पहल पूर्वी भारत में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए कंपनियों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह कदम 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के प्रधानमंत्री के लक्ष्य के अनुरूप है।सुपर स्मेल्टर्स लिमिटेड के अध्यक्ष और संस्थापक श्री सीताराम अग्रवाल ने इस विकास पर टिप्पणी करते हुए सौर संयंत्र के चालू होने पर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना स्वच्छ ऊर्जा के प्रति कंपनी के समर्पण को दर्शाती है और 2030 तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50% नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को पुष्टि करती है।

# देश के आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि अप्रैल में बढ़कर 6.2 फीसदी परहृह्य



**नई दिल्ली (हि.स.)।** अर्थव्यस्था के मोंचे पर अच्छी खबर है। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार अप्रैल में बढ़कर 6.2 फीसदी हो गई। इससे पिछले महीने यह 5.2 फीसदी और फरवरी में 7.1 फीसदी रही थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में सालाना आधार पर बढ़कर 6.2 फीसदी (अंतिम) हो गई है। इससे पिछले महीने मार्च में यह 5.2 फीसदी और फरवरी महीने में 7.1 फीसदी रही थी, जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 4.6 फीसदी रही थी।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अच्छी रही है। इसके अलावा कोयला, इस्पात, कच्चे तेल और सीमेंट के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।

मंत्रालय के मुताबिक अप्रैल में कोयला उद्योग की वृद्धि दर नरम पड़कर 7.5 फीसदी रह गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 9.1 फीसदी थी।

## देश के आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि अप्रैल में बढ़कर 6.2 फीसदी पर

**नई दिल्ली (हि.स.)।** अर्थव्यस्था के मोंचे पर अच्छी खबर है। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार अप्रैल में बढ़कर 6.2 फीसदी हो गई। इससे पिछले महीने यह 5.2 फीसदी और फरवरी में 7.1 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में सालाना आधार पर बढ़कर 6.2 फीसदी (अंतिम) हो गई है। इससे पिछले महीने मार्च में यह 5.2 फीसदी और फरवरी महीने में 7.1 फीसदी रही थी, जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 4.6 फीसदी रही थी।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अच्छी रही है। इसके अलावा कोयला, इस्पात, कच्चे तेल और सीमेंट के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।

## आईकू ने पूरे किए 1 मिलियन कम्युनिटी मेम्बर्स




**नई दिल्ली।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड, आईकू के ऑफिशियल आईकू कम्युनिटी डायनामिक आईकू कनेक्ट ने आज 1 मिलियन यूज़र्स पूरे किए। यह उपलब्धि ब्रांड की अपने कंज्यूमर, क्वेस्टर्स और आईकू फैन्स के लिए इनोवेशन की उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। स्नीक पीक सेशन, कम्युनिटी फर्स्ट इवेंट्स, प्रोडक्ट लॉन्च, बीजीएमआई गेमिंग सेशंस, फोटो वॉक, प्रोडक्ट फीडबैक सेशंस जैसे कई आकर्षक कार्यक्रमों और गतिविधियों से, ब्रांड ने क्वेस्टर्स के साथ गहरे रिश्ते कायम किए हैं, उनकी आवश्यकताओं को समझा है और बेहतरीन अनुभव प्रदान किए हैं।

इस उपलब्धि पर उत्साह व्यक्त करते हुए आईकू इंडिया के सीईओ श्री निपुण मार्या ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि हमारे कम्युनिटी मेम्बर्स की संख्या 1 मिलियन से अधिक हो गई है। इस सफल कम्युनिटी को बनाने का हमारा सफर हमारा यह विश्वास है कि इनोवेशन सभी के लिए है। अपने क्वेस्टर्स की बात को ध्यान से सुनकर और उनके अमूल्य फीडबैक को शामिल करके, हमने लगातार टेक्नोलॉजी में कुछ बेहतर करने की कोशिश की है ताकि अत्याधुनिक इनोवेशन का निर्माण किया जा सके जो हमारे ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करें। यह उपलब्धि हमारे कम्युनिटी के साथ हमारे मजबूत रिश्ते और अलग अलग प्राइस सेगमेंट में प्रीमियम स्मार्टफोन एक्सपीरियंस तक पहुँच को आसान बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आईकू अपने कम्युनिटी मेम्बर्स और क्वेस्टर्स के साथ जुड़ने के लिए और उनकी आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझ कर असाधारण अनुभव प्रदान करने के लिए मल्टी-सिटी मीट-अप आयोजित करता है। ब्रांड ने पूरे भारत में 47 कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनमें 2,500 से अधिक क्वेस्टर्स ने भाग लिया है। इसके अलावा, आईकू ने अपने कम्युनिटी को प्रीमियम अनुभव प्रदान करने के लिए कई पहल की हैं, जैसे कि इंटरनेशनल फैन्स मीट-अप जहां क्वेस्टर्स विदेश यात्रा करते हैं।

## भारत में गूगल वॉलेट फर्स्ट-टू-मार्केट गिफ्ट कार्ड इंटीग्रेशन लाया, जो पाइन लैब्स द्वारा संचालित होगा

**नई दिल्ली।** इस माह गूगल ने भारत में अपना बहुप्रतीक्षित गूगल वॉलेट ऐप लॉन्च किया। आज अग्रणी फिनटेक कंपनी, पाईन लैब्स ने गूगल वॉलेट पर गिफ्ट काड्र्स के सुगम




इंटीग्रेशन के लिए इसके साथ अपने सहयोग के बारे में विस्तार से बताया। ई-गिफ्टिंग द्वारा मिलने वाली 'विकल्प चुनने की स्वतंत्रता' युवाओं को आकर्षित करती है, इसलिए भारत में ब्रांड्स ग्राहकों के इस बढ़ते हुए वर्ग को सेवाएं देने की निरंतर कोशिश कर रहे हैं। गिफ्ट कार्ड के अनेक उपयोग, जैसे रिफंड जारी करना, क्रेडिट नोट, और प्रमोशनल ऑफर वृद्धि को संभव बना रहे हैं, जिससे ब्रांड्स को ग्राहकों का विश्वास जीतने और दीर्घकालिक संबंधों का विकास करने का अवसर मिल रहा है।

रिसर्च एंड मार्केट्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में गिफ्ट कार्ड का बाजार 2023 में 7.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2028 में 15.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है। गूगल वॉलेट और पाईन लैब्स के बीच इस एक्सक्लुसिव पार्टनरशिप की मदद से गिफ्ट कार्ड के सुगम उपयोग से नए एवं वर्तमान यूज़र्स को बहुत सुविधा मिलेगी और इनके उपयोग की जटिलता कम होगी। गूगल वॉलेट के यूज़र्स अपने गिफ्ट कार्ड अपने ऐप के अंदर सुगमता से स्टोर व प्रबंधित कर सकेंगे और प्वाईंट ऑफ पर्चेज़ पर ऐप द्वारा उन्हें इसका उपयोग करने की याद दिला दी जाएगी।पाईन लैब्स के प्रेसिडेंट, इश्युईंग बिज़नेस, नवीन चंदानी ने कहा, ''पाईन लैब्स को गूगल इंडिया के साथ साझेदारी करने और गूगल वॉलेट में गिफ्ट कार्ड का इंटीग्रेशन संभव बनाने की खुशी है। पिछले सालों में मर्चैंट्स द्वारा डिजिटल पेमेंट को अपनाए जाने में बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। देश में एंड्रॉयड का उपयोग करने वालों की बढ़ती संख्या के साथ हमें गिफ्ट कार्ड के उपयोग में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है क्योंकि और ज्यादा रिटेलर एवं ब्रांड अपने ग्राहक बढ़ाने, ग्राहक अनुभव में सुधार लाने और उनकी निष्ठा बढ़ाने के लिए अपनी ऑम्नीचैनल रणनीति में इसका उपयोग करेंगे।'' देश में एन्ड्रॉयड यूज़र्स की सुविधा बढ़ाने के लिए इस लॉन्च के महत्व के बारे में राम पपटला, जीएम एवं इंडिया इंजीनियरिंग लीड, एंड्रॉयड एट गूगल ने कहा, ''भारत में गूगल वॉलेट का लॉन्च एंड्रॉयड इंडिया के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## स्वर्णिम स्टार्टअप एंड इनोवेशन यूनिवर्सिटी का बलिया में प्रतिभा सम्मान समारोह, मेधावी छात्रों को सम्मानित किया



**लखनऊ।** गुजरात के गांधीनगर में स्थित स्वर्णिम स्टार्टअप और इनोवेशन यूनिवर्सिटी ने कैरियर काउंसलिंग एंड मोटिवेशनल ऑर्गनाइजेशन (सीसीएमओ) के सहयोग से हाल ही में उत्तर प्रदेश के बलिया में 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मऊ, देवरिया, जौनपुर और बलिया जिलों के 306 छात्रों की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, जिन्होंने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी के परिणाम प्राप्त किए।

सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि बलिया प्रधान श्री राम प्रताप सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन के दौरान श्री सिंह ने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपनी निरंतर कड़ी मेहनत करें और देश के विकास में योगदान देकर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र को गौरवान्वित करें। श्री सिंह के शब्द युवाओं से कहा, ÷आपकी आज की उपलब्धियां अभी शुरुआत हैं। दृढ़ संकल्प और लगन के साथ, आप और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं और हमारे राष्ट्र के उज्जवल भविष्य को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## फैशनटीवी ने लखनऊ (यूपी) में पहला, प्रीमियम एफ-सैलून लॉन्च किया

**लखनऊ।** दुनिया का सबसे बड़ा फैशन और लाइफस्टाइल मीडिया टेलीविजन चैनल, फैशनटीवी ने



लखनऊ में अपने पहले ÷एफ-सैलून बाई फैशनटीवी÷ की पेशकश की है। फैशनटीवी की पहुंच 196 देशों में है और इसके 2 बिलियन से अधिक दर्शक हैं। लखनऊ में यह सैलून पत्रकारपुरम में, सहारा प्लाज़ा के सामने, गेट नंबर 2 पर स्थित है। यह पहला प्रीमियम एफ-सैलून, फैशनटीवी, त्रिलैक कॉर्प के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया है। गौरतलब है कि त्रिलैक कॉर्प वेलनेस और ब्यूटी इंडस्ट्री में एक नया और तेजी से उभरता हुआ नाम है।

इस प्रीमियम एफ-सैलून में बाल, सौंदर्य, त्वचा, नेल आर्ट, मैनीक्योर और पेडीक्योर सर्विसेज की एक वाइड रेंज उपलब्ध है, और यह सब कुछ एफ-सैलून बाई फैशनटीवी÷ के शानदार और प्रीमियम इंटीरियर के भीतर मौजूद है। इस अवसर पर बात करते हुए, फैशनटीवी के प्रबंध निदेशक, श्री काशिफ खान ने कहा, हमें वेलनेस और सौंदर्य उद्योग में एक नए और डायनमिक प्लेयर, त्रिलैक कॉर्प के साथ साझेदारी में अपना पहला प्रीमियम एफ-सैलून लॉन्च करने की घोषणा करते हुए अपार खुशी हो रही है। एफ-सैलून को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि हमारे कुशल कर्मचारियों द्वारा दिए जाने वाले ब्यूटी और वेलनेस प्रॉडक्ट और सर्विसेज की एक विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से सौंदर्य, लग्ज़री और आराम का कभी न भूलने वाला अनुभव मिल सके। एफ-सैलून फैशनटीवी का तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है और हम पहले से ही भारत के कई शहरों में मौजूद हैं। लखनऊ में हमारा यह पहला एफ-सैलून है और यह तो अभी शुरुआत है। उद्घाटन समारोह में उपस्थित सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, डिस्ट्रीब्यूशन श्री विनायक ने कहा, एफ-सैलून बाई फैशनटीवी बहुत तेजी से बढ़ रहा है और हम अपने जैसे ही दृष्टिकोण और विचारों वाले चुनिंदा व्यापारियों के साथ साझेदारी कर रहे हैं।

## तंबाकू का उपयोग सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय



**उन्नाव/फतेहपुर।** तंबाकू का उपयोग सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है, जो मौखिक गुहा, फेफड़े, जिगर, पेट, आंत, अंडाशय और कुछ प्रकार के ल्यूकेमिया सहित कई प्रकार के कैंसर का कारण बनता है। चौंकाने वाली बात यह है कि तंबाकू विश्व स्तर पर सभी कैंसर से होने वाली मौतों में से 25% के लिए जिम्मेदार है, जिससे प्रति वर्ष अनुमानित 2.5 मिलियन मौतें होती हैं। रेजेंसी हेल्थ के वरिष्ठ सलाहकार सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. जितिन यादव ने जोर देकर कहा, युवाओं में तंबाकू का उपयोग खतरनाक रूप से उच्च है, जिससे उन्हें सीधे तौर पर कैंसर के बढ़ते जोखिम का सामना करना पड़ता है। यह उन लोगों की संख्या को कम करने के प्रयासों को कमजोर करता है जो कैंसर विकसित करते हैं और इससे मर जाते हैं। हमें अगली पीढ़ी को तंबाकू उत्पादों और भ्रामक ऑनलाइन विज्ञापनों से बचाने और ग्राहक आधार को नवीनीकृत करने के उद्देश्य से उद्योग की आक्रामक रणनीति का मुकाबला करने का कर्तव्य है।

तंबाकू उद्योग द्वारा भ्रामक विज्ञापन प्रथाओं ने भी समस्या को बढ़ा दिया है, कमजोर युवाओं को लक्षित किया है और भ्रामक विपणन अभियानों के माध्यम से तंबाकू के उपयोग को ग्लैमरस बनाया है। सोशल मीडिया प्रभावितों और ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से तंबाकू उत्पादों का निरंतर प्रचार किशोरों में धूम्रपान के व्यवहार को सामान्य बना रहा है, जिससे युवा आबादी के बीच तंबाकू के प्रयोग और लत की दर में वृद्धि हो रही है।

## एजिस का एविएशन इनफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में सराहनीय कार्य, तीन स्ट्रेटेजिक एयरपोर्ट प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन

**लखनऊ।** कंसल्टिंग, कंस्ट्रक्शन इंजीनियरिंग और मोबिलिटी सेक्टर में ग्लोबल लीडर के रूप में प्रसिद्ध एजिस ने भारत में तीन प्रमुख एयरपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को सफल रूप से पूरा किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने त्रिची एयरपोर्ट, पुणे एयरपोर्ट और लखनऊ एयरपोर्ट पर नए इंटिग्रेटेड पैसेंजर टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया, जिससे कैपिसिटी, एनर्जी एफिशिएंसी और यात्रियों के अनुभव में काफी सुधार हुआ।

एजिस दक्षिण एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप गुलाटी ने कहा, ÷हमारी यह उपलब्धि एविएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में एक्सीलेंस और इनोवेशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एजिस इस उपलब्धि को हासिल करने में अमूल्य समर्थन के लिए सभी हितधारकों और योगदानकर्ताओं का आभार व्यक्त करता है। प्रोजेक्ट साईट टीम और एजिस को अंदर एवं बाहर के योगदान देने वाले सभी साथियों को विशेष धन्यवाद।




**लखनऊ और पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स**


10 मार्च 2024 को, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों के साथ लखनऊ और पुणे एयरपोर्ट्स पर दो नए यात्री टर्मिनल भवनों का उद्घाटन किया। लखनऊ में चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एजिस की प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसलटेंसी सर्विसेस ने सुचारू काम करना शुरू किया, जिसके परिणामस्वरूप एक टर्मिनल का निर्माण हुआ जिसमें सात पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज और 76 चेक-इन काउंटर हैं।

पुणे के लोहेगांव इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर, नए टर्मिनल में दस पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज और 72 चेक-इन काउंटर शामिल हैं। एजिस की कॉम्प्रेहेंसिव डिजाईन एंड प्रोजेक्ट मेनेजमेंट कंसल्टेंसी सर्विसेस ने अत्याधुनिक सुविधाओं और सुन्दरता के साथ टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण को संभव बनाया। दोनों हवाई अड्डों में उनकी शहरों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाली शानदार कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नए टर्मिनल भवनों का अनावरण महाराष्ट्र के माननीय उपमुख्यमंत्री, श्री अजित अनंतराव पवार सहित विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया गया।

**तिरुचिरापल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट**

इन उद्घाटन के बाद इसी साल जनवरी में तिरुचिरापल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (त्रिची) की सफल डिलीवरी हुई। एजिस ने हवाई अड्डे और उसके एसोसिएटेड इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए डिजाईन एंड प्रोजेक्ट मेनेजमेंट कंसल्टेंट (पीएमसी) के रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 75,000 वर्गमीटर में फैला, नया इंटिग्रेटेड पैसेंजर टर्मिनल बिल्डिंग ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट (त्रऋद्ध॥) 4-स्टार सस्टेनेबिलिटी रेटिंग और अत्याधुनिक सुविधाओं का दावा करता है, जिसे सालाना 4.5 मिलियन यात्रियों को सेवा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## प्यार, बिछड़ाव और वियोग की भावपूर्ण यात्रा, 'ज़रूर' में अपरशक्ति खुराना और सावी कहलों की भावनाएं उमड़ीं




**नई दिल्ली।** बहुआयामी प्रतिभाशाली अपरशक्ति खुराना और उभरती हुई कलाकार, सावी कहलों अपने नए प्रेमगीत, 'ज़रूर' के लिए एक दूसरे के साथ आए हैं। दिल के तार छेड़ने के लिए भावनाओं से ओतप्रोत गीत, 'ज़रूर' में बिछड़ने के बाद एक नई शुरुआत करने के नाजुक सफर का विश्लेषण किया गया है।

''ज़रूर'' एक भावनाशील गीत है, जिसे सावी कहलों ने लिखा व कंपोज़ किया है। इसमें अपरशक्ति खुराना की मधुर आवाज ने यादों के कड़वे-मीठे अनुभवों को जगा दिया है, और एक बार फिर से खुद की तलाश करने का साहस प्रदान किया है। अपनी मौलिक और भावनाशील कहानी से श्रोताओं के दिल में उतरते हुए इस ट्रैक में मानवीय भावनाओं की जटिलता को बहुत ही उत्कृष्टता एवं प्रामाणिकता के साथ खंगाला गया है।

इस सहयोग के बारे में गायक-अभिनेता, अपरशक्ति खुराना ने कहा, ''ज़रूर के लिए काम करने का अनुभव बिल्कुल अलग और संतोष प्रदान करने वाला था। सावी पाजी के गीत और कंपोज़िशन ने मेरे हृदय को छू लिया और एक कलाकार के रूप में मुझे नए आयामों को खोजने में समर्थ बनाया। यह कंपोज़िशन सुनते ही यह मेरे हृदय में उतर गया था। मुझे विश्वास है कि ज़रूर का हर नोट आपको हमारे द्वारा बनाई गई इस भावुक रचना को महसूस करने का अवसर देगा।''

अपने वायरल ट्रैक आपा फिर मिलांगे के लिए मशहूर, सावी कहलों ने कहा, ''अपर पाजी के साथ ज़रूर बनाते हुए भावनाओं का सागर उमड़ पड़ा। उनकी मीठी आवाज ने इस ट्रैक का आभास और ज्यादा गहरा बना दिया है।

## वाराणसी को टीएमएफ की सस्टेनेबल सिटीज़ चैलेंज के लिए चुना गया

**बरेली।** टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन (टीएमएफ) ने यह घोषणा की कि टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन के सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज के भाग



के रूप में इनोवेशन चैलेंज की मेजबानी के लिए दो वैश्विक शहरों, डेट्रायट और वेनिस के साथ वाराणसी का चयन किया गया है। 9 मिलियन डॉलर की वैश्विक पहल का लक्ष्य शहरों को सस्टेनेबल मोबिलिटी की ओर तेज़ी से बढ़ने में मदद करना, स्वस्थ और सुरक्षित शहरी वातावरण को बढ़ावा देना और साथ ही लोगों के आवागमन, काम करने, अध्ययन करने और सेवाओं तक पहुँचने की क्षमता को बढ़ाना है।जून 2023 में शहरों के लिए कॉल पहली बार लॉन्च किए जाने के बाद 46 देशों के 150 से अधिक शहरों ने सस्टेनेबल सिटीज़ चैलेंज में भाग लिया । नवंबर 2023 में शॉर्टलिस्ट किए गए 10 शहरों की घोषणा की गई, जिनमें से शीर्ष 3 को फाइनलिस्ट के रूप में चुना गया। अब, चुने गए तीन शहर अपने शहरों के सिटी चैलेंज शुरू करेंगे और वैश्विक नवोन्मेषकों को उनके साथ काम करने के लिए आमंत्रित करेंगे। वाराणसी में 27 जून 2024 को सिटी चैलेंज शुरू होगा। 2024 के अंत में, शहरों की ज़रूरतों को सबसे अच्छी तरह से पूरा करने वाले समाधानों का चयन किया जाएगा। उन्हें प्रदर्शन और पायलट परीक्षण के लिए नवाचार अनुदान में प्रति शहर 3 मिलियन अमेरिकी डालर का हिस्सा मिलेगा। 2026 में, चुनौती के विजेताओं को आगे के पैमाने और कार्यान्वयन के लिए चुना जाएगा। इसका उद्देश्य शहर और विशेष रूप से वाराणसी के पुराने शहर (काशी) के भीड़भाड़ वाले इलाकों को तीर्थयात्रियों, स्थानीय निवासियों और वंचित आबादी के लिए अधिक सुरक्षित और सुलभ बनाना है। इस पहल के बारे में बात करते हुए टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन के कार्यकारी कार्यक्रम निदेशक श्री प्रस गणेश ने कहा, टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन के रूप में, हम गतिशीलता की स्वतंत्रता और व्यक्तियों तथा समुदायों के लिए ऐसी गतिशीलता के जरिये खोले जा सकने वाले अवसरों के प्रति गंभीर हैं।

## मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी विकास की गति जारी रहेगीः सीतारमण

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 फीसदी सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी की वृद्धि दर शानदार है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी विकास की गति जारी रहेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि आज के जीडीपी आंकड़ें में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 8.2 फीसदी और वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च चौथी तिमाही के लिए 7.8 फीसदी की वृद्धि दर के साथ मजबूत आर्थिक विकास को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि यह उल्लेखनीय जीडीपी वृद्धि दर दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। सीतारमण ने कहा कि यह ध्यान देने योग्य है कि विनिर्माण क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2023-24 में 9.9 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि देखी है, जो इस क्षेत्र के लिए मोदी सरकार के प्रयासों की सफलता को उजागर करती है।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड की नई पहल, हिंदी भाषा में किया आकाश आईट्यूटर का शुभारंभ

**लखनऊ।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने हिंदी माध्यम के छात्रों के लिए नया कदम उठाते हुए हिंदी भाषा में आकाश आईट्यूटर का शुभारंभ किया है। यह नई सेवा हिंदी माध्यम में छात्रों को नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) और विभिन्न स्कूल बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए शिक्षा सामग्री प्रदान करेगी। यह भारत में विभिन्न राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड के छात्रों के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में प्रशिक्षण प्रदान करने की एईएसएल की योजना का प्रतीक है। भविष्य में जेईई के लिए भी यही सुविधा प्रदान की जाएगी। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) की ओर से पिछले शैक्षणिक सत्र से राज्य भर के विभिन्न शहरों में हिंदी माध्यम के बैच सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। यह नई पहल छात्रों को उनकी शैक्षणिक आकांक्षाओं को साकार करने में मदद करेगी। छात्रों



को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता विकसित करने, उनके प्रदर्शन को सुधारने और उनके विद्यार्थी जीवन को समृद्ध करने के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस नई पहल के माध्यम से, आकाश ने छात्रों की शिक्षा में और एक चरण आगे बढ़ाने का उद्देश्य रखा है। यह सेवा छात्रों को उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाने का एक प्रयास है।

भारत के हर कोने तक पहुंचने और विविध भाषाई प्राथमिकताओं को पूरा करने के मिशन के साथ, आकाश आईट्यूटर हिंदी भाषी छात्र समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने व्यापक ऑनलाइन शिक्षण मंच का विस्तार कर रहा है। इस रणनीतिक पहल का उद्देश्य भाषा के अंतर को पाटना और नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) और विभिन्न स्कूल बोर्ड परीक्षाओं जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को सुलभ, उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक संसाधन प्रदान करना है। शिक्षा में भाषाई समावेशिता के महत्व को पहचानते हुए, हिंदी में आकाश आईट्यूटर वीडियो व्याख्यान, अध्ययन सामग्री, अभ्यास परीक्षण और संदेह-समाधान सत्र सहित कई प्रकार की सुविधाएं प्रदान करेगा, जो सभी हिंदी भाषा में प्रदान की जाएंगी। यह पहल सीखने के परिणामों को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने और छात्रों को सफल होने के लिए आवश्यक उपकरणों के साथ सशक्त बनाने की आकाश इंस्टीट्यूट की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. एच. आर. राव ने लांच के बारे में अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, हम हिंदी भाषा में आकाश आईट्यूटर को पेश करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं।

# चौथी मंजिल की खुली छत में युवक का मिला झुलसा शव, मचा हड़कंप

अवधनामा संवाददाता



**कौशांबी।** सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 10 नेहरू नगर के एक मकान की चौथी मंजिल में खुली छत पर एक युवक का झुलसा हुआ शव मिला है। जानकारी के मुताबिक सुरेश कुमार साहू निवासी वार्ड नंबर 1 भौंतर नगर पंचायत अझुवा बैग बनाने का कारोबार करते हैं रोशन लाल केसरवानी करीब 2 दशक से इनके यहां बैग बनाने का कार्य करते हैं । सुरेश साहू वार्ड नंबर 10 नेहरू नगर निकट भोला चौराहा में भी एक बैग बनाने का दुकान खोल रखे हैं उसी दुकान में रोशन लाल केशरवानी उम्र लगभग 44 वर्ष पुत्र स्व. सोहन लाल बैग बनाने का काम करते हैं रात में यहीं रहते थे शराब के जबरजस्त शौकीन थे। पत्नी अपने बेटी के साथ धाता में रहती है। मोहल्ले वासियों के अनुसार बीती शाम 9 बजे तक युवक दिखा फिर इसके बाद दुकान बंद कर चला गया वहीं दुकान मालिक सुरेश जब आज शुक्रवार की सुबह दुकान आया तो दुकान का शटर अंदर से बन्द था सुरेश ने संभावित जगहों में तलाश किया किंतु रोशन लाल नही मिला तब सुरेश भौतर घर से दूसरी चाभी लाकर दुकान खोला तो देखा जीना का दरवाजा खुला है तो ऊपर चढ़ता चला गया चौथी मंजिल के खुली छत पर रोशन का झुलसा शव दिखा। सूचना पर तमाम लोग इकट्ठा हो गए ,पुलिस भी पहुंच गई लोगों ने अनुमान लगाया बीती शाम भी भयानक गर्मी थी रोशन खा पीकर गर्मी से परेशान रोशन छत पर गया होगा अधिक नशा होने के कारण छत पर लेट गया होगा ।जिससे झुलसने से मौत हो गई ।मौके पर पत्नी और नगर पंचायत में रहने वाले दूसरे सगे भाइयों को लोगो ने बुलवाया और जानकारी दी गई तमाम संभ्रांत लोगों से राय मशविरा कर भाइयों और पत्नी ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम न करवाने का अनुरोध किया पुलिस ने शव परिजनों के हवाले कर दिया शाम को परिजनों ने युवक का अंतिम संस्कार कर दिया रोशन के मौत की चर्चा पूरे दिन नगर पंचायत में होती रही है।

# धान की नर्सरी डालने से पहले किसान करें भूमि एवं बीज शोधन

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रजीत यादव ने किसान भाईयों को सूचित किया है कि धान की नर्सरी का सीजन नजदीक आ रहा हैं, फसलों को रोगों एवं कीड़ों से बचाव के लिए भूमि एवं बीज शोधन अवश्य करें, क्योंकि बीज शोधन करने से फसलों में बीज जनित रोगों की समस्या नहीं आती। इसी प्रकार भूमि शोधन करने से भूमि में रोग और कीडों की समस्या समाप्त हो जाती हैं। गतवर्ष जिन कृषकों ने भूमि एवं बीज शोधन किया था उनकी फसलों में कोई रोग नहीं लगा। उन्होने बताया कि बीज शोधन के लिए किसान भाई बीज को रात भर पानी में भिगोंने के बाद दूसरे दिन बीज को पानी से निकाल कर 2.5 से 3 ग्राम कार्वेण्डाजिम 50 प्रति0 या थीरम 75 प्रति0 अथवा 4 से 5 ग्राम टाइकोडर्मा प्रति किलोग्राम बीज की दर से 4 से 5 लीटर पानी में 10 ग्राम गुड़ के साथ घोलकर बीज में मिला दें, उसके बाद बीज को छाये में

**बीज को छाये में अंकुरित होने तक रख दें, तत्पश्चात बीज को नर्सरी के लिए प्रयोग करें**

अंकुरित होने तक रख दें, तत्पश्चात बीज को नर्सरी के लिए प्रयोग करें। इसी प्रकार भूमि शोधन के लिए 2.5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर टाइकोडर्मा या बिबेरिया बैसियाना 65 से 70 किलोग्राम सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर एक सप्ताह के लिए छायेयुक्त स्थान में रखकर आवश्यकतानुसार पानी का छीटा मारते रहें। इसके बाद टाइकोडर्मा से मिली गोबर की खाद को फसल लगाने से पहले खेत में डालकर जुताई करा दें। भूमि शोधन एवं बीज शोधन के लिए रसायन कृषि रक्षा इकाइयों पर 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान जिला कृषि रक्षा अधिकारी से मोबाइल नम्बर-9889609438 पर सम्पर्क कर सकतें हैं।

# अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** महारानी अहिल्याबाई होलकर की 299 वीं जयंती पर शुक्रवार को विचार गोष्ठी और शर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्र उदय पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं ने रामगंज से भरेथा तक बाईक जुलूस निकाला। मांदापुर और भरेथा में शरबत वितरण कार्यक्रम में युवा कार्यकर्ताओं ने उत्साह से भाग लिया। पूरे मोती राम भरेथा में आयोजित विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय उदय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पाल सहित सभी प्रमुख नेता शामिल हुए।सुनील पाल ने कहा कि अहिल्याबाई किसी राजघराने से संबंध नहीं रखती थीं लेकिन एक दिन उनके हाथों में राज्य की सत्ता आ गई।

एक साधारण से परिवार की लड़की असाधारण दायित्वों का निर्वहन करने लगी।ये दौर औरंगजेब की मृत्यु के बाद मुगल शासन के पतन का था जब मराठा अपने साम्राज्य का विस्तार करने में जुटे हुए थे। मराठा सेनापतियों में से एक मल्हार राव होलकर थे। पेशवा बाजीराव ने मल्हार राव होल्कर को मालवा की जागीर सौंपी। होल्कर ने अपने बाहुबल से राज्य की स्थापना करते हुए यहां इंदौर बसाया।मल्हार राव होलकर के इकलौते बेटे खंडेराव के लिए वह ऐसी पत्नी चाहते थे जो गुणी हो और राजपाट संभालने में बेटे की मदद कर सके। इस दौरान उनकी मुलाकात अहिल्या से हुई। वह एक यात्रा के बाद चांऊडी गांव से गुजर रहे थे तभी शाम की आरती के वक्त एक बच्ची के भजन ने उनका ध्यान खींचा। वह अहिल्या के गुणों और संस्कारों से इतना प्रभावित हुए कि अपनी पुत्र खंडेराव होलकर का विवाह अहिल्या के साथ करा दिया।शादी के बाद खंडेराव सत्ता संभालने लगे। इस दौरान अचानक हुए एक युद्ध में खंडेराव होलकर वीरगति को प्राप्त हो गए। पाल समाज के वरिष्ठ नेता बाबू लाल पाल ने कहा कि वह तो सती प्रथा को अपनाते हुए पति संग अपने प्राण त्याग देना चाहती थीं। लेकिन मल्हार राव होलकर को अहिल्या की काबिलियत पर भरोसा था कि वह उनके बेटे का कार्यभार संभाल सकती है।उन्होंने अहिल्या को अपने पुत्र की तरह पाला और अहिल्या भी राज्य के कामकाज में मल्हार राव का हाथ बंटाने लगीं। हालांकि उनका जीवन बहुत संघर्ष पूर्ण था। राष्ट्रीय प्रवक्ता उमाशंकर पाल ने कहा कि पहले ससुर और फिर 22 वर्ष की आयु में बेटे मालेराव को खो दिया। बेटे के साथ राज्य का पतन न हो जाए इसलिए राजकाज को खुद ही संभालने लगीं।

# भगवान का नाम स्मरण मात्र से धन्य हो जाता है जीवन



**भेंटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के सेमरा गांव में शुक्रवार को शुरू हुई संगीतमई श्रीमदभागवत कथा के पहले दिन कथा व्यास ने भागवत कथा के माहात्म्य प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन किया।कथा व्यास पंडित गंगा सागर तिवारी ने कहा की श्रीमद्भागवत कथा का महत्व ऐसा है जिससे हर सुनने वाला लाभान्वित हुआ है। पल भर के भगवान नाम स्मरण से मानव जन्म धन्य हो जाता है। कहा कि कथा सुनने से गोकर्ण और धुंधकारी के चरित्र में बदलाव हो गया। बताया कि कथा के प्रभाव वश जहां गोकर्ण में भगवत भक्ति प्रकट हुई वहीं धुंधकारी में गलत वृत्तियां आ गई जिससे उसे प्रेत योनि में जाने को विवश होना पड़ा। व्यास ने कहा कि मानव के अंत समय में भी केवल एक बार ही भगवान का नाम आ जाता है तो उसे मोक्ष मिल जाता है। बस मानव के अंतर्मन की बात है कि उसके मन में भगवान का नाम बसा है या नही। अगर भगवान का नाम मन में आ गया है तो जीवात्मा परमात्मा में विलीन हो जाता है। मनुष्य का जब पाप और पुण्य दोनो बराबर हो जाता है तो मनुष्य को मुक्ति मिल जाती है। कथा यजमान पंडित बाबू लाल तिवारी ने आए हुए श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। पंडित अवधेश तिवारी के साथ आचार्य अनिल पांडेय ने विधि विधान से पूजन कराया। संगीत टोली में अश्विनी कुमार अविनाश ने अपने भजनों से लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर हरीराम पाण्डेय जगत नारायण मिश्र हरि शंकर मिश्र उमेश पांडेय के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। आयोजक मंडल में राम मणि त्रिपाठी कामता मणि त्रिपाठी श्याम मणि त्रिपाठी विष्णु मणि दीपक तिवारी आदि रहे।

# रोपे जाएंगे 25 लाख से अधिक पौधे

## जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण कराने के दियें निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति, वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं वन बन्दोवस्त समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आरएस यादव ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2024-25 में वृक्षारोपण अभियान के तहत जनपद कौशाम्बी को कुल 25 लाख 70 हजार 760 वृक्षारोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें वन विभाग को 892700 वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार पर्यावरण विभाग को 32700, ग्राम्य विकास विभाग को 963000, राजस्व विभाग को 15000, पंचायतीराज विभाग को 95000, नगर विकास को 23000, लोक निर्माण विभाग को 13000, जल शक्ति विभाग को 13000, कृषि विभाग को 188000, पशु पालन विभाग को 9000, सहकारिता विभाग को 4200, उद्योग विभाग को 18000, उर्जा विभाग को 6860, माध्यमिक शिक्षा विभाग को 9200, बेसिक शिक्षा को 12000, प्राविधिक शिक्षा को 5000, उच्च शिक्षा को 5000, स्वास्थ्य विभाग को 13000, परिवहन विभाग को 1800, उद्यान विभाग को 115000, गृह/पुलिस विभाग को 6300 एवं जल निगम (ग्रामीण) को 130000 लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियां को कार्ययोजना बनाकर वृक्षारोपण लक्ष्य के सापेक्ष स्थल का चिन्हीकरण कर वृक्षारोपण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के उपस्थित अधिकारी को राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड से सहमति प्राप्त किये बिना संचालित ईट-भट्ठों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दियें।

उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के किनारे जैविक खेती कर रहें कृषकों/संस्थाओं एवं नमामि गंगे के अन्तर्गत किये जा रहें कार्यो की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दियें।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह एवं उपायुक्त मनरेगा मनोज कुमार वर्मा सहित अन्य समबन्धित अधिकारीगण तथा सदस्य जिला गंगा समिति विनय पण्डा उपस्थित रहें।

# मतगणना की तैयारियों का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में बनाए गए स्ट्रांग रूम के आउटर कार्डन का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं ड्यूटी में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया एवं समस्त तैयारियां ससमय सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बताते चलें कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना 4 जून 2024 को जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में होनी है जिसकी तैयारियों को लेकर आज जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर मतगणना को लेकर की जा रही समस्त व्यवस्थाओं को देखा एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने मतगणना स्थल पर मजबूत बैरिकेडिंग जाली सीसीटीवी कैमरा प्रकाश आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत मतगणना हाल में ए सी लगवाई जा रही है। मतगणना से पूर्व समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं।

# देवरिया लोकसभा जिताने की भाजपाइयों ने पूरी की तैयारी



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार की शाम लोकसभा चुनाव के अन्तिम चरण का प्रचार बन्द होने के बाद शुक्रवार को भाजपा देवरिया लोकसभा के प्रभारी जयप्रकाश शाही ने लोकसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओ के साथ केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर आज होने वाले मतदान की तैयारियों को परखा और अंतिम रूप दिया।बूथों पर पार्टी के तरफ से भेजे गये मतदाता सूची, परिवार पर्ची व बूथों पर बनने वाले पोलिंग एजेंटों आदि की जानकारी लोकसभा के संयोजक सीपी सिंह सैथवार,सह संयोजक अखिलेश त्रिपाठी स्वयं मोबाइल से बात कर लिये तो कही अगर किसी प्रकार की समस्या आयी तो उसका निदान तत्काल किया ताकि मतदान के समय कोई दिक्कत न हो। प्रत्याशी के एजेन्ट निशिरंजन तिवारी ने अखिलेश मिश्रा के साथ मतदान के दिन लोकसभा में चलने वाली गाड़ियों के परिमिशन आदि की व्यवस्था में लगे रहे तो वही कृष्णानाथ राय, राजेन्द्र विक्रम सिंह, संजीत धर द्विवेदी, शैलेंद्र सिंह आजाद, अम्बिकेश पाण्डेय, डा.अजय पाण्डेय कार्यकर्ताओ से बात करके अधिक से अधिक मतदान कराने को प्रेरित किये। भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विन्देश पाण्डेय तथा राज दीक्षित भी युवाओ से बातकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आग्रह किया।

# दो महिलाओ सहित कुल 09 की हीटवेव के चलते हुई मौत

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** गुरुवार को जिले में आसमान से बरस रही आग की चपेट में आने से दो महिलाओ सहित कुल 09 लोगों की मौत हों गई। गुरुवार को महज 04 घंटे के अंदर सात 07 लोगों की मौत हुई है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की इन मौतों के बाद नींद उड़ गई है। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के लालापुर निवासी राममिलन 35 वर्ष पुत्र शीतल की लू लगने के कारण तबीयत बिगड़ गई। परिजन गंभीर हालत में उन्हें लेकर मंझनपुर स्थित मेडिकल कॉलेज पहुंचे। इलाज शुरू होने के 15 मिनट बाद राममिलन ने दम तोड़ दिया कड़ा धाम थाना क्षेत्र के निजाम का पूरा की रहने वाली सारिका बनो 70 वर्ष पत्नी इच्छन हैदर भी नौतपा का शिकार हो गई। मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां आधे घंटे बाद उनकी मौत हो गई। करारी थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी हीरालाल 70 वर्ष पुत्र राम भजन को अचानक तेज बुखार आया। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचते इसके पहले उनकी सांसे थम गई।कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर काजी गांव के रहने वाले जैनुद्दीन 60 वर्ष पुत्र अब्दुल खालिक पैरालाइसिस अटैक से जूझ रहे थे। गर्मी के कारण अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी परिजन उन्हें लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बरुआ निवासी राकेश कुमार 50 वर्ष पुत्र लोकपाल, सैनी थाना क्षेत्र के गनपा की रहने वाली कौशल्या देवी 32 वर्ष पत्नी नरेंद्र कुमार, महेवा घाट थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी जय बंधन 65 वर्ष पुत्र झुरई को मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सीएमएस डॉ एसके शुक्ला ने बताया 2 मरीज को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज लाया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्हें लू लगने की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा जो भी लोग अस्पताल ले गए। वह मृत हालत में थे, उनकी मौत की वजह स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए संबंधित थाना पुलिस को सूचित किया गया है।

# पैनल अधिवक्ता पद के लिए अभ्यर्थी 11 जून 2024 तक करें आवेदन

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के निर्देशानुसार गरीब, निर्धन, असहाय व्यक्तियों, कारागार में निरूद्ध बन्दियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (निःशुल्क और सक्षम विधि सेवायें विनियम-2010) के अन्तर्गत पैनल अधिवक्ता का पैनल तैयार किया जाना हैं। मुख्यालय स्तर पर 10 और प्रत्येक तहसील स्तर पर 5-5 अधिवक्ता का चयन गठित समिति द्वारा बनाया जायेंगा। चयनित पैनल अधिवक्ता की वैधता 03 वर्ष के लिए होगी। चयनित पैनल अधिवक्ता को उ0प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के संस्तुति उपरान्त, कार्यानुसार मानदेय देय होगा। यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि ऐसे इच्छुक अधिवक्ता, जिनको विधिज्ञ व्यवसाय में कार्य करने का अनुभव 03 वर्ष से कम न हो और सिविल, दाण्डिक, संविधानिक विधि, पर्यावरण विधि, श्रमिक विधिक, वैवाहिक विवाद विधि, राजस्व विधि, चकबन्दी विधि आदि में किसी एक विधि व्यवस्था में विशेष अनुभवी हो, आवेदन कर सकतें हैं। आवेदन के साथ उ0प्र0 बार काउन्लिस पंजीयन संख्या, स्थायी बार एसोसिएशन पंजीयन संख्या, विशेष रूप से किसी एक विधि व्यवसाय में अनुभव रखते हो और संबंधित बार एसोसिएशन अध्यक्ष/महामंत्री द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र तथा अन्य सुसंगत सूचना तथा औपचारिक प्रपत्रों को संलग्न करना होंगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी में दिनांक 11 जून 2024 की सायं 04 बजे तक प्राप्त करा सकतें हैं।

# वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना पुलिस ने हत्या का प्रयास सहित डेढ़ दर्जन मामले के वांछित को अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है पकड़े गए युवक पर जिला पंचायत सदस्य राज गौतम के ऊपर 3 दिन पहले फायरिंग किए जाने का आरोप है पुलिस ने वांछित को लिखापढ़ी कर न्यायालय में पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया। सराय अकिल थाना एसआई अभिषेक शुक्ल ने धारा 307/427 भादवि से सबन्धित वांछित अभियुक्त संदीप पाल पुत्र मेदीलाल निवासी कोटिया थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को भुईयाबाबा के चबूतरे के पास ग्राम कोटिया के पास से गिरफ्तार किया है पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर 01 देशी तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर का बरामद किया है। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया।

# वन स्टाप सेण्टर का औचक निरीक्षण किया गया



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में माननीय अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों के प्रति वन स्टाप सेण्टर का औचक निरीक्षण किया गया। सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहियें। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के बारें में कहा कि उन्हें स्वतंत्रता और समानता का अधिकार, नारी की गरिमा का अधिकार, घरेलू हिंसा का कानून, दहेज निवारक कानून, नौकरी/व्यवसाय करने का अधिकार, प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार एवं संपत्ति का अधिकार जैसे अनेकों अधिकार प्राप्त हैं। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई, सुरक्षा व आमजनमानस को विधिक साक्षरता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक नीतु भारती को निर्देशित करते कहा कि महिला एवं बच्चों जिनकों विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें ताकि उनकों विधिक सहायता दी जा सकें।

# एसआई और फायरमैन हुए सेवानिवृत्त

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** जनपद में तैनात रहकर सेवा दे रहे एसआई रमेश कुमार एवम फायरमैन राम चंद्र आज सेवानिवृत्त हो गए ।एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस कार्यालय में सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मी को पुष्प माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेट कर, प्रशस्ति पत्र देकर ससम्मान विदाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । इस दौरान एएसपी अशोक कुमार वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# हजारों हेक्टेयर सरकारी जमीन गड्ढे में तब्दील

## करोड़ों में खेलने लगे सरकारी जमीन की मिट्टी खोदकर बेचने वाले माफिया

अवधनामा संवाददाता

**कौशांबी।** सरकारी जमीन की सुरक्षा का जिम्मा संबंधित तहसील के तहसीलदार और उप जिलाधिकारी को सरकार ने दिया है लेकिन सरकारी जमीन बंजर ऊसर तालाब नवीन परती आदि से बेखौफ तरीके से मिट्टी खनन माफिया मिट्टी खोदकर सरकारी जमीन को बर्बाद कर रहे हैं हजारों हेक्टेयर सरकारी जमीन गड्ढे में तब्दील हो रही है और सरकारी जमीन से मिट्टी खोदकर मिट्टी माफिया करोड़ों में खेलने लगे हैं इस अवैध धंधे में अफसर भी मालामाल हुए हैं।

अवैध तरीके से बिना किसी अधिकार के सरकारी जमीन से मिट्टी खोदने के मामले में रोक लगाने को संबंधित तहसील के तहसीलदार और उप जिला अधिकारी तैयार नहीं दिखाई पड़ते हैं प्रतिदिन पूरे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी माफिया सरकारी जमीन से मिट्टी खोद रहे हैं थाना पुलिस भी शिकायत के बाद मिट्टी खनन में लगे माफियाओं को पकड़ कर उनसे वसूली तक सीमित रह गई है इन दिनों जेसीबी संचालक और ट्रैक्टर चालक सरकारी जमीन की मिट्टी खोदकर बेचने में व्यस्त दिखाई पड़ रहे हैं जिले के तीनों तहसील क्षेत्र में बेखौफ तरीके से सरकारी जमीन से मिट्टी खनन की जा रही है देखते देखते हजारों हेक्टेयर सरकारी जमीन गड्ढे में तब्दील हो गई है

**तहसील प्रशासन सरकारी जमीन को सुरक्षित करने के लिए आगे आने को नहीं है तैयार**

**सरकारी जमीन से मिट्टी खनन के मामले में पुलिस भी वसूली तक रह गई सीमित**

लेकिन कहीं भी तहसीलदार और उप जिला अधिकारी सरकारी जमीन की मिट्टी खनन पर रोक लगाते नहीं दिख रहे हैं जिससे उनके माफियाओं से साठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता है चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत महगाव के मजरा मलहरा में बीते 2 महीने से जेसीबी मशीन संचालक सरकारी बंजर जमीन से मिट्टी खोद रहे हैं कई हेक्टेयर सरकारी बंजर जमीन को 10 फुट गहरा कर दिया गया है बताया जाता है कि इस जमीन से 20 लाख रुपए से अधिक कीमत की मिट्टी जेसीबी मशीन संचालकों ने बेच लिया है शिकायत के बाद चरवा थाना पुलिस ने जेसीबी संचालक को पकड़ा लेकिन आरोप है कि 30000 लेकर फिर जेसीबी संचालक को थाना पुलिस ने छोड़ दिया है जिसके बाद जेसीबी संचालक फिर सरकारी जमीन से मिट्टी खनन में लगा हुआ है यही स्थिति पिपरी थाना क्षेत्र के मखाऊपुर सहित कई गांव की है जहां जेसीबी संचालको ने सरकारी जमीन से मिट्टी खोद कर एक करोड रुपए कीमत की मिट्टी बेच लिया है चरवा थाना क्षेत्र के मीरन और सिरसी के सरकारी तालाबों सहित इलाके के दर्जनों तालाब बंजर और सरकारी भूमि से खनन माफियो ने बहुत ज्यादा मिट्टी का खनन किया है लेकिन कार्यवाही शून्य हैं सिराथू तहसील क्षेत्र के टेडीमोड पुलिस चौकी के पीछे तड़ाहड़ खोजवापुर सहित कई गांव से सरकारी जमीन से करोड़ों की मिट्टी खोदकर बीते कुछ साल पहले बेची जा चुकी है इसी तरह मंझनपुर मुख्यालय के बगल में कादीपुर ग्राम पंचायत के पीछे बसोहरा अम्बावा पूर्व अम्बावा पश्चिम खोजवापुर कादीपुर आदि ग्राम पंचायत से भी कई महीने से सरकारी जमीन से मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है लेकिन मंझनपुर तहसील प्रशासन और सिराथू तहसील प्रशासन कार्यवाही करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहा है इसके अलावा भी तमाम ग्राम पंचायत क्षेत्र में मिट्टी खनन का काम सरकारी भूमि से तेजी से चल रहा है अब सवाल उठता है कि सरकारी भूमि को सुरक्षित करने का जिम्मा तहसीलदार और उप जिला अधिकारी को दिया गया है क्षेत्र में लेखपाल और कानून को हमेशा भ्रमण करते हैं और सरकारी जमीन से मिट्टी खनन की जानकारी उप जिला अधिकारी और तहसीलदार को यह देते हैं कि नहीं देते हैं यह उनका विभागीय मामला है लेकिन सरकारी जमीन से मिट्टी का खनन बेखौफ तरीके से लगातार बीते कई साल से बेखौफ चल रहा है जिससे राजस्व प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं आखिर हजारों हेक्टेयर सरकारी जमीन को गड्ढा बनाने में लगे माफियाओं पर मुकदमा दर्ज कराकर मिट्टी की कीमत इनसे वसूल करके सरकारी जमीन को समतल क्यों नहीं किया जा रहा है यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है चर्चाओं पर जाए तो जिले के तीनों तहसीलों के तहसीलदार मिट्टी माफियाओं से करोड़ों की कमाई के सपने देख रहे हैं जिसके चलते सरकारी जमीन से मिट्टी खनन पर रोक लगाने का प्रयास नहीं किया जाता है बताया जाता है कि सड़क चौड़ीकरण में मिट्टी डाली जाती है और इस मिट्टी को सरकारी जमीन से खुदाई होती है राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर फोरलेन सड़क के चौड़ीकरण और सिक्स लेन सड़क के चौड़ीकरण में सरकारी जमीनों से मिट्टी का खनन हुआ है इतना ही नहीं रेलवे द्वारा अतिरिक्त रेल लाइन बिछाए जाने में भी मिट्टी का भराव सरकारी जमीन से मिट्टी खोदकर की गई है निजी जमीनों से मिट्टी खोदने को नहीं मिल रहा है जिससे ठेकेदार सरकारी जमीन से मिट्टी खोद कर बेच रहे हैं और जिम्मेदार सरकारी जमीन के मिट्टी खनन पर रोक लगाते नहीं दिख रहे हैं।

# मारपीट में घायल को अस्पताल से खींचकर हत्या का प्रयास

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर काजी निवासी मोहम्मद शाकिर पुत्र मोहम्मद हाशिम पर 25 मई को हमला किया गया था जिसमें उन्हें गंभीर चोट आई थी जिसका मुकदमा भी कोखराज थाने में पंजीकृत हुआ है घायल मोहम्मद शाकिर का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है लेकिन हमलावर और उनके सहयोगियों का दुस्साहस देखिए कि 29 मई की दोपहर को हमलावर के सहयोगी जिला अस्पताल पहुँचे और इलाज करा रहे मोहम्मद शाकिर को जिला अस्पताल के वार्ड से खींचकर बाहर ले जाने लगे मोहम्मद शाकिर ने होहल्ला मचाया जिला अस्पताल में हड़कंप मच गया हो हल्ला सुनकर नर्स डॉक्टर और अस्पताल कर्मी मौके पर पहुंचे और मरीज को खींच कर ले जा रहे लोगो को फटकार लगाई बढ़ती भीड़ देखकर हमलावर धमकी देते हुए चले गए हैं सवाल उठता है कि हमलावर कितने दबंग है जिला अस्पताल जैसे सुरक्षित स्थान पर उनका दुस्साहस देखिए कि जिसे एक बार मारपीट कर घायल कर चुके हैं उससे सुलह समझौते मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने के लिए जिला अस्पताल से खींच कर ले जा रहे हैं मुकदमा वापस लेने और सुलह समझौता से इनकार करने पर उसकी हत्या करने की कोशिश कर रहे हैं।

# मेंस यूनियन ने सौंपा मुख्य लोको बिजली इंजीनियर को सात सूत्रीय ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** एनसीआरएमयू टूंडला के पदाधिकारियों ने लोको शाखा मंत्री सरदार सिंह के नेतृत्व में मुख्य लोको बिजली इंजीनियर प्रयागराज को एक ज्ञापन सौपा।

इस दौरान एनसीआरएमयू के प्रतिनिधि मंडल ने रनिंग कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर मुख्य लोको बिजली इंजीनियर प्रयागराज ने बहुत ही सकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने जयपुर बांदीकुई तक पूर्व में डीजल क्रू की भांति इलेक्ट्रिक क्रू को भी संचालन हेतु जयपुर मंडल से बात करने पर सहमति दी। सभी लोको के पीएचओ पर जाते ही एसी लगवाने को बोला और जिन इंजन में एसी लगी है लेकिन कार्यरत नहीं है तो स्टाफके सीएमएस रिपोर्ट दर्ज



कराने पर तुरंत ठीक कराने को कहा है। रनिंग कर्मियों से विशेष आग्रह है कि एसी खराब होने पर तुरंत सीएमएस रिपोर्ट अवश्य दर्ज करें। एएलपी से एसएलपी प्रतीक्षारत 2400 ग्रेड पे की सूची जल्द ही निर्गत करने को बोला है। मुख्य लोको निरीक्षक पर पड़ रहे वर्कलोड को देखते हुए जल्द ही मुख्य लोको निरीक्षक परीक्षा कराने के लिए बोला है। आगरा एवं मथुरा से चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस को टूंडला क्रू द्वारा संचालित किए जाने को सहमति दी है और टूंडला से प्रयागराज पूर्व में चलने वाली कुछ गाडियों को जल्द ही टूंडला क्रू द्वारा संचालित किए जाने को भी मुख्य लोको बिजली इंजीनियर ने सहमति दी। शाखा मंत्री जयकिशन अजवानी व शाखा अध्यक्ष सतीश कुमार ने मुख्य लोको बिजली इंजीनियर से कहा की रनिंग कर्मचारियों को समय पर अवकाश व रेस्ट नही मिल पा रहा कृपया कर्मचारियों को मिलने वाला लाभ जरूर दिया जाए। शाखा अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा की नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन हमेशा कर्मचारी हित में काम करती आई है और कर्मचारी को होने वाली हर समस्या को उच्च अधिकारियों से वार्ता कर उनका निराकरण कराने का काम किया है। ज्ञापन देने वालों में शाखा मंत्री सरदार सिंह, जयकिशन अजवानी, सतीश कुमार, रोशन लाल मीना, सुनील कुमार, वरुण तोमर आदि प्रमुख है।

## रेलवे समिति ने मनायी अहिल्याबाई होलकर जन्म जयंती

**टूंडला।** अहिल्याबाई होलकर की जयंती समारोह अहिल्याबाई होलकर रेलवे समिति ने स्टेशन रोड स्थित मनोरंजन कक्ष में धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक टूंडला प्रेमपाल सिंह धनगर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रेमपाल धनगर ने समाज को मातेश्वरी के किए गए कार्यों का अनुसरण कर उनके पदचिन्हों पर चलने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि किस तरह माता अहिलया बाई होलकर ने पूरे परिवार के नष्ट होने के बावजूद अपनी मातृभूमि की रक्षा की और सम्पूर्ण देश में कुंआ बावड़ी बनवाए जीर्ण शीर्ण मंदिरों मठों का निर्माण कराया। इस दौरान कार्यक्रम में डॉ. सत्य प्रकाश, देवकीनंदन बघेल, जीसी पाल, सुनील कुमार, बैजनाथ, पवन, रोहित, यसपाल, दलवीर, मोरध्वज, जुगेंद्र बघेल, राकेश, राधेश्याम, विजयकांत, मुकेश, रवि बघेल, अनिल बघेल, राहुल, चंद्रमोहन, कुशाग्र, पुष्पेंद्र सिंह, कृष्णा आदि के अलावा सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# रिकार्ड मतदान पर सक्षम ने डीएम को किया सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** समदृष्टि क्षमता विकास एव अनुसंधान मण्डल सक्षम ने लोकसभा चुनाव 2024 पांचवे चरण में लोकतंत्र के महापर्व पर शत-प्रतिशत मतदान का प्रदेश में रिकार्ड बनाने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को सम्मानित किया। स्मरण रहे कि पांचवे चरण के मतदान में जहां सर्वाधिक मतदान ललितपुर जिले की विधानसभा सदर एवं महरौनी में हुआ वहीं जनपद के ग्राम बम्हौरी नागल, सौल्दा, बुदनी में हुए शत प्रतिशत मतदान से जनपद गौरवान्वित रहा। कलेक्टेट सभागार में पहुंचकर सक्षम के जिलाध्यक्ष अक्षय अलया, महामंत्री अजय जैन साइकिल ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की कार्य कुशलता एवं उनके नेतृत्व में जिला प्रशासन ने जो कार्य किया उसके लिए सक्षम के लिए गौरव का क्षण बताया और जिलाधिकारी को प्रषस्तिपत्र प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान गोविन्द व्यास, तेजस्व, दीपक सिंघई, रवि प्रताप सिंह, अभिषेक सोनी, रवीन्द्र जैन, संजीव सौरया, मनविन्दर कौर, अंजली जैन, लक्ष्मी सीरोठिया आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 2 मोबाइल सहित शातिर चोर पुलिस ने पकड़ा



**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा एक शातिर चोर को चोरी के 02 मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सोनू उर्फ रामजाने पुत्र रामचरन निवासी दिखतौली थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद को सुभाष पार्क के पास गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त सोनू उर्फरामजाने के कब्जे से चोरी के 2 अदद फोन टचस्क्रीन बरामद किये गये हैं। जिसके सम्बन्ध मे थाना शिकोहाबाद पर मु.अ.स. 342/2024 धारा 41/102 सीआरपीसी व 411/414 भादवि पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार, उ.नि. मनौज पौनिया, प्र.शि.उ.नि. रजत तोमर थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

### स्मार्ट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस कार्य 2 दिन बाधित

**फिरोजाबाद।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन फिरोजाबाद की सूचनानुसार स्मार्ट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया में के.एम.एस. कार्य के लिए सॉफ्टवेयर के वर्तमान संचालित वर्जन को अपग्रेड कर वर्जन-2 में अपडेट करने के लिए 2 दिन का समय लगेगा। इस बीच 2 व 3 जून 2024 को सभी को यह बताया जाता है कि स्मार्ट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस सम्बन्धी समस्त कार्य पूर्णतः बाधित रहेगें।

### सब्जी बनाने को लेकर पति-पत्नी में विवाद



**टूंडला।** पति-पत्नी में सब्जी बनाने को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसे थाना टूंडला महिला चौकी इंचार्ज ने पति-पत्नी का सुलहनामा कराकर विवाद खत्म कराया। थाना टूंडला महिला चौकी इंचार्ज अलवीना पठान ने बताया कि श्रद्धा पुत्री राजेश कुमार निवासी रेलवे क्वार्टर ईदगाह स्टेशन आगरा की शादी करीब 3 वर्ष पूर्व आकाश पुत्र बहादुर सिंह निवासी टूंडली थाना टूंडला जनपद फिरोजाबाद के साथ हुई थी। श्रद्धा के पहले पति का बीमारी के चलते देहांत हो गया था। जीवन यापन करने हेतु श्रद्धा और विशाल ने शादी कर ली। शुक्रवार सुबह घर में सब्जी बनाने को लेकर दोनों पति-पत्नी में आपसी कहा-सुनी हो गई थी। जिसे चौकी इंचार्ज द्वारा समझा बुझाकर पति पत्नी का सुलहनामा कराया।

# परीक्षा के विरोध में एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** अवध विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 31मई की परीक्षा के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुल्तानपुर के संगठन ने जिलाधिकारी की ना मौजूदगी में सीआरओ के माध्यम से कुलाअधिपति तथा कुलपति को परीक्षा की तिथि में परिवर्तन या गर्मी में परीक्षार्थियों के सुनियोजित व्यवस्था के संबंध में ज्ञापन सोपा।छात्र संगठन की मांग है की परीक्षा की तत्काल तिथि परिवर्तन की जाए। छात्र हित को ध्यान में रखते हुए मौसम अनुकूल होने के बाद ही परीक्षा कराई जाए।ऐसे में गर्मी के चलते भीषण लू का कहर जारी है रोज कहीं ना कहीं धूप की वजह से छात्रा बेहोश हो रहे हैं कई बीमारियों से पीड़ित हैं ऐसे में



छात्र छात्राएं 40 किलोमीटर की दूरी तय करके धूप में आएंगे परीक्षा देने और परीक्षार्थियों के स्वास्थ्य का जिम्मेदार कोन होगा। एबीवीपी के जिला संयोजक ऋृतिक ने कहा यदि किसी छात्र-छात्रा के साथ स्वास्थ्य संबंधित गंभीर अनहोनी होने पर कुलपति परीक्षा नियंत्रक सभी जिम्मेदार होंगे और कुलपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएंगे। मौके पर सौम्या बरनवाल प्रांत सहसंयोजक सोशल मीडिया, सत्यम चौरसिया जिला मीडिया संयोजक, मनीष यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधानसभा वार नियुक्त किये गये अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग आफिसर

**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना 25 मई 2024 के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी द्वारा 56-बहराइच (अ.जा.) व 57-कैसरगंज (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना हेतु जनपद में अवस्थित समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग आफिसर के पदीय दायित्वों/कर्तव्यों के निवर्हन के लिए अधिकारियों की तैनाती कर दी गयी है जो विधानसभा की मतगणना प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में सहायता प्रदान करेंगे। 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 282-बलहा (अ.जा.) के लिए तहसीलदार मिहींपुरवा (मोतीपुर), 285-महसी के लिए तहसीलदार महसी व 286-बहराइच के लिए बीडीओ चित्तौरा को अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग आफिसर नामित किया गया है।

# मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट

**अवधनामा संवाददाता**

- सीसीटीवी कैमरे में कैद
- पुजारी और उसके परिवार के साथ मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

**शिकोहाबाद।** थाना क्षेत्र से मात्र 100 मीटर की दूरी पर एक प्राचीन मंदिर के पुजारी और उसके परिवार के सदस्यों के साथ कुछ लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट का वीडियो मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जिसे पुजारी ने कैमरे से वीडियो निकाल कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस मामले में थाना पुलिस ने मारपीट करने वाले दो आरोपियों को शांति भंग में निरुद्ध किया है।

मामला थाना परिसर से मात्र 100 मीटर दूर बैंक ऑफइंडिया के समीप स्थित एक प्राचीन शिव का मंदिर है। इस मंदिर में लीलाधर नामक पुजारी लंबे समय से रहते आ रहे हैं। मंदिर के बगल में उनका मकान है। लेकिन कुछ समय से मंदिर की जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। जिसमें कुछ लोगों ने मंदिर की जमीन का बैनामा भी करा लिया और नगर पालिका में भी दर्ज करा लिया है। इसके साथ ही पुजारी मंदिर की जमीन पर रह रहे किरायेदारों से भी मुकदमा लड़ रहा है। एक किरायेदार को कोर्ट ने जगह खाली करने के निर्देश दिये। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मंदिर की जमीन के कुछ हिस्से को खाली करा दिया। लेकिन जब पुजारी ने उस जमीन पर निर्माण कार्य कराना शुरू किया तो कुछ लोगों ने इसका विरोध किया और पुलिस ने मामला बढ़ता देख निर्माण कार्य को रुकवा दिया। इसके बाद से ही मंदिर के पुजारी और कुछ लोगों के बीच विवाद प्रारंभ हो गया। पुजारी का आरोप है कि कुछ लोग मंदिर की जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से उन पर आए दिन दवाब बनाते हैं। आरोप है कि गुरुवार शाम को वह अपने परिवार के साथ मंदिर परिसर के बाहर बैठे हुए थे, तभी कुछ लोग आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दो लोगों को पकड़ कर थाने लाई और घायलों का मेडिकल कराया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार का कहना है कि मंदिर की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। पुजारी और परिवार के लोगों के साथ मारपीट करने वाले दो लोंगो का शांति भंग में चालान किया है।

# संस्कार शिविर में बच्चों को सिखाई प्रभु पूजन विधि



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर द्वारा आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महामुनिराज के आशीर्वाद एवं निर्यापक मुनिपुंगव सुधासागर महाराज की प्रेरणा एवं जिनधर्म प्रभाविका आर्यिका सृष्टिभूषण माता जी ससंघ के सानिध्य में नगर चल रहे शिक्षण शिविर में बच्चों को आज अभिनंदनोदय तीर्थ पर सामूहिक रूप से संस्कार शिविर में प्रभु पूजन की विधि सिखाई। शिविरार्थियों ने सामूहिक रूप से चित्रों के माध्यम से र्प्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता की। सुबह अभिनंदनोदय तीर्थ पर नगर के दस जिनालयों में सम्मलित श्रमण संस्कृति संस्कार प्रशिक्षण शिविर के शिविरार्थी श्रीजी का अभिषेक एवं शान्तिधारा में सम्मलित हुए तदुपरान्त शिविर संयोजक डा.आलोक शास्त्री, मुकेश शास्त्री, डा.राजेश शास्त्री एवं सागानेर के विद्वानों के सहयोग से अष्टद्रव्य से पूजन कराने की विधि सिखाई उन्होने अभिभावकों से आव्हान किया कि बच्चों को संस्कारवान वनाने के लिए पाठशालाओं में अवश्य भेजें। तदुपरान्त बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का जैन पंचायत ने अवलोकन किया। नगर में संचालित श्रमण संस्कृति संस्कार प्रशिक्षण शिक्षण शिविर में ज्ञानार्जन कराने पहुचे संस्कार सांगानेर के विद्वानों ने आज अतिशय क्षेत्र सतोदय सेरोन जी में भगवान शान्तिनाथ, नगर में ज्ञानोदय तीर्थ में भगवान मुनिसुव्रतनाथ एवं दयोदय तीर्थ गौशाला में प्रतिभास्थली के दर्शन कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा।

## चला बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान

**फिरोजाबाद।** शासन के दिशा-निर्देशों के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर /नोडल अधिकारी ।भ्ज्न् के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू मय पुलिस टीम फिरोजाबाद शहर क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों के आस पास नशीले पदार्थो की नाबालिग बच्चों/छात्रों को बिक्री से रोकथाम हेतु 'एक युद्ध नशा के विरुद्ध' अभियान एवं जनपद में बालश्रम/ बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन की रोकथाम हेतु थाना शिकोहाबाद, थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद क्षेत्रान्तर्गत बाल भिक्षावृत्ति एवं बालश्रम उन्मूलन, मानव तस्करी, नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया।

# किसान डिग्री कालेज में संपन्न हुआ मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना कार्य को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से नियुक्त किये गये मतगणना पर्यवेक्षक, माइक्रो आब्जर्वर व मतगणना सहायक का प्रथम प्रशिक्षण स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि गणना का कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी कार्मिक पूरी शालीनता, धैर्य एवं संयम का परिचय देते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार गणना का कार्य सम्पन्न करायेंगे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कोई भी मतगणना कार्मिक मतगणना पण्डाल के अन्दर मोबाइल लेकर नहीं जायेगा। सभी कार्मिक अनुशासन में रहते हुए कोई ऐसा कार्य नहीं करेंगे जिससे किसी दूसरे व्यक्ति को उनकी गतिविधियों के बारे में शंका पैदा हो। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी होने के नाते उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी कार्मिक मतगणना कार्य को भी उसी खूबी के साथ पूरा करेंगे जिस प्रकार से उन्होंने मतदान के कार्य को सम्पादित कराया है। डीएम मोनिका रानी ने सभी कार्मिकों को निर्देशित किया कि पूरी तरह से तटस्थ रहते हुए अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए पूरी सावधानी के साथ रिजल्ट शीट



की प्रतियों को भरने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी लोग इस प्रकार से कार्य करेंगे जिससे पोलिंग एजेन्ट भी आपकी कार्यवाही से संतुष्ट हो जाएं। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य की शुचिता बनाये रखने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं साथ ही पूरी प्रक्रिया कैमरे की निगरानी में रहेगी। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए गणना स्थल पर कूलर, पंखे, पेयजल इत्यादि के भी माकूल प्रबन्ध किये जा रहे है। जिलाधिकारी ने कहा कि गणना जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए जिले के अनुभवी और योग्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। सभी कार्मिक प्रशिक्षण कक्ष छोड़ने से पूर्व मतगणना की सम्पूर्ण प्रक्रिया तथा गणना से सम्बन्धित प्रपत्रों इत्यादि को भरने के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का भलीभांति अध्यन कर लें ताकि 04 जून 2024 को गणना करते समय कोई समस्या न हो। कार्मिकों को निर्देश दिया कि सभी लोग 04 जून 2024 की प्रातः 06:00 बजे तक मतगणना स्थल कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर पहुँच जायेंगे। सभी कार्मिक मतगणना स्थल आते समय अपना परिचय पत्र साथ में ज़रूर लायेंगे।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर सहित अन्य मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना कार्मिकों को मतगणना के बारे में तकनीकी, व्यवहारिक एवं आयोग के दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए राज कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी सहित अन्य अधिकारी व मतगणना कार्मिक मौजूद रहे।

# अधिकारियों का गोवंश संरक्षण केंद्रों का नहीं है ध्यान

**अवधनामा संवाददाता**



- अव्यवस्था के चलते गोशलाओं में भीषण तपिश /गर्मी से बेहाल हैं गोवंश

**सुलतानपुर।** निरन्तर बढ़ते तापमान और चल रही गर्म हवाओं व अवस्थाओं ने गोशालाओं में रखे गए गोवंशों का हाल बेहाल कर दिया है। इन्हें गर्मी से निजात हेतु कोई संन्तोषजनक व्यवस्था जिम्मेदारो द्वारा नहीं की गई है। जनपद में छोटी बड़ी अस्थायी कई दर्जन गोशालाओं का संचालन किया जा रहा है।जिसमे पशु संरक्षित रखे जाने के लिए शासन से अच्छा बजट भी आता हैं।वर्तमान समय में तापमान 46 डिग्री के आसपास पहुंच चुका है। पानी के लिए गोशालाओं में समरसेबिल लगे हुए हैं,फिर भी गोवंशों को ताजा ठंडा पानी पीने को उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। पानी की हौदी में सुबह एक बार पानी भर दिया जाता है, जो दिन में तपती धूप में गर्म हो जाता है।गर्म पानी पीने से गोवंशों की प्यास नहीं बुझ पा रही है। ऐसे में अधिकांश गोवंश भूखे-प्यासे रहते हैं। गोशालाओं में टीन शेड के नीचे पशु रखे गए हैं। लेकिन उनकी ऊचाई तक धूप पहुंचती है। पशुओं का गर्मी से हाल बेहाल हो रहा है। ज्ञात हो कि गौशालाओं संरक्षित पशुओं के लिए प्रशासन की ओर प्रतिदिन 50 रुपये चारा-पानी के लिए खर्च किए जाते हैं। पूर्व में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता और सी डी ओ अतुल वत्स अक्सर इन गौशालाओं का आकस्मिक निरीक्षण करते रहते थे,जिससे गौशाला संचालनकर्ता व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखते थे।लेकिन अब इन संचालनकर्ताओं को भय नही रहा जिससे गौशाला की व्यवस्था बेहाल है। विभिन्न गांवों में स्थापित गौशालाओं में जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के बावजूद भी इस प्रचंड गर्मी से गोवंशो को बचाने के लिए अभी तक कोई भी इंतजाम नहीं किए गए हैं। टीनशेड तो बनाया गया है, लेकिन दिन में तेज लू और सूरज की तपिश में गोवंशो की हालत दयनीय हो गई है। पशुओं की संख्या के मुताबिक भूसे और पानी का अभाव तो नही है, किंतु हरे चारे का कोई इंतजाम नही दिखा। यहां गोवंशों को देखने से लगता है कि गोशालाओं में अव्यवस्था है। अव्यवस्थाओं के कारण गोवंशो को हरा चारा, गुड़ और ठंडा पानी तो छोड़िये बल्कि उन्हें धूप व दोपहर में चलने वाली लू से बचाने के कोई इंतजाम नहीं हैं। जबकि इसके जिम्मेदार अधिकारी, प्रधान व सचिव अंजान बने हुए हैं। बताया गया है कि गोवंशों को हरा चारा तो दूर, सूखा भूसा भी पेट भर नहीं दिया जा रहा है।

## चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**ललितपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र में गृह विज्ञान अन्तर्गत मूल्य सवंर्धन विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण में ग्रामीण महिला एवं बालिकाओं को आत्म निर्भर एवं जीविकोपार्जन करने हेतु मूल्य संर्वधन के माध्यम से लघु एवं कुटीर उद्योगों का प्रशिक्षण आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण में आत्म निर्भरता हेतु महिला एवं बालिकाओं को पापड, चिप्स, नमकीन, अमचूर व बडी तैयार करने की विधि केन्द्र के विशेषज्ञ डा.सरिता देवी द्वारा सिखाई गयी। केन्द्र के सस्य वैज्ञानिक डा.दिनेश तिवारी ने बताया ने मूल्य सवंर्धन विषय पर तकनीकी जानकारी दी। साथ ही केन्द्र के वैज्ञानिक डा.अनुज कुमार गौतम द्वारा द्वारा बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पर्यावरण के अनुकूल पशु प्रबधन की तकनीकी जानकारी दी गयी।

# पत्रकार एसोसिएशन ने मनाया पत्रकारिता दिवस

**अवधनामा संवाददाता**





- सुल्तानपुर प्रेस क्लब में आयोजित हुआ समारोह
- अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार दिनेश दुबे ने की,एक अखबार के संपादक आलम रिजवी रहे मुख्य अतिथि

**सुलतानपुर।** पत्रकारिता लोक कल्याण का काम है। हम सभी रचनात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता करें। खबरों को तथ्यों की कसौटी पर कस कर ही पेश करें। यह बातें वरिष्ठ पत्रकार दिनेश दूबे ने कहीं। वह हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकार एसोसिएशन द्वारा प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार सम्मेलन को बतौर अध्यक्ष सम्बोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि लखनऊ से प्रकाशित एक समाचार पत्र के सम्पादक मोहम्मद आलम रिजवी ने कहा थके हारे परेशान व्यक्ति की बात सही जगह पहुंचाना पत्रकारिता का काम है। पत्रकार गांव की बात सरकार तक पहुंचाते हैं। पत्रकारिता समाजसेवा है। पत्रकार बनना आसान नहीं है। पत्रकार जनता का मसीहा है। विशिष्ट अतिथि जिला सूचना अधिकारी डॉ.धीरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि पत्रकार खबरों की गुणवत्ता बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें। पत्रकारिता करने वालों पर कभी कोई संकट नहीं रहा है। समारोह का संचालन कर रहे राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि हिन्दी का पहला दैनिक समाचार पत्र उदन्त मार्तंड नारद जयंती के दिन प्रकाशित हुआ था। इस पत्र के सम्पादक ने महर्षि नारद को ही अपना अखबार समर्पित किया था। संयोग से उस दिन तीस मई थी। कालांतर में हमने नारद जयंती को भुलाकर तीस मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाना शुरू कर दिया। स्वागत अम्बरीष मिश्र व आभार ज्ञापन पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अवधेश शुक्ला ने किया।इस अवसर पर आशुतोष मिश्र, जीतेन्द्र श्रीवास्तव, विनोद पाठक, सर्वेश सिंह, सुधा सिंह,आमिल सिद्दीकी, सर्वेश सिंह, अरुण जायसवाल, डॉ. हरिश्चंद्र श्रीवास्तव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संगठन के महासचिव के के तिवारी, कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा, मीडिया प्रभारी बृजेश शुक्ला, इम्तियाज रिजवी, अनिल द्विवेदी, दीपक मिश्रा, पीर मोहम्मद, उदय मिश्रा, नीतेन विश्वास, मोनू श्रीवास्तव, धर्मेंद्र त्रिपाठी, इम्तियाज खान, प्रेम वर्मा, परमानंद मिश्रा समेत जिले भर से आये सैकड़ों पत्रकार उपस्थित रहे।

# लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं सबसे बड़े फीडर नंबर तीन के उपभोक्ता

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** गर्मी में नो तपा के चढ़ते पारे के साथ ही बिजली कटौती बढ़ी है। उपभोक्ताओं को गर्मी के साथ-साथ पेयजल जैसी समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। गर्मी के पूर्व बिजली विभाग द्वारा पहले से ही मेंटेनेंस का कार्य कराया गया था, जिससे उपभोक्ताओं को बिना बिजली कटौती के सप्लाई मिल सके एवं उन्हें गर्मी मे कोई भी असुविधा ना हो और उन्हें बिना बिजली कटौती के बिजली उपलब्ध करा सके, लेकिन शहर के सबसे बड़े फीडर नंबर 3 पर गर्मी में दिन एवं रात में विद्युत कटौती की जा रही है, जिससे लगता है की या तो



इस फीडर पर सही से मेंटेनेंस कार्य नहीं कराया गया होगा, जिस कारण उपभोक्ताओं एबं बृद्धजनों और छोटे छोटे बच्चों को इस उमस भरी गर्मी में रात दिन लो वोल्टेज जैसी समस्या से जूझना पड़ रहा है और रात दिन बिना बिजली के ही बितानी पड़ रही है। और आये दिन ओवरलोड जैसी एबं लो वोल्टेज की समस्या के कारण बल्ब मोमबत्ती दीये जैसे जल रहे है और उपभोक्ताओं के कूलर पंखे कछुबे जैसी चाल के चल रहे हैं। लो वोल्टेज की समस्या में रात्रि बा दिन बिताने को मजबूर है जिस कारण उपभोक्ताओं को रात भर उमस भरी गर्मी मै जाग कर बिना बिजली के ही बितानी पड़ती है। पारा 45 डिग्री सेल्सियस पार था। ऐसे में मजबूरी में उपभोक्ताओं को कछुए जैसी लो वोल्टेज बिजली में ही रहना पड़ता है। यह लो वोल्टेज की समस्या सुबह से पुरे दिन रात चलती रहती है उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज की समस्या से तो जूझना पड़ता है ही साथ-साथ बिजली सप्लाई एवं लो वोल्टेज के बारे मे गल्ला मंडी पावर हाउस आवर अभियंता को अवगत कराना चाहे तो भी नहीं करा सकते हैं क्योंकि रात में 11 बजे से सारे सीयूजी नंबर स्विच ऑफ हो जाते है। जिस वजह से उपभोक्ता लो वोल्टेज एवं बिजली कटौती की समस्या से रात दिन बिना बिजली के ही निकल जाती है और बिजली की आंख मिचोली चलती रहती है।

### इनका कहना है

शहर में विद्युत् व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एसडीओ संजय सागर ने बुधवार शाम होते ही उपकेंद्र पर जाकर लोड चेक किया और जिस फीडर पर लोड अधिक था, उसका लोड कम करने के निर्देश अवर अभियंता को दिए। उन्होंने बताया कि लोड के अनुसार ट्रांसफामरों की क्षमता वृद्धि करा रहे हैं, जिससे शहर को रोस्टर के अनुसार बगैर ट्रिपिंग के विद्युत सप्लाई दी जा सके। लेकिन उनके आदेश के बाबजूद भी फीडर नंबर 3 पर लो वोल्टेज की समस्या जस की तस बनी हुई है।

## महिला सहायता परामर्श केंद्र द्वारा एकजोड़ी की विदाई-

**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन में महिला परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी महोदय श्रीमती सीमा सरोज के नेतृत्व में महिला मुख्य आरक्षी रोशन जहां, महिला आरक्षी रेनू यादव,महिला आरक्षी सीमा शर्मा, महिला आरक्षी रूपा देवी, वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडे, सदस्य अपराध निरोधक समिति सचिव अमर बहादुर सिंह, सदस्य उषा शर्मा आदि के अथक प्रयासों से एक दंपत्ति एक साथ रहने पर राजी हुए। पीएलबी सदस्य के अथक प्रयासों से विवादित चल रहे मामले को सुलझा कर शीला पत्नी विजय कुमार शर्मा निवासी पूरे धरनीधर मिश्र बढ़नपुर थाना बल्दीराय जनपद सुलतानपुर को समझा-बुझाकर उनके पति विजय कुमार शर्मा के साथ विदाई कराई गई। यह मामला 3 वर्ष से विवादित चल रहा था ।किंतु सारे मतभेदो को भूलाकर विजय कुमार अपनी पत्नी शीला को अपने घर लीवाकर गया। जिसकी भूर भूर सराहना की जाती है। वहीं दूसरी तरफ़ देखा जाय तो इससे समाज को एक नई दिशा के साथ साथ नई सोंच भी लोगों में जागृत हो रही है।

लगभग सैकड़ों परिवार जो मन मुटाव के चलते अलग अलग रह रहे थे वे आज परिवार परामर्श महिला सहायता केन्द्र के सदस्यों के अथक प्रयास से एक दूसरे के साथ जीवन यापन कर हसी खुशी जीवन बसर कर रहे हैं पुलिस विभाग का यह बहुत ही सराहनीय कदम है।

# पाल समाज ने अहिल्याबाई होल्कर की मनाई जयंती

**अवधनामा संवाददाता**

**राठ।** नगर के कांच मंदिर में पाल समाज ने अहिल्याबाई होल्कर की 299 वी जयंती मनाई।

क्षेत्र के उरई बस स्टैंड के पास कांच मंदिर में पाल समाज ने वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की 299 वी जंयती दीप प्रज्वलित कर पाल युवा सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश पाल ने वीरांगना लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के पद चिन्हों में चलकर समाज को उनके विचारों पर चलने की बात कही। वही उपस्थित समाजसेवी अरविंदर ने बताया कि समाज और क्षेत्रवासियों को वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर के पद चिन्हों में चलकर समाज और उनके विचारों में चलकर समाज को ऊँचाई में ले जाने की बात कही। अरविंन्द्र पाल ने बताया कि लोकमाता ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बँधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए-काशी विश्वनाथ में शिवलिंग को स्थापित किया, भूखों के लिए अन्नसत्र (अन्यक्षेत्र) खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाई, मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति कर समाज और देश हित मे काम किया। जानकारी देते हुए बताया कि राठ नगर में प्रत्येक वर्ष जयंती मनाई जाएगी और समाज को जनहित में काम करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस मौके पर उत्तम, भागीरथ, पंकज पाल, राजेश पाल फौजी, डी डी पाल, अवध पाल सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।



### समाजवादियों नें मनाई अहिल्याबाई की जयन्ती

सजावटी पार्टी जिला कार्यालय हमीरपुर में अहिल्याबाई होल्कर जयन्ती मानाई गयी इस मौके पर जिला अध्यक्ष इदरीस खान प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु सैनी, जिला कोषाध्यक्ष रण बहादुर सिंह यादव, प्रेमचंद्र निषाद,जिला अध्यक्ष संस्कतिक प्रकोष्ठ सलीम खान,राम बाबू वर्मा जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा,नगर अध्यक्ष हमीरपुर राघवेंद्र यादव लकी,मजदूर सभा दिलीप गुप्ता, पप्पू भाई,सैयद उमर,रिजवान खान आदि ने जयंती पर अहिल्या बाई होलकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

## उपभोक्ताओं के आक्रोश को देख सचल ट्रांसफार्मर से 27 घंटे बाद दी आपूर्ति

**भरुआ सुमेरपुर।** भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति पर बुरा असर पड़ा है। कस्बे के वार्ड संख्या 16 में साहू चक्की के समीप रखा ट्रांसफार्मर खराब होने से वार्ड के कुछ हिस्से की आपूर्ति 27 घंटे ठप रहने से लोग गर्मी में बिलबिलाते नजर आए। साथ ही सुबह जलापूर्ति पर बुरा असर पड़ा। लोगों के आक्रोश के बाद विद्युत विभाग में सचल ट्रांसफार्मर लगाकर 27 घंटे बाद आपूर्ति बहाल की। तब कहीं जाकर लोगों को राहत मिली। वहीं दरियापुर में विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लग जाने से आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को परेशानी हुई।

# विश्व तम्बाकू दिवस पर किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत न्यू होप नशा मुक्ति एवं पुनर्वाश केन्द्र, बिरेन्द्र नगर डाण्डी का पुरवा बांदा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान तम्बाकू के सेवन व धूम्रपान से होने वाले कैंसर तथा अन्य कई गैर-संचारी बिमारियों तथा सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार, वाणिज्य, उत्त्पादन, प्रदाय एवं वितरण का विनियमन) अधिनियम-2003 (कोटपा-2003) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि तम्बाकू से होने वाली बीमारियों का खतरा भयावह है। तम्बाकू का हर वर्ग में बढ़ता हुआ उपयोग एक महत्वपूर्ण जन स्वास्थ्य समस्या बन गया है। भारत में प्रतिवर्ष करीब 10 लाख लोग तम्बाकू के उपयोग के कारण असमय मृत्यु का शिकार हो जाते है एवं 5500 नए युवा प्रतिदिन तम्बाकू का उपयोग प्रारम्भ करते है।

# गर्मी और लू ने ली राज मिस्त्री की जान



**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे में बीती रात एक राजमित्री की काम करने के बाद अधिक गर्मी लगने के कारण खेत में जाकर सो गया । सुबह जब स्थानीय लोग खेत पर पहुंचे और देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है। कस्बे के अरतरा रोड़ स्थित जहूर उल्ला सेवानिवृत्त वन अधिकारी की बोरिंग पर बांदा जिले के खप्टिहा निवासी छेदीलाल पुत्र कूनुआ राज मिस्त्री का कार्य कर रहा था। बीते गुरुवार को वह दिन भर गर्मी में नलकूप में मकान बनाने का कार्य करता रहा और शाम को अधिक गर्मी लगने के कारण नलकूप के पास बने एक टट्टर के कमरे में जाकर सो गया। सुबह जब स्थानीय लोग ट्यूबवेल पर पहुंचे और देखा तो छेदीलाल की मौत हो चुकी थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।वहीं लोग लू लगने से मौत होने की आंशका जता रहे हैं।

इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि प्रथम दृष्टिकोण से देखने में लग रहा हैं कि गर्मी की वजह से मौत हुई है। परिजनो के प्रार्थना पत्र के बाद पोस्टमार्टम कराया जा रहा हैं। जांच के बाद उचित कार्यवाई को जाएगी।बताते चलें कि इस समय क्षेत्र भीषण गर्मी की चपेट में है और लगातार इस तरह की मौतों की सूचनाएं आ रही हैं।

# फैमिली कोर्ट जज की गाड़ी पर गिरा पेड़, क्षतिग्रस्त

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब एक पुराना पेड़ फैमिली कोर्ट की प्रधान न्यायाधीश की गाड़ी पर गिर गया और गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही की यह हादसा न्यायाधीश के गाड़ी में बैठने से कुछ ही समय पहले हुआ। हमीरपुर फैमिली कोर्ट की प्रधान न्याधीश मुनव्वर जहां जो फिलहाल कान्हा धाम गेस्ट हाउस में रुकी हुई हैं। आज उनका ड्राइवर जज को लेने के लिए गाड़ी लेकर आया और बीएसएनएल ऑफिस के पास गाड़ी खड़ी कर के जज को लेने गेस्ट हाउस में चला गया। जब नीचे आया तो उसकी नज़र गाड़ी पर पड़ी जिसपर एक पुराना पेड़ गिर गया था और गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। फैमिली कोर्ट की जज मुनव्वर जहां ने एक महीने पहले ही हमीरपुर में ज्वाइनिंग लह्‌ थी और आज उनका रिटायरमेंट भी होना है। जज कान्हा धाम गेस्ट हाउस में रुकी थी और आज जब कोर्ट जाने के लिए जब निकलने वाली थीं तभी अचानक उनकी गाड़ी पर पेड़ गिरा और कार क्षतिग्रस्त हो गई। ड्राइवर पिंटू सचान ने बताया कर्का वह जज साहिबा को लेने आया था, तभी अचानक यूकेलिप्टिस का पेड़ गाड़ी पर गिर और गाड़ी बुरी तरह से डैमेज हो गई।




# अवैध मौरंग खनन पर खनिज विभाग ने की दो खंडों में कार्यवाही

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जनपद में बहुत दिनो से संचालित तथा बंद पड़ी बिना संचालित खण्डो पर मौरंग माफियो द्वारा जनपद मे अंधिकाश खदानो से अवैध खनन किया जा रहा था जिसकी सूचना पर जिले के खनिज अधिकारी वशिष्ठ यादव ने बड़ी कार्यवाही की है जिसमे खनिज अधिकारी ने खंड संख्या 26 / 6 के अलावा खंड संख्या 26/7 मे खनन माफिया अवैध खनन करते पकड़े गये है जिसमे डिजियाना कम्पनी के मालिक तेजेन्द्र पाल व संचालक विवेक श्री वास्तव पर एफ आई आर के साथ साथ 1.5 करोड़ का जुर्माना भी लगाया गया है क्योकि खंडो पर संचालक विवेक श्रीवास्तव अवैध खनन करते पकड़े गये है जिसमे नदी की जल धारा रोक कर अवैध खनन किया जा रहा था जिसमे 15 हजार घन मीटर अवैध खनन किया गया है और मौके पर 2 पोकलैंड मशीने भी जब्त कि गयी है इस प्रकार से जनपद मे अभी तक मौरंग माफियो ने नदी की जल धारा रोक कर व पुल बना कर अवैध खनन करते रहे है जब की एन जी टी की गाइड लाइन्स को दर किनार करके मौरंग माफिया अवैध खनन करके जनपद का लाल सोना लूट कर ले जाते है खनिज अधिकारी वशिष्ट यादव ने बताया कि अभी और अवैध डम्पो पर भी जल्दी कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही से मौरंग माफियो मे हडकंप मचा है।

# मजबूत एवं स्वस्थ देश के लिए मतदान जरूरी: डॉ0 पियूष



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** बनारस पॉली हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ0 सूर्य प्रकाश पाण्डेय ने सोनभद्र की जन मानस से अपील है की 1 जून को मतदान केंद्र पर जाएं और अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। डॉ अमन सिंह जनरल फिजिशियन ने बताया कि ÷भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में, सभी वयस्कों को, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, कितनी भी शिक्षा प्राप्त की हो, किसी भी जाति के हों, या अमीर हों या गरीब, वोट देने की अनुमति है, इसलिए मत का उपयोग करना बहुत ही आवश्यक हैं। डॉ. पाण्डेय ने मतदाताओं के जागरूकता के लिए ये भी कहा कि जिनके अंगुलियों में मतदान का निशान रहेगा, उनका निशान मिटने तक उन्हें बनारस पॉली हॉस्पिटल पुरबमोहल रॉबर्ट्सगंज में ओपीडी परामर्श निशुल्क दिया जायेगा। मतदान से देश के लोकतंत्र को स्वस्थ रखे और अपने को भी स्वस्थ रखे।

**छोड़ो अपना सारे काम।**
**पहले चलो करे मतदान।।**

लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए 1 जून को मतदान अवश्य करें।

# सगे भाइयों ने पड़ोसी का घर फूंका दस लाख का नुकसान

- **आग बुझाने पहुंची फायर बिग्रेड पर ताना तमंचा**
- **सूचना पर पहुंचे एसओ ने एक को दबोचा**

**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** बीती रात क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा में दो सगे भाइयों ने पड़ोसी के बंद रिहायशी मकान को आग के हवाले कर दिया। आग लगने की सूचना पाकर बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम पर दबंग भाइयों ने तमंचा तान दिया। इससे फायर ब्रिगेड की टीम सहम गई और घटना से थानाध्यक्ष को सूचित किया। थानाध्यक्ष दलबल के साथ गांव पहुंचे और एक भाई को मौके से दबोच लिया । तब कहीं जाकर फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने का कार्य शुरू किया। तब तक आग से करीब 10 लाख की गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।



मुंडेरा गांव निवासी शीला ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार सहित ग्रेटर नोएडा में काम करते हैं। गांव के रिहायशी मकान में ताला बंद था। गुरुवार को शाम करीब 5:00 बजे पड़ोसी रघुवीर वर्मा ने अपने भाई रज्जन एवं भतीजे हनुमान के साथ मिलकर घर में आग लगा दी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना उसे फोन पर दी। पीड़िता ने घटना से फायर ब्रिगेड को अवगत कराया। फायर बिग्रेड जब गांव पहुंचा तब रघुवीर ने उस पर तमंचा तान दिया और आग बुझाने से मना किया। इसकी सूचना फायर बिग्रेड के साथ ग्राम प्रधान अनिरुद्ध सिंह ने थानाध्यक्ष राकेश कुमार को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और रघुवीर को तमंचे के साथ दबोच कर थाने ले आई। इसके बाद फायर कर्मियों ने आग बुझाई। इस दौरान आग से करीब दस लाख की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रघुवीर, रज्जन, हनुमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रज्जन व हनुमान मौके से भाग निकले थे।

# एके-47 गैंग के सरगना एवं साथियों ने सगे भाइयों को पीटा

**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** अर्से से शांत चल रहे एके-47 गैंग के सरगना ने एक बार फिर सिर उठाया है। बीती रात क्षेत्र के ग्राम पंधरी के समीप दुकान के बाहर रास्ते में खड़ी सरगना एवं उसके साथियों की बाइक को हटाने की बात कहने पर सरगना ने साथियों के साथ मिलकर दो सगे भाइयों पर हमला बोल दिया और तमंचे के बट से हमला करके एक युवक का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने युवक की तहरीर पर सरगना सहित चार को नामजद करके दो को हिरासत में लिया है। गिरोह का सरगना अपने साथी के साथ फरार है। बीती रात क्षेत्र के ग्राम पंधरी में एके-47 गैंग का सरगना बियर ठेके के समीप एक दुकान पर साथियों के साथ मौजूद था तभी पंधरी गांव निवासी अर्जुन दुकान के सामने से गुजरा और रास्ते में खड़ी बाइक हटाने को कहा यह बात सरगना और उसके साथियों को नागवार लगी और उन्होंने गाली गलौज कर शुरू कर दी। गाली देने का विरोध करने पर सरगना अभय सिंह उसके साथी शिवम गुप्ता, अंकित, राजकुमार ने मारपीट शुरू कर दी। अभय सिंह ने तमंचे की बट से हमला करके अर्जुन का सिर फोड़ दिया। बचाने आए अर्जुन के भाई राजू प्रजापति को भी जमकर पीटा। पुलिस ने अर्जुन की तहरीर पर चारों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज करके अंकित एवं राजकुमार को हिरासत में लिया है।

# बिजली विभाग की लापरवाही से पूरे शहर में त्राहीमाम

- **जर्जर व्यस्था से पूरा शहर परेशान जनमानस मे बढ़ रहा आक्रोश**

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** इन दिनो पूरे देश मे गर्मी का तापमान 50 डिर्गी के आसपास चल रहा है , उत्तर प्रदेश मे सबसे गर्म जनपदो मे शुमार है बाँदा , यहां का औसत तापमान 47 डिग्री है , प्रशासन बार बार लोगो को चेतावनी जारी कर रहा है कि अति आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकले नही तो घर पर रहे सुरक्षित रहें परंतु बिजली विभाग की नाकामियों के कारण लोग घरों के अंदर भी नही रूक पा रहे हैं। आज एसी कूलर पंखे के बिना आदमी रह ही नही सकता है ये सभी अति आवश्यक है परंतु बिजली विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति लगातार बाधित होने से मनुष्य बिलबिला रहे है और बिजली विभाग के साथ साथ सरकार को भी दोषी मान रहे है जो ऐसे लापरवाह कर्मचारियो पर कार्यवाही भी नही कर रही है। नौतपा पूरे शबाब पर है और जनपद मे विद्युत तार बदलने के नाम पर पूरे पूरे दिन आपूर्ति नही की जा रही है क्या इतनी भीषड गर्मी मे ही तार बदलने आवश्यक है क्या ये काम गर्मियों के प्रारम्भ मे नही किये जा सकते थे , वहीं जर्जर और खराब ट्रांसफार्मरों एवं विद्युत उपकरणों के सहारे जबरदस्ती विद्युत आपूर्ति की जा रही है जिससे पांच सात मिनट मे ही लाइट कभी ट्रिप हो जाती है कभी ट्रांसफार्मर जल रहे है कहीं कहीं तो पूरी की पूरी केबिल बर्स्ट हो रही है जिसको बनाने के नाम पर पूरे पूरे दिन आपूर्ति बंद कर दी जाती है। आवास विकास मे तो पूरी रात लाइट वालो की वजह से सो नही सकते वहीं पानी भरने के समय भी लाइट गोल हो रही है , इंद्रानगर मे तै पूरा दिन लाइट नही रही। वैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक व्हाट्स एप ग्रुप है जिसमे बीते चौबीस घंटे मे लगभग डेढ सौ शिकायत है लाइट ना आने की जिसका निराकरण ना होने से आम नागरिक सरकार को भी कोस रहा है कि ऐसी गर्मी मे अगर सरकार विद्युत नही दे सकती है तो अपना वोट हम क्यों दें। भरी गर्मियों मे ही तार बदलवाना क्या अति आवश्यक था , अभी बरसात आते ही पुनः बिजली विभाग पेडों की कटान के नाम पर पूरे पूरे दिन विद्युत आपूर्ति काटेगा। वैसे अगर इनके कार्यो की जांच करवायी जाये तो भ्रष्टाचार के कई मामले खुल जायेगे फिर चाहे वो ठेकेदारी प्रथा मे पसंदीदा लोगो को काम देने का हो या फिर केबिल ट्रासंफार्मर आदि सामानो की खरीद का हो , गुणवत्ता विहीन और बिना मानक के काम कराने के कई मामले सामने आयेगे। वैसे इसमे कर्मचारी और अधिकारी भर दोषी नही है , यहां पर विद्युत विभाग मे जो भी मशीनों , केबिलों ट्रासंफार्मरो की आपुर्ति की गयी है उसकी गुणवत्ता भी बराबर की दोषी है क्योकि जर्जर मशीनो और जर्जर व्यस्थाओं से जनपद नही रोशन कर सकते हैं।



# धूमधाम से मनाया हिन्दी पत्रकारिता दिवस

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पूर्वांचल पत्रकार ऐसोसिएशन द्वारा पत्रकार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष ममता सिंह, विशिष्ट अतिथि विवेक पांडे, मन्जरेकर पाण्डेय, भैया लाल, प्रदेश अध्यक्ष शेख जलालु दिन, जिला अध्यक्ष कृष्णा उपाध्याय दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात पूर्वांचल पत्रकार ऐसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शेख जलालुद्दीन व जिला अध्यक्ष कृष्ण उपाध्याय ने मुख्य अतिथि को माला व अंग वस्त्र से स्वागत किया व स्मृति चिह्न दिया अतिथि ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर कहा की पत्रकार देश का चौथा स्तम्भ है। अपनी सकारात्मक लेखनी से वह समाज मे हो रहे कार्यो को सबके सामने लाने की भूमिका निभाता है। रेनुकूट के होटल पद्मिनी में 30मई को पत्रकारिता दिवस बडी धूम धाम से मनाया गया ।जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे ।संगोष्ठी में 'पत्रकारिता के बदलते परिवेश तब और अब पर चर्चा हुई। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर रेनुकूट के पद्मिनी में पत्रकार परिसंघ द्वारा गुरुवार को 'पत्रकारिता के बदलते परिवेश तब और अब' विषयक संगोष्ठी रखा गया। हिन्दी पत्रकारिता ने बहुत लंबी यात्रा तय कर ली है। आज के दिन हमें आत्ममंथन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज के पत्रकारिता में ईमानदारी, नैतिकता और आदर्श की गिरावट आयी है। जिससे पत्रकारिता भी अछूती नहीं है, ऐसे में आज समस्त समाज को चिंतन करने की जरूरत है।भारत में साक्षरता दर बढ़ रही है, जिसके कारण समाचार पत्रों की संख्या में इजाफा तो रहा है। लेकिन आने वाला समय डिजिटल का है, और धीरे-धीरे समाचार पत्र प्रिंट की जगह डिजिटल हो जाएगा। प्रिंट से डिजिटल तक के बदलाव के दौर में पत्रकारों को अपने को तैयार करना होगा। पत्रकार के समक्ष आज के दौर में तमाम नई नई चुनौतियाँ उपजी हैं। उनका सामना वह अपने नैतिक मूल्यों के द्वारा कर सकता है। परिवर्तन के इस दौर में ग्रामीण स्तर से यूनिट स्तर तक के पत्रकार आज अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। दूर दराज से आये तमाम पत्रकार साथी का हार्दिक अभिनंदन करते हुए पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन ने सभी का धन्यवाद दिया।



# चित्रकला प्रतियोगिता, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत दिनांक-16 मई से 31 मई 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैं। इस स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 30 मई, 2024 को स्कूली बच्चों तथा महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ कॉलेज के छात्रों का स्वच्छता पखवाड़ा के प्रति उत्साह वर्धन करने हेतु चित्रकला प्रतियोगिता तथा कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का सफल आयोजन मनोरंजन केंद्र में किया गया। इसके पूर्व स्वच्छता पखवाड़ा को आम जनों, वयस्कों तथा छोटे बच्चों को जागरूक करने हेतु दिनांक 24 व 25 मई को भी आर्ट एंड क्राफ्ट का कार्यशाला का आयोजन एनटीपीसी के इंद्रप्रस्थ क्लब में किया गया। विदित हो कि स्वच्छता पखवाड़ा के सभी दिनों में एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर की अगुवाई में उनके सभी महाप्रबंधक गण, विभागाध्यक्ष, एवं कर्मचारी गणों द्वारा एनटीपीसी के आवासीय परिसर तथा आस पास के ग्रामीण इलाकों में साफ़ सफ़ाई का अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के एलके बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा (वनिता समाज), महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ कॉलेज के शिक्षक, शिक्षिका गण, अन्य सभी एनटीपीसी के विभाग प्रमुख, वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याएं तथा एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहें।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट तीनार आज होगा मतदान

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन,2024 के दृष्टिगत सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट तैनात लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये अधिकारी-जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी वही लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट को दिशा निर्देश दिए गए , इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन व विधान सभा उप निर्वाचन,2024 की प्रक्रिया की निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराना सभी अधिकारियों का परम दायित्व है, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुरूप निर्वाचन प्रक्रिया को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया जाये, सभी सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट अपने मोबाइल में एम0पी0एस0 ऐप मतदाता प्रतिशत की जानकारी हेतु अनिवार्य रूप से अपलोड कर लें, जिससे कि मतदान दिवस पर मतदाता प्रतिशत की जानकारी समय से हो सके, उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा किसी का अतिथ्य स्वीकार नहीं किया जायेगा, इस प्रकार की यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी, मतदान केन्द्र के अन्दर मोबाइल के साथ प्रवेश निषेध रहेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का कार्य, व्यवहार एवं आचरण पारदर्शी होना आवश्यक है, जिससे निर्वाचन जैसी संवेदनशील प्रक्रिया के लिये जिला प्रशासन के प्रति जन सामान्य, पार्टी पदाधिकारियों तथा प्रत्याशियों का विश्वास बना रहे। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रणाली के बारे में आप सभी पूर्व से ही अवगत हैं कि प्रश्नगत चुनाव में जनपद में मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम)/वीवीपीएटी के माध्यम से किया जाना हैं। ईवीएम में मतदान की प्रक्रिया बहुत सरल तथा तीव्र हैं। यद्यपि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की यंत्रावली तथा संचालन काफी सरल है, किन्तु संचालन हेतु विहित प्रक्रियाओं, मशीन में उपलब्ध विभिन्न बटनों तथा स्विचों के बारे में विधिवत जानकारी उपलब्ध है। मतदेय स्थल के आस-पास स्थानीय फोन व कुछ स्थानीय व्यक्तियों के मोबाइल नम्बर भी नोट कर लें व उस फोन धारक से सम्पर्क स्थापित कर लें जिससे आवश्यकता पड़ने पर आपके क्षेत्र से आप द्वारा तत्काल सम्पर्क किया जा सके। इस प्रकार मतदान हेतु आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुये प्रातः 07:00 बजे से मतदान प्रारम्भ करा दिया जाय।

सेक्टर के सभी मतदेय स्थलों पर मतदान प्रारम्भ होने की सूचना विलम्बतम् प्रातः 8.00 बजे तक आर0टी0 सेट के माध्यम से कन्ट्रोल रूम को देंगे। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सहदेव कुमार मिश्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य सम्बन्धितगण को दिशा निर्देश दिए गए हैं।



# हीट वे से तीन कर्मियों की हुई मौत जिला प्रशासन हरकत में

- **लोढी पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर से गम्भीर व्यक्तियों को कराया गया अस्पताल में भर्ती**

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में शुक्रवार को पोलिंग पार्टी रवाना होने के दौरान हिट वे के चलते एक दर्जन लगभग कर्मचारी गंभीर कराया गया जिला अस्पताल में भर्ती जिसमें तीन कर्मचारियों की हुई मौत मौके पर पहुंचे डीएम गंभीर कर्मचारियों से जाना हर जिला प्रशासन को दिए आवश्यक दिशा निर्देश। वही सीएमओ डॉक्टर अश्वनी कुमार ने बताया कि मृतक में नित्यानंद पांडेय 50 वर्षी व 45 वर्षीय अज्ञात व निजी अस्पताल में भर्ती संतोष कुमार 35 वर्षी सहित तीन की अब तक हुई मौत गंभीर अवस्था मे दीपक पुत्र लक्ष्मण 40 वर्षी रवि शंकर पुत्र रामचंद्र 35 वर्षी मुकेश पुत्र स्वर्गीय रामविलास 54 वर्षी अशोक कुमार पुत्र सूर्यनाथ 50 वर्षी गणेश पुत्र संचु 35 वर्षिय सुदर्शन पुत्र गणेश 50 वर्षी कृष्ण मुरारी पुत्र जगत नारायण 53 वर्षी सभी गंभीर कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं संबंधित स्टाफ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए कि समय-समय पर सभी गंभीर व्यक्तियों का दवाई इलाज करते हुए डिटेल उच्च अधिकारियों को अवगत कराते रहे।



# यूपी में गर्मी से हाहाकार, पारा बना रहा नए रिकॉर्ड

अवधनामा ब्यूरो

- नौतपा के छठे दिन 166 की मौत; जानें कब से मिलेगी राहत
- काशी: 1952 से अब तक इतनी गर्मी नहीं
- प्रयागराज की रात इतनी गर्म कभी नहीं रही, पारा 34 पार
- यूपी में गर्मी से 166 मौतें



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गर्मी अब जानलेवा हो चली है। लगातार रिकॉर्ड बनाते पारे और लू-लपट ने नौतपा के छठे दिन बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड 166 लोगों की जान ले ली। 48 डिग्री के साथ बुलंदशहर सबसे गर्म जिला रहा। दिन तो दिन, रातें भी खूब गर्मा रही हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, बुलंदशहर इससे पहले 1978 में गर्म हुआ था, उस दौरान 48.2 डिग्री पारा दर्ज हुआ था। इसी तरह अभी तक के उपलब्ध आंकड़ों को देखें तो काशी मई में इतनी गर्म कभी नहीं रही। वहीं लखनऊ भी इस सीजन में पहली बार बृहस्पतिवार को लू की चपेट में आया। यहां पर पारा 45.1 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी लखनऊ में भी रात गर्म रही और पारा 32.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, वाराणसी में मौसम का आकलन 1952 से हो रहा है। तब से अब तक के आंकड़े बता रहे हैं कि इतना तापमान वाराणसी में कभी नहीं रहा। वाराणसी में बृहस्पतिवार को रात का पारा भी सर्वाधिक 32.5 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को सर्वाधिक गर्म रहने के बाद प्रयागराज के रात के पारे ने भी बृहस्पतिवार को रिकार्ड बनाया। न्यूनतम तापमान 34.2 डिग्री रहा। इससे पहले 16 जून 2019 को यहां का न्यूनतम पारा 33.9 डिग्री रिकार्ड हुआ था, जो अभी तक सर्वाधिक था।

बुंदेलखंड और सेंट्रल यूपी में गर्मी और लू से 47 लोगों की मौत हो गई। वाराणसी और आसपास के जिलों में 72 लोगों की जान चली गई। इनमें सेक्टर मजिस्ट्रेट, हेड कांस्टेबल, तीन रेलकर्मी, होमगार्ड और इंजीनियर भी शामिल हैं।

प्रयागराज में 11, कौशांबी में नौ, प्रतापगढ़ में एक, गोरखपुर में एक बच्ची समेत तीन की मौत हो गई। अंबेडकरनगर में लू लगने से चार की मौत हुई है। श्रीवस्ती व गोंडा में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। झांसी में भी लू लगने से बीमार हुए छह लोगों की मौत हुई है। गाजियाबाद में एक नवजात समेत चार, आगरा में तीन, रामपुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत और शाहजहांपुर में एक-एक की मौत हो गई।

मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक, राज्य में कुछ इलाकों में बौछारें पड़ने के आसार हैं। वहीं पश्चिम यूपी में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी हवा चल सकती है। कुछ इलाकों में लू और गर्म रात होने के आसार हैं। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है।

# जीएसटी के जांच अधिकारियों पर कोर्ट ने की गंभीर टिप्पणी

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जीएसटी अधिकारियों की जांच की कार्यशैली पर गंभीर टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और रमेश डोनादी की बेंच ने गैलेंट इस्पात लि. के मामले की सुनवाई के बाद जीएसटी की जांच विंग को कामकाज की शैली सुधारने के आदेश दिए। कहा कि जांच अधिकारी मौके पर पैसा जमा नहीं कराएंगे और पुख्ता सुबूत होने पर ही कारोबारी को गिरफ्तार किया जाए। व्यापारियों और उद्यमियों को राहत देने वाले ऐसे कुल छह आदेश हाईकोर्ट ने जीएसटी की जांच विंग को दिए हैं। दरअसल, जीएसटी में गिरफ्तारी का प्रावधान आने के बाद विंग के पास तमाम अधिकार आ गए हैं। खासतौर पर डीजीजीआई व अन्य जांच विंग इन अधिकारों के तहत ज्यादा गिरफ्तारी करती हैं। इसी तरह बिना ठोस प्रमाण के थोक के भाव सम्मन भेजे जा रहे हैं। कारोबारियों को पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। ऐसे ही मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कई आदेश जीएसटी की जांच विंग को दिए।

# होटल के कमरे में पड़ा मिला बैंक पीओ का शव

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** हरियाणा के अंबाला निवासी नवीन कुमार (31) कैनरा बैंक में पीओ के पद पर तैनात थे। पुलिस के अनुसार 26 मई की रात वह अपने कुछ साथियों के साथ ट्रेनिंग के सिलसिले में लखनऊ आए थे। ये सभी लोग सेक्टर-8 स्थित होटल एवीपीएस में ठहरे थे। नवीन कमरा नंबर 210 में ठहरे थे। बीती रात नवीन की तबीयत अचानक खराब हुई। साथी उनको पास में ही स्थित सुषमा अस्पताल ले गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद उनको छुट्टी दे दी गई। नवीन होटल के कमरे वापस पहुंचे और सो गए। सुबह 11 बजे जब वह सोकर नहीं उठे तो साथियों ने उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया, पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। सूचना पर पहुंची गाजीपुर पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो नवीन का शव कमरे में बिस्तर पर पड़ा मिला। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय का कहना है कि शुरुआती जांच में इस बात का पता चला है कि नवीन की मौत बीमारी के चलते हुई है। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह पता चल सकेगा।

## भीषण गर्मी के कारण गश खाकर गिरा घोड़ा और थम गई सांसें



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके मेंतेज धूप व गर्मी के कारण एक घोड़ा बेहोश होकर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई।घोड़ा को तांगे पर सामान लादकर ले जाया जा रहा था कि ठाकुरगंज इलाके में वह गश खाकर गिर पड़ा और मौत हो गई। भीषण गर्मी से जनता बेहद परेशान है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से गर्मी के कारण लोगों की मौत की खबरें आ रही हैं।

# यूट्यूब पर खोजा नाइट्रोजन से आत्महत्या का तरीका

- सुसाइड नोट में सिद्धार्थ ने दो और तरीकों की बात की
- कब्जे में लिया मोबाइल

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** मैंने यू-ट्यूब पर खुदकुशी करने के तरीके सर्च किए...जिसमें कई तरीके देखे...अधिकतर तरीके ऐसे थे जिनसे मौत बेहद दर्दनाक होती..। तभी नाइट्रोजन से किस तरह आत्महत्या की जा सकती है, ये देखा। फिर यही तरीका अपना रहा हूं। ये इसलिए..ताकि मौत आसान हो। हैरान करने वाले तरीके से खुदकुशी करने को लेकर सिद्धार्थ ने ये बातें सुसाइड नोट में लिखी हैं। सुसाइड नोट के मुताबिक उसने इसके अलावा दो और तरीके से सुसाइड करने के बारे में सर्च किया, जिसमें पहला था जहर खाकर और दूसरा था फांसी लगाकर।

ये भी पता करने की कोशिश की कि किसमें कितना वक्त लगेगा, किसमें कितनी तकलीफ होगी और खुदकुशी के बाद शरीर पर क्या असर पड़ेगा। नाइट्रोजन से खुदकुशी के बारे में सर्च करने पर जब पता चला कि महज 40-50 सेकंड में ही मौत हो जाएगी, तो उसने यही तरीका जान देने के लिए तय किया।

भोपाल में रह रहे लखनऊ के आईटी प्रोफेशनल सिद्धार्थ खुराना ने नाइट्रोजन सिलेंडर की मदद से आत्महत्या कर ली। महानगर निवासी किराना व्यापारी अरुण खुराना का बेटा सिद्धार्थ भोपाल में मिसेदा थानाक्षेत्र स्थित निरूपम रॉयल इमारत के फ्लैट में किराये पर रहता था। सिद्धार्थ पहले आईटी कंपनी में काम करते थे, लेकिन छह महीने से वर्क फ्रॉम होम काम कर रहे थे।

स्थानीय पुलिस ने सिद्धार्थ का मोबाइल कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। पुलिस उसके साथ रहने वाली महिला मित्र से भी पूछताछ कर उनके बयान दर्ज करेगी। सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग की भी फोरेंसिक जांच की जाएगी। पुलिस तफ्तीश कर पता करेगी कि खुदकुशी की वजह कोई शख्स तो नहीं? अगर इससे संबंधित कोई साक्ष्य मिलते हैं तो पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी। पुलिस को सिद्धार्थ के परिजनों ने बताया कि उनका बेटा गंभीर बीमारी की वजह से परेशान चल रहा था। अब सवाल है कि क्या खुदकुशी करने के पीछे यही बीमारी है। या फिर कोई और कारण। पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ये स्पष्ट हो सकेगा।

## मतदान केन्द्रों पर किये जाएं सभी जरूरी प्रबंध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सातवें चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा दुद्धी विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में 01 जून को होने वाले मतदान के संबंध में भीषण गर्मी व लू से मतदान कर्मियों एवं मतदाताओं को बचाने के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर अनिवार्य रूप से आवश्यक प्रबंध किये जाने के निर्देश सभी संबंधित मण्डलायुक्तों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी हीटवेव व भीषण गर्मी से बचाव एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जरूरी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 31 मई को पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान कुछ जनपदों में हीटवेव व लू से मतदान कार्मिकों के प्रभावित होने की सूचना प्राप्त हुई थी।

**अखिलेश यादव की कार्यकर्ताओं से अपील :**

# मतदान के बाद भी सतर्क रहें... भाजपाइयों के बहकावे में न आएं

अवधनामा ब्यूरो

- 'इंडिया गठबंधन' की सरकार बनने जा रही है: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सावधान रहने और मतगणना खत्म हो जाने तक सतर्क रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपाइयों के बहकावे में न आएं और सतर्क रहें।

उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि प्रिय कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और प्रत्याशियों... मैं आज आपसे एक बेहद ज़रूरी अपील कर रहा हूं। आप सब कल वोटिंग के दौरान भी और वोटिंग के बाद के दिनों में भी, मतगणना खत्म होने और जीत का सर्टिफिकेट मिलने तक पूरी तरह से सजग, सतर्क, सचेत और सावधान रहिएगा और किसी भी प्रकार के भाजपाई बहकावे में न आइएगा।

दरअसल ये अपील हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि भाजपावालों ने ये योजना बनाई है कि कल शाम को चुनाव ख़त्म होते ही, वो अपनी 'मीडिया मंडली' से विभिन्न चैनलों पर ये कहलवाना शुरू करेंगे कि भाजपा को लगभग 300 सीटों के आसपास बढ़त मिली हुई है, जो कि पूरी तरह से झूठ है। ऐसे में आपके मन में ये सवाल उठेगा कि भाजपा को इस दो-तीन दिन का झूठ बोलने से क्या मिलेगा, जबकि 'इंडिया गठबंधन' की सरकार बनने जा रही है। इसके जवाब में हम आपको बता दें कि ऐसा झूठ फैलाकर भाजपा वाले आप सबका मनोबल गिराना चाहते हैं, जिससे आपका उत्साह कम हो जाए और आप लोग मतगणना के दिन सावधान और सक्रिय न रहें, जिसका फायदा उठाते हुए भाजपा कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से मतगणना में धांधली कर सके। ध्यान रहे जो भाजपाई चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में कोर्ट द्वारा लगवाए गये कैमरों के सामने धांधली करने का बेशर्म दुस्साहस कर चुके हैं, वो चुनाव जीतने के लिए कोई भी घपला-घोटाला करने के लिए उतारू हो सकते हैं, इसीलिए ये सजगता जरूरी है।

इसीलिए आप लोगों से ये विशेष अपील है कि आप लोग किसी भी भाजपाई 'एक्जिट पोल' के बहकावे में नहीं आएं और पूरी तरह से चौकन्ना रहते हुए, अपना आत्मविश्वास बनाए रखते हुए डटे रहें और जीत के अपने मूल-मंत्र 'मतदान भी सावधान भी' को याद रखते हुए, जीत का प्रमाण-पत्र लेकर ही संविधान, लोकतंत्र और देश की जनता की जीत का उत्सव मनाएं।

# लखनऊ में पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, एक गोली लगने से घायल, दो भाग निकले

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जबकि दो भागने में कामयाब हो गए। घायल बदमाश राकेश सिंह को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार, क्राइम टीम को जानकारी मिली की कुछ बदमाश लूट की योजना बना रहे हैं जिस पर चिनहट इंस्पेक्टर और क्राइम टीम उनकी तलाश में इलाके में पहुंची और उन्हें खोज निकाला। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की जिस पर जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है और दो भागने में कामयाब हो गए।

# हर काम देश के नाम वांतरिक्ष सुरक्षा परिषद बैठक एएएससीएम-2024 का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ/गोरखपुर।** भारतीय वायु सेना की मध्य वायु कमान द्वारा वायु सेना स्टेशन गोरखपुर में वार्षिक एयरोस्पेस सुरक्षा परिषद बैठक 2024 (एएएससीएम-24) का आयोजन किया गया। एयर मार्शल आर जी के कपूर पीवीएसएम एवीएसएम वीएम, वायु अफसर कमांडिंग-इन-चीफ, मध्य वायु कमान ने इस परिषदीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में विमानन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं, उससे संबंधित चुनौतियों एवं विमानन सुरक्षा से जुड़ी बारीकियों पर चर्चा की गई। मध्य वायु कमान के सभी बेसों के वायुयोद्धाओं की इसमें सहभागिता एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए यह परिषदीय बैठक हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई। सभी कार्मिकों में वांतरिक्ष सुरक्षा संबंधी जागरुकता एवं चेतना बढ़ाने में यह कार्यक्रम पूर्णतः सफल रहा।

# पर्यावरण संरक्षण पर रेज़िडन्ट वेल्फेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने लिया संकल्प

अवधनामा ब्यूरो



5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस और मिशन लाइफ के अंतर्गत यूनिसेफ द्वारा आयोजित संगोष्ठी में जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए सोसाइटी में युवाओं को जोड़ कर करेंगे जागरूकता

**लखनऊ।** जलवायु परिवर्तन से लड़ने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका अहम है। संगठित तौर पर किए गए छोटे छोटे प्रयासों से बदलाव संभव है। ऐसे ही कुछ छोटे किन्तु कारगर समाधानों पर चर्चा हेतु शुक्रवार को यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के कार्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ के विभिन्न इलाकों के रेज़िडन्ट वेल्फेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

यूनिसेफ़ की संचार विशेषज्ञ सुश्री निपुण गुप्ता ने कहा जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव सबसे अधिक बच्चों पर पड़ता है। संगोष्ठी का आयोजन 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। संगोष्ठी मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) अभियान के अंतर्गत की गई। मिशन लाइफ प्रधानमंत्री द्वारा 2021 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दौरान शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक कार्यों को संगठित करना है। यूनिसेफ के जल एवं स्वच्छता विशेषज्ञ श्री नागेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा, जलवायु परिवर्तन बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और भविष्य को प्रभावित करता है। श्री नागेंद्र ने बताया की पाँच वर्ष से कम आयु के चार में से एक बच्चे की मृत्यु पर्यावरण संबंधी कारणों से होती है।

यूनिसेफ के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विजय अग्रवाल ने बताया की जलवायु परिवर्तन का प्रभाव गर्भ के अंदर पल रहे शिशु से लेकर वृद्ध जनों तक सभी पर पड़ता है। उन्होंने बताया की हाल ही में हुए एक शोध में लखनऊ के बच्चों के रक्त में लेड की मात्रा औसत से अधिक पाई गई। कॉस्मेटिक से लेकर प्लास्टिक के खिलौने आदि ऐसे कई अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं में लेड की मात्रा पाई जाती है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

रेज़िडन्ट वेल्फेयर एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा भी अपने द्वारा किए जा रहे प्रयासों के विषय में बताया गया जिसमें ऐसी एवं आर ओ के पानी की रीसाइक्लिंग आदि शामिल हैं। सदस्यों ने बताया की पौधरोपन में रुचि लाने के लिए फलों के पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने पौधों को गोद लेने का भी सुझाव दिया ताकि उनकी देख रेख ठीक से हो सके।

सदस्यों ने बताया की सोलर की सब्सिडी का लाभ फ्लैट में रहने वाले लोगों को नहीं मिलता है।

# हज़रत इमाम रज़ा की शहादत की पूर्व संध्या पर हुईं मजलिसें

- अजादारों को कराई ताबूत की जियारत
- अजीम उल्लाह खां में शाही जुलूस की जियारत

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** शियों के आठवें इमाम हजरत इमाम अली रजा अलैहिस्सलाम की शहादत की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को शहर के विभिन्न इमामबाड़ों,कर्बलाओं व रौजों में मजलिस-ओ-मातम का आयोजन किया गया। इस मौके पर इमाम के ताबूत की जियारत भी कराई गई। कर्बला अजमत-उत-दौला बहादर मेहदीगंज में मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद ने खिताब किया। मजलिस का आगाज कारी फुरकान हुसैन ने तिलावते कुराने पाक से किया। मौलाना ने जब इमाम की शहादत का मंजर बयान किया तो अकीदतमंदों की आंखों से आंसू जारी हो गए। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत करायी गयी व अंजुमन इस्लाहुल अजा बाकिरूल अजा और जिलाउल ईमान ने नौहाख्वानी की। इसके बाद नज्रे मौला का आयोजन किया गया। मजलिस का आयोजन इदारे गुलदस्त-ए-कासिम ने किया था। इसी तरह रौजाए जैनबया टिकैतराय तालाब में आयोजित मजलिस को मौलाना एहतिशाम हुसैन रिजवी ने खिताब किया। छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में मजलिस को मौलाना हसन कुमैली ने खिताब किया। कर्बला अजीम उल्लाह खां तालकटोरा रोड में %गरीबुल गुरबा का मातम÷ शीर्षक से मजलिस को मौलाना मोहम्मद शफीक आब्दी ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन रजाए हुसैन ने नौहाख्वानी की। यहां महिलाओं की मजलिस को जाकिरा शिकेबा जैनब ने खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत करायी गयी। मस्जिद लाल कोठी मंसूर नगर में मजलिस को मौलाना सदफ जौनपुरी ने खिताब किया। मजलिस के बाद अजादारों को ताबूत की जियारत कराई गई। मजलिस का आयोजन अंजमुन दस्ते हुसैनी ने किया था। इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में मौलाना एजाज अतहर ने मजलिस को खिताब किया। कल की मजलिस को मौलाना जाफर अब्बास सुबह 10 बजे खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस इसी दिन दोपहर 3 बजे होगी जिसे जाकिरा (डा.) नसीम सुबुही खिताब करेंगी। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत करायी जायेगी। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन उम्मुल बनीन ने किया है। कर्बला अजीम उल्लाह खां तालकटोरा में शनिवार को मौलाना अब्बास इरशाद नकवी शाम 4 बजे मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद कर्बला परिसर में शाही जुलूस की जियारत करायी जायेगी। इसके बाद शहर की करीब 110 अंजुमनें नौहाख्वानी व सीनजनी करके इमाम (अ.स.) की शहादत का गम मनाएंगी। अब्बासिया मस्जिद हसन पुरिया में मौलाना जमन हैदर जैदपुरी ने मजलिस को खिताब किया।

# 4 जून को भाजपा का खेल खत्म: डॉ. सी.पी. राय

- काशी की धार्मिक नगरी को पर्यटन की नगरी बना दिया
- वाराणसी का चुनाव पूरी तरह स्थानीय बनाम गुजराती

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने कहा कि 4 जून को देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी का खेल अब खत्म होने वाला है। जिस तरह देश-प्रदेश की जनता ने इंडिया गठबंधन को अपना प्यार और समर्थन दिया, उससे हम पूरे विश्वास से कह रहे हैं कि 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि वाराणसी से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अजय राय की जनता के पक्ष में अपील भोजपुरी भाषा में होने के नाते विज्ञापन के रूप में छपवाने की स्वीकृति भाजपाई सत्ता के इशारे पर स्वीकृत नहीं की गयी। यह भोजपुरी भाषा और भोजपुरी लोगों का घोर अपमान है। श्री राय शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के कर्मों की वजह से काशी की धार्मिक नगरी को पर्यटन की नगरी बना दिया है, जहां अब दर्शन के लिए भी पैसा लिया जाता है। कोई नया विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज नहीं बनाया, कारखाना नहीं बनाया जहां लोगों को रोजगार मिलता। नेहरू जी के बनाए डी.एल.डब्ल्यू. का नाम बदल दिया और उसी में रहते हैं। सिर्फ गंगा को ही प्रदूषित नहीं किया बल्कि वाराणसी की संस्कृति को भी प्रदूषित करने का काम किया। डॉ. राय ने कहा कि वाराणसी का चुनाव पूरी तरह स्थानीय बनाम गुजराती, घर से घाट तक साथ देने वाले बनाम केवल जुमले बोलने वाला हो गया है। डॉ. राय ने कहा कि हमारा दावा है कि आगामी 4 जून को भाजपा बुरी तरह से हारने जा रही है। भाजपा पूरे देश में सिर्फ 176 सीटें पार नहीं करेगी। प्रदेश में आधे से भी कम सीटों पर रह जाएगी और वाराणसी के हालात बता रहे हैं कि नरेन्द्र मोदी 1 लाख 32 हजार वोटों से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अजय राय से चुनाव हार रहे हैं। डॉ. राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने 4 जनसभाएं और 1 प्रेस वार्ता की।